सूर्योदय : 6:54
सूर्यास्त : 5:23
अधिकतम तापमान : 22
न्यूनतम : 8

RNI NO : UPHIN/2010/31173

डाक पंजीकरण संख्या:
SSP/LW/NP-422/2014-2016

वर्ष-19 अंक-201 पेज-16
मूल्य : 3 रुपया

लखनऊ, शनिवार, 10 जनवरी 2026
20 रजब 1447 हिजरी

हिन्दी दैनिक
# अवधनामा
www.avadhnama.com




# मुख्यमंत्री ने किया ईवी प्लांट का उद्घाटन

■ अब यूपी अपनी क्षमताओं को परिणाम में बदलने वाला प्रदेश : योगी






**लखनऊ।** लखनऊ में अशोक लीलैंड के इलेक्ट्रिक वाहन के मैन्युफैक्चरिंग प्लांट का मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ व रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने उद्घाटन किया। इस मौके पर भारी उद्योग एवं सार्वजनिक उपक्रम केंद्रीय मंत्री एचडी कुमारस्वामी भी मौजूद रहे। सीएम योगी ने फैक्ट्री का उद्घाटन करने के बाद ई-बस में सफर भी किया। फैक्ट्री का निर्माण सरोजनी नगर इलाके में करीब 70 एकड़ में किया गया है। यहां पर ई-बस, ई-ट्रेवलर और ई-लोडिंग वाहन बनाए जाएंगे।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि यह हमारे लिए महत्वपूर्ण अवसर है। इसके लिए मैं हिंदुजा परिवार को बधाई देता हूं। यह निवेश बताता है कि यूपी में बीते आठ वर्षों में क्या परिवर्तन हुए हैं। प्रदेश के हर जिले में निवेश हो रहा है। जो कि बताता है कि अब यूपी अनलिमिटेड पोटेंशियल का ही प्रदेश नहीं बल्कि पोटेंशियल को परिणाम में बदलने वाला प्रदेश बन चुका है। आज यूपी न सिर्फ देश के बल्कि दुनिया के निवेशकों का पसंदीदा गंतव्य बन चुका है। यही कारण है कि यूपी में निवेश के लिए 45 लाख करोड़ रुपये के निवेश के प्रस्ताव प्राप्त हो चुके हैं। प्रदेश में बीते आठ वर्षों में इंफ्रास्ट्रक्चर के क्षेत्र में जो काम हुआ है यही कारण है कि आज देश के 55 फीसदी एक्सप्रेस वे यूपी में हैं। प्रदेश में रैपिड रेल बनाई जा रही है। आज प्रदेश में 18 हजार स्टार्टअप काम कर रहे हैं। इस मौके पर भारी उद्योग एवं सार्वजनिक उपक्रम मंत्री एचडी कुमारस्वामी ने कहा कि यह सिर्फ प्रदेश के लिए ही नहीं बल्कि पूरे देश के लिए आत्मनिर्भर भारत और इलेक्ट्रिक मोबिलिटी की दिशा में बड़ा कदम है। यह भारत के कार्बन उत्सर्जन को कम करने के लक्ष्य की दिशा में भी महत्वपूर्ण कदम है।

इस मौके पर रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि मैं लखनऊ से सांसद हूं पर अगर मैं लखनऊ का न भी होता तो भी यह शहर मुझे उतना ही प्रिय होता जितना कि आज है । पहले जिस यूपी को खराब कानून व्यवस्था और दंगों से जोड़कर देखा जाता था वो अब निवेश के क्षेत्र में अपनी जगह बना रहा है। यह बहुत बड़ी बात है। प्रदेश में निवेश होने से यहां के युवाओं को प्रदेश में ही रोजगार मिल सकेगा।

रक्षामंत्री ने कहा कि अब यूपी में ब्रह्मोस मिसाइल का निर्माण किया जा रहा है। अब भारत एक कमजोर देश नहीं बल्कि अपने हथियार खुद बनाता है और इस कार्य में यूपी बढ़-चढ़कर अपनी भूमिका निभा रहा है। इसके लिए मैं मुख्यमंत्री योगी को बधाई देता हूं। प्रदेश में जिस तरह से कानून व्यवस्था के क्षेत्र में सुधार हुआ है वो अपने आप में एक मिसाल है।

## मैं समझता था आप राजनीति के माहिर हैं, आप तो अर्थशास्त्र में भी माहिर हैं

■ योगी की तारीफ में बोले राजनाथ

**लखनऊ।** अशोक लीलैंड के नए ईवी मैन्युफैक्चरिंग प्लांट का उद्घाटन के मौके पर रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि अब भारत अपने हथियार खुद बना रहा है और उप्र इस दिशा में नेतृत्व कर रहा है।

राजनाथ सिंह ने कहा, उत्तर प्रदेश की पहचान एक ऐसे राज्य के रूप में हो रही है, जो देश के विकास में बढ़-चढ़कर योगदान दे रहा है। इस विकास के लिए राजनाथ सिंह ने यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ की जमकर तारीफ की। उन्होंने मुख्यमंत्री योगी को राजनीति और अर्थशास्त्र दोनों में माहिर बताया है।

उन्होंने कहा, मुझे बताया गया है कि फॉर्च्यून 500 पॉलिसी के तहत सरकार ने इस 70 एकड़ भूमि को 75 फीसदी सब्सडिइज्ड दर पर उपलब्ध कराया है। शायद मैं समझता हूं ऐसा देश में कहीं नहीं है। मुझे पूरा भरोसा है कि आने वाले समय यह निर्णय सरकार के लिए कहीं अधिक फायदेमंद साबित होगा। इस भूमि से भविष्य में सरकार को अनेक प्रकार के आर्थिक लाभ भी प्राप्त होंगे। यह क्षेत्र विकास का एक मजबूत केंद्र बनेगा। मैं योगी जी के बारे में कह सकता हूं, मैं समझता था कि आप राजनीति के ही माहिर हैं, लेकिन मैं तो इस नतीजे पर पहुंच गया कि आप तो अर्थशास्त्र में भी माहिर हैं। कैसे मुनाफा कमाया जा सकता है इसकी कला आपको मालूम है। हमारे प्रधानमंत्री मोदी जी जिस तरह से देश को चला रहे हैं औरें जिस तरह से उन्होंने भारत का मस्तक ऊंचा किया है उसकी जितनी भी सराहना की जाए कम है।

## 10 हजार युवाओं को हर साल मिलेगी ईवी सेक्टर की ट्रेनिंग

■ यूपी सरकार और हिंदुजा ग्रुप के बीच होगा एमओयू



**लखनऊ।** शुक्रवार को अशोक लेलैंड कंपनी के इलेक्ट्रिक वीइकल (ईवी) विनिर्माण संयंत्र का उद्घाटन के बाद मुख्यमंत्री व अन्य अतिथियों ने निरीक्षण किया और सिंदूर-रुद्राक्ष के पौधे भी रोपे। सीएम योगी ने निवेश के लिए हिंदुजा परिवार को शुभकामनाएं दीं और यूपी सरकार पर विश्वास के लिए आभार जताया। सीएम योगी ने ऐलान किया कि सरकार हिंदुजा ग्रुप के साथ एमओयू करेगी जिसके तहत इस प्लांट में हर साल यूपी के 10 हजार युवाओं को स्किल डेवलपमेंट के साथ जोड़ा जाएगा।

सीएम ने कहा कि यूपी के लिए यह निवेश अत्यंत महत्वपूर्ण है। 2017 के पहले यूपी की अराजकता किसी से छिपी नहीं थी, निवेशक पलायन कर रहे थे परंतु 2017 में सरकार में आने पर हमने कहा कि यह अनलिमिटेड पोटेंशियल का प्रदेश है। अपने राजनैतिक स्वार्थ के लिए कुछ लोगों ने इसे बदनाम किया, लेकिन यूपी अब अनलिमिटेड पोटेंशियल यानी संभावनाओं को परिणाम में बदलने वाला प्रदेश बन गया है। पिछले आठ-साढ़े आठ साल में हुआ परिवर्तन इसका उदाहरण है। यह समारोह प्रदेश के प्रति उद्योगों के बढ़ते विश्वास का प्रतीक है।

सीएम योगी ने कहा कि इस इकाई की क्षमता अभी 2500 यूनिट प्रति वर्ष है। इसे चरणबद्ध ढंग से 5000 यूनिट प्रतिवर्ष तक बढ़ाना है। यह परियोजना यूपी के औद्योगिक विकास व पर्यावरण संरक्षण के प्रति पीएम की प्रतिबद्धता और हम सभी के दृढ़ विश्वास का प्रतीक भी है। जब दुनिया ग्लोबल वॉर्मिंग से त्रस्त है। तमाम आपदाएं चुनौतियां खड़ी कर रही हैं। उन स्थितियों में हम सब भी अपने आप को तैयार कर सकें।

## यूपी के छोटे उद्यमियों को मिलेगा ग्लोबल मार्केट, मुफ्त मिलेगी ट्रेनिंग

■ यूपी सरकार और वॉलमार्ट के बीच समझौता

**लखनऊ।** प्रदेश की योगी आदित्यनाथ सरकार ने यूपी के छोटे और मझोले उद्योगों (एमएसएमई) को देश और दुनिया के बाजार से जोड़ने के लिए एक अहम कदम उठाया है। इसके तहत उत्तर प्रदेश सरकार, एक्सपोर्ट प्रमोशन ब्यूरो और वॉलमार्ट के बीच तीन साल के लिए एक समझौता हुआ है। प्रदेश के उद्यमियों को अपने उत्पाद अंतरराष्ट्रीय बाजार तक पहुंचाने में इस समझौते के जरिए मदद मिलेगी।

इस सहयोग के तहत प्रदेश के एमएसएमई को डिजिटल सशक्तिकरण, ई-कॉमर्स रेडीनेस, पैकेजिंग, क्वालिटी, सर्टिफिकेशन और मार्केट एक्सेस के क्षेत्रों में क्षमता-वृद्धि प्रशिक्षण उपलब्ध कराया जाएगा। इस एमओयू का उद्देश्य उत्तर प्रदेश के एमएसएमई को राष्ट्रीय एवं वैश्विक वैल्यू चेन से जोड़कर निर्यात में वृद्धि और रोजगार सृजन को गति देना है। वॉलमार्ट वृद्धि के तहत उद्यमियों को फ्री-ऑफ-कॉस्ट प्रशिक्षण एवं मेंटरशिप प्रदान की जाएगी और उन्हें घरेलू तथा सीमा-पार ई-कॉमर्स व्यापार में भागीदारी हेतु तैयार किया जाएगा। योगी सरकार द्वारा लागू उत्तर प्रदेश निर्यात प्रोत्साहन नीति 2025-30 में ई-कॉमर्स निर्यात पर विशेष बल दिया गया है। इसके अंतर्गत ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म पर पहली बार लिस्टिंग के लिए राज्य सरकार द्वारा एकमुश्त 75 प्रतिशत शुल्क, अधिकतम तीन लाख रुपए तक का प्रोत्साहन प्रदान किया जा रहा है।

## 20 की पानी बोतल 55 रुपये में दी, उपभोक्ता आयोग पहुंचा ग्राहक

**चंडीगढ़।** राज्य उपभोक्ता आयोग ने एक बड़ा फैसला सुनाते हुए सेक्टर-17 स्थित गजल रेस्टोरेंट को सेवा में लापरवाही का दोषी ठहराया है। रेस्टोरेंट ने 20 रुपये की मिनरल वाटर की बोतल पर ग्राहक से 55 रुपये वसूल लिए थे। उपभोक्ता आयोग ने स्पष्ट किया कि रेस्टोरेंट ग्राहक से मिनरल वाटर या अन्य पैकेज्ड आइटम पर एमआरपी से ज्यादा नहीं वसूल सकते।

रेस्टोरेंट ने ग्राहक को पानी की बोतल एमआरपी से महंगी दी, बल्कि उस पर सेंट्रल और स्टेट जीएसटी भी वसूला। आयोग ने कहा कि एमआरपी में टैक्स पहले से शामिल होता है। इसलिए और टैक्स देना अनुचित है। आयोग ने रेस्टोरेंट को पानी की बोतल पर वसूली गई ज्यादा रकम को वापस लौटाने और तीन हजार रुपये हर्जाना अदा करने के निर्देश दिए हैं।

# देश का पहला राष्ट्रीय आईईडी डेटा मैनेजमेंट सिस्टम लॉन्च

■ अमित शाह ने कहा, आतंरिक सुरक्षा होगी मजबूत



**नई दिल्ली।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शुक्रवार को भारत के पहले राष्ट्रीय आईईडी डेटा मैनेजमेंट सिस्टम का उद्घाटन किया। यह कदम देश की काउंटर-आईईडी और आतंरिक सुरक्षा संरचना को और मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है। एनआईडीएमएस को नेशनल सिक्योरिटी गार्ड द्वारा विकसित किया गया है। यह एक सुरक्षित डिजिटल प्लेटफॉर्म है, जो आईईडी से संबंधित डेटा के संग्रह, समेकन और वितरण को व्यवस्थित करने में मदद करेगा।

वर्चुअल उद्घाटन के दौरान अमित शाह ने कहा कि इंटर-एजेंसी समन्वय भी अब और बेहतर होगा। यह सही समय और सही जगह पर सही जानकारी पहुंचाने का एक बहुत प्रभावी तरीका होगा। एनएसजी की स्थापना 1984 में हुई थी और तब से इसने दुनिया भर में हुए आतंकवादी हमलों का विश्लेषण किया है और किसी भी परिस्थिति के लिए तैयार किया है। आतंकवाद रोधी गतिविधियां, हाइजैकिंग विरोधी ऑपरेशन और अब सभी एजेंसियों के साथ डेटा साझा करने के लिए प्लेटफॉर्म तैयार करना ये सभी एनएसजी के महत्वपूर्ण कार्य हैं।

एनएसजी के डायरेक्टर जनरल ब्रिघु श्रीनिवासन ने बताया कि पिछले 11 महीनों में एनएसजी ने अन्य एजेंसियों के साथ मिलकर इस सिस्टम को तैयार किया है। उन्होंने इसे भारत का अनूठा प्लेटफॉर्म बताया। एनआईडीएमएस के माध्यम से राज्य पुलिस, केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल और अन्य केंद्रीय एजेंसियां डेटा को एक्सेस, विश्लेषण और साझा कर सकेंगी। इससे आतंकवाद की रोकथाम में तेजी आएगी और जांच प्रक्रिया को सरल बनाया जा सकेगा। इस प्लेटफॉर्म से फोरेंसिक विश्लेषण, ट्रेनिंग मॉड्यूल और ऑपरेशन योजना में सुधार होगा। आईईडी अक्सर आतंकवादी और विद्रोही समूहों द्वारा सुरक्षा बल और आम जनता को निशाना बनाने के लिए उपयोग किए जाते हैं। एनआईडीएमएस के जरिए टेक्नोलॉजी और डेटा एनालिटिक्स का इस्तेमाल कर देश की तैयारी बढ़ाई जा सकेगी।

## अब नशा माफियाओं की खैर नहीं, अमित शाह की अध्यक्षता में एनकोर्ड की 9वीं बैठक

**नई दिल्ली।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह नई दिल्ली के विज्ञान भवन में नारको-कोऑर्डिनेशन सेंटर (एनकोर्ड) की 9वीं उच्च स्तरीय बैठक की अध्यक्षता की। यह बैठक नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो द्वारा हाइब्रिड मोड में आयोजित की गई, जिसमें केंद्रीय मंत्रालयों, राज्य सरकारों और ड्रग कानून प्रवर्तन एजेंसियों के प्रमुख अधिकारी शामिल हैं। बैठक का मुख्य उद्देश्य नशा तस्करी नेटवर्क और गैंग को तोड़ना, संवेदनशील क्षेत्रों की पहचान, हवाला और डार्कनेट जैसी नई चुनौतियों का सामना करना है। इसमें मुख्य मुद्दे नशा तस्करी नेटवर्क और गैंग को तोड़ना, सुरक्षित और संवेदनशील क्षेत्रों का मानचित्र तैयार करना, हवाला और अवैध लेन-देन की जांच, डार्कनेट जैसी नई तकनीकी चुनौतियों का सामना करना और 360 डिग्री की व्यापक जांच करना हैं।

## शिंदे और अजीत पवार के पार्षदों ने भाजपा को दिखाया बाहर का रास्ता

**मुंबई।** ठाणे की अंबरनाथ नगर पालिका में दो दिन पहले कांग्रेस के 12 पार्षदों को तोड़कर शिवसेना (शिंदे) को बाहर का रास्ता दिखाने वाली भाजपा को मुंह की खानी पड़ी है।

भाजपा को समर्थन देने वाले अजीत पवार के चार पार्षदों ने शुक्रवार को 27 पार्षदों वाली शिवसेना के साथ आकर भाजपा को हो बाहर का रास्ता दिखा दिया। अब सत्ता के लिए कांग्रेस से गठजोड़ का कलंक सहकर भी नगरपालिका में भाजपा को सत्ता से बाहर रहना पड़ेगा। 60 सदस्यों वाली अंबरनाथ नगरपालिका में दो दिन पहले ही 14 सदस्यों वाली भाजपा ने सत्ता में आने के लिए कांग्रेस, राकांपा एवं एक निर्दलीय को लेकर अंबरनाथ विकास आघाड़ी का गठन कर लिया था।

# ईडी की रेड से तिलमिलाई सीएम ममता बनर्जी

■ दिल्ली में टीएमसी के सांसदों ने किया प्रदर्शन



**नई दिल्ली।** बंगाल में विधानसभा चुनाव की हलचल के बीच आई-पैक दफ्तर पर ईडी की छापेमारी से सियासी पारा हाई हो गया है। टीएमसी के सांसदों ने शुक्रवार को दिल्ली में जोरदार प्रदर्शन किया। प्रदर्शन कर रहे सांसदों को कुछ ही देर में दिल्ली पुलिस ने वहां से हटा दिया और बस में बैठाकर ले गई। इस कार्रवाई के बाद टीएमसी ने केंद्र सरकार पर लोकतंत्र कुचलने और केंद्रीय एजेंसियों के दुरुपयोग का आरोप लगाया।

धरने में शामिल सांसदों में डेरेक ओ'ब्रायन, सताब्दी रॉय, महुआ मोइत्रा, बापी हलदार, साकेत गोखले, प्रतिमा मंडल, कीर्ति आजाद और शर्मिला सरकार शामिल थे। ये सभी सांसद कोलकाता में राजनीतिक सलाहकार कंपनी आई-पैक पर ईडी के छापे के खिलाफ नारेबाजी कर रहे थे।

सांसद कीर्ति आजाद ने कहा कि भाजपा लगातार पश्चिम बंगाल का अपमान कर रही है और इसका जवाब जनता देगी। धरना खत्म कराए जाने के बाद टीएमसी ने तीखा बयान जारी करते हुए कहा कि यह किस तरह का घमंड है? क्या अब लोकतांत्रिक तरीके से विरोध कर रहे निर्वाचित प्रतिनिधियों को दबाने के लिए दिल्ली पुलिस का इस्तेमाल किया जा रहा है? पार्टी ने आरोप लगाया कि पहले ईडी का दुरुपयोग किया गया और अब शांतिपूर्ण धरने पर हमला कर लोकतंत्र को कुचलने की कोशिश की जा रही है।

### महुआ मोइत्रा ने केंद्र सरकार पर बोला हमला

टीएमसी सांसद महुआ मोइत्रा ने कहा कि केंद्र सरकार ईडी का इस्तेमाल अपने राजनीतिक प्रतिद्वंद्वियों के खिलाफ कर रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि ईडी को आई पैक पर छापे के लिए इसलिए भेजा गया ताकि टीएमसी की राजनीतिक रणनीति से जुड़े दस्तावेज, हार्ड डिस्क और सामग्री जब्त की जा सके।

## मोदी सरकार की विदेश नीति पेंडुलम की तरह : कांग्रेस

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने चीनी कंपनियों से प्रतिबंध हटाने की तैयारी के दावों तथा टैरिफ विवाद में ताजा अमेरिकी दावे के मद्देनजर मोदी सरकार की विदेश नीति पर तीखे सवाल उठाए हैं।

पार्टी ने मीडिया रिपोर्ट के हवाले से दावा किया कि भारत की सरकारी परियोजनाओं के कांट्रैक्ट में चीनी कंपनियों के बोली लगाने पर लगी पाबंदी को सरकार हटाने जा रही है और चीनी आक्रामकता के सामने सोची-समझी हार से कम नहीं है। इसे सरकार की चीन नीति में आया यू-टर्न बताते हुए कांग्रेस ने बजट सत्र में इस बारे में सरकार से स्थिति स्पष्ट करने की मांग भी की। कांग्रेस अध्यक्ष खरगे ने चीनी कंपनियों से बैन हटाने की रिपोर्ट का हवाला देते हुए सरकार की विदेश नीति पर हमला बोला।

## भाजपा की राजनीति में सर्वत्र फैल चुका है भ्रष्टाचार, अहंकार का जहर : राहुल गांधी



**नई दिल्ली।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने शुक्रवार को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) पर तीखा हमला करते हुए आरोप लगाया कि इस पार्टी की राजनीति में भ्रष्टाचार और अहंकार का जहर ऊपर से नीचे तक फैल चुका है। लोकसभा में विपक्ष के नेता श्री गांधी ने सोशल मीडिया पर डाले गए एक पोस्ट में कहा कि देश भर में भाजपा की डबल इंजन सरकारों ने जनता की जिंदगी तबाह कर दी है।

उन्होंने दावा किया कि सत्ता का दुरुपयोग भाजपा की राजनीति का मूल मंत्र बन चुका है। भाजपा के काम करने के तरीके में गरीब, असहाय, मजदूर और मध्यम वर्ग की जिंदगी सिर्फ एक आंकड़ा बनकर रह गयी है और विकास के नाम पर केवल वसूली तंत्र चल रहा है। उन्होंने अपने आरोपों के समर्थन में कई राज्यों में हुयी घटनाओं की मिसालें भी दीं।

उत्तराखंड के अंकिता भंडारी मामले का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि इस निर्मम हत्या ने पूरे देश को झकझोर दिया था, लेकिन आज भी सवाल वही है कि सत्ता का संरक्षण किस 'अति महत्वपूर्ण व्यक्ति' को बचा रहा है। उन्होंने सवाल किया कि कानून सबके लिए बराबर कब होगा।

**तनाव** — शक्ति प्रदर्शन करेगा नाटो, सेना तैनात कर मिलिट्री ड्रिल की तैयारी

# ग्रीनलैंड पर अमेरिका और डेनमार्क युद्ध के करीब



**ब्रसेल्स।** ग्रीनलैंड तनाव के बाद नाटो पूरी तरह से संकट की स्थिति में है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने ग्रीनलैंड पर कब्जे की धमकी दी है। वहीं, व्हाइट हाउस ने कहा है कि ग्रीनलैंड पर कब्जे को लेकर जिन विकल्पों पर विचार किया जा रहा है, उसमें सैन्य कार्रवाई भी शामिल है। इस पर डेनमार्क ने तीखी प्रतिक्रिया दी है। डेनमार्क के रक्षा मंत्रालय ने कहा है कि उसने ग्रीनलैंड में तैनात अपने सैनिकों को 1952 के कानून की याद दिलाई है, जिसमें कब्जा करने वालों को देखते ही गोली मारने की छूट है, इजाजत बाद में ली जा सकती है।

**नाटो ने सेना तैनाती की तैयारी की :** अमेरिका और डेनमार्क दोनों नाटो के सदस्य हैं। ऐसे में सदस्य देशों में टकराव से नाटो में हड़कंप मच गया है। नाटो ने अमेरिका को शांत करने के लिए वॉशिंगटन में लॉबिंग तेज कर दी है। वहीं, ब्रसेल्स में ग्रीनलैंड की सुरक्षा को मजबूत बनाने की योजना पर भी काम तेज किया गया है। रिपोर्ट्स के अनुसार, नाटो ने आर्कटिक पर खर्च बढ़ाने, वहां और ज्यादा सैनिक भेजने और कहीं ज्यादा संयुक्त अभ्यास शेड्यूल करने पर चर्चा की।

**ट्रंप को क्या दिखाना चाहता है नाटो :** इसका प्रमुख मकसद ट्रंप को यह दिखाना है कि ग्रीनलैंड और उसके आसपास का इलाका पहले की तरह पूरी तरह सुरक्षित है और यहां किसी अमेरिकी कब्जे की जरूरत नहीं है। इस प्रस्ताव पर दूसरे सदस्य देशों के दूतों ने व्यापक सहमति जताई। इसे यूरोपीय देशों की रणनीति में बड़े बदलाव के तौर पर देखा जा रहा है। अभी तक नाटो सदस्य देश ट्रंप के ग्रीनलैंड को हासिल करने या सेना के इस्तेमाल करने वाले बातों को भड़काऊ बयानबाजी मान रहे थे।

राष्ट्रपति ट्रंप ने जोर देकर कहा है कि क्षेत्र में रूस और चीन की बढ़ती सैन्य मौजूदगी के बीच वाशिंगटन को ग्रीनलैंड की जरूरत है। ग्रीनलैंड में अमेरिका की पहले से ही सैन्य मौजूदगी है। ग्रीनलैंड के पिटुफिक बेस मे दूसरे विश्व युद्ध के समय से ही अमेरिकी सेना तैनात है। इस बर्फीले बेस पर लगभग 150 कर्मी स्थायी रूप से तैनात रहते हैं, लेकिन शीत युद्ध के दौरान अमेरिका ने ग्रीनलैंड में 6,000 तक सैनिक तैनात किए थे। 1951 की एक संधि के तहत अमेरिका डेनमार्क को बस एक सूचना देकर अपनी सैन्य तैनाती को बढ़ा सकता है।

### नाटो के टूटने का खतरा बढ़ा

वेनेजुएला पर अमेरिकी हमले के बाद हालात तेजी से बदल गए हैं। नाटो देशों को लगने लगा है कि अमेरिका कभी भी ग्रीनलैंड पर कब्जे के लिए सैन्य अभियान छेड़ सकता है। इससे न सिर्फ नाटो के टूटने का खतरा है, बल्कि यूरोप की सुरक्षा भी खतरे में पड़ जाएगी। इस कारण यूरोपीय यूनियन में कुछ देश अमेरिका के साथ सीधे टकराव की तैयारी भी कर रहे हैं। डेनमार्क की प्रधानमंत्री मेटे फ्रेडरिक्सन ने पहले कहा था कि ऐसा कदम नाटो और दूसरे विश्व युद्ध के बाद बने ट्रांसअटलांटिक सुरक्षा ढांचे का अंत होगा।

# संसद का बजट सत्र 28 जनवरी से

■ राष्ट्रपति ने दी मंजूरी दो चरणों में चलेगी कार्यवाही



**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार की सिफारिश पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने वर्ष 2026 के बजट सत्र के लिए संसद के दोनों सदनों को बुलाने की मंजूरी दे दी है। यह सत्र 28 जनवरी 2026 को शुरू होगा और 2 अप्रैल 2026 तक चलेगा। बजट सत्र का पहला चरण 13 फरवरी 2026 को समाप्त होगा, और संसद 9 मार्च 2026 को फिर से एकत्रित होगी, जो सार्थक बहस और जन-केंद्रित शासन की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

सरकार की सिफारिश पर लिए गए इस निर्णय के अनुसार, यह सत्र देश के आगामी वित्तीय वर्ष (2026-27) के लिए आर्थिक खाका तैयार करने दिशा में अत्यंत महत्वपूर्ण होगा। आम तौर पर हर वर्ष वित्त मंत्री 1 जनवरी को बजट पेश करतीं हैं। इस बार 1 फरवरी को रविवार है। इसलिए इस बार बजट कब पेश होगा? इसे लेकर अभी अटकलें लग रही थीं। हालांकि, बजट सत्र के कार्यक्रम को देखकर यह तय माना जा रहा है कि इस बार भी बजट 1 फरवरी को ही पेश होगा। हालांकि माना जा रहा है संसदीय कार्यप्रणाली को सुव्यवस्थित रखने और सार्थक चर्चा सुनिश्चित करने के लिए इस बार के बजट सत्र को दो चरणों में विभाजित किया गया है। आधिकारिक जानकारी के अनुसार शेड्यूल इस प्रकार रहेगा।

**पहला चरण :** सत्र की शुरुआत 28 जनवरी 2026 को होगी। यह चरण लगभग दो सप्ताह तक चलेगा और 13 फरवरी 2026 को समाप्त होगा.

**अवकाशः** पहले चरण की समाप्ति के बाद संसद की कार्यवाही में विराम रहेगा। इस दौरान संसदीय समितियां आम तौर पर विभिन्न मंत्रालयों की अनुदान मांगों का अध्ययन करती हैं।

**दूसरा चरण :** अवकाश के बाद संसद 9 मार्च 2026 को फिर से एकत्रित होगी। सत्र का समापन 2 अप्रैल 2026 को होगा।

# गोला कॉरिडोर की धीमी रफ्तार पर 3.35 करोड़ रुपये की पेनल्टी तय

## 3 ठेकेदारों पर कुल 3.35 करोड़ का लिक्विडेटेड डैमेज तय

*अवधनामा संवाददाता*

**लखीमपुर-खीरी।** गोला गोकर्णनाथ स्थित प्राचीन शिव मंदिर को पर्यटन मानचित्र पर चमकाने की योजना पर ठेकेदारों की सुस्ती भारी पड़ गई है। मुख्यमंत्री की प्राथमिकता वाली गोला कॉरिडोर परियोजना में निर्माण कार्य की रफ्तार थमती देख डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने सख्त रुख अख्तियार कर लिया है। जाँच समिति और तकनीकी परीक्षण के बाद तीन ठेकेदारों पर 3.35 करोड़ रुपये से अधिक का लिक्विडेटेड डैमेज लगाने की तैयारी पूरी कर ली गई है स्थलीय निरीक्षण में एसडीएम गोला सहित अन्य अधिकारियों ने पाया कि निर्माण स्थल पर न श्रमिक पर्याप्त हैं, न ही काम में अपेक्षित तेजी। यूपी प्रोजेक्ट्स कारपोरेशन लिमिटेड (यूपीपीसीएल) यूनिट-14, लखनऊ द्वारा कराए जा रहे कार्य की अनुबंधित पूर्णता तिथि 15 मार्च 2026 है, लेकिन मौजूदा हालात में समय पर कॉरिडोर का पूरा होना मुश्किल नजर आ रहा है। चौंकाने वाली बात यह भी सामने आई कि इतनी अहम परियोजना में देरी के बावजूद समयवृद्धि का प्रस्ताव तक सक्षम प्राधिकारी को नहीं भेजा गया, जिसे प्रशासन ने गंभीर लापरवाही माना है उल्लेखनीय है कि श्रावण मास के दौरान गोलागोकर्णनाथ शिव मंदिर में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं एवं कांवड़ियों का आगमन होता है। यदि कॉरिडोर निर्माण कार्य श्रावण मास से पूर्व पूर्ण नहीं होता है तो शांति एवं कानून-व्यवस्था बनाए रखने में प्रतिकूल परिस्थितियां उत्पन्न होने की प्रबल संभावना है।जाँच समिति की रिपोर्ट में गोला कॉरिडोर निर्माण की भौतिक प्रगति अत्यंत धीमी पाई गई है। अनुबंध की शर्तों के अनुसार पहले ठेकेदारों पर 10 प्रतिशत तक जुर्माना प्रस्तावित किया गया था। इसके बाद यूपीपीसीएल के परियोजना प्रबंधक द्वारा प्रस्तुत स्पष्टीकरण का तकनीकी परीक्षण लोक निर्माण विभाग, प्रांतीय खंड से कराया गया।

अधिशासी अभियंता की आख्या में अनुबंध संख्या 109 (मेसर्स रीना सिंह) पर 8 प्रतिशत यानी लगभग 1.45 करोड़ रुपये, अनुबंध संख्या 110 (मेसर्स नारायन एसोसिएट्स) पर 6 प्रतिशत यानी लगभग 1.04 करोड़ रुपये तथा अनुबंध संख्या 111 (मेसर्स नारायन एसोसिएट्स) पर 5 प्रतिशत यानी लगभग 86 लाख रुपये का लिक्विडेटेड डैमेज अधिरोपित किया जाना उचित बताया गया डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने पर्यटन विभाग, उत्तर प्रदेश को पत्र लिखा है कि कार्यदाई संस्था यूपीपीसीएल को भुगतान करते समय 3.35 करोड़ पेनल्टी की राशि काटकर भुगतान किया जाए, ताकि अनुबंध की शर्तों के अनुसार जुर्माना वसूली और परियोजना की समयबद्ध पूर्णता सुनिश्चित हो सके।

## जिले में इंडियन मेडिकल एसोसिशोएशन की नई कार्यकारिणी का हुआगठन

**लखीमपुर-खीरी। (अवधनामा संवाददाता)** जिले में इंडियन मेडिकल एसोसिशोएशन की नई कार्यकारिणी का गठन हुआ। इसमें डा अखिलेश वर्मा को अध्यक्ष और डा मनोज शर्मा को सचिव बनाया गया। नयी कार्यकारिणी को सीएमओ डा संतोष गुप्ता ने शपथ दिलाई। शहर के रॉयल पैराडाइस लॉन में शपथ ग्रहण समारोह आयोजित किया गया। इसमें नवनियुक्त अध्यक्ष डॉ. अखिलेश वर्मा एवं नवगठित कार्यकारिणी को सीएमओ डॉ. संतोष गुप्ता व डॉ. के के मिश्रा ने पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई गई। कार्यक्रम में पूर्व अध्यक्ष डॉ. अखिलेश खरे ने अपने कार्यकाल के अनुभव साझा किए। अपने संबोधन में नवनियुक्त अध्यक्ष डॉ. अखिलेश वर्मा ने चिकित्सकों की सुरक्षा को प्राथमिकता देने पर जोर दिया मरीज-चिकित्सक संबंधों में आ रही दूरी को कम करने के निरंतर प्रयास करने की बात कही। संगठन शासन के साथ समन्वय बनाकर कार्य करेगा और आम जनता की अधिकतम सहायता के लिए सतत प्रयासरत रहेगा।

## 03 नफर वांछित अभियुक्त/ अभियुक्तागिरफ्तार



**लखीमपुर-खीरी। (अवधनामा संवाददाता)** थाना हैदराबाद पुलिस द्वारा, स्थानीय थाना पर पंजीकृत मु0अ0सं0 007/2026 धारा 80(2)/85 बीएनएस व ङ डीपी एक्ट से संबंधित 03 नफर वांछित अभियुक्त/ अभियुक्ता 1. अजय कुमार पुत्र चुन्नीलाल उम्र करीब 28 वर्ष 2. अवधेश कुमार उर्फ आशीष पुत्र चुन्नीलाल उम्र करीब 22 वर्ष 3. रामश्री पत्नी चुन्नीलाल उम्र करीब 46 वर्ष नि0गण ग्राम शहाबुद्दीनपुर थाना हैदराबाद जनपद खीरी को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तारशुदा अभियुक्त/अभियुक्ता के विरुद्ध नियमानुसार विधिक कार्यवाही पूर्ण कर अग्रिम विधिक कार्यवाही हेतु न्यायालय भेजा गया ।

## मंडावली थाना क्षेत्र में अवैध मिट्टी खनन पर भाकियू का आक्रोश

### 13 जनवरी तक कार्रवाई नहीं हुई तो होगा अनिश्चितकालीन धरना

*अवधनामा संवाददाता*



**बिजनौर।** नजीबाबाद तहसील एवं मंडावली थाना क्षेत्र में नदी सहित विभिन्न स्थानों पर लगातार हो रहे अवैध मिट्टी व बालू खनन को लेकर भारतीय किसान यूनियन (प्रधान) ने प्रशासन के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। संगठन के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष चौधरी रोहिताश सिंह ने उप जिलाधिकारी नजीबाबाद के नाम तहसीलदार को व पुलिस क्षेत्राधिकारी (सीओ) पुलिस को भी ज्ञापन सौंपकर सख्त कार्रवाई की मांग की है।

ज्ञापन में स्पष्ट चेतावनी दी गई है कि यदि 13 जनवरी तक अवैध खनन बंद नहीं कराया गया तो पहली कड़ी में तहसील परिसर में अनिश्चितकालीन धरना शुरू किया जाएगा। संगठन का कहना है कि शासन के निर्देशों के बावजूद जेसीबी व भारी मशीनों से दिन-रात अवैध खनन किया जा रहा है। बिना नंबर प्लेट ट्रैक्टरों और डंपरों से मिट्टी व बालू की ढुलाई खुलेआम हो रही है, जिससे पर्यावरण को गंभीर नुकसान पहुंच रहा है। और प्राकृतिक संतुलन बिगड़ रहा है।

किसान यूनियन ने आरोप लगाया कि बार-बार शिकायत करने के बावजूद संबंधित विभागों द्वारा कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई, जिससे खनन माफियाओं के हौसले बुलंद हैं। इससे किसानों की जमीन, ग्रामीण सड़कें और जल स्रोत भी प्रभावित हो रहे हैं। भाकियू ने मांग की है कि तत्काल प्रभाव से अवैध खनन पर रोक लगाई जाए, दोषियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज हो तथा जिम्मेदार अधिकारियों की जवाबदेही तय की जाए। संगठन ने चेताया कि यदि प्रशासन ने समय रहते कदम नहीं उठाया तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा। उपस्थित रामोद कुमार व्यापार मंडल जिला अध्यक्ष, ब्लॉक अध्यक्ष गुड्डू, नगर अध्यक्ष जलालाबाद मोहम्मद रफीक, राज कुमार, फौजी सोहेल खान, सुंदर सिंह, मोहम्मद जाकिर, नईम अहमद, मोहम्मद इरफान सहित काफी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## फेसबुक स्टोरी पर अवैध तमंचा दिखाकर दहशत फैलाने कीकी कोशिश

**लखीमपुर खीरी। (अवधनामा संवाददाता)** खुलेआम तमंचा लहराने की बढ़ती हिम्मत युवा पीढ़ी में अवैध असलहों के साथ सोशल मीडिया स्टोरी लगाने का चलन तेज, न कानून का खौफ न पुलिस का डर।ताजा मामला थाना खीरी क्षेत्र के एक गांव का करन नामक युवक ने फेसबुक स्टोरी पर अवैध तमंचा दिखाकर दहशत फैलाने की कोशिश।

### नशे में धुत युवक नेएक व्यक्ति पर किया जानलेवा हमला

**लखीमपुर-खीरी। (अवधनामा संवाददाता)** निघासन-ढखेरवा रोड पर एक लान के पास नशे में धुत एक युवक ने गन्ना काटने वाली बगौड़ी से एक व्यक्ति पर जानलेवा हमला कर दिया हमले में रामकरन पुत्र भाई लाल, निवासी परागीपुरवा थाना निघासन गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल को पहले सीएचसी निघासन ले जाया गया, जहां से हालत गंभीर होने पर जिला अस्पताल रेफर किया गया पुलिस ने आरोपी अखिलेश पुत्र राम खिलावन, थाना पढ़ुआ को हिरासत में ले लिया है ।

## शहर के प्रख्यात दंत चिकित्सक डॉ प्रदीप टंडन को आया ब्रेन स्ट्रोक

**लखीमपुर-खीरी। (अवधनामा संवाददाता)** शहर के प्रख्यात दंत चिकित्सक डॉ प्रदीप टंडन को आया ब्रेन स्ट्रोकलखनऊ के एक निजी अस्पताल में चल रहा इलाज।

## अफसर दे रहे केवल आश्वासन, आक्रोशित हुए किसानो ने निकाली रैली

### कड़ाके की सर्द हवा में 12वीं दिन भी जारी रहा धरना

**नजीबाबाद। (अवधनामा संवाददाता)** लगातार 12 दिन से कड़ाके की अपने घरों को छोड़े हुए किसान डीएफओ कार्यालय पर धरना दे रहे हैं परंतु इन 12 दिनों में किसने की कोई भी मांग पूरी नहीं की गई, बल्कि नजीबाबाद के अफसरों द्वारा किसानो को केवल आश्वासन दिया जा रहा है जिससे किसान आक्रोशित हो गए और उन्होंने डीएफओ कार्यालय से उप जिलाधिकारी कार्यालय तक रैली निकाली और रैली में वन विभाग मुर्दाबाद वन विभाग हाय-हाय, जो ना माने झंडे से वह मानेगा डंडे से जमकर नारे लगाए। ब्लॉक अध्यक्ष अवनीश कुमार ने कहा की 12 दिन भी जाने के बाद भी हमारी मांगों को अनसुना किया जा रहा है लेकिन किसान हर नहीं मानेंगे और हक की लड़ाई जीत कर रहेंगे। वही जिला उपाध्यक्ष विरेश राणा ने कहा कि हमारी मांगे पूरी ने करके संबंधित अधिकारी हमें उकसा रहे हैं परंतु याद रखें कि धरना जब तक समाप्त नहीं होगा जब तक किसानों की मांग पूरी नहीं होती। अजय कुमार ने कहा अगर हमारी मांगों को शीघ्र पूरा नहीं किया गया तो जल्द ही हम अपने डंगरों को डीएफओ कार्यालय पर लाकर बांध प्रारंभ कर देंगे। रेली डबल फाटक ओवर ब्रिज से होकर उप जिलाधिकारी कार्यालय पहुंच कर भी किसानों ने जमकर वन विभाग मुर्दाबाद के और राजस्व विभाग किसाने की जमीन वापस करें के नारे लगाए लगाए। उप जिलाधिकारी कार्यालय के उपस्थित न होने पर तहसीलदार नजीबाबाद से किसानो की वार्तालाप हुई, किसानों ने बताया कि हम अपना परिवार छोड़कर धरने पर बैठे हैं परंतु कोई भी हमारी बात सुनने को तैयार नहीं अगर ऐसा ही रहा तो जल्द ही धरना उग्र रूप में ले ले जिसकी जिम्मेदारी जिम्मेदारी सिर्फ संबंधित अधिकारी की होगी। रैली में सैकड़ो की भारतीय किसान यूनियन टिकैत के योद्धा मौजूद रहे।

## आर एल अड्डा ने दी फ्री कोचिंग छात्र-छात्राओं ने मारी बाज़ी

### आर एल अड्डा के संचालकों को बताया कामयाबी का श्रेय दी मुबारकबाद

*अवधनामा संवाददाता*



**नजीबाबाद।** ऑल इंडिया बार 2 वीं परीक्षा 2025 में आर एल अड्डा ऑनलाइन कोचिंग सेंटर का विशेष महत्वपूर्ण योगदान रहा। जिसमें 251968 छात्र-छात्राओं ने परीक्षा दी थी, 7 जनवरी को घोषित हुए परिणाम में 174386 छात्र-छात्राओं ने बाज़ी मारी, कुल परिणाम 69.21त्न रहा। छात्र छात्राओं ने कोचिंग को दिली मुबारकबाद दी और अपनी कामयाबी का महत्वपूर्ण हिस्सा बताया। आर एल अड्डा कोचिंग सेंटर ने अभ्यर्थियों को पिछले वर्षों के प्रश्न पत्र और अन्य महत्वपूर्ण स्टडी मैटेरियल विभिन्न डिजिटल प्लेटफॉर्म और कोचिंग के माध्यम से निशुल्क को प्राप्त कराए थे जबकि इस प्रकार की स्टडी की कीमत कई हजार रुपए में बैठती हैं पिछले वर्ष की भांति इस साल भी आर एल अड्डा ने अपनी फ्री कोचिंग देने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। और परीक्षा के समय इस बार भी कई हजार अभ्यर्थियों ने कोचिंग को ज्वाइन कर लाभ उठाया और दूसरे लोगों को भी इसके बारे में बताया। इसके परिणाम स्वरुप ऑनलाइन कोचिंग पर अपलोड की गई वीडियो को कई लाख बार देखा गया जिसने विभिन्न प्रदेशों के अभिव्यक्ति मौजूद रहे जैसे उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड, बिहार, मध्य प्रदेश, राजस्थान, नई दिल्ली, झारखंड, छत्तीसगढ़, और महाराष्ट्र आदि रहे। आर एल अड्डा कोचिंग के संचालक डॉ मोहम्मद जाकिर और मोहम्मद जावेद और उनकी टीम का उद्देश्य अभ्यर्थियों को उच्च शिक्षा की सुविधा प्रदान करना है। जो छात्र या छात्रा आर्थिक स्थिति के कारण पढ़ाई करने में असमर्थ है और अपने गांव शहर से बाहर नहीं जा सकते तो ऐसे अभ्यर्थियों के लिए आर एल अड्डा कोचिंग सेंटर एकमात्र विशेष उपाय है जिससे जोड़कर निशुल्क शिक्षा प्राप्त कर सकते हैं। उत्तीर्ण हुए स्टूडेंट के परिजनों ने भी आर एल अड्डा ऑनलाइन कोचिंग सेंटर के संचालकों को मुबारकबाद देते हुए शुभकामनाएं दी नहीं ल अड्डा के संचालकों ने भी पेड़ हुए सभी छात्र-छात्राओं को मुबारकबाद दी।

## सांड के हमले से घायल हुए नाबालिग की मौत

**बदायूं। (अवधनामा संवाददाता)** थाना अलापुर क्षेत्र में सांड के हमले से घायल हुए नाबालिग की मौत हो गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के ग्राम बमनी निवासी ओमपाल सिंह के नाबालिग पुत्र राजू (15) पर सांड ने उस वक्त हमला कर दिया जब वह अपने खेत की रखवाली हेतु खेत पर था। बताया जाता है के सांड के हमले से राजू गंभीर रूप से घायल हो गया था जिसे परिजन इलाज के वास्ते जिला अस्पताल ले गए जहां डॉक्टर ने उसकी गंभीर हालत को देखते हुए उसे मेडिकल कॉलेज के लिए रेफर कर दिया। मेडिकल कॉलेज में भी राजू को लाभ ना मिलता देख यहां भी डॉक्टरों द्वारा उसे हायर सेंटर के लिए रेफर कर दिया गया।परिजन उसे इलाज के वास्ते लेकर अलीगढ़ जा रहे थे तभी रास्ते में उसने दम तोड़ दिया।

## पूर्व मंत्री तथा पालिकाध्यक्ष ने जरूरतमंद लोगों को किया कंबलों का वितरण





**बदायूं। (अवधनामा संवाददाता)** पूर्व मंत्री तथा पालिकाध्यक्ष द्वारा इन दिनों पड़ रही कड़ाके की ठंड के मद्देनजर,जरूरतमंद लोगों को कंबल वितरण करने का मानवीय कार्य किया गया।इस दौरान दोनों नेताओं के समक्ष लोगों द्वारा अपनी कुछ समस्याओं को रखा गया। उनकी समस्याओं को सुनते हुए पूर्व मंत्री तथा पालिकाध्यक्ष द्वारा उन्हें हर संभव सहायता का आश्वासन दिया गया। बृहस्पतिवार देर रात्रि पूर्व मंत्री आबिद रज़ा अपनी पत्नी पालिकाध्यक्ष फात्मा रज़ा के साथ शहर के विभिन्न स्थानों जैसे प्राइवेट बस स्टैंड पर बने अस्थायी रैन बसेरा, रेलवे स्टेशन, शेल्टर होम सहित अन्य सार्वजनिक स्थलों के भ्रमण को निकल पड़े।भ्रमण के दौरान उनके द्वारा जरूरतमंदों को गर्म कंबलों का वितरण किया गया।कंबल पाकर जरूरतमंदों के चेहरे खिल उठे और उन्होंने कहा कि इस भीषण ठंड में कंबल मिलना उनके लिए किसी राहत से कम नहीं है। उन्होंने पूर्व मंत्री आबिद रज़ा एवं चेयरमैन फात्मा रज़ा का आभार व्यक्त करते हुए इस पहल को जरूरतमंद गरीबों के लिए संजीवनी बताया।

## लूट की घटना में वांछित 25 हजार का ईनामी बदमाश दबोचा

**सहारनपुर।** थाना जनकपुरी पुलिस ने लूट की घटना में वांछित 25,000 रूपये के ईनामी एक बदमाश को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से लूट की 42,100 रुपये की नकदी व अवैध असलाह/कारतूस बरामद किए है। पुलिस ने बदमाश का चालान काटकर जेल भेज दिया। पुलिस लाइन सभागार में पत्रकारों के समक्ष लूट की घटना का खुलासा करते हुए एसपी सिटी व्योम बिंदल ने बताया कि विगत् 20 नवंबर को वादी अंश पुत्र संजीव निवासी सुखदेव नगर रूड़की जिला हरिद्वार (उत्तराखण्ड) की तहरीर पर अज्ञात बदमाशों के खिलाफ वादी के पिता को तमंचा दिखाकर ऑफिस के सोफे पर रखे 07 लाख रूपये लूटकर भाग जाने के सम्बन्ध में थाना जनकपुरी पर मुकदमा पंजीकृत किया गया था।

# दुष्कर्म में न्यायालय ने सुनाई 20 वर्ष के कठोर कारावास तथा अर्थदंड की सज़ा

*अवधनामा संवाददाता*

**बदायूं।** न्यायालय द्वारा दुष्कर्म के एक मामले में आरोपी को,मामले का दोषी पाते हुए 20 वर्ष के कठोर करावास तथा अर्थ दंड की सजा सुनाई गई है।

दरअसल वर्ष 2024 में थाना मूसाझाग पर ओम प्रकाश पुत्र ऋषिपाल के विरुद्ध नाबालिग से दुष्कर्म के आरोप में एक मुकदमा पंजीकृत किया गया था। मुकदमे की विवेचना उप निरीक्षक संजीव कुमार द्वारा की गई थी,विवेचना की कार्रवाई पूर्ण करते हुए उनके द्वारा आरोपी के विरुद्ध न्यायालय में आरोप पत्र प्रेषित किया गया था। तभी से मामले की न्यायालय में सुनवाई चल रही थी। शुक्रवार को न्यायालय पोक्सो 02 कोर्ट द्वारा ओमप्रकाश को धारा 137(2) बीएनएस में दोषी पाते हुये 07 वर्ष के कठोर कारावास का दण्ड एवं 2,000 रु0 के अर्थदण्ड से दण्डित किया गया है।अर्थदण्ड अदा न करने पर अभियुक्त को 01 वर्ष का अतिरिक्त साधारण कारावास भुगतने के आदेश न्यायालय द्वारा दिए गए हैं।न्यायालय द्वारा ओम प्रकाश को

धारा 65(2) बीएनएस में दोषी पाते हुये 20 वर्ष के कठोर कारावास का दण्ड एवं 10,000 रु0 के अर्थदण्ड से दण्डित किया गया।अर्थदण्ड अदा न करने पर इसको 02 वर्ष के अतिरिक्त साधारण कारावास भुगतने के आदेश न्यायालय द्वारा दिए गए हैं।न्यायालय ने ओमप्रकाश को धारा 109 बीएनएस का दोषी पाते हुये 03 वर्ष के कठोर कारावास तथा 1,000 रु0 के अर्थदण्ड की सज़ा सुनाई है,अर्थदण्ड अदा न करने पर अभियुक्त को 06 माह का अतिरिक्त साधारण कारावास भुगतने के आदेश दिए गए हैं। वहीं न्यायालय द्वारा ओमप्रकाश को पोक्सो एक्ट का दोषी पाते हुये 20 वर्ष के कठोर कारावास का दण्ड एवं 10,000 रु0 के अर्थदण्ड से दण्डित किया गया। न्यायालय द्वारा अपने आदेश में कहा गया है कि अर्थदण्ड अदा न करने पर अभियुक्त ओमप्रकाश को 02 वर्ष का अतिरिक्त साधारण कारावास भुगतना होगा।न्यायालय द्वारा सुनाई सजा की जानकारी देते हुए पुलिस ने बताया कि इस अभियोग को उत्तर प्रदेश के पुलिस महानिदेशक द्वारा चलाये जा रहे अभियान ऑपरेशन कन्विक्शन के अन्तर्गत चिन्हित किया गया था।जिस कारण पुलिस द्वारा न्यायालय में अभियोजन विभाग से समन्वय स्थापित कर सशक्त रूप से पैरवी की गई थी।

## नाबालिग से दुष्कर्म के आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर भेजा जेल



**बदायूं। (अवधनामा संवाददाता)** थाना दातागंज पुलिस द्वारा नाबालिग से दुष्कर्म के आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार थाना दातागंज पर शुक्रवार को अभियुक्त मोनू उर्फ अमरोज पुत्र परवेज निवासी मौहल्ला कोतवाली के सामने वार्ड नं0- 12 कस्बा थाना दातागंज के विरुद्ध धारा 137(2)/65(1) ब्नह्स व 5(एल)/6 पाक्सो एक्ट के तहत एक मुकदमा दर्ज किया गया था। पुलिस का कहना है कि अभियुक्त मोनू उर्फ अमरोज को शुक्रवार को ही डहरपुर तिराहे से गिरफ्तार कर लिया गया है।पुलिस द्वारा,गिरफ्तार व्यक्ति को न्यायालय के समक्ष पेश करते हुए जेल भेजा गया है।

# ई-रिक्शा से बैटरी चुराने वाले चार शातिर चोर गिरफ्तार

## चोरी की 4 बैटरियां, घटना में प्रयुक्त कार व 8500 रूपये की नगदी बरामद

*अवधनामा संवाददाता*



**सहारनपुर।** थाना बेहट पुलिस ने ई-रिक्शा से बैटरी चोरी करने वाले चार शातिर चोरों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे व निशानदेही पर चोरी की 04 बैट्रियां, घटना में प्रयुक्त एक सैन्ट्रो कार, 8500 रूपये की नकदी बरामद कर आरोपियों का चालान काटकर जेल भेज दिया।

थाना बेहट प्रभारी सतपाल सिंह भाटी ने जानकारी देते हुए बताया कि विगत् 13 दिसंबर को वादी मौ.आरिफ पुत्र मौ. मंजूर निवासी ग्राम ताजपुरा थाना बेहट की तहरीर पर अज्ञात चोरों के खिलाफवादी के घर से ई-रिक्शा की बैटरी चोरी कर ले जाने तथा विगत् 13 दिसंबर को वादी दीपक व शुभम पुत्रगण सतपाल निवासी ग्राम दयालपुर थाना बेहट की तहरीर पर अज्ञात के खिलाफवादी के घर से ई-रिक्शा की बैटरी को चोरी कर ले जाने के सम्बन्ध में थाना बेहट पर अलग-अलग मुकदमें पंजीकृत किये गए थे। श्री भाटी ने बताया कि आज उनके व उपनिरीक्षक अरुण कुमार व संजय कुमार के नेतृत्व में पुलिस टीम ने मुखबिर की सूचना पर चैकिंग व गश्त के दौरान ग्राम मलकपुर मार्ग से मुकदमों में विवेचना से प्रकाश में आये चार वांछित चोंरो प्रदीप उर्फ जुम्मन पुत्र भुल्लन निवासी ग्राम दैदनौर थाना नकुड़, शोएब पुत्र इरफान निवासी ग्राम घाना खण्डी थाना कोतवाली देहात, आशु पुत्र बबलू निवासी ग्राम संतागढ़ थाना कोतवाली देहात व मुनीर पुत्र लियाकत निवासी ग्राम घोघरेकी थाना कोतवाली देहात को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने दबोचे गये आरोपियों के कब्जे व निशानदेही पर ई-रिक्शा की 04 बैटरी, लोहे की रॉड, एक प्लास, एक नम्बर प्लेट व घटना में प्रयुक्त 01 सैन्ट्रो कार तथा 8500 रूपये की नकदी बरामद कर ली।

पुलिस पूछताछ में दबोचे गये आरोपियों ने खुलासा किया कि बरामद 04 बैटरियां 12 दिसंबर की रात में गाँव ताजपुरा से घर के बाहर खड़ी ई-रिक्शा से चोरी की थी और उसके बाद उसी रात को हमने गाँव दयालपुर में एक घर में खड़ी दो ई-रिक्शा से चार बैट्री चोरी की थी। आरोपियों ने बरामद रूपयो के बारे में पूछने पर बताया कि नवम्बर के महीने में हम तीनो ने गंगोह में नगर पालिका के गोदाम में खड़ी ई-रिक्शाओ से करीब 36 बैट्रियां चोरी की थी, हम लोगो के पास से जो पैसे मिले है उन्हीं बैटरियों को बेचकर पैसे आये थे। पुलिस ने सभी आरोपियों का चालान काटकर जेल भेज दिया।

## वरिष्ठ नागरिकों को आयुष्मान कार्ड से किया जाए संतृप्तः जिलाधिकारी

**सहारनपुर।** जिलाधिकारी मनीष बंसल ने आयुष्मान भारत-प्रधानमंत्री जन आरोग्य से संबंधित सभी कार्मिकों को योजनान्तर्गत शेष छूटे हुए परिवार एवं उनके सदस्यों तथा 70 वर्ष एवं 70 वर्ष से अधिक आयु के वरिष्ठ नागरिकों को आयुष्मान कार्ड से संतृप्त किये जाने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी मनीष बंसल ने बताया कि राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्राधिकरण, भारत सरकार द्वारा बीआईएस-2.0 के अंतर्गत आयुष्मान ऐप के माध्यम से लाभार्थियों के स्वयं अपने आयुष्मान कार्ड किये जाने की व्यवस्था की गयी है। आयुष्मान भारत-प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजनान्तर्गत संचालित बीआईएस पोर्टल एवं आयुष्मान ऐप के माध्यम से लाभार्थी द्वारा स्वयं या अपने सहकर्ता, स्वयंसेवी संस्थाओं द्वारा आयुष्मान कार्ड बनाया जा सकता है। इस विकल्प का उपयोग करने हेतु यूएमपी पोर्टल पर ऑपरेटर बीआईएस आईडी बनाने की कोई आवश्यकता नहीं है।

## रियलमी 16 प्रो सीरीज़ का अनावरणः 200 मेगापिक्सल ल्यूमाकलर पोर्ट्रेट मास्टर के साथ पाएं मास्टर डिज़ाइन और शक्तिशाली परफॉर्मेंस

*अवधनामा संवाददाता*



**गोरखपुर।** भारतीय युवाओं के सबसे लोकप्रिय स्मार्टफोन ब्रांड, रियलमी ने आज रियलमी 16 प्रो सीरीज़ पेश की। इस सीरीज़ के साथ ही प्रीमियम मिड-रेंज सेगमेंट में कंपनी की स्थिति मजबूत हुई है। फ्लैगशिप ग्रेड के रियलमी 16 प्रो+और किफायती ऑल-राउंडर, रियलमी 16 प्रो के साथ यह सीरीज़ परफॉर्मेंस और डिज़ाईन के नए मानक स्थापित कर रही है। इसमें पोर्ट्रेट इमेजिंग का स्तर बहुत अधिक बढ़ा दिया गया है।रियलमी 16 प्रो+में है, 3.5एक्स पेरिस्कोप टेलीफोटो लेंस के साथ 200 मेगापिक्सल का ल्युमाकलर पोर्ट्रेट कैमरा, स्नैपड्रैगन 7 जेन 4 चिपसेट, 7000 एम.ए.एच की टाईटन बैटरी, और नाओतो फुकासावा के साथ मिलकर निर्मित अर्बन वाईल्ड डिज़ाइन। यह स्मार्टफोन 35,999 रुपये के शुरुआती मूल्य में 8 जीबी+128 जीबी, 8जीबी+256जीबी और 12 जीबी+256 जीबी वैरिएंट्स में उपलब्ध होगा। रियलमी 16 प्रो में 200 मेगापिक्सल का ल्युमाकलर पोर्ट्रेट कैमरा, मीडियाटेक डायमेंसिटी 7300-मैक्स 5जी चिपसेट, 7000 एम.ए.एच की शक्तिशाली बैटरी और प्रीमियम अर्बन वाईल्ड डिज़ाईन है। यह स्मार्टफोन 28,999 रुपये के शुरुआती मूल्य में 8 जीबी+128 जीबी, 8 जीबी+256 जीबी और 12 जीबी +256 जीबी वैरिएंट्स में उपलब्ध होगा।रियलमी बड्स एयर8 में 55डेसिबल का रियल-टाईम ए.एन.सी, ए.आई ईयर कैनाल एडैप्टिव ए.एन.सी, ड्युअल ड्राईवर एकाउस्टिक्स और गूगल जेमिनी द्वारा संचालित ए.आई वॉईस असिस्टैंट है। इसका मूल्य 3,799 रुपये और लॉन्च प्राईस 3,599 रुपये है। रियलमी पैड 3में 2.8के बुक-व्यू डिस्प्ले, ए.आई-पॉवर्ड प्रोडक्टिविटी टूल्स, और 12,200 एम.ए.एच की स्लिम टाईटन बैटरी के साथ 6.6 मिमी का अल्ट्रा-स्लिम डिज़ाईन दिया गया है। यह वाई-फाई और 5जी वैरिएंट्स में 24,999 रुपये के शुरुआती मूल्य में उपलब्ध है।

# डीएम की अध्यक्षता में ग्राम चौपाल-गांव की समस्या गांव में समाधान कार्यक्रम सम्पन्न

**अवधनामा संवाददाता**



**शोहरतगढ़ सिद्धार्थनगर।** जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन की अध्यक्षता में विकास खण्ड शोहरतगढ़ अन्तर्गत ग्राम पंचायत एकडेंगा भावपुर में ग्राम चौपाल-गांव की समस्या गांव में समाधान कार्यक्रम सम्पन्न हुआ।

चौपाल कार्यक्रम में जिलाधिकारी ने ग्राम चौपाल-गांव की समस्या गांव में समाधान कार्यक्रम के अन्तर्गत ग्रामीणों से विभिन्न योजनाओ के बारे में जानकारी प्राप्त की।ग्रामीणों द्वारा बताया गया कि शासन की योजनाओ का लाभ मिल रहा है। जिलाधिकारी ने सम्बन्धित अधिकारियो को निर्देश दिया कि पात्र लाभार्थियों को सभी योजनाओ का लाभ मिलना चाहिए। पात्र लोगो का आयुष्मान कार्ड बनवाये। आयुष्मान कार्ड से 5 लाख तक का निःशुल्क इलाज की सुविधा है। किसानों को प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के अन्तर्गत फसलों के क्षति पूर्ति का भुगतान एवं किसान सम्मान निधि की समस्याओं का निराकरण कराये।

कार्यक्रम में मौजूद ग्रामीणों से उन्होंने कहा कि यदि किसी को पेंशन से जुड़ी समस्या है, जैसे वृद्धा पेंशन, विधवा पेंशन या दिव्यांग पेंशन नहीं मिल रही है, तो वे तुरंत जानकारी दें। ब्लॉक स्तर के कर्मचारी मौके पर मौजूद हैं और समस्याओं का समाधान सुनिश्चित किया जाएगा। इसके अलावा जिलाधिकारी ने स्वयं सहायता समूहों से जुड़ने की अपील करते हुए कहा कि महिलाओं को सरकार की ओर से आर्थिक सहायता और प्रशिक्षण दिया जाएगा, जिससे वे आत्मनिर्भर बन सकें। जिलाधिकारी ने कहा कि विद्युत विभाग द्वारा चलायी जा रही योजना के अन्तर्गत पंजीकरण कराकर बिजली बिल में छूट का लाभ प्राप्त करें। राशन वितरण में किसी भी प्रकार की अनियमितता नही होना चाहिए। वरासत के प्रकरणो को समयान्तर्गत निस्तारित कराये। भूमि विवाद/पैमाइश आदि प्रकरण यदि है तो प्रार्थना-पत्र दे सकते है। जिलाधिकारी ने कहा कि पात्र लाभार्थियो का सत्यापन कराकर पेंशन का लाभ दिया जाये। जिलाधिकारी ने समस्त अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि भारत सरकार/प्रदेश सरकार द्वारा चलायी जा रही सभी योजनाओं का लाभ पात्र लाभार्थियों तक पहुँचाये। जन्म प्रमाण-पत्र, आय, जाति, निवास प्रमाण-पत्र का आवेदन निर्धारित समय में निस्तारित कराये।आपदा राहत के अन्तर्गत लाभ दिलाये।

# पूर्व आईपीएस अमिताभ ठाकुर को मिली जमानत, सोशल मीडिया पर किए थे पोस्ट

**अवधनामा ब्यूरो**



**वाराणसी।** पूर्व आईपीएस अमिताभ ठाकुर को वाराणसी कोर्ट से जमानत मिल गई है। जिला जज संजीव शुक्ला की कोर्ट ने जमानत के प्रार्थना पत्र पर सुनवाई की। इसके बाद पूर्व आईपीएस अमिताभ ठाकुर को 50-50 हजार दो जमानतदार और बंधपत्र देने पर जमानत देने का आदेश दिया। बता दे की उनको जमानत वाराणसी की अदालत से मिला है।

अदालत ने दोनों पक्षों की दलील सुनने के बाद आरोपित को जमानत दे दी। बता दें कि बड़ी पियरी निवासी हिन्दू युवा वाहिनी के नेता एवं बीडीए के मानद सदस्य अम्बरीष सिंह भोला ने चौक थाने में बीते नौ दिसम्बर को मुकदमा दर्ज कराया था। उन पर आरोप था कि बीते 30 नवंबर को अमिताभ ठाकुर ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर एक वीडियो पोस्ट किया, जिसमें उन पर आपराधिक मामलों में संलिप्त होने के झूठे आरोप लगाए गए।

साथ ही चर्चित कफ सीरप मामले में विना किसी साक्ष्य के उनकी संलिप्तता बताते हुए अर्नगल आरोप लगाते हुए सोशल मीडिया पर भ्रामक वा गलत खबर प्रचारित किया है। जिससे उनकी सामाजिक प्रतिष्ठा को गंभीर आघात पहुंचा। इस मामले में पुलिस ने अमिताभ ठाकुर और उनकी पत्नी डॉ. नूतन ठाकुर व एक अन्य के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया था। हालांकि देवरिया केस में अभी उन्हें जमानत नहीं मिली इसलिए वह जेल से रिहा नहीं होंगे। फिलहाल अमिताभ ठाकुर जेल में नहीं हैं। वह अभी लखनऊ के पीजीआई में इलाज करा रहे हैं।

# भारतीय किसान यूनियन के बैनर तले पनवाड़ी ब्लॉक में ग्रामीणों ने किया प्रदर्शन

**आठ सूत्रीय मांगों का ज्ञापन पीडी विपिन कुमार को सौंपा**

**अवधनामा संवाददाता**




**महोबा।** ग्रामीण क्षेत्रों की सड़क, नाली व नालों के ऊपर बनाई गई पुलियों के क्षतिग्रस्त होने के बाद भी मरम्मत न कराए जाने से ग्रामीणों में खासी नाराजगी व्याप्त है। इस समस्या का समाधान कराए जाने को लेकर आधा सैकड़ा ग्रामीणों ने भारतीय किसान यूनियन के बैनर तले शुक्रवार को विकासखंड कार्यालय पनवाड़ी परिसर में प्रदर्शन किया। इसके बाद आठ सूत्रीय मांगों का एक ज्ञापन पीडी विपिन कुमार को सौंपा। ग्रामीणों ने गौशाला में बंद गोवशों की उचित देखभाल कराए जाने का भी मुद्दा भी उठाया। संगठन ने सभी समस्यओं का जल्द निस्ताण न होने पर आंदोलन की चेतावनी देते हुए उच्चाधिकारियों को ज्ञापन दिए जाने की बात कही।

ज्ञापन में ग्रामीणों ने बताया कि ग्राम लौलारा में टुंडरिया नाले पर बनी क्षतिग्रस्त पुलिया का निर्माण, परा पांतर गांव में बलवान के मकान के सामने भारी गड्ढे की मरम्मत, गर्रोली गांव में लल्लू राम गंगेले के मकान के पास पांच साल से क्षतिग्रस्त नाली की मरम्मत शामिल है। इसके अतिरिक्त, टोला पॉतर गांव में चक मार्ग 722 पर स्थित नाले की पुलिया का निर्माण और लौलारा गांव में प्रभुदयाल के बाड़े से बंशा कुशवाहा के मकान तक सीसी सड़क का निर्माण भी ज्ञापन में शामिल था। बताया कि संगठन के पदाधिकारी करीब तीन चार वर्षों से ग्रामीणों की समस्याओं को लेकर लगातार ज्ञापन दिए जा रहे हैं, लेकिन अभी तक किसी भी समस्या का समाधान नहीं हुआ है।

ज्ञापन में भीषण सर्दी को देखते हुए गोवंशों की उचित देखभाल सुनिश्चित करने और संबंधित प्रधानों की लापरवाही पर अंकुश लगाने की मांग की गई। वैंदो गांव की गौशाला में गौवंशों को सर्द हवाओं से बचाने के लिए अलाव, पन्नी, टीनशेड का प्रबंध करने पर भी मांग उठाई। ज्ञापन देने वालों में संगठन के जिलाध्यक्ष रामखिलावन शुक्ल, जिला उपाध्यक्ष अशोक कुमार राजपूत, तहसील अध्यक्ष मानबहादुर राजपूत, ब्लॉक अध्यक्ष पनवाड़ी ओमप्रकाश मिश्रा, जिला सचिव बृजेंद्र सोनकिया, जिला प्रवक्ता महेंद्र मिश्रा रवि यादव सहित तमाम ग्रामीण मौजूद रहे।

# पिंडरा बाजार में धड़ल्ले से चल रही अवैध गैस रिफिलिंग, कभी भी हो सकता है बड़ा हादसा

**अवधनामा ब्यूरो**



**वाराणसी।** वाराणसी के फूलपुर थाना क्षेत्र के पिंडरा बाजार में खुलेआम अवैध गैस रिफिलिंग और सिलेंडर मरम्मत का धंधा चल रहा है। यहां बड़े घरेलू/व्यावसायिक गैस सिलेंडरों से छोटे सिलेंडरों में गैस भरी जा रही है, जो कभी भी भीषण हादसे का कारण बन सकती है।

सूत्र की माने तो बाजार के घनी आबादी वाले इलाकों में बिना किसी सुरक्षा मानक के गैस की रिफिलिंग की जा रही है। न तो अग्निशमन के इंतजाम हैं और न ही प्रशिक्षित कर्मी। छोटी सी चिंगारी पूरे बाजार को चपेट में ले सकती है। वही बाजार में दिनभर ग्राहकों की आवाजाही रहती है, ऐसे में किसी भी समय सिलेंडर फटने या गैस रिसाव से बड़ी जनहानि की आशंका बनी हुई है। नियमों के अनुसार,घरेलू गैस सिलेंडर से दूसरे सिलेंडर में गैस भरना और सड़क किनारे या दुकानों में सिलेंडर की मरम्मत करना पूरी तरह अवैध है। इसके बावजूद कारोबारियों की लापरवाही आमजन की जान पर भारी पड़ सकती है। स्थानीय नागरिकों ने फुलपुर प्रभारी,जिला प्रशासन, खाद्य एवं आपूर्ति विभाग और अग्निशमन विभाग से मांग की है कि पिंडरा बाजार में चल रहे इस खतरनाक अवैध कारोबार पर तत्काल रोक लगाई जाए,अन्यथा किसी बड़ी घटना की जिम्मेदारी तय करना मुश्किल होगा ।

# एसपी ने जनसुनवाई की फरियादियों की समस्याओं को सुनकर निस्तारण के दिए निर्देश

**अवधनामा संवाददाता**



**महोबा।** शुक्रवार को पुलिस अधीक्षक महोबा, प्रबल प्रताप सिंह द्वारा जनपदवासियों की समस्याओं के निस्तारण एवं त्वरित न्याय दिलाये जाने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक कार्यालय महोबा में जनसुनवाई आयोजित की गई।

जनसुनवाई के दौरान पुलिस अधीक्षक महोबा द्वारा प्राप्त शिकायतों को गंभीरता से सुनते हुए प्रत्येक फरियादी को निष्पक्ष व गुणवत्तापूर्ण समाधान का आश्वासन दिया। उन्होंने सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी शिकायतों का निस्तारण समयबद्ध एवं पारदर्शी तरीके से किया जाए ताकि आमजन का पुलिस पर विश्वास और अधिक मजबूत हो।

जनसुनवाई के दौरान पुलिस अधीक्षक महोबा द्वारा मिशन शक्ति अभियान 5.0 के तहत महिलाओं को सशक्त बनाने एवं उन्हें सुरक्षित वातावरण प्रदान किये जाने के उद्देश्य से उपस्थित महिला फरियादियों से संवाद कर उनको जागरूक करते हुए महिलाओं को उनकी सुरक्षा, अधिकारों एवं शिकायत दर्ज कराने की प्रक्रिया के संबंध में जानकारी दी गई तथा उन्हें निडर होकर अपनी बात रखने के लिए प्रेरित किया गया।

पुलिस अधीक्षक ने कहा कि जनपद महोबा पुलिस आमजन की सुरक्षा, न्याय एवं सेवा के लिए पूर्णतः समर्पित है।

# हेलमेट पहनकर सुरक्षित यात्रा करें, नहीं तो चालान के लिए रहे तैयार : परिवहन विभाग

**अवधनामा ब्यूरो**



**वाराणसी।** सुरक्षित यात्रा के संबंध में नागरिकों को परिवहन विभाग एवं कमिश्नरेट पुलिस द्वारा लगातार आगाह किया जा रहा है कि,यातायात संबंधित सुरक्षा मानकों को ध्यान देते हुए यात्रा करें। आज शुक्रवार को दोपहिया वाहन चालकों द्वारा हेलमेट न पहनने के मामलों में संयुक्त जाँच अभियान चलाया गया।

इस अभियान का नेतृत्व बी.एस.सिंह,उप परिवहन आयुक्त, वाराणसी ज़ोन द्वारा किया गया। उनके साथ सुधांशु रंजन, ए.आर.टी.ओ. (प्रवर्तन) भी उपस्थित रहे। पुलिस टीम का नेतृत्व प्रवीण कुमार, ए.सी.पी. ट्रैफिक तथा अनुराग त्यागी, टी.आई. कैंट, वाराणसी द्वारा किया गया। इस दौरान श्री गुलाब चंद्र, ए.आर.ओ.भी मौजूद रहे। अभियान के अंतर्गत पेट्रोल पंपों पर नो हेलमेट,नो फ्यूल अभियान के आदेशों के अनुपालन की जाँच की गई तथा संबंधित बैनरों की उपलब्धता एवं प्रदर्शन की भी समीक्षा की गई। जाँच के दौरान नियमों का उल्लंघन पाए जाने पर कुल 60 वाहन चालान किए गए। इसके अलावा चेकिंग के दरमियान हेलमेट पहनने के महत्व के प्रति जागरूक किया गया। बताया गया कि हेलमेट पहनने से सड़क दुर्घटनाओं में मृत्यु की संभावना लगभग 50 प्रतिशत तक कम हो जाती है। हेलमेट पहनना वाहन चालक के साथ-साथ पीछे बैठने वाले सवारी के लिए भी अनिवार्य है। साथ ही यह भी स्पष्ट किया गया कि दोपहिया वाहन पर केवल दो व्यक्तियों (चालक सहित) को ही सवार होने की अनुमति है। मोटर वाहन अधिनियम के अंतर्गत हेलमेट न पहनने पर 1000 का जुर्माना लगाए जाने का प्रावधान है। नागरिकों से अपील की गई कि वे नियमों का पालन कर अपनी तथा परिवार की सुरक्षा सुनिश्चित करें।

# महिला उपनिरीक्षक प्रियांशु ने महिलाओं को किया जागरूक

**अवधनामा संवाददाता**



**अम्बेडकरनगर।** मिशन शक्ति अभियान फेज-5 के तहत नगर कोतवाली की एंटी रोमियो टीम द्वारा गुरुवार को अंबेडकरनगर पाको में मिशन शक्ति के बारे में महिलाओं को छात्रों को महत्वपूर्ण जानकारी दी अभियान का नेतृत्व नगर कोतवाली में तैनात महिला उपनिरीक्षक प्रियांशु भट्ट ने किया। उनकी टीम में मौजूद महिला हेड कॉन्स्टेबल समेत अन्य पुलिसकर्मियों ने सिविल लाइन में स्कूल कॉलेज पार्कों में के अगल-बगल युवकों से पूछताछ की और उनकी गतिविधियों की बारीकी से जांच-पड़ताल की।

अभियान के दौरान टीम ने महिलाओं छात्राओं व स्थानीय महिलाओं को सुरक्षा से जुड़ी अहम जानकारी दी। महिलाओं और छात्राओं को महिला हेल्पलाइन नंबर, डायल 112, 1090 वीमेन पावर लाइन, साइबर क्राइम की शिकायत प्रक्रिया, तथा व्यक्तिगत सुरक्षा उपायों के बारे में विस्तृत रूप से जागरूक किया गया। एंटी रोमियो टीम ने युवतियों को किसी भी आपात स्थिति में तुरंत हेल्पलाइन का इस्तेमाल करने की सलाह दी तथा सुरक्षा संबंधी ऐप्स की जानकारी भी प्रदान की।

यह पूरा अभियान पुलिस अधीक्षक अभिजीत आर. शंकर के निर्देशन में संचालित किया गया। वहीं, अपर पुलिस अधीक्षक पश्चिमी हरेंद्र कुमार, अपर पुलिस अधीक्षक पूर्वी श्यामदेव तथा सीओ सिटी नितिन तिवारी लगातार अभियान की मॉनिटरिंग करते रहे। नगर क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखने के लिए आला अधिकारियों के निर्देश पर एंटी रोमियो टीम नियमित रूप से पार्कों, सार्वजनिक स्थलों तथा स्कूल-कॉलेजों के आसपास गश्त कर रही है। अभियान के दौरान नगर कोतवाली प्रभारी निरीक्षक श्रीनिवास पांडेय ने बताया कि महिलाओं और छात्राओं की सुरक्षा पुलिस की सर्वोच्च प्राथमिकता है। किसी भी तरह की मनचली हरकत या उत्पीड़न के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

उन्होंने कहा कि एंटी रोमियो टीम लगातार सक्रिय है और ऐसे चेकिंग अभियान आगे भी जारी रहेंगे। अभियान में महिला उपनिरीक्षक प्रियांशु भट्ट के साथ कई पुलिसकर्मी मौजूद रहे।

# पीएम श्री बालिका इंटर कालेज चरखारी में जागरूकता गोष्ठी का हुआ आयोजन

**गोष्ठी में बालिकाओं को बाल विवाह जैसी सामाजिक कुरीति को समाप्त करने के लिए किया गया जागरूक**

**अवधनामा संवाददाता**




**महोबा।** महिला बाल विकास विभाग के तत्वावधान में पीएम श्री बालिका इंटर कालेज चरखारी में एक जागरूकता गोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में कालेज प्रधानाचार्य व अन्य वक्ताओं ने बाल विवाह जैसी सामाजिक कुरीतियों को समाप्त करने के लिए छात्राओं को जागरूक किया साथ ही महिलाओं को उनके अधिकारों और सुरक्षा के लिए सरकार की चलाई जा रही योजनाओं और हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी दी गई।

बालिका इंटर कालेज चरखारी की प्रधानाचार्य सरोज गोस्वामी ने गोष्ठी में छात्राओं को जागरूक करते हुए कहा कि बाल विवाह से समाज व महिलाओं के विकास की रफ्तार में बाधा उत्पन्न होती है। छात्राएं स्वयं इससे बचें व अपने आसपास के लोगों को भी इससे बचने के लिए प्रेरित करें। कहा कि आज जब देश डिजिटल युग में प्रवेश कर चुका है, तब भी ऐसी सामाजिक बुराइयों का बना रहना चिंताजनक है, बालिकाओं को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, समान अवसर और आत्मनिर्भरता प्रदान कर ही बाल विवाह जैसे सामाजिक कुरीतियों को समाप्त किया जा सकता है।

गोष्ठी में मिशन शक्ति महिला पुलिस कर्मी ने बताया कि विवाह के लिए लड़के की उम्र 21 और लड़की 18 वर्ष की होने के बाद ही विवाह करना चाहिए। कहा कि बाल विवाह करने और कराने वाले दोनो ही दोषी माने जाते हैं और दोनो के खिलाफ सजा और जुमाने का प्रावधान है। उन्होंने सरकार की चलाई जा रही मुख्यमंत्री कन्या सुम्रगला जैसी तमाम जनकल्याणकारी योजनाओं के अलाव महिला सुरक्षा के लिए चलाए जा रहे हेल्पलाइन नंबरों के बावत भी जानकारी दी। अंत में विवाह के खिलाफ आवाज बुलंद करने के बावत छात्राओं को शपथ दिलाई गई। इस दौरान महिला बाल विकास अधिकारी सहित कालेज की समस्त शिक्षक व छात्राएं मौजूद रहीं।

## बसपा सुप्रीमो के जन्मदिन की तैयारियों को लेकर बैठक

**अवधनामा संवाददाता, गोरखपुर ।** 15 जनवरी को बहुजन समाजवादी पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष मायावती के जन्मदिन की तैयारियों को लेकर शुक्रवार को नगर पंचायत सहजनवा वार्ड 1 जिगिना में बैठक किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मुख्य मंडल प्रभारी सुरेश कुमार गौतम ने कहा कि बहन जी का जन्मदिन जनकल्याणकारी दिवस के रूप में सत्यम लान गोरखपुर में मंडल स्तरीय रूप में मनाया जायेगा। कार्यक्रम की अध्यक्षता विधान सभा अध्यक्ष। विमलकांत गौतम ने किया है। इस दौरान विजय कुमार,अशोक कुमार,सुशील कुमार,अजय कुमार,अरविंद सिंह,रामसुमेर मौर्या,परमेश्वर शर्मा उर्फ छोटू,दिलीप कुमार भारती,पार्वती देवी सहित। अनेक कार्यकर्ता मौजूद थे।

## भूमि अधिग्रहण के खिलाफ किसानों ने सौंपा ज्ञापन



**गोरखपुर।** औद्योगिक विकास प्राधिकरण गीडा द्वारा ककना, चकेफता, बरूउर, सीयर, सहजूपार, रावतपार सरैया बडगहन के किसानों का अर्जन अधिनियम की अधिसूचना जारी कर जबरन किए जा रहे भूमि अधिग्रहण को लेकर किसानों अपनी चार सूत्रीय मांगों को लेकर मुख्य कार्यपालक अधिकारी गीडा अनुज मलिक को ज्ञापन सौंपा। किसानों की मांग है कि पूर्व मेवकिसानो द्वारा अपनी भूमि/भूखंड में छोटे आवासी निर्माण करके अपने जीवनयापन सुचारु रूप से किया जा रहा था भूमि अर्जन में सभी नंबरों को शून्य दर्शाया गया है। जो पूरी तरह गलत है। जो अधिसूचना जारी किया गया है। उसे निरस्त किया जाय।क्रय विक्रय पर लगे प्रतिबंध को हटाया जाय। आवासीय निर्माण कामर्शियल निर्माण के लिए नक्शा दिया जाय। ज्ञापन सौंपने वालो में सुनील कुमार यादव, उमेश यादव, ओमप्रकाश, चंद्रभान सिंह,बलवीर सिंह, छेदी, प्रदीप, विमला देवी, अनिल कुमार ओझा,शैलेस, ध्रुव यादव, देवेंद्र गुप्ता, मुन्ना, मुकेश, राकेश सहित अनेक किसान मौजूद थे।

## थाना महोबकंठ की पुलिस टीम ने एक नफर वारण्टी अभियुक्त को किया गिरफ्तार

**अवधनामा संवाददाता, महोबा।** पुलिस अधीक्षक महोबा, प्रबल प्रताप सिंह के निर्देशन में जनपद में अपराध की रोकथाम के लिए आपराधिक घटनाओं में संलिप्त वांछित एवं वारण्टी अभियुक्तों की चेकिंग एवं उनकी गिरफ्तारी/बरामदगी के लिए चलाये जा रहे अभियान के अनुपालन में शुक्रवार को अपर पुलिस अधीक्षक वन्दना सिंह व क्षेत्राधिकारी कुलपहाड़ रविकांत गोंड के निकट पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक थाना महोबकंठ विनोद कुमार द्वारा गठित व0उ0नि0 कन्हैयालाल मय हमराह हेड कांस्टेबल राहुल कुमार के नेतृत्व में पुलिस टीम द्वारा 01 नफर वारण्टी अभियुक्त संदीप उर्फ भूरा पुत्र मदन पाल अहिरवार निवासी ग्राम रुरीकला थाना महोबकंठ जनपद महोबा सम्बन्धित वाद सं0 149/24 व मु0अ0सं0 29/24 धारा 08/20 NDPS Act थाना चरखारी जनपद महोबा में मा0 न्यायालय अपर सत्र न्यायाधीश (एफटीसी) महोबा द्वारा निर्गत गिरफ्तारी वारण्ट के अनुपालन में अभियुक्त उपरोक्त को ग्राम रुरीकला के पास से नियमानुसार गिरफ्तार किया गया। बाद आवश्यक कार्यवाही अभियुक्त उपरोक्त को मा0 न्यायालय के समक्ष पेशी के लिए भेजा गया।

## संदिग्ध परिस्थितियों में युवक की मौत जांच में जुटी पुलिस

**गोरखपुर ।** गीडा थाना क्षेत्र के वार्ड 2 बोकटा स्थित गैस प्लांट गेट के पास एक 35 वर्षीय अज्ञात युवक का शव पुलिस ने संदिग्ध परिस्थितियों में बरामद कर मर्चरी के लिए भेज दिया है। देखने से किसी वाहन ने युवक को रौंद दिया है। मिली जानकारी से शुक्रवार की सुबह कुछ राहगीरों ने बोकता वार्ड 2 गैस प्लांट गेट के सामने एक 35 वर्षीय युवक का शव देखकर पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने युवक के शिनाख्त कराने की कोशिश कराया। लेकिन पहचान नहीं हो सकी। शव देखने से लगता है। किसी वाहन ने युवक को रौंद दिया था। जिसकी मौत हो गई थी। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर मर्चरी के लिए भेज दिया। पुलिस फिलहाल जांच में लगी हुई है।

# कर्मचारी अपनी पुरानी आदतों में सुधार लाएं और शासन की योजनाओं को आम जन तक पहुंचाएं : पूजा सिंह

**नई ईओ के आने से बदला सा नज़र आया नगर पंचायत कार्यालय**

**अवधनामा संवाददाता**



**गोरखपुर।** शुक्रवार को नगर पंचायत पिपराईच के अधिशासी अधिकारी के पद पर पूजा सिंह परिहार ने विधिवत कार्यभार ग्रहण कर लिया। पूजा सिंह ने कुर्सी पर बैठते ही अपने तेवर दिखाये और कार्यालय में तैनात कर्मियों के साथ बैठक कर कहा कि सभी लोग अपनी पुरानी आदतो में सुधार ले आएं और शासन की मंशा के अनुरूप अपने कार्य में जुट जाएं।

आपको बताते चलें कि लगभग 9 वर्ष पूर्व पूजा सिंह परिहार ने नगर पंचायत पिपराइच से अपनी सरकारी सेवा शुरू किया था।उस समय अपनी पहली पोस्टिंग पर पिपराईच की ईओ पूजा सिंह परिहार ने सबसे पहले कार्यालय के अभिलेख भण्डार कक्ष व नगर की सफाई व्यवस्था तथा जल आपूर्ति ब्यवस्था का निरीक्षण किया था और उसके बाद सभी कर्मचारियों की बैठक कार्यालय पर बुलाई तथा कहा कि कार्यालय के कागजात फाइले, सफाई के सामानों के रखने की व्यवस्था में भारी लापरवाही बरती जा रही है जो क्षम्य नही है । शुक्रवार को अपने पुराने तेवर में ही नवागत ईओ ने कहा की वह अपना काम पूरी ईमानदारी से करना चाहती हैं। साथ ही उन्होंने सभी जिम्मेदारों को सुधरने तथा मागे गए अभिलेखों को एक सप्ताह के भीतर प्रस्तुत करने का निर्देश दिया। बहरहाल पिपराईच में नई ईओ के आने के बाद से एक तरफ जहां कार्यालय का माहौल बदला सा नज़र आने लगा । पुरानी ईओ की तैनाती की सूचना पर तमाम नगरवासियों में उत्साह नज़र आया तो वहीं नगर पंचायत के कुछ खास कर्मियों के चेहरे का रंग उतर गया हैं जो अभी तक यहां के सर्वेसर्वा हुआ करते थे।

# एसडीएम ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चरखारी का किया निरीक्षण

**उपजिलाधिकारी ने महिला अनुभाग का निरीक्षण कर महिला मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान किए जाने के मौजूद डाक्टर को दिए निर्देश**

**अवधनामा संवाददाता**




**महोबा।** उपजिलाधिकारी चरखारी धीरेंद्र कुमार ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चरखारी का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण दौरान एसडीएम ने सीएचसी के दवा कक्ष में जीवन रक्षक दवाओं के स्टाक के बावत जानकारी हासिल करते हुए जिन दवाओं का स्टाक कम मिला उन्हें तत्काल मंगवाए जाने के निर्देश दिए। एसडीएम ने महिला अनुभाग का निरीक्षण कर महिला मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान किए जाने के मौजूद डाक्टर को निर्देश दिए। उन्होंने ठंड को देखते हुए वार्ड में नियमित रुप से रुमहीटर और मैदान में अलाव जलाने की भी बात कही।

एसडीएम ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के निरीक्षण के दौरान स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता, आपातकालीन व्यवस्थाओं एवं मरीजों को उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं का गहनता से अवलोकन किया। एसडीएम ने आपातकालीन सेवा कक्ष का निरीक्षण करते हुए हृदय रोग नियंत्रण के लिए आवश्यक इमरजेंसी इंजेक्शनों की उपलब्धता के सम्बंध में सीएचसी अधीक्षक डॉ. पीके राजपूत से जानकारी हासिल करते हुए निर्देशित किया कि आपात स्थिति में उपयोग होने वाली सभी जीवन रक्षक दवाएं पर्याप्त मात्रा में स्टोर में उपलब्ध होनी चाहिए।एसडीएम ने 70 वर्ष से अधिक आयु के व्यक्तियों के आयुष्मान भारत योजना के अंतर्गत आयुष्मान कार्ड बनाए जाने एवं पात्र लाभार्थियों को योजना का लाभ सुनिश्चित कराने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए।

एसडीएम ने मैटरनिटी विंग के महिला अनुभाग का निरीक्षण करते हुए वहां उपस्थित शल्य चिकित्सक डॉ. आनंद राजपूत से सामान्य प्रसव एवं सिजेरियन प्रसव से संबंधित जानकारी ली।

उन्होंने महिला मरीजों को सुरक्षित, स्वच्छ एवं समयबद्ध चिकित्सीय सुविधाएं उपलब्ध कराने पर विशेष ध्यान देने की बात कही। उपजिलाधिकारी ने सीएचसी परिसर में साफ सफाई की समुचित व्यवस्था बनाए रखने तथा ठंड के मौसम को देखते हुए मरीजों एवं तीमारदारों को ठंड से बचाने के लिए अलाव जलाने की उचित व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए साथ ही उन्होंने तीमारदारों के लिए मूलभूत सुविधाओं पर भी ध्यान देने पर जोर दिया।

निरीक्षण के दौरान एसडीएम ने स्पष्ट किया कि स्वास्थ्य सेवाओं में किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी और मरीजों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराना प्रशासन की प्राथमिकता है। निरीक्षण दौरान सीएचसी के समस्त डाक्टर व स्टाफ मौजूद रहा।

# सीएचसी रुदौली में आकस्मिक हार्ट अटैक के मरीजों की बचाई गई जान

## डॉक्टर कौशलेंद्र मौर्या की टीम ने किया उत्कृष्ट कार्य



*अवधनामा संवाददाता*

**रुदौली अयोध्या ।** भीषण ठंड से कराह रही धरती से आम आदमी तो बेहाल है मानो मनुष्य की धमनियो मे बहने वाला खून जमने लगा हो । ऐसे मौसम में हृदय रोग से पीड़ित मरीजो की जान जोखिम मे ही रहती है । अब तो हर उम्र मे हृदय रोग समस्या बन गया है। अव्यवस्थित जीवन शैली इसका प्रमुख कारण बताया जा रहा है। हार्ट अटैक आने के बाद समय से इलाज न मिलने से मौत होने की कई घटनाएं सामने आ रही है। बढ़ती घटनाओं में होने वाली मौत की संख्या पर लगाम लगाने के लिए शासन ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रुदौली में स्टेमी केयर यूनिट का निर्माण किया गया है। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रुदौली में हृदय रोग से जूझते मरीजों की जान बचाकर चिकित्सकों ने मानव सेवा की मिसाल पेश की है। पिछले कई महीनों में हार्ट अटैक के मामलों में त्वरित प्राथमिक उपचार, सही निर्णय और समय से रेफरल के चलते मरीजों को नया जीवन मिल सका। स्टेमी केयर के नोडल अधिकारी डा कौशलेन्द्र मौर्या ने बताया कि यदि हार्ट अटैक के लक्षणों को समय पर पहचाना जाए और तुरंत प्राथमिक इलाज मिले, तो मरीज की जान बचाई जा सकती है। उन्होंने लोगों से अपील की कि सीने में दर्द, पसीना, घबराहट या सांस फूलने जैसी शिकायत होने पर तुरंत निकटतम स्टेमी केयर सेंटर पहुंचे। हार्ट अटेक आने पर एक घंटे को गोल्डन आवर कहा जाता है। क्योकि एक घंटे के बाद हृदय की नसें सिकुड़ने लगती है। उन्होंने बताया कि स्टेमी केयर यूनिट में मरीज के पहुंचने के बाद उसका तुरंत ईसीजी किया जाता है। उसके ईसीजी को आनलाइन राममनोहर लोहिया अस्पताल के विशेषज्ञ चिकित्सको के पास भेजा जाता है। यहां से हार्ट अटैक की पुष्टि होने पर उनके परामर्श के अनुसार मरीज को लगभग रुपया 50 हजार कीमत वाला टेनेक्टेप्लेस इंजेक्शन लगाया जाता है। इसके बाद रक्त का प्रवाह ठीक होने बाद मरीज तुरंत आराम महसूस करने लगता है। उसको बेहतर इलाज के लिए लोहिया अस्पताल रेफर कर दिया जाता है।

## एसडीएम का आदेश नही मान रही पटरंगा पुलिस

**अयोध्या।** रुदौली तहसील के ग्राम कोपेपुर निवासी मुशीर अहमद पुत्र अहमद उल्ला , मुईनुद्दीन पुत्र कमरुद्दीन आदि ने उपजिलाधिकारी रुदौली से शिकायत किया कि एक हड़बरारी का वाद आपके न्यायालय पर चल रहा था जिसमे दिनांक 22 दिसम्बर 2025 के विरुद्ध बाजदावर प्रस्तुत करने पर बाजदावर स्वीकार करते हुये दिनांक 22 दिसम्बर 2025 के आदेश को स्थगित करते हुये अग्रिम आदेश तक स्थास्थिति बरकरार रखने का आदेश दिया । परंतु विपक्षी मु0 मुजाहिद खा निवासी कोपेपुर एसडीएम रुदौली के आदेश को न मानते हुये विवादित गाटा 366 रकबा 0.063 हे0 भूमि पर जबरन निर्माण कर रहे है । वही मुशीर अहमद आदि का आरोप है कि इस निर्माण से प्रार्थीगण के गाटा संख्या 370,371,364, व 365 प्रभावित हो रही है । मुशीर अहमद द्वारा दिये गए प्रार्थना पत्र पर एसडीएम रुदौली संतोष कुमार ने बताया कि स्थानीय पुलिस को अग्रिम आदेश तक स्थास्थिति बनाए रखने के स्पष्ट आदेश प्रार्थना पत्र पर दिये है।

## सड़क हादसे ने छीन ली एक मशहूर जानी मानी सियासी शख्सियत

### लखनऊ में इलाज के दौरान पत्रकार के पिता का निधन, रुदौली में शोक की लहर

*अवधनामा संवाददाता*



**रुदौली अयोध्या।** सड़क दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल हुए हिन्दुस्तान अखबार के पत्रकार आसिफ शेख के मामू एवं जनमोर्चा अखबार के पत्रकार आफताब अनवर उर्फ बब्लू के पिता हाजी अशफाक अहमद का गुरुवार को इलाज के दौरान लखनऊ स्थित मेदांता हॉस्पिटल में निधन हो गया। निधन की खबर जैसे ही परिजनों को मिली घर पर कोहराम मच गया। वही उनके निधन की खबर मिलते ही रुदौली समेत आस-पास के क्षेत्रों में शोक की लहर दौड़ गई। जानकारी के मुताबिक 28 दिसंबर की शाम समय साढ़े 7 बजे सड़क हादसे में गंभीर रूप से घायल होने के बाद उन्हें बेहतर इलाज के लिए आनन फानन में लखनऊ के मेदांता अस्पताल में रेफर किया गया था। जहां चिकित्सकों के अथक प्रयासों के बावजूद उनकी जान नहीं बचाई जा सकी। 12 वें दिन बाद इलाज के दौरान उनका निधन हो गया। जब शव उनके पैतृक निवास रुदौली नगर के मोहल्ला पूरे खान पहुंचा, तो नगर व गांव सहित पूरे क्षेत्र में मातम पसर गया। परिजनों के करुण क्रंदन से माहौल गमगीन हो गया। और मौजूद सैकड़ों लोगों की आंखें नम हो गईं। गुरुवार की दोपहर 2 बजे उनका अंतिम संस्कार पूरे सम्मान के साथ किया गया। जिसमें क्षेत्र के सैकड़ों लोग शामिल हुए। हाजी अशफाक अहमद अपने मिलनसार स्वभाव, सरलता और सामाजिक सहभागिता के लिए क्षेत्र में सम्मानित व्यक्तित्व माने जाते थे। उनके असामयिक निधन से परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है। परिजनों का रो रोकर बुरा हाल है। शुभचिंतकों, सामाजिक कार्यकर्ताओं और पत्रकार साथियों ने शोक संवेदना व्यक्त करते हुए दिवंगत आत्मा की शांति और शोकाकुल परिवार को यह अपार दुख सहन करने की शक्ति देने की प्रार्थना की है। वही रुदौली विधायक राम चंद्र यादव पुत्र सामाजिक कार्यकर्ता आलोक चंद्र यादव ने गहरा दुख व्यक्त करते हुए कहा कि सामाजिक व राजनीतिक क्षेत्र में सक्रिय रहते हुए क्षेत्र में अपनी सादगी, मिलनसार स्वभाव और जनसेवा के लिए पहचाने जाते थे। उनके आकस्मिक निधन से क्षेत्र ने एक सम्मानित और अनुभवी व्यक्तित्व को खो दिया है। इस दुख की घड़ी में, मै हमेशा परिवार के साथ खड़ा रहूंगा। पत्रकार के पिता की मौत पर रुदौली विधायक पुत्र सामाजिक कार्यकर्ता आलोक चंद्र यादव, लायंस क्लब के डिस्ट्रिक चेयरमैन डॉ निहाल रज़ा, विधायक जन सहयोग अभियान रुदौली प्रभारी दिनेश यादव, सपा नेता शाह मसूद हयात गज़ाली मियां,वरिष्ठ सपा नेता व पूर्व नगर अध्यक्ष अतीक खा, रुदौली पत्रकार एसोसिएशन अध्यक्ष वरिष्ठ पत्रकार राजेश मिश्रा, वरिष्ठ पत्रकार विनय मिश्रा, शलीन्द्र प्रकाश शास्त्री, रवि वैश्य, विजय तिवारी, संतोष सिंह, जगदम्बा श्रीवास्तव, राकेश श्रीवास्तव, डॉ मो मुस्लिम, अमरजीत सिंह, रमेश पाण्डेय, मो आलम, अहमद सलीम, शेख अरसलान, अबूबकर खान, अख्तर अली, तौकीर सिद्दीकी, आशीर्वाद गुप्ता, अनूप संघई, रामराज सहित शोक की इस घड़ी में बड़ी संख्या में गणमान्य लोग, सामाजिक कार्यकर्ता और पत्रकार साथी ने शोक संवेदना व्यक्त कर गहरा दुःख व्यक्त किया।

## पूर्व सभासद ने नगर में दो स्थानों पर गति अवरोधक बनाने की मांग

**रामगंज अयोध्या।** नगर पंचायत गोसाईगंज के पूर्व सभासद देवी प्रसाद गुप्ता ने नगर में दो स्थानों पर गति अवरोधक बनाने की मांग किया है। मोटरसाइकिल, स्कूटी,बैटरी रिक्शा आदि छोटे वाहनों के आवागमन वाले स्थान टेढ़िया गली मोड़ एवं डाकखाना गली मोड़ जो रेलवे स्टेशन ओवर ब्रिज, प्लेटफार्म नजदीक होने के कारण जल्दी पहुंचाता है। दोनों स्थानों पर लोग दुर्घटना के शिकार होकर घायल होते रहते हैं। यहां तक कि टेढ़िया गली मोड़ के सामने मेन रोड पर कुछ वर्षों पूर्व व्यापारी चंद्रप्रकाश अंगियार की किसी वाहन के नीचे आने से मौत हो गई थी। बस स्टेशन, भीटी तिराहा, तेलियागढ़ पर भीड़भाड़ रहने से वाहन स्वतः धीमे हो जाते हैं। ज्यादा खतरनाक उक्त दोनों मोड़ है जो टू-लेन मुख्य मार्ग से मिले हुए हैं। जैसे ही कोई वाहन गली से बाहर निकला कि अन्य किसी वाहन से टक्कर हो जाता है।इसके बावजूद दोनों स्थानों पर गतिअवरोधक अभी तक नहीं बनाया गया।

# नम आँखों से इमामे जुमा मौलाना रज़ा को दी गई विदाई, इनामात से नवाज़ा गया





*अवधनामा संवाददाता*

**बाराबंकी।** देवा रोड स्थित मौलाना गुलाम अस्करी हाल मे नम आँखों से इमामे जुमा मौलाना मोहम्मद रज़ा रिजवी को विदाई दी गई. वहाँ मौजूद हर शख्स की आँखों से आँसू रवा थे। विदाई समारोह के आयोजक रिज़वान हुसैन ने बताया की मौलाना मोहम्मद रज़ा लगभग 30 वर्षो से गुलाम अस्करी मस्जिद मे नमाज़ पढ़ाते रहे है और शहर के इमामे जुमा भी है। उन्होंने कहा ज़ब उनके अचानक जाने की खबर मिली तो हर किसी के आँखों मे आँसू अ गये। इस लिए हमने उनकी रुखसाती को यादगार बनाने के लिए जलसा इज़्हारे तशक्कूर व तक़रीम का प्रोग्राम आयोजित किया गया।बताते चले की मौलाना मोहम्मद रज़ा के चाहने वालो की तादात ज्यादा है इसलिए हर कोई ग़म जदा है। वो नमाज़ के साथ साथ मदरसा मे भी पढ़ाते थे, उनके द्वारा हजारों की संख्या मे लोगो ने दिनी तालीम हासिल की है जो अपने आपमे एक मिसाल है। मौलाना रज़ा साहब की कोशिश थी की मै अपने छात्रों को अच्छी तालीम दें जो आगे चलकर कौम व देश का नाम रौशन करें। बीती देर रात्रि मे मौलाना गुलाम अस्करी हाल मे जलसा इज़्हारे तशक्कूर व तक़रीम का प्रोग्राम (विदाई समारोह) किया गया। जिसमे शहर के मौलाना सय्यद इब्ने अब्बास, मौलाना सय्यद हिलाल अब्बास, मौलाना अबू तालिब ने मौलाना मोहम्मद रज़ा रिजवी की जिंदगी पर रौशनी डाली और उनकी सेहत की दुआ की। इसके अलावा शहर मे मशहूर अंजुमन गुंचाये अब्बासिया के सीक्रेटरी कशिश संडेलवी, गुलामे अस्करी सदर रियाज़ हुसैन व सीक्रेटरी बाकर अब्बास, पूर्व सीक्रेटरी व नोडल अधिकारी मंज़र अब्बास, अंजुमन सादये हुसैन के सीक्रेटरी सिबतैंन आब्दी व गुलफाम आब्दी, मज़ाहिर रिजवी आदि लोगो ने मौलाना रज़ा की जमकर तारीफ की और उनको इनामत से भी नवाज़ा। दुर्गापुरी वार्ड के सभासद सादिक हुसैन अपने समर्थको के साथ मौलाना रज़ा को माला पहनाकर रुख़सत किया। प्रोग्राम के आखिर मे ज़ब मौलाना मोहम्मद रज़ा साहब बोलने के लिए आये तो सन्नाटा सा छा गया ज़ब मौलाना बोलने लगे तो लोगो की आँखों से आँसू निकलने लगे चेहरे पर उदासी छा गई। बोलते बोलते खुद मौलाना रज़ा भी रोने लगे सभी ने उनको तसल्ली दी। प्रोग्राम का संचालन शायरे एहलेबैत अजमल किन्तुरी ने की। उसके बाद वहाँ मौजूद लोगो ने मौलाना के गले मे फूल माला डाला और गिफ्ट (उपहार) भेट किया। अंत मे जलसा इज़्हारे तशक्कूर व तक़रीम प्रोग्राम को कामियाब बनाने को लेकर रिज़्वान हुसैन और असद हुसैन ने सभी मोमिनो का शुक्रिया अदा किया। इस मौके पर आसिफ हुसैन (पत्रकार) अहमद रज़ा, सरफ़राज़ हुसैन, अली गंगोलवी, सज्जाद ज़ैदी, काशिफ रिजवी, ताहिर हुसैन, ज़मीर ज़ैदी, दावर रिजवी, मोहम्मद अब्बास ज़ैदी (अधिवक्ता) नज़फी, शमसी सहित लोग मौजूद रहे।

## बरेली के भगवन्तापुरा में अवैध कॉलोनियों पर BDA की बड़ी कार्रवाई, 60 बीघा में फैला निर्माण ध्वस्त

**बरेली!** बरेली विकास प्राधिकरण ने अवैध निर्माण और बिना मानचित्र स्वीकृति विकसित की जा रही कॉलोनियों के खिलाफ सख्त रुख अपनाते हुए शुक्रवार को बड़ी कार्रवाई की। थाना सीबीगंज क्षेत्र के ग्राम भगवन्तापुरा में प्रवर्तन टीम ने करीब 60 बीघा भूमि पर विकसित की जा रही अवैध कॉलोनियों को बुलडोजर चलाकर ध्वस्त कर दिया। कार्रवाई के दौरान भारी पुलिस बल तैनात रहा, जिससे मौके पर अफरा-तफरी का माहौल बन गया। दो सगे भाइयों की जमीन पर चलाया गया बुलडोजर जांच में सामने आया कि ग्राम भगवन्तापुरा में आफाक उर्फ मन्नी द्वारा लगभग 40 बीघा भूमि पर बिना किसी विभागीय अनुमति के भूखंडों का चिन्हांकन, सड़क और बाउंड्रीवॉल का निर्माण कराया जा रहा था।

## पिंकी चौधरी की गिरफ्तारी के विरोध में हिंदू संगठनों का उग्र प्रदर्शन, कार्रवाई की मांग

**बरेली। (अवधनामा सवाददाता)** संयुक्त हिंदू संगठनों ने हिंदू रक्षा दल के अध्यक्ष पिंकी चौधरी (गाजियाबाद) की गिरफ्तारी और उनके परिवार के साथ हुए कथित अमानवीय व्यवहार के खिलाफ कड़ा विरोध जताते हुए आजाद हिंदू सेना के राष्ट्रीय प्रमुख अमित राठौर के नेतृत्व में मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन जिलाधिकारी कार्यालय में दिया। अमित राठौर का कहना है कि पिंकी चौधरी द्वारा कोई आपराधिक कृत्य नहीं किया गया है, बल्कि उन्होंने स्वयं की, नारी सुरक्षा और सम्मान की रक्षा के उद्देश्य से शस्त्रों का वितरण किया था, जिसे विरोधी तत्वों ने तोड़-मरोड़ कर प्रस्तुत किया। आरोप है कि उन्हें विधि विरुद्ध तरीके से गिरफ्तार किया गया और पुलिस द्वारा उनके परिवार के साथ अभद्रता, मारपीट व धमकाने की कार्रवाई की गई। संगठनों ने इसे सनातन धर्म के प्रचारकों को निशाना बनाने की साजिश बताया। उन्होंने हालिया घटनाओं में भेदभाव का आरोप लगाते हुए पिंकी चौधरी की तत्काल सम्मानजनक रिहाई, मुकदमे की वापसी, परिवार को सुरक्षा और दोषी पुलिसकर्मियों पर कार्रवाई की मांग की। चेतावनी दी गई कि मांगें न मानी गईं तो आंदोलन किया जाएगा। ज्ञापन के दौरान अर्जुन गुप्ता , अमरीश, प्रदीप सिंह , रवि शंकर, विशाल, गौतम कश्यप , अरुण कुमार,सत्यप्रकाश , सचिन , रिंकू , उमंग, छोटू यादव , सूरज राजपूत आदि मौजूद रहे।

# मुस्लिम समुदाय ने बाल विवाह न करने की शपथ ली

### रज़ा जामा मस्जिद में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण व पुलिस का जागरूकता कार्यक्रम

**महराजगंज। (अवधनामा सवाददाता)** शुक्रवार को रज़ा जामा मस्जिद परिसर में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण एवं उत्तर प्रदेश पुलिस के संयुक्त तत्वावधान में मुस्लिम समुदाय के लिए एक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य समाज में बाल विवाह जैसी कुप्रथा को समाप्त करना और महिलाओं के कानूनी अधिकारों के प्रति जागरूकता बढ़ाना था। इस अवसर पर उपस्थित समुदाय के सदस्यों को बाल विवाह न करने और न होने देने की शपथ दिलाई गई। वक्ताओं ने बताया कि बाल विवाह न केवल कानूनन अपराध है, बल्कि यह बच्चों के शारीरिक, मानसिक और सामाजिक विकास पर भी नकारात्मक प्रभाव डालता है। कार्यक्रम में महिलाओं के विभिन्न कानूनी अधिकारों पर भी विस्तृत जानकारी दी गई, जिसमें समान वेतन का अधिकार, कार्यस्थल पर उत्पीड़न से सुरक्षा, घरेलू हिंसा के खिलाफ संरक्षण, पहचान गोपनीय रखने का अधिकार तथा कन्या भ्रूण हत्या के विरुद्ध कानून शामिल हैं। कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश पुलिस के अधिकारी, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के प्रतिनिधि एवं मुस्लिम समाज के बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे। इस अवसर पर दिलीप कुमार, राम भवन शर्मा, श्याम बदन सहित कई गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।

## सड़क किनारे महिला का मिला शव

**मिठौरा महराजगंज।(अवधनामा संवाददाता)** निचलौल थाना क्षेत्र के अंतर्गत निचलौल-महाराजगंज मार्ग पर एक अज्ञात महिला का शव मिला है। शुक्रवार को ग्राम सभा बरोहिया के पास सड़क किनारे शव मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में ले लिया है और मामले की जांच शुरू कर दी है। सूचना मिलते ही स्थानीय लोगों की भीड़ मौके पर जमा हो गई। निचलौल थाना पुलिस तत्काल घटनास्थल पर पहुंची। पुलिस के प्रारंभिक आकलन के अनुसार, मृतका की उम्र लगभग 40 वर्ष है।महिला का चेहरा बुरी तरह क्षत-विक्षत पाया गया है, जिससे उसकी पहचान करना फिलहाल संभव नहीं हो पा रहा है। पुलिस का अनुमान है कि महिला किसी अज्ञात वाहन की चपेट में आ गई होगी, जिससे उसके चेहरे पर गंभीर चोटें आई हैं।

# भारी मात्रा मे अवैध पोस्ता छिलका समेत दो तस्कर गिरफ्तार



*अवधनामा संवाददाता*

**बाराबंकी।** अभियान के दौरान ज़ैदपुर पुलिस ने दो मादक पदार्थ तस्करों को किया गिरफ्तार। कब्जे से कुल 77 किलो 610 ग्राम अवैध पोस्ता छिलका का बुरादा व घटना में प्रयुक्त दो वाहन बरामद किया है। जानकारी के मुताबिक प्रभारी निरीक्षक सन्तोष कुमार सिंह, उपनिरीक्षक विनय कुमार, नीरज कुमार, हे0का0 गुफरान खान, अनुज सिंह, सुरेन्द्र वर्मा, पवन, राहुल यादव, धीरेन्द्र कुमार यादव, सुग्रीव सिंह के साथ क्षेत्र का भर्मण कर रहे थे तभी सूचना मिली की कुछ लोग पोस्ता छिलका लेकर जा रहे है। जिसके बाद पुलिस टीम मौके पर पहुँचकर दो कार यूपी 32 डीके 7680 व यूपी 32 एफजे 7269 को रोक तलाशी के दौरान 77 किलो 610 ग्राम अवैध पोस्ता छिलका का बुरादा बरामद किया। पकडे गये तस्करो का नाम उस्मान पुत्र मो0 खलील निवासी ग्राम बंजारन पुरवा कस्बा, थाना जैदपुर व फिरोज पुत्र स्व0 मो0 हलीम निवासी पल्हरी थाना सफदरगंज बताये जा रहे है। जबकि दो तस्कर चांदबाबू व सलमान भागने मे सफल रहे। प्रभारी निरक्षक संतोष कुमार ने बताया की पकडे गये तस्कर काफ़ी समय से नशे का तस्करी करते थे जो जेल भी जा चुके है। प्रभारी निरीक्षक ने कहा की बाकि दो फरार अभियुक्तों की गिरफ़्तारी की जाएगी। फिलहाल पुलिस ने दोनों तस्करो के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्जकर जेल भेज दिया है।

## दवा लेकर लोट रहा बाइक सवार को ट्रक ने रोंदा, मौत

**मसौली बाराबंकी।(अवधनामा सवाददाता)** भाई के साथ दवा लेकर बाईक से लौट रही एक 25 वर्षीय युवती की टृक की चपेट मे आने से दर्दनाक मौत हो गयी पुलिस ने पंचनामा कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

शुक्रवार की सुबह करीब 10 बजे थाना मसौली क्षेत्र के ब्लाक कालोनी के निकट रहने वाली 25 वर्षीय युवती सफीना पुत्री जलील अपने भाई मो0 आरिफ के साथ जैदपुर दवा लेकर बाईक नम्बर यूपी 41 बीडी 9695 से घर वापस लौट रहे थे कि सफदरगंज थाना क्षेत्र के बदोसराय सफदरगंज पर स्थित राजकीय बालिका इंटर कॉलेज के सामने स्थित झंझरिया पुल के निकट बाईक अनियंत्रित होकर पलट गयी इसी दौरान आ रहा टृक नम्बर यूपी 67 ए टी 2794 के पहिये के नीचे आने से युवती की दर्दनाक मौत हो गयी। सफदरगंज पुलिस ने एम्बूलैंस से सीएचसी बड़ागांव लेकर गये जहा चिकित्स्को ने मृत घोषित कर दिया मसौली पुलिस ने पंचनामा कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

## दुर्घटना से बचाव व जीवन रक्षा हेतु हेलमेट-सीटबेल्ट करे प्रयोगः राजकुमार सिंह



**बाराबंकी। (अवधनामा सवाददाता)** सड़क सुरक्षा बढ़ाने व नियमो का पालन करवाये जाने की दिशा मे परिवहन विभाग द्वारा चलाये जा रहे राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के अन्तर्गत उप परिवहन आयुक्त अयोध्या जोन राजकुमार सिंह के नेतृत्व मे सम्भागीय परिवहन अधिकारी प्रवर्तन अयोध्या विश्वजीत सिंह, सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी प्रशासन अंकिता शुक्ला, यात्री मालकर अधिकारी रविचन्द्र त्यागी, यातायात प्रभारी रामयतन यादव की संयुक्त टीम ने पटेल चौराहे पर बिना हेलमेट-सीटबेल्ट, ब्लैक फिल्म के विरुद्ध विशेष अभियान चलाते हुये कार्यवाही की। इस दौरान शराब पीकर दो पहिया वाहन चलाते मिले चालक की ब्रेथ एनालाइजर से जांच करने पर अल्कोहल स्तर निर्धारित क्षमता से अधिक पाये जाने पर चालान किया गया। तो वही बीच सड़क पर सवारी बैठाने वाले परिवहन निगम के बस चालक व कंडक्टर को फटकार लगाते हुये चालान किया गया। आज शुक्रवार को उप परिवहन आयुक्त अयोध्या के नेतृत्व मे प्रवर्तन टीमो द्वारा ब्लैक फिल्म, बिना हेलमेट-सीटबेल्ट का उल्लंघन मिलने पर 96 वाहन चालको को चालान किये। चेकिंग के दौरान उप परिवहन आयुक्त अयोध्या श्री सिंह ने लोगो से सड़क पर वाहन चलाते समय रोड़ सेफ्टी नियम पालन करने, दुर्घटना से बचाव व जीवन रक्षा के लिए हेलमेट-सीट बेल्ट का प्रयोग, वाहन चलाते समय मोबाइल फोन का प्रयोग कभी न करने की अपील भी की।

# डीएल के लिए एडीटीआई बनकर हुआ तैयार

### एक सप्ताह में होगा इंस्टीट्यूट का संचालन





*अवधनामा संवाददाता*

**महराजगंज।** ड्राइविंग लाइसेंस के लिए महराजगंज के फरेंदा रोड पर एडीटीआई ( प्रत्यायन चालक प्रशिक्षण इंस्टीट्यूट) बन कर तैयार हो गया है। जिसका एक सप्ताह में संचालन हो जाएगा। उक्त जानकारी देते हुए संभागीय निरीक्षक ( प्राविधिक) आरडी वर्मा ने बताया कि यह इंस्टीट्यूट फरेंदा रोड पर स्थित बजाज एजेंसी के पीछे स्थापित है।

उन्होंने कहा कि प्रत्यायन चालक प्रशिक्षण इंस्टीट्यूट एक ऐसा स्कूल होता है जो सड़क परिवहन मंत्रालय द्वारा मान्यता प्राप्त होता है। यह इंस्टीट्यूट वाहन चलाने के लिए गुणवत्तापूर्ण प्रशिक्षण देते हैं। जिससे वे कुशल और सुरक्षित ड्राइवर बनते हैं।

**वाहन फिटनेस के लिए स्वामियों को करनी होगी जेब ढीली**

संभागीय निरीक्षक ( प्राविधिक) आरडी वर्मा ने कहा कि अब वाहन फिटनेस बनवाने के लिए वाहन स्वामियों को जेब ढीली करनी पड़ेंगी। जिन वाहनों का फिटनेस बनवाने पर पहले 600 रुपए लगते थे,अब आठ सौ रुपए देने होंगे।

जिनके 800 सौ रुपए लगते थे अब 1200 रुपए लगेंगे। उक्त धनराशि एक से दस वर्ष की अवधि के लिए निर्धारित है। दस से तेरह, तेरह से पन्द्रह, पन्द्रह से बीस तथा बीस से अधिक वर्ष के लिए अलग अलग फीस निर्धारित है।

# भीषण ठंड से परेशान लोगों ने अलाव की मांग की



*अवधनामा संवाददाता*

**महराजगंज।** कड़ाके की ठंड के बीच नगर पालिका परिषद महराजगंज की शीतकालीन व्यवस्था पर सवाल उठ रहे हैं। धनेवा-धनेई पंडित दीनदयाल उपाध्याय नगर स्थित वार्ड नंबर 12 के प्रमुख चौराहे पर अब तक अलाव की व्यवस्था न होने से दुकानदारों, राहगीरों, मजदूरों और स्थानीय नागरिकों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। स्थानीय लोगों का कहना है कि शाम होते ही ठंड और गलन बढ़ जाती है, जिससे जनजीवन प्रभावित हो रहा है और व्यापार पर भी असर पड़ रहा है। नागरिकों ने नगर पालिका प्रशासन से अपील की है कि ठंड की गंभीरता को देखते हुए शीघ्र अलाव की व्यवस्था कराई जाए, ताकि आमजन को राहत मिल सके।स्थानीय निवासियों अजय गुप्ता, विरेंद्र गुप्ता, नन्हे तिवारी, सुदामा तिवारी, मंगरू तिवारी, ईश्वरचंद्र, बरकत अली, पहलाद यादव एवं मिंटल बंजारा ने प्रशासन से त्वरित कार्रवाई की मांग की है।

# सीएम युवा योजना में हीलाहवाली नहीं चलेगी : जिलाधिकारी

### कलेक्ट्रेट में हुई समीक्षा बैठक, बैंकों को लंबित आवेदनों के शीघ्र निस्तारण के निर्देश

*अवधनामा संवाददाता*



**महराजगंज।** जिलाधिकारी संतोष कुमार शर्मा की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में सीएम युवा योजना एवं ओडीओपी की समीक्षा बैठक आयोजित हुई। जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि सीएम युवा उद्यमी विकास अभियान का लाभ अधिकतम युवाओं तक पहुँचाने के लिए आर-सेटी, आईटीआई और पॉलिटेक्निक सहित विभिन्न प्रशिक्षण संस्थानों में कैंप लगाकर आवेदन कराए जाएं। उन्होंने बैंकों को स्पष्ट निर्देश देते हुए कहा कि लंबित आवेदनों में प्राथमिकता के आधार पर ऋण वितरण सुनिश्चित किया जाए और बिना ठोस कारण के किसी भी आवेदन को निरस्त न किया जाए। जिलाधिकारी ने 15 दिन से अधिक लंबित मामलों की बैंकवार सूची प्रस्तुत करने और एक सप्ताह के भीतर सभी लंबित प्रकरणों का निस्तारण कराने के निर्देश दिए। उपायुक्त उद्योग ने बताया कि वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए 1700 का लक्ष्य निर्धारित है, जिसके सापेक्ष अब तक 1397 आवेदन स्वीकृत किए गए हैं तथा 1321 मामलों में ऋण वितरण किया जा चुका है। जबकि 687 आवेदन स्वीकृति हेतु और 144 वितरण हेतु लंबित हैं। बैठक में रामपुर बल्डीहा (घुघली) में निर्माणाधीन सीएफसी परियोजना की प्रगति की समीक्षा की गई। बताया गया कि 10 मशीनों का इंस्टॉलेशन हो चुका है और कार्य प्रगति पर है। जिलाधिकारी ने इस परियोजना को महत्वपूर्ण बताते हुए समयबद्ध पूर्णता पर जोर दिया। बैठक में उपायुक्त उद्योग अभिषेक प्रियदर्शी, जिला सूचना अधिकारी श्री प्रभाकर मणि त्रिपाठी, अधिशासी अधिकारी श्री आलोक कुमार सहित विभिन्न बैंकों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

# एनसीसी कैडेट्स के छात्र, छात्राओं को यातायात अभियान के तहत किया गया जागरूक

अवधनामा संवाददाता



**गोण्डा।** आज दिनांक 9 जनवरी को जनपद गोण्डा में यातायात पुलिस द्वारा सड़क सुरक्षा एवं यातायात नियमों के अनुपालन को सुनिश्चित कराने हेतु विभिन्न स्थानों पर व्यापक जन जागरूकता एवं प्रवर्तन अभियान चलाया गया। इसी क्रम में आज अपर पुलिस अधीक्षक पूर्वी श्री मनोज कुमार रावत, प्रशिक्षु आइपीएस श्री प्रदीप कुमार तथा क्षेत्राधिकारी यातायात श्री विनय कुमार सिंह द्वारा फखरुद्दीन अली इंटर कॉलेज, गोण्डा में पहुंचकर छात्र-छात्राओं एवं हृष्ट कैडेट्स को सड़क सुरक्षा एवं यातायात नियमों के संबंध में विस्तृत जानकारी दी गई।

इस दौरान हेलमेट व सीट बेल्ट के अनिवार्य प्रयोग, वाहन चलाते समय मोबाइल फोन का प्रयोग न करने, यातायात संकेतों का पालन करने, निर्धारित गति सीमा में वाहन चलाने तथा नशे की हालत में वाहन न चलाने के प्रति जागरूक किया गया। साथ ही छात्र-छात्राओं एवं हृष्ट कैडेट्स को यातायात नियमों से संबंधित पम्पलेट वितरित किए गए एवं उन्हें सुरक्षित एवं जिम्मेदार नागरिक बनने हेतु प्रेरित किया गया। इसके अतिरिक्त नगर पालिका परिषद एवं यातायात पुलिस के संयुक्त अभियान के तहत आज गुरुनानक चौराहे से गुड्डूमल चौराहा तक सड़क किनारे खड़े अवैध रूप से पार्क वाहनों, अवैध अतिक्रमण एवं ठेलों को हटवाया गया, जिससे यातायात व्यवस्था को सुचारु बनाया जा सके तथा आमजन को आवागमन में किसी प्रकार की असुविधा न हो।

वहीं क्षेत्राधिकारी यातायात महोदय एवं प्रभारी यातायात द्वारा मॉडिफाइड साइलेंसर, ब्लैक फिल्म एवं प्रेशर हॉर्न के विरुद्ध सघन अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान नियमों का उल्लंघन करने वाले कुल 04 वाहनों को सीज किया गया एवं अन्य वाहन चालकों को कड़ी चेतावनी देते हुए यातायात नियमों का पालन करने के निर्देश दिए गए।जनपद गोण्डा पुलिस द्वारा यातायात नियमों के पालन एवं सड़क सुरक्षा को लेकर इस प्रकार के जन जागरूकता एवं प्रवर्तन अभियान निरंतर जारी रहेंगे।

## महिला सुरक्षा व साइबर अपराध के प्रति किया गया जागरूक

**लोटन सिद्धार्थनगर।** मिशन शक्ति फेज 5.0 कार्यक्रम के तहत महिला सशक्तिकरण, बेटी ,बहू सम्मेलन एंटी रोमियो व शक्ति दीदी अभियान एवं साइबर अपराध सुरक्षा व बाल कल्याण समिति व मानव संसाधन एवं महिला विकास संस्थान ग्राम एवं नगर विकास संस्थान मिशन शक्ति केंद्र थाना लोटन के क्रम में बाल विवाह मुक्त कार्यक्रम एवं बाल संरक्षण के मुद्दे एवं पाक्सो एक्ट एवं महिला संबंधी नये कानून के संबंध मे थाना लोटन द्वारा जागरुकता अभियान चलाया गया। एसपी डॉ अभिषेक महाजन द्वारा महिला सशक्तिकरण ,एंटी रोमियो व बेटी बहू सम्मेलन व महिलाओं के सुरक्षा एवं जागरूकता अभियान के संबंध में दिए गए निर्देश के क्रम में व प्रशांत कुमार प्रसाद अपर पुलिस अधीक्षक व विश्वजीत शौर्यान क्षेत्राधिकारी सदर के कुशल पर्यवेक्षण में शुक्रवार को थानाध्यक्ष लोटन दिनेश कुमार सरोज के निर्देशन में कल्पनाथ सिंह इंटर कॉलेज लोटन में जाकर महिलाओं को शक्ति दीदी के तहत जागरूकता अभियान के तहत जागरूक किया गया।

# सड़क दुर्घटनाग्रस्त व्यक्ति की मदद करना हमारी नैतिक जिम्मेदारी : डॉ अमरनाथ

अवधनामा संवाददाता




**हजपुरा, अंबेडकरनगर।** बाबा बरुआदास पी.जी. कॉलेज परुइय्या आश्रम, में रोड सेफ्टी क्लब के तत्वावधान में राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह-2026 के अंतर्गत सड़क सुरक्षा अभियान एवं 'जीरो फैटेलिटी समाधान' (जनवरी 2026) की कार्ययोजना के तहत जन-जागरूकता कार्यक्रम व राहवीर योजना के व्यापक प्रचार-प्रसार हेतु रैली का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए क्लब के संयोजक डॉ. अमरनाथ ने कहा कि सड़क दुर्घटना में घायल व्यक्ति की मदद करना हम सभी की नैतिक जिम्मेदारी है। उन्होंने राहवीर योजना की विस्तार से जानकारी देते हुए बताया कि भारत सरकार के सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय द्वारा सड़क दुर्घटनाओं में घायलों की जान बचाने वाले नागरिकों को 'राहवीर' की उपाधि प्रदान की जाती है, साथ ही उन्हें कानूनी सुरक्षा, प्रशंसा पत्र एवं ?25,000 नकद पुरस्कार देने की व्यवस्था की गई है।

डॉ. अमरनाथ ने बताया कि सड़क दुर्घटना के बाद घायल के लिए पहला एक घंटा, जिसे 'गोल्डन आवर' कहा जाता है, अत्यंत महत्वपूर्ण होता है। इस दौरान घायल को अस्पताल या ट्रामा सेंटर तक पहुंचाने वाले व्यक्ति को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से यह योजना लागू की गई है। इसके अतिरिक्त, प्रत्येक वर्ष देशभर से चयनित 10 उत्कृष्ट राहवीरों को भारत सरकार द्वारा 1 लाख नकद पुरस्कार एवं ट्रॉफी देकर सम्मानित किया जाता है। उन्होंने कहा कि इस योजना का मुख्य उद्देश्य नागरिकों को निर्भय एवं निःस्वार्थ भाव से सड़क दुर्घटना के घायलों की सहायता के लिए प्रेरित करना है। अतः हम सभी को जिम्मेदार नागरिक बनते हुए सुरक्षित यात्रा के नियमों का पालन करना चाहिए और आवश्यकता पड़ने पर दुर्घटनाग्रस्त व्यक्तियों की सहायता के लिए तत्पर रहना चाहिए। इस अवसर पर रैली को महाविद्यालय के उपप्राचार्य प्रो. पवन कुमार गुप्त ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। रैली में महाविद्यालय के सभी प्राध्यापकगण, कर्मचारी एवं छात्र-छात्राएं बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

# अभियान चलाकर बाल श्रमिकों का रेस्क्यू, सेवायोजकों को जारी किया गया नोटिस



अवधनामा संवाददाता

**सिद्धार्थनगर।** जिले में बाल श्रम उन्मूलन को लेकर शुक्रवार को प्रशासन द्वारा सघन अभियान चलाया गया। इस अभियान के अंतर्गत श्रम विभाग, जिला टास्क फोर्स, एएचटी पुलिस, बाल संरक्षण अधिकारी, चाइल्ड लाइन तथा संबंधित सामाजिक संगठनों की संयुक्त टीम ने नौगढ़ एवं उसका बाजार में छापेमारी कर बाल श्रमिकों को रेस्क्यू किया। अभियान के दौरान पकड़ी एवं उसका बाजार स्थित एचआर मार्का ईट भट्ठों तथा नौगढ़ में होटल का निरीक्षण की गई। जिस पर नौगढ़ रेलवे क्रासिंग के पास छोले भटूरे की दूकान पर तीन नाबालिग श्रम करते हुए पाए गए। टीम द्वारा कार्रवाई करते हुए सभी बच्चों को सुरक्षित रूप से रेस्क्यू किया गया और उन्हें बाल कल्याण समिति के समक्ष प्रस्तुत किया गया। रेस्क्यू किए बच्चों से प्राप्त जानकारी के आधार पर सामने आया कि उन्हें कम मजदूरी, लंबे समय तथा असुरक्षित परिस्थितियों में काम कराया जा रहा था, जो बाल श्रम निषेध एवं विनियमन अधिनियम का उल्लंघन है। कार्रवाई के दौरान बाल श्रमिकों से काम कराने वाले सेवायोजकों को नोटिस जारी किया गया है।

श्रम प्रवर्तन अधिकारी ने बताया कि जिले में बाल श्रम के खिलाफ अभियान आगे भी जारी रहेगा।नागरिकों से अपील की गई है कि यदि कहीं भी बाल श्रम होते हुए दिखाई दे तो इसकी सूचना तुरंत विभाग को दें अभियान में मुख्य रूप से। श्रम प्रवर्तन अधिकारी उज्ज्वल त्रिपाठी, एएचटीयू प्रभारी निरीक्षक मनोज कुमार श्रीवास्तव, बाल संरक्षण अधिकारी विवेक मालवीय, चाइल्ड लाइन कोऑर्डिनेटर सुनील उपाध्याय, आरक्षी आशुतोष सिंह, आउटरीच कार्यकर्ता अविनाश सिंह, एचईडब्लू से सविता वर्मा, डिटीएफ मेम्बर जय प्रकाश गुप्ता शामिल रहे।

## पुलिस ने दहेज हत्या आरोपी को किया गिरफ्तार

**गोण्डा।** थाना परसपुर पुलिस द्वारा थाना स्थानीय पर पंजीकृत मु0अ0सं0 - 482/25 धारा 85/80 (2)बीएनएस व डीपी एक्ट से सम्बन्धित 1 आरोपी अभियुक्त-विवेक कुमार सिंह पुत्र रामदेव सिंह उम्र करीब 28 वर्ष नि0 ग्राम सम्भाल पुरवा सिंगरिया थाना परसपुर गोण्डा को सिंगरिया मोड़ के पास से गिरफ्तार कर लिया गया।

वादी अजय सिह पुत्र स्व0 शुभ करन सिह निवासी मरदन पुरवा दिखिखलौल थाना इटियाथोक जनपद गोण्डा द्वारा थाना परसपुर में लिखित तहरीर दी गयी कि उनकी पुत्री का विवाह लगभग 06 वर्ष पूर्व विपक्षी विवेक सिह पुत्र राम देव सिह निवासी सम्भाल पुरवा सिगरिया थाना- परसपुर जनपद - गोण्डा से हुआ था। शादी के बाद से ही उनकी पुत्री को उसके पति व ससुरालीजनों द्वारा कम दहेज मिलने को लेकर शारीरिक व मानसिक रूप से प्रताड़ित किया जा रहा था, और दिनांक 30.11.2025 को उसकी हत्या करके फांसी पर लटकी दिया है ।

# क्लीनिकल एविडेंस के साथ रिसर्च करके होम्योपैथी को लोकप्रिय चिकित्सा पद्धति बनाएंगे : डॉ. भास्कर शर्मा

अवधनामा संवाददाता



**डुमरियागंज सिद्धार्थनगर।** होम्योपैथी से रोगों को जड़ से मिटाया जा सकता है। क्रॉनिक डिजीज के सफल उपचार के लिए मरीज के वर्तमान हिस्ट्री लक्षणों के विवरण के साथ मरीज के इलाज के पहले दिन से लेकर इलाज पूर्ण होने तक की सभी रिपोर्ट,उपचार का रिकॉर्ड के साथ ही इलाज से पूर्व करायी गयी जांच रिपोर्ट से लेकर रोगमुक्त होने तक की जांच रिपोर्ट अनिवार्य रूप से शामिल करें, क्योंकि यही रिपोर्ट्स वे सबूत होते हैं जो आप द्वारा किये गये इलाज की सफलता की वैज्ञानिक रूप से पुष्टि करते हैं।

यह महत्वपूर्ण बातें शर्मा होम्योपैथिक चिकित्सालय एंड रिसर्च सेंटर इटवा सिद्धार्थनगर के चीफ कन्सल्टेंट डॉ भास्कर शर्मा ने कहा कि होम्योपैथी के दम को साइंटिफिक कसौटी पर खरा साबित करने के लिए रोगी के दस्तावेजों को सबूत के तौर पर रखना होगा।

डा. भास्कर शर्मा ने यह भी कहा कि सिर्फ रोगी के कथन को वैज्ञानिक दृष्टिकोण से सबूत नहीं माना जा सकता है।ज्ञात हो डॉ भास्कर शर्मा के रिसर्च वर्क का सफर उनकी होम्योपैथी शिक्षा के दौरान ही प्रारम्भ हो गया था। अब तक विभिन्न प्रकार के रोगो में एक्सपेरिमेंटल रिसर्च कर डॉ भास्कर शर्मा देश ही नहीं विदेशों में भी अपने कार्य का लोहा मनवा चुके हैं।

उन्होंने एक उदाहरण देते हुए कहा कि कई रोगी उनके पास किडनी में पथरी की शिकायत लेकर आया, मैंने उसका अल्ट्रासाउंड कराया तो पथरी होने की पुष्टि हुई, उसका उपचार शुरू किया गया, कुछ दिन बाद आकर रोगी ने कहा कि उसकी पथरी निकल गयी, उसने एक पत्थर दिखाते हुए कहा कि यह पेशाब में निकला है। मैंने उससे कहा कि एक अल्ट्रासाउंड करा लीजिये तो मरीज का कहना था कि मुझे अब आराम है, मैं कह रहा हूं तो इसकी क्या आवश्यकता है, इस पर मैंने उस रोगी को अल्ट्रासाउंड जांच का शुल्क देते हुए उससे जांच कराने को कहा, उसने जांच करायी तो अल्ट्रासाउंड रिपोर्ट में देखा कि पथरी नहीं थी, यह एक वैज्ञानिक सबूत हुआ कि उपचार से पूर्व अल्ट्रासाउंड रिपोर्ट में जो पथरी दिख रही थी, वह अब नहीं है।

डॉ. भास्कर शर्मा ने कहा कि इस तरह डॉक्यूमेंटेशन करने के बाद इन्हें प्रतिष्ठित जर्नल में छपवाने के लिए भी आवेदन करें, इसका लाभ यह होगा कि आपके कार्य को राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर मान्यता मिलेगी, साथ ही चूंकि जर्नल में छपने की इस प्रक्रिया के लिए आपके दावे के दस्तावेजों को दूसरे विशेषज्ञों द्वारा अनेक प्रकार की कसौटी पर परखा जायेगा, जिसके बाद आपकी उपलब्धियों का वह दस्तावेज 24 कैरेट सोने जैसा खरा बन चुका होगा। अंत में डॉ शर्मा ने यह भी कहा कि मेरे रिसर्च पेपर इंटरनेशनल तथा नेशनल रिसर्च जनरल पबमेड, स्कोपस, पीर रिव्यूड रिसर्च जर्नल में सौ से अधिक रिसर्च पेपर पब्लिश्ड हो चुका है।

# यूथ फार्मासिस्ट फेडरेशन के जिला अध्यक्ष रोहित मिश्रा ने चलाया सम्पर्क अभियान

अवधनामा संवाददाता



**गोण्डा।** यूथ फार्मासिस्ट फाउंडेशन के जिला अध्यक्ष रोहित मिश्रा के नेतृत्व में स्थापना दिवस पर सम्पर्क कार्यक्रम किया जिसमें सभी अधिकारियों से मिलकर स्मृति चिन्ह भेट की जिसमें उच्च अधिकारी जैसे एसपी विनीत जायसवाल गोण्डा डीएम प्रियंका निरंजन और ड्रग इंस्पेक्टर सुमित वर्मा से मुलाकात की और फार्मासिस्ट के साथ हो रहे उत्पीड़न को भी अवगत कराया जैसे रजिस्ट्रेशन मे हो रही गड़बड़ी के बारे में भी अवगत कराया और उपस्थित डॉक्टर से भी मुलाकात की जैसे सीएमओ डॉ अनिल कुमार तिवारी, डॉक्टर आफताब आलम, हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉक्टर डी. के. राव, गोण्डा मेडिकल कॉलेज के चेस्ट फिजिशियन डॉ रमेश पाण्डेय, डेन्टल पार्क के संस्थापक डॉ पीयूष रंजन, डॉ राकेश तिवारी गोंडा मेडिकल कॉलेज की मेट्रन सुनीता मेडम और उच्च अधिकारियों से भी मुलाकात की यूथ फार्मासिस्ट फाउंडेशन के महामंत्री राकेश शुक्ला ने बताया कि फार्मासिस्ट की समस्याओं पर चर्चा की जाए जितनी जल्दी हो सके उनका लाइसेंस बनना चाहिए। और इस सभी कार्यक्रम के बारे में अवगत कराया, 9 जनवरी दिन शुक्रवार को स्थापना दिवस मनाया जाता है। और उसी के उपलक्ष में गोंडा के जितने भी उच्च अधिकारी और डॉक्टर से मुलाकात कर उनको एक स्मृति चिन्ह भेंट कर गया।

अपने यूथ फार्मासिस्ट फेडरेशन के बारे में बताया और यूथ फार्मासिस्ट फाउंडेशन के जिला अध्यक्ष रोहित मिश्रा ने गोण्डा के एसपी विनीत जयसवाल जी से एक विनती की एक मुहिम चलाने के लिए कहा जिसमें ट्रैफिक रूल ना पालन करने वालों को एक पुष्प देकर उनको ट्रैफिक के नियमों का बारे में बात कर उनको एक पुष्प देकर सम्मानित किया जाए जो नियम का पालन न करें उनको एक बार वार्निंग दिया जाए यह मुहिम यूथ फार्मासिस्ट फाउंडेशन के महामंत्री राकेश शुक्ला ने कहा कि इस मुहिम को हमारे जितने भी पदाधिकारी शामिल होकर इस मुहिम का सभी को जानकारी देंगे।

# सुरक्षा एवं यातायात नियमों के सख्त अनुपालन को सुनिश्चित करने के उद्देश्य से चलाया गया विशेष अभियान

अवधनामा संवाददाता



**गोण्डा ।** जनपद में सड़क सुरक्षा एवं यातायात नियमों के सख्त अनुपालन को सुनिश्चित करने के उद्देश्य से आज एक विशेष अभियान चलाया गया। यह अभियान एआरटीओ (प्रशासन) आर.सी. भारतीय एवं सीओ ट्रैफिक गोण्डा के निर्देशन में टी.आई. गोण्डा की उपस्थिति में गोण्डा-फैजाबाद रोड स्थित दर्जीकुआं चौराहे पर संचालित किया गया। अभियान का मुख्य उद्देश्य वाहनों में अवैध रूप से लगे हूटर, ब्लैक फिल्म तथा प्रेशर हॉर्न के प्रयोग पर प्रभावी रोक लगाना तथा आमजन को यातायात नियमों के प्रति जागरूक करना था।


अभियान के दौरान गोण्डा-फैजाबाद मार्ग से गुजरने वाले विभिन्न प्रकार के वाहनों की सघन जांच की गई। जांच के समय जिन वाहनों में हूटर, ब्लैक फिल्म अथवा प्रेशर हॉर्न का अवैध रूप से प्रयोग पाया गया, उनके विरुद्ध नियमानुसार कार्यवाही की गई। इस क्रम में कुल 17 वाहनों पर यूकेएटी अभियोग के अंतर्गत चालान की कार्यवाही की गई। संबंधित वाहन चालकों को नियमों का उल्लंघन न करने की सख्त हिदायत दी गई तथा भविष्य में ऐसे कृत्य दोहराने पर कठोर कार्रवाई किए जाने की चेतावनी भी दी गई। अधिकारियों द्वारा वाहन चालकों को बताया गया कि हूटर, ब्लैक फिल्म और प्रेशर हॉर्न का प्रयोग न केवल यातायात नियमों का उल्लंघन है, बल्कि इससे सड़क दुर्घटनाओं की संभावना भी बढ़ जाती है। अनावश्यक तेज आवाज वाले हॉर्न से आमजन, विशेषकर बुजुर्गों, बच्चों और रोगियों को परेशानी होती है। वहीं ब्लैक फिल्म के कारण वाहन के अंदर की गतिविधियां स्पष्ट नहीं दिखतीं, जिससे सुरक्षा संबंधी जोखिम उत्पन्न होते हैं। अभियान के दौरान सभी वाहन चालकों एवं आम नागरिकों को सड़क सुरक्षा के महत्व के बारे में भी विस्तार से जानकारी दी गई। उन्हें हेलमेट, सीट बेल्ट के प्रयोग, निर्धारित गति सीमा का पालन करने, ट्रैफिक सिग्नल का सम्मान करने तथा वाहन चलाते समय मोबाइल फोन का प्रयोग न करने के लिए प्रेरित किया गया। अधिकारियों ने स्पष्ट रूप से कहा कि सड़क पर सुरक्षित यात्रा तभी संभव है जब प्रत्येक व्यक्ति यातायात नियमों का शत-प्रतिशत पालन करे। प्रशासन द्वारा यह भी बताया गया कि इस प्रकार के विशेष अभियान आगे भी निरंतर जारी रहेंगे। यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जाएगी, जबकि नियमों का पालन करने वाले नागरिकों को प्रोत्साहित किया जाएगा।

## जिलाधिकारी ने किया नगर निकाय के कार्यो की समीक्षा



**अवधनामा संवाददाता, सिद्धार्थनगर।** नगर निकाय के कार्यो की समीक्षा बैठक शुक्रवार को जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन की अध्यक्षता एवं अपर जिलाधिकारी (वि/रा) गौरव श्रीवास्तव की उपस्थिति में कलेक्ट्रेट सभागार में सम्पन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता करते हुए जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन द्वारा नगर पालिका/नगर पंचायतों में कराये जा रहे निर्माण कार्यो की समीक्षा की गयी। समीक्षा के दौरान जिलाधिकारी ने सभी कार्यो को गुणवत्तापूर्ण एवं समय से पूर्ण कराने का निर्देश दिया। नगर पंचायत शोहरतगढ़ में कार्यो की धीमी प्रगति पर कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए प्रगति लाने का निर्देश दिया। इसके साथ ही गौशाला में सीसीटीवी कैमरा लगवाने व गौवंश हेतु हरा चारा आदि की व्यवस्था कराने का निर्देश दिया। इस अवसर पर समस्त अधिशासी अधिकारी नगर पालिका/नगर पंचायत एवं अन्य सम्बन्धित उपस्थित रहे।

## डीएम एवं एसपी ने बाँटे चालकों को निःशुल्क हेलमेट



**सिद्धार्थनगर।** हिंदुस्तान पेट्रोलियम, मधुबेनिया नौगढ़, पर जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन तथा पुलिस अधीक्षक डा0 अभिषेक महाजन द्वारा शुक्रवार को निःशुल्क हेलमेट वितरण किया गया। जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन तथा पुलिस अधीक्षक डा0 अभिषेक महाजन द्वारा दो पहिया वाहन चालको को निःशुल्क हेलमेट दिया गया तथा अपील किया गया कि बिना हेलमेट के दो पहिया वाहन न चलाये। हेलमेट पहने और सुरक्षित रहे। इस अवसर पर क्षेत्राधिकारी नौगढ़/प्रशिक्षु आई.पी.एस. विश्वजीत सौर्यवान, जिला पूर्ति अधिकारी देवेन्द्र प्रताप सिंह, सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी सुश्री प्रियम्बदा सिंह व अन्य सम्बन्धित अधिकारी उपस्थित रहे।

## 30 साल पुराने आर्म्स एक्स मामले में अभियुक्त को सज़ा

**अवधनामा संवाददाता, हजपुरा,अम्बेडकरनगर।** जनपद के थाना बसखारी क्षेत्र में पंजीकृत एक पुराने आपराधिक मामले में उत्तर प्रदेश पुलिस के "OPERATION CONVICTION" अभियान का प्रभावी परिणाम सामने आया है। पुलिस महानिदेशक उत्तर प्रदेश, लखनऊ के निर्देश पर चलाए जा रहे इस अभियान के तहत मॉनिटरिंग सेल एवं अभियोजन की सतत और सशक्त पैरवी के फलस्वरूप माननीय न्यायालय द्वारा अभियुक्त को दोषी करार दिया गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार थाना बसखारी में पंजीकृत मु0अ0सं0-293/1996, धारा 25(1-B)(९) आर्म्स एक्ट के मामले में अभियुक्त रामनरेश पुत्र राजाराम, निवासी खैरा, थाना फकरपुर, जनपद बहराइच को दिनांक 06 जनवरी 2026 को माननीय मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट (CJM), अम्बेडकरनगर की अदालत द्वारा दोषी ठहराया गया। न्यायालय ने अभियुक्त की जुर्म स्वीकारोक्ति के आधार पर उसे जेल में बिताई गई अवधि की सजा एवं 1000 रुपये के अर्थदण्ड से दण्डित किया। पुलिस प्रशासन ने इस निर्णय को ऑपरेशन कन्विक्शन की सफलता बताते हुए कहा कि ऐसे मामलों में प्रभावी पैरवी के माध्यम से अपराधियों को सजा दिलाना अभियान का मुख्य उद्देश्य है, ताकि समाज में कानून के प्रति विश्वास और अपराधियों में भय बना रहे।

# विराट हिन्दू सम्मेलन में धर्म योद्धा बनने का आह्वान

अवधनामा संवाददाता



**अम्बेडकरनगर अकबरपुर।** स्थित बीएन इंटर कॉलेज में विराट हिन्दू सम्मेलन का आयोजन किया गया, जिसमें भारी संख्या में लोगों ने भाग लिया। प्रमुख वक्ता राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के क्षेत्र प्रचारक अनिल जी ने इस अवसर पर उपस्थित जनसमूह से धर्म योद्धा बनने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि जब हिन्दू धर्म सुरक्षित रहेगा, तभी विश्व में शांति स्थापित होगी। अनिल जी ने आरोप लगाया कि हिन्दू समाज को जाति के नाम पर तोड़ने का प्रयास किया जा रहा है।उन्होंने लव जिहाद को एक गंभीर समस्या बताते हुए कहा कि यह अब सीमांचल से निकलकर देश के लगभग हर जिले में फैल गया है। इस कार्यक्रम में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के विभाग सह प्रचारक शैलेन्द्र जी,हर्षवर्धन जी के समेत स्वयंसेवक मौजूद रहे.

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ और भाजपाइयों ने लोगों को सम्मेलन में लाने में भूमिका निभाई। इनमें बड़ी संख्या संत महात्मा, विधान पारिषद सदस्य हरिओम पांडे, पूर्व सांसद रितेश पांडेय जिला पंचायत अध्यक्ष श्याम सुंदर वर्मा,जिलाध्यक्ष त्रयंबक तिवारी, पूर्व जिलाध्यक्ष कपिल देव वर्मा, राम प्रकाश यादव ,विधायक धर्मराज निषाद,विश्व हिन्दू पारिषद जिलाध्यक्ष हृदयमणि मिश्र, पूर्व विधायक अनीता कमल, किरन पांडे, वरिष्ठ नेता डॉ रजनीश सिंह,संजय सिंह,रमेश गुप्ता,राम किशोर राजभर,केशव श्रीवास्तव, विकाश निषाद,संदीप अग्रहरि,संजीव मिश्र समेत बड़ी संख्या लोग मौजूद रहे। इस सम्मेलन में हिन्दू एकता और धार्मिक सुरक्षा पर जोर दिया गया।

## विधिक साक्षरता शिविर में दी गई कानून और योजनाओं की जानकारी

**सिद्धार्थनगर।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वावधान में शुक्रवार को नौगढ़ तहसील स्थित सभागार कक्ष में विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन कर यूपीएसएलएसए (UP SLSA) की योजनाएँ और उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा समाज के कमजोर वर्गों को मिलने वाली मुफ्त कानूनी सहायता, कानूनी साक्षरता एवं जागरूकता प्रदान करने के लिए चलाई जा रही योजनाओं के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी दी गई। जिनमें लोक अदालत, पीड़ितो को मुआवजा योजना, और विभिन्न कमजोर वर्गो जैसे एस सी /एस टी, महिला, बच्चे, और कम आय वालों के लिए विशेष विशेष योजनाओं आदि के बारे में जानकारी दी गई। सहयोगी जय प्रकाश गुप्ता और पीएलवी राज कुमार भारती द्वारा क्स्स्ह के मुख्य उद्देश्य पर चर्चा करते हुए समाज के गरीब और कमजोर वर्गो, महिला, बच्चे, बेघर, आदि को मुफ्त कानूनी सलाह दिया गया।

# अपने बच्चों को अच्छे संस्कार व शिक्षा देना अत्यंत आवश्यक : मौलाना जैगमुल रिज़्वी

अवधनामा संवाददाता



**जलालपुर, अंबेडकरनगर।** अकबरपुर तहसील क्षेत्र के सिकंदरपुर गांव में गुरुवार को सैयद बाकर हैदर ज़ैदी (ज़फर) मरहूम के इसाले सवाब की मजलिस अकीदत और सम्मान के साथ आयोजित की गई।

मजलिस की शुरुआत तिलावत-ए-कलाम पाक से हुई। इस मौके पर मौलाना सैयद ज़ैग़मुल रिज़्वी ने बच्चों की शिक्षा और उनके नैतिक विकास पर विशेष जोर दिया। उन्होंने कहा कि आज के दौर में बच्चों को आधुनिक शिक्षा के साथ-साथ अच्छे संस्कार और नैतिक मूल्य देना समय की सबसे बड़ी आवश्यकता है। बेहतर शिक्षा ही बच्चों को आत्मनिर्भर बनाती है और एक मजबूत, जागरूक व सभ्य समाज की नींव रखती है। मौलाना ने कहा कि इस्लाम ने हमेशा ज्ञान अर्जन को सर्वोच्च स्थान दिया है और शिक्षा को हर इंसान के लिए जरूरी बताया है। उन्होंने अभिभावकों से अपील की कि वे बच्चों की पढ़ाई पर विशेष ध्यान दें और उन्हें अच्छी तालीम के साथ सामाजिक जिम्मेदारियों का भी बोध कराएं। उन्होंने पैगंबर हजरत मोहम्मद साहब और उनके नवासों हजरत इमाम हसन व हजरत इमाम हुसैन (अ.स.) की शिक्षाओं का हवाला देते हुए कहा कि अहले-बैत का जीवन ज्ञान, त्याग और इंसानियत की मिसाल है, जिससे नई पीढ़ी को प्रेरणा लेनी चाहिए। मजलिस के दौरान शिक्षा के महत्व और बच्चों के उज्ज्वल भविष्य पर विस्तार से चर्चा हुई। मजलिस से पूर्व जव्वार हुसैन मय हमनवां मुस्तफाबादी ने मर्सिया ख्वानी की। बिलाल हैदर, जमाल हैदर, अम्मार हैदर, मौलाना ज़फ़र मारूफी, मौलाना नूरूल हसन रिजवी, मौलाना रमजान अली, मौलाना मुशीर, रज़ा हैदर, मोहम्मद रज़ा, अशफाक हुसैन, मौलाना नदीम जैदी आदि मौजूद रहे।

# विश्व राजनीति की नई पहचान

दूसरे विश्व युद्ध के बाद दुनिया में एक नया ध्रुवीकरण हुआ था। उसमें दो नई महाशक्तियां उभरी थीं। रूस और अमेरिका। पूर्वी यूरोप के देश रूस की छाया में दे दिए गए। शेष यूरोप को अमेरिका ने अपनी छाया में ले लिया। जापान को सजा दी गई थी। उसे सेना रखने से रोक दिया गया। जर्मनी को सजा में दो हिस्सों में बांट दिया गया। आगे से लड़ाई न हो, इसकी व्यवस्था के लिए 1945 में संयुक्त राष्ट्र संघ संस्था बना दी गई। लेकिन मामला नियंत्रण से बाहर न हो जाए, इसके लिए रूस, अमेरिका, फ्रांस व इंग्लैंड इसकी सुरक्षा परिषद के स्थायी सदस्य बने। एशिया से चीन को स्थायी सदस्य बनाया गया, क्योंकि चीन ने विश्व युद्ध में मित्र राष्ट्रों की मदद की थी। इन पांच स्थायी सदस्यों को वीटो पावर दी गई। दूसरे विश्व युद्ध से एशिया और अफ्रीका को एक लाभ यह हुआ कि उसके अधिकांश देश यूरोप के देशों के शिकंजे से मुक्त होने लगे। भारत भी उनमें से एक था। मोटे तौर पर दो महाशक्तियां स्थापित हो गई, अमेरिका (यूएसए) और सोवियत रूस। इन दोनों के वैचारिक धरातल भी अलग थे।

सोवियत रूस का दावा था कि वह कम्युनिज्म का पक्षधर है और अमेरिका पूंजीवाद का पोषक है। इस व्यवस्था को झटका तब लगा जब चीन में लंबे अरसे से चला आ रहा सिविल युद्ध कामयाब हो गया और चीन के अधिकांश हिस्से पर माओ के नेतृत्व में कम्युनिस्ट पार्टी का कब्जा हो गया और चीन की सरकार ताईवान तक सीमित हो गई। यहां तक कि कम्युनिस्ट पार्टी ने देश का आधिकारिक नाम भी रिपब्लिक ऑफ चाईना से बदल कर पीपुल्स रिपब्लिक ऑफ चाईना कर दिया। लेकिन अमेरिका की जिद के कारण 1971 तक वीटो पावर रिपब्लिक ऑफ चाईना (ताईवान) के पास ही रही, जबकि उसके पास अपनी रक्षा कर पाने की ताकत भी नहीं थी। शुरू में तो चीन सोवियत रूस की छाया में रहा। इसके लिए उसके पास कम्युनिज्म का बहाना भी था। लेकिन धीरे धीरे जब उसने अपने पैरों पर खड़े होने की ताकत समेट ली तो वह उसकी छाया से मुक्त हो गया। अलबत्ता अमेरिकी महाद्वीप के दक्षिणी हिस्से जिसमें ज्यादातर स्पेन के लोग आ बसे थे, के अनेक देशों ने कम्युनिज्म व्यवस्था को स्वीकार किया हुआ था। यूएसए की कूटनीतिक लड़ाई वैचारिक आधार के पर्दे में सोवियत रूस और लातीनी अमेरिका के देशों से हो रही थी। इस लड़ाई में सोवियत रूस टूट गया। उसके बाद सारी व्यवस्थाएं चरमरा गई। मध्य एशिया और पूर्वी यूरोप रूस के शिकंजे से निकल गया। पश्चिमी यूरोप में जर्मनी की दीवार टूट गई। चीन ने आर्थिक क्षेत्र में तो कम्युनिस्ट व्यवस्था छोड़ दी लेकिन शासन में पुरानी व्यवस्था जारी रखी। अमेरिका ने भी नए हालात में अपनी रणनीति बदली। उसने अपने आर्थिक हितों के लिए दूसरे देशों में सीधा सैन्य हस्तक्षेप करना शुरू कर दिया। जिस देश का राष्ट्रपति/अध्यक्ष अमेरिका के अनुकूल न हो, उसे सजा देने का उत्तरदायित्व वाशिंगटन ने स्वयं उठा लिया। इराक का सद्दाम हुसैन अमेरिका की इसी नीति का शिकार हुआ था। लेकिन अब वाशिंगटन के पास इस प्रकार के कामों के लिए कोई वैचारिक ढाल नहीं थी क्योंकि सद्दाम हुसैन को कम्युनिस्ट तो कहा नहीं जा सकता था। इसलिए अब अमेरिका ने नई रणनीति में आतंकवाद/ड्रगवाद को आधार बनाया। जबकि अफगानिस्तान के समय से अमेरिका ने खुद ही इस्लामी आतंकवाद की फसलें तैयार की थीं। लेकिन पिछले कुछ समय से अमेरिका ने इस प्रकार के सभी छद्म पर्दों से मुक्ति पा ली है। अब वाशिंगटन साफ-साफ किसी चतुर व्यापारी की भाषा में बात करनी शुरू कर रहा है। अमेरिका की इस नई नीति का शिकार वेनेजुएला हुआ है। हो सकता है लातीनी अमेरिका के कुछ अन्य देश भी अगली किश्त में इसका शिकार हो जाएं। वेनेजुएला में तेल है। चतुर व्यापारी जानता है तेल की कीमत होती है।

# वैश्विक विश्व युद्ध के मुहानें पर बैठी मानवता


संजीव ठाकुर

सावधान? मानवीय जीवन आज परमाणु युद्ध के कगार पर खड़ा है और पूरी पृथ्वी जैसे किसी सक्रिय ज्वालामुखी के मुख पर बैठी हुई प्रतीक्षा कर रही है कि अगला सनकी आदेश किस राजधानी से निकलेगा। परमाणु संपन्न देशों के शासक स्वयं को वैश्विक सिरमौर सिद्ध करने की खतरनाक होड़ में अपनी राजनीतिक महत्वाकांक्षाओं, विस्तारवादी मंसूबों और व्यक्तिगत सनकों को मानवता के अस्तित्व से ऊपर रख चुके हैं। चीन, रूस और उत्तर कोरिया जैसे देश जहाँ परमाणु शक्ति तानाशाही प्रवृत्तियों के हाथों में केंद्रित है। वहाँ यह खतरा और भी भयावह हो जाता है क्योंकि इतिहास गवाह है कि जब सत्ता विवेक से कट जाती है तब युद्ध अपरिहार्य हो जाता है, अमेरिका द्वारा द्वितीय विश्व युद्ध में हिरोशिमा और नागासाकी पर गिराए गए परमाणु बम आज भी मानवता के माथे पर कलंक की तरह दर्ज हैं। उसे समय के परमाणु हमले के विकिरण के दुष्प्रभाव आज भी जापान के बच्चों के शरीर और भविष्य में देखे जा सकते हैं।

उत्तर कोरिया के शासक किम जोंग उन द्वारा 2022 के बाद से सौ से अधिक हथियारों के परीक्षण जिनमें अमेरिका, दक्षिण कोरिया और जापान को लक्ष्य करने वाली परमाणु मिसाइलें शामिल हैं। यही इस बात का स्पष्ट संकेत हैं कि यह देश किसी भी क्षण सनक में विनाशकारी कदम उठा सकता है। रूस-यूक्रेन युद्ध ने यह सिद्ध कर दिया है कि आधुनिक युद्ध केवल सीमाओं तक सीमित नहीं रहते बल्कि वैश्विक संतुलन को झकझोर कर रखा देते हैं और यूक्रेन को नाटो तथा अमेरिका से मिल रही सहायता के कारण रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन कई बार सार्वजनिक रूप से परमाणु हथियारों के प्रयोग की धमकी दे चुके हैं। जबकि उन्हें यह अनुमान ही नहीं था कि यूक्रेन इतना लंबा प्रतिरोध कर पाएगा, चीन और ताइवान विवाद में भी अमेरिका के परोक्ष हस्तक्षेप से नाराज चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग अपनी विस्तारवादी महत्वाकांक्षाओं को पूरा करने के लिए कभी भी सैन्य कार्रवाई कर सकते हैं। जिससे एशिया प्रशांत क्षेत्र युद्ध के केंद्र में आ सकता है। यह भी सर्वविदित तथ्य है कि रूस, चीन और उत्तर कोरिया वर्तमान वैश्विक परिस्थितियों में अमेरिका के सबसे बड़े रणनीतिक विरोधी बन चुके हैं और अमेरिका स्वयं को विश्व का सर्वशक्तिमान बनाए रखने के दबाव में लगातार युद्धोन्मुखी नीति अपनाए हुए है।

अमेरिका और दक्षिण कोरिया द्वारा उत्तर कोरिया की सीमा पर लगातार सैन्य अभ्यास को प्योंगयांग हमले के पूर्वाभ्यास के रूप में देख रहा है।जबकि अमेरिका, जापान और दक्षिण कोरिया त्रिपक्षीय समझौतों के तहत संयुक्त बैलिस्टिक मिसाइल रणनीति पर आगे बढ़ चुके हैं।, इन तैयारियों के जवाब में उत्तर कोरिया द्वारा रणनीतिक क्रूज मिसाइल परीक्षणों का निरीक्षण इस बात की पुष्टि करता है कि टकराव की जमीन पूरी तरह तैयार हो चुकी है। पश्चिम एशिया में वेनेजुएला संकट, इसराइल-फिलिस्तीन युद्ध और यूक्रेन संघर्ष आपस में जुड़कर एक ऐसे वैश्विक युद्ध की प्रस्तावना रच रहे हैं जिसमें पाकिस्तान और खाड़ी देशों की भागीदारी की आशंका से भी इनकार नहीं किया जा सकता है। अमेरिका में चुनावी दबावों के चलते वहां का नेतृत्व अपनी वैश्विक बादशाहत बचाने के लिए किसी भी स्तर तक जाने को तैयार दिखाई देता है और उसके साथ ब्रिटेन, फ्रांस, ऑस्ट्रेलिया और इसराइल जैसे देश आंख मूंदकर खड़े रहते हैं।भारत की स्थिति इन परिस्थितियों में अत्यंत संवेदनशील है क्योंकि एक ओर उसकी चीन से परंपरागत शत्रुता है तो दूसरी ओर रूस से गहरे रणनीतिक संबंध और अमेरिका से बढ़ती निकटता है जबकि भारत लगातार शांति और संतुलन की भूमिका निभाने का प्रयास करता रहा है।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक व सम्पादक तकदीस फ़ातिमा रिज़वी ने ग्रुप-5 प्रकाशन, 55-बी, वज़ीर हसन रोड, लखनऊ से मुद्रित कराकर प्रथम तल, मस्जिद नूर महल, साकेत पल्ली, नरही, लखनऊ से प्रकाशित किया।

किसी भी लेख में कोई विवाद के लिए 'अवधनामा' जिम्मेदार नहीं होगा, इसकी जिम्मेदारी लेखक की है। किसी भी समाचार के विवाद के लिए न्याय क्षेत्र लखनऊ ही होगा।

**पोलिटिकल एडीटर : एम.एम. मोहसिन**

**स्थानीय संपादक**

**मोहम्मद आलम रिज़वी**

**RNI No UPHIN/2010/31173**

**टेली फैक्स नं। : 2288091, 4065716**

**avadhnamahindi@gmail.com,**

**भारत का प्रौद्योगिकी क्षेत्र तेजी से विस्तार कर रहा है, इस वर्ष इसके वार्षिक राजस्व के 280 बिलियन अमेरिकी डॉलर का आंकड़ा पार कर जाने का अनुमान है। प्रौद्योगिकी और एआई इकोसिस्टम में 60 लाख से अधिक लोग काम कर रहे हैं। देश में 1,800 से अधिक वैश्विक क्षमता केंद्र हैं, जिनमें 500 से अधिक एआई पर केंद्रित हैं। भारत में लगभग 1.8 लाख स्टार्टअप्स हैं, और पिछले वर्ष लॉन्च हुए नए स्टार्टअप्स में से लगभग 89 फीसदी ने अपने उत्पादों या सेवाओं में एआई का उपयोग किया। नैसकॉम एआई एडॉप्शन इंडैक्स पर, भारत ने 4 में से 2.45 अंक प्राप्त किए हैं।**

# एआई के गढ़ के रूप में उभरता भारत


राजेश माहेश्वरी

भारत कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) द्वारा संचालित एक नए युग की कगार पर खड़ा है, जहां प्रौद्योगिकी ज़िन्दगियां बदल रही है और देश की प्रगति को आकार दे बना रही है। एआई अब केवल शोध प्रयोगशालाओं या बड़ी कंपनियों तक ही सीमित नहीं है। यह हर स्तर पर नागरिकों तक पहुंच रहा है। दूरदराज़ के क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवा तक पहुंच को बेहतर बनाने से लेकर किसानों को फसल के बारे में पूरी जानकारी के साथ निर्णय लेने में मदद करने तक, एआई दैनिक जीवन को सरल, स्मार्ट और अधिक कनेक्टेड बना रहा है। यह व्यक्तिगत शिक्षा के माध्यम से कक्षाओं में क्रांति ला रहा है, शहरों को साफ और सुरक्षित बना रहा है, और तेज, डेटा-आधारित शासन के माध्यम से सार्वजनिक सेवाओं को बेहतर बना रहा है।

इंडिया एआई मिशन और एआई उत्कृष्टता केंद्र जैसी पहलें इस परिवर्तन के केंद्र में हैं। ये कंप्यूटिंग पॉवर तक पहुंच का विस्तार कर रही हैं, अनुसंधान का समर्थन कर रही हैं, और स्टार्टअप्स तथा संस्थानों को ऐसे समाधान तैयार करने में मदद कर रही हैं, जिनसे लोगों को सीधे लाभ पहुंचे। भारत का दृष्टिकोण एआई को खुला, किफायती और सुलभ बनाने पर केंद्रित है, यह सुनिश्चित करते हुए कि नवाचार समाज को समग्र रूप से उन्नत करे। भारत का प्रौद्योगिकी क्षेत्र तेजी से विस्तार कर रहा है, इस वर्ष इसके वार्षिक राजस्व के 280 बिलियन अमेरिकी डॉलर का आंकड़ा पार कर जाने का अनुमान है। प्रौद्योगिकी और एआई इकोसिस्टम में 60 लाख से अधिक लोग काम कर रहे हैं। देश में 1,800 से अधिक वैश्विक क्षमता केंद्र हैं, जिनमें 500 से अधिक एआई पर केंद्रित हैं। भारत में लगभग 1.8 लाख स्टार्टअप्स हैं, और पिछले वर्ष लॉन्च हुए नए स्टार्टअप्स में से लगभग 89 फीसदी ने अपने उत्पादों या सेवाओं में एआई का उपयोग किया। नैसकॉम एआई एडॉप्शन इंडेक्स पर, भारत ने 4 में से 2.45 अंक प्राप्त किए हैं, जिससे पता चलता है कि 87 फीसदी उद्यम सक्रिय रूप से एआई समाधान का उपयोग कर रहे हैं। एआई अपनाने में अग्रणी क्षेत्र हैं- औद्योगिक और ऑटोमोटिव, उपभोक्ता वस्तुएं और खुदरा क्षेत्र, बैंकिंग, वित्तीय सेवाएं तथा बीमा और स्वास्थ्य सेवा। ये मिलकर एआई के कुल मूल्य का लगभग 60 प्रतिशत का योगदान करते हैं। हाल ही में किए गए एक बीसीजी सर्वेक्षण के अनुसार, लगभग 26 फीसदी भारतीय कंपनियों ने बड़े पैमाने पर एआई परिपक्वता हासिल कर ली है।

सल में आने वाले चंद सालों में भारत एआई का गढ़ बनने जा रहा है। यही आकलन करने के बाद गूगल ने आंध्रप्रदेश के विशाखापट्टनम में एआई का डाटा सेंटर स्थापित करने की घोषणा की है। यह डाटा केंद्र, अमरीका से बाहर, सबसे




बड़ा केंद्र होगा। गूगल ने आगामी पांच सालों में 15 अरब डॉलर खर्च करने का ऐलान राजधानी दिल्ली में आयोजित एक मेगा इवेंट में किया है। केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण, आईटी मंत्री अश्विनी वैष्णव, आंध्र के मुख्यमंत्री चंद्रबाबू नायडू आदि इस मेगा आयोजन में उपस्थित रहे। गूगल क्लाउड के सीईओ थॉमस कूरियन ने खुलासा किया कि आज 14,000 से अधिक भारतीय गूगल के साथ जुड़े हैं और गूगल की 5 एआई लैब्स पहले से ही भारत में सक्रिय हैं। विशाखापट्टनम का केंद्र गूगल के संपूर्ण एआई सिस्टम का हिस्सा होगा, जो भारत में क्लाउड इंफ्रास्ट्रक्चर, डाटा सॉल्यूशंस और एआई मॉडल्स को तेजी से स्केल करेगा। गूगल के थॉमस ने यह स्पष्ट घोषणा की कि भारत अब सिर्फ उपभोक्ता नहीं, बल्कि एआई नवाचार का जेनरेटर बन रहा है।' भारत में अदाणी समूह के साथ मिल कर यह एआई केंद्र बनाया जाएगा। गूगल का इतना बड़ा निर्णय भारतीय बाजार और भारत में एआई को ग्रहण करने की संभावनाओं की ताकत को सत्यापित करता है। भारत सरकार ने एआई मिशन के लिए 5 साल के दौरान 10,300 करोड़ रुपए से अधिक की राशि आवंटित की है। उसके तहत 38,000 ग्राफिक्स प्रोसेसिंग यूनिट (जीपीयू) लगाई गई हैं। प्रौद्योगिकी और एआई पारिस्थितिकी तंत्र में करीब 60 लाख लोग कार्यरत हैं। इस साल प्रौद्योगिकी क्षेत्र का राजस्व 280 अरब डॉलर को पार कर सकता है। भारत की अर्थव्यवस्था में 2035 तक एआई 1.7 ट्रिलियन डॉलर जोड़ सकता है। अंतरराष्ट्रीय डाटा कॉरपोरेशन के मुताबिक, भारत का एआई बाजार 2025 में करीब 8 अरब डॉलर तक पहुंचने की उम्मीद है।

दरअसल भारत विश्व में सबसे बड़ा ऐसा देश और समाज है, जो अभी से एआई के साथ परिवर्तन लाने को उत्साहित है। विशाखापट्टनम को इसलिए चुना गया है, क्योंकि आंध्रप्रदेश की राजधानी रहते हुए हैदराबाद को 'साइबर सिटी' का विशेषण मिला था। तेलंगाना के गठन के बाद समीकरण बदले। अब हैदराबाद उसकी राजधानी है, लिहाजा आंध्र के विशाखापट्टनम को गूगल की विराट परियोजना के लिए चुना गया। यहां गूगल के विकास और बढ़ोतरी की अपार क्षमताएं हैं, क्योंकि रणनीतिक तौर पर यह क्षेत्र एआई की रीढ़ है। सवाल है कि क्या भारत का विकास और उसकी बढ़ोतरी भी गूगल के अनुपात में ही होगी? इस मौके पर गूगल के सीईओ सुंदर पिचाई ने 'एक्स' पर यह लिखा कि उन्होंने प्रधानमंत्री मोदी से बात की थी और विशाखापट्टनम में पहले गूगल एआई हब स्थापित करने की योजना बताई थी। पिचाई के मुताबिक, इस एआई केंद्र में गीगावॉट स्केल कंप्यूट क्षमता, अंतरराष्ट्रीय सबसी गेटवे और बड़े ऊर्जा आधारभूत ढांचे का गेटवे शामिल होंगे। इससे भारत में उपयोगकर्ता और उद्यमियों को उद्योग संबंधी प्रौद्योगिकी मिल सकेगी, जिससे देश में एआई नवाचार बढ़ेगा। बेशक ऐसे बुनियादी ढांचे के साथ भारत अपनी डाटा संप्रभुता में सुधार कर सकता है, एआई का सशक्त गढ़ बन सकता है, लेकिन यह सवाल मौजू है कि एआई कैसे तैनात की जाएगी? एआई कंपनियां भविष्य में 'द्वारपाल' की शक्तियों के साथ मानविकी पर भारी पड़ेंगी। क्या भारत में ऐसा होना चाहिए कि मानविकी बिल्कुल पिछड़ जाए, जिसमें कला-साहित्य, भाषा, अर्थशास्त्र आदि क्षेत्र शामिल हैं।

गूगल ने सत्यापित किया है कि कैसे प्रौद्योगिकी के नवाचार आधुनिक संपन्नता के इंजन साबित हो सकते हैं, लेकिन यह भी बताया कि कैसे ऐसी आर्थिक बढ़ोतरी न तो प्राकृतिक है और न ही गारंटीशुदा है। अंततः एआई ही भविष्य को तय करेगी। वह भविष्य कैसा होगा, यह इस सत्य पर आश्रित होगा कि एआई के ढांचे को वास्तविक और शारीरिक तथा डिजिटली तौर पर नियंत्रित कौन करेगा? कौन एआई की कीमत, मूल्य, पहुंच और नियम आदि तय करेगा? एआई के फायदे और जोखिम कैसे बांटे जाएंगे? बड़ी और दिग्गज कंपनियों के एकाधिकार कौन तोड़ेगा? जैसे-जैसे भारत एक समावेशी एआई इकोसिस्टम का निर्माण कर रहा है, इसकी बढ़ती वैश्विक मान्यता इस प्रगति को दर्शाती है।

# अमेरिका की दादागिरी कंही तीसरा विश्व युद्ध न करा दे

**ट्रंप की राजनीति गंभीर कूटनीति से ज़्यादा व्यक्तिगत अहंकार, आक्रामक भाषा और दिखावटी मर्दानगी पर टिकी रही। वेनेजुएला के मामले में भी उन्होंने वही किया। खुलेआम सैन्य हस्तक्षेप की धमकियाँ, सारे विकल्प खुले हैं जैसे बयान, और खुद को दुनिया का मालिक समझने वाला रवैया-यह सब ट्रंप की उसी ठरकी मानसिकता का विस्तार था जिसमें ताकत का प्रदर्शन ही समाधान माना जाता है।**


सुरेश सिंह बैस

अमेरिका द्वारा वेनेजुएला पर सारे अंतरराष्ट्रीय नियमों को धता बताते हुए जो अलोकतांत्रिक कार्यवाही की गई है वह निश्चय है तृतीय विश्व युद्ध को आमंत्रित करता नजर आ रहा है। यह घटना ऐसी विलक्षण घटना है जो दुनिया के देशों को दो खेमों में बांटता स्पष्ट रूप से दिखाई दे रहा है। एक तरफ अमेरिका और उसके हित चिंतक देश है तो दूसरी ओर पूरा यूरोप और नाटो के देश, ट्रंप की कार्रवाई से भृकुटी तान चुके हैं, डेनमार्क ने तो यहां तक कह दिया है कि अगर ऐसे ही ग्रीनलैंड को अमेरिका द्वारा हथियाने की हिमाकत की गई तो यह बहुत बुरा परिणाम देने वाला साबित होगा। दूसरी और रूस और चीन भी अमेरिका के इस कार्रवाई की तीखी निंदा कर चुके हैं। केवल भारत ही एक ऐसा शक्तिशाली देश है जो इन सभी घटनाओं पर संयत रूप से बयान और नजर रख रहा है। भारत का स्पष्ट संदेश है कि सर्वजन हिताय सर्वहित सुखाय सबका साथ सबका विश्वास यही नीति वैश्विक रूप से भारत चाहता है। वह किसी खेमे में न जाकर शांतिपूर्ण हल की बात कह रहा है।

वहीं वेनेजुएला पर अमेरिका के संभावित या अप्रत्यक्ष हमलों की चर्चा जब भी होती है, तो सबसे पहले दिमाग में जो शब्द उभरता है वह है-तेल। यह कोई संयोग नहीं है। वेनेजुएला वह देश है जिसकी धरती के नीचे दुनिया के सबसे बड़े सिद्ध आरक्षित तेल भंडार मौजूद हैं, और यही संसाधन उसे समृद्धि के साथ-साथ अभिशाप भी देता है। अमेरिका, जो स्वयं को लोकतंत्र और मानवाधिकारों का वैश्विक रक्षक घोषित करता है, वेनेजुएला के मामले में बार-बार आक्रामक रुख अपनाता रहा है। आधिकारिक बयान हमेशा यही कहते हैं कि वेनेजुएला में लोकतंत्र खतरे में है, तानाशाही है, जनता पीड़ित है, लेकिन इन तर्कों के पीछे छिपे आर्थिक और सामरिक हितों को नज़रअंदाज़ करना बौद्धिक बेईमानी होगी। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की कार्यवाहियां विश्व में उथल-पुथल मचा रही है। सबको साथ लेकर चलने की बजाय केवल तानाशाही और निरंकुश 'अमेरिका फर्स्ट' की नीति को रखते हुए जो वह अपने प्लानिंग कर रहे हैं वह अमेरिका के साथ साथ वैश्विक रूप से बहुत घातक साबित हो सकती है।

ह्यूगो चावेज़ और बाद में निकोलस मादुरो की सरकारों ने जब तेल उद्योग का राष्ट्रीयकरण किया और अमेरिकी कंपनियों के वर्चस्व को चुनौती दी, तभी से वेनेजुएला अमेरिका की आँख की किरकिरी बन गया। अमेरिका की आदत रही है कि जो सरकारें उसके आर्थिक हितों के अनुकूल नहीं होतीं, उन्हें वह ÷अलोकतांत्रिक÷ घोषित कर देता है। वेनेजुएला में हालात सचमुच खराब हैं- महंगाई, बेरोज़गारी, पलायन और राजनीतिक दमन-लेकिन यह सवाल बार-बार उठता है कि क्या इन हालातों को सुधारने का एकमात्र अमेरिकी प्रतिबंधों की भी बड़ी भूमिका है। डोनाल्ड ट्रंप के राष्ट्रपति बनने के बाद यह पूरा मसला और अधिक



कड़वा तथा असंयमित हो गया। ट्रंप की राजनीति गंभीर कूटनीति से ज़्यादा व्यक्तिगत अहंकार, आक्रामक भाषा और दिखावटी मर्दानगी पर टिकी रही। वेनेजुएला के मामले में भी उन्होंने वही किया। खुलेआम सैन्य हस्तक्षेप की धमकियाँ, सारे विकल्प खुले हैं जैसे बयान, और खुद को दुनिया का मालिक समझने वाला रवैया-यह सब ट्रंप की उसी ठरकी मानसिकता का विस्तार था जिसमें ताकत का प्रदर्शन ही समाधान माना जाता है। वे न तो लैटिन अमेरिका के इतिहास की जटिलताओं को समझना चाहते थे, न ही आम वेनेजुएलाई नागरिकों की पीड़ा से उन्हें कोई वास्तविक सरोकार था। उनके लिए वेनेजुएला एक ऐसा मंच था जहाँ वे घरेलू राजनीति के लिए सख़्त नेता बनने का तमगा हासिल कर सकते थे और तेल लॉबी को भी खुश रख सकते थे।

ट्रंप प्रशासन के दौरान लगाए गए कड़े आर्थिक प्रतिबंधों ने वेनेजुएला की अर्थव्यवस्था की कमर तोड़ दी। तेल बेचने पर रोक, बैंकिंग व्यवस्था से बाहर करना और अंतरराष्ट्रीय लेन-देन को लगभग असंभव बना देना-यह सब बिना गोली चलाए युद्ध लड़ने जैसा था। इसके परिणामस्वरूप सरकार से ज़्यादा आम जनता प्रभावित हुई। दवाइयों की कमी, भोजन का संकट और जीवन स्तर में गिरावट ने यह सवाल और तीखा कर दिया कि क्या यह सब सच में लोकतंत्र लाने के लिए किया जा रहा है या फिर जनता को इतना तोड़ने के लिए कि सत्ता परिवर्तन अपने आप हो जाए।

यह भी नहीं भूलना चाहिए कि वेनेजुएला केवल तेल का मामला नहीं है, बल्कि भू-राजनीति का भी अखाड़ा है। रूस और चीन जैसे देशों की बढ़ती मौजूदगी अमेरिका को असहज करती है। ट्रंप जैसे नेता के लिए यह असहजता और भी निजी हो जाती है, क्योंकि वे दुनिया को शतरंज की बिसात की तरह देखते हैं, जहाँ हर चाल शक्ति प्रदर्शन से जुड़ी होती है। ऐसे में वेनेजुएला पर सख़्ती दिखाना उनके लिए अल्फ़ा लीडर बनने का आसान तरीका था। फिर भी, यह कहना कि अमेरिका का हर कदम सिर्फ़ तेल के लिए है, पूरी सच्चाई नहीं होगी, लेकिन यह भी उतना ही सच है कि अगर वेनेजुएला के पास तेल न होता, तो शायद उसे बचाने या सुधारने की इतनी बेचैनी अमेरिका को कभी न होती। ट्रंप की आक्रामक, आत्ममुग्ध और कई बार हास्यास्पद लगने वाली भूमिका ने इस पूरे संघर्ष को और अधिक खतरनाक बना दिया, जहाँ कूटनीति की जगह धमकी और संवाद की जगह दबाव ने ले ली।

अंततः इस पूरी कहानी में सबसे दुखद पक्ष यह है कि सत्ता की इस वैश्विक खींचतान में वेनेजुएला का आम नागरिक पिसता है। उसके लिए यह अमेरिका बनाम मादुरो या ट्रंप बनाम समाजवाद का संघर्ष नहीं, बल्कि रोज़मर्रा की ज़िंदगी की लड़ाई है। वेनेजुएला पर अमेरिका की नीति, खासकर ट्रंप के दौर में, यह दिखाती है कि जब राजनीति में संसाधन, अहंकार और शक्ति की भूख मिल जाती है, तो लोकतंत्र और मानवाधिकार केवल भाषणों तक सीमित रह जाते हैं। निकोलस मादूरो की सत्ता फिलहाल जितनी कमजोर दिखती है, उतनी अस्थिर नहीं है। इसकी सबसे बड़ी वजह है सेना का समर्थन। जब तक वेनेजुएला की सेना मादुरो के साथ खड़ी है, तब तक किसी भी बाहरी या आंतरिक दबाव से सत्ता परिवर्तन होना बेहद कठिन है। विपक्ष बिखरा हुआ है, उसके पास न तो कोई सर्वमान्य नेतृत्व है और न ही जनता का वह जोश, जो किसी निर्णायक बदलाव को जन्म दे सके। हाल के वर्षों में मादुरो ने एक बात अच्छी तरह सीख ली है-सत्ता बचाने की कला। उन्होंने चुनावी प्रक्रिया पर पकड़ मज़बूत की, संस्थानों को अपने अनुकूल रखा और अमेरिका के दबाव के बावजूद रूस, चीन और ईरान जैसे देशों के साथ रिश्ते और गहरे किए। आर्थिक संकट के बीच भी उन्होंने सीमित स्तर पर बाज़ार को ढील देकर हालात को पूरी तरह विस्फोटक होने से रोका है। इसलिए निकट भविष्य में मादूरो का अचानक पतन संभव नहीं दिखता। हालाँकि इसका यह मतलब नहीं कि उनकी स्थिति मज़बूत है। जनता का असंतोष गहरा है, वैधता पर सवाल बने हुए हैं और अर्थव्यवस्था अब भी नाजुक है। मादूरो शायद सत्ता में बने रहें, लेकिन कमज़ोर, विवादित और अंतरराष्ट्रीय दबाव में घिरे हुए नेता के रूप में। अब सवाल अमेरिका का है।

# गाँव तक योजना पहुंची है रोशनी नहीं

**सोलर स्ट्रीट लाइटें गाँवों में सिर्फ उजाला प्रदान नहीं करती हैं बल्कि वे लोगों के दिलों में खुशी, निडरता और संवाद की भावना जगाती हैं। अंधेरे की रातें हलकी-सी रोशनी में बदलने से लोग शाम के समय बाजारों, सामुदायिक सभाओं और सांस्कृतिक गतिविधियों में अधिक सक्रिय हो सकते हैं। किशोरियों को पढ़ाई करने और महिलाओं को घर के बाहर सुरक्षित महसूस कराता हैं जिससे वे सामाजिक जीवन में अधिक भाग ले पाती हैं।**


कविता हुलेरिया

भारत के गांवों में रात का अँधेरा सिर्फ अँधेरा नहीं, बल्कि सुरक्षा-संकट, अवसरों का नुकसान, स्वतंत्र आवाजाही में बाधा और रोज़मर्रा की ज़िन्दगी को जोखिम में डालने वाला अनुभव बन जाता है। यह वह मुश्किलें हैं जो उत्तराखंड के बागेश्वर जिला के एक दूर दराज गाँव जखेड़ा के लोगों को रोज झेलनी पड़ती है। इस छोटे से गांव में जहाँ लगभग 1546 लोग रहते हैं, रात के समय कच्चे रास्तों पर चलते हुए डर और असहजता आम बात है। बच्चों से लेकर पुरुष, महिलाएँ और बुजुर्ग सभी को अँधेरे से जूझना पड़ता है क्योंकि रास्तों पर पर्याप्त रौशनी नहीं होती है।

गाँव वालों का कहना है कि सड़क पर लाइट की व्यवस्था न होने की वजह से रात में चलना जोखिम भरा हो जाता है। जंगली जानवरों से लेकर ठोकर खाकर गिरने तक के भय के साथ लोगों की इस पर से गुजर होती है। हालांकि ग्रामीण क्षेत्रों में कई बार सोलर लाइट की व्यवस्था की जाती है, और जखेड़ा गाँव के कुछ रास्तों पर इसकी व्यवस्था भी है, लेकिन अभी भी गाँव के सभी रास्तों पर लोगों को इस सुविधा का इंतज़ार है। देश स्तर पर भी सोलर स्ट्रीट लाइटें लगाने की कई योजनाएं मौजूद हैं। अटल ज्योति योजना के तहत अब तक 257 जिलों में लगभग 2.72 लाख सोलर स्ट्रीट लाइटें लगाई जा चुकी हैं, और यह प्रक्रिया अभी भी जारी है, ताकि उन इलाकों को रोशन किया जा सके जहाँ ग्रिड-बिजली भरोसेमंद नहीं है। राज्य स्तर पर भी कई योजनाएं चल रही हैं। हरियाणा में बिजली पहुँचाने के प्रयासों के तहत सोलर स्ट्रीट लाइटें लगाई जा रही हैं, लेकिन कई गांवों में अभी भी पर्याप्त संख्या में रोशनी नहीं पहुँची है।

अब उत्तराखंड राज्य के उदाहरण को देखें तो यह राज्य हिमालयी भौगोलिक क्षेत्र में बसा हुआ है, जहां बिजली की निरन्तरता चुनौतीपूर्ण रही है। उत्तराखंड अक्षय ऊर्जा विकास अभिकरण (उरेडा) और अन्य विभागों ने ग्रामीण हिस्सों में सोलर लाइटों की स्थापना के लिए कदम उठाए हैं। चम्पावत जिले के ग्रामीण इलाकों के लिए उरेडा को लगभग ?72 लाख की धनराशि मिली है, जिससे चार विकासखंडों में एलईडी-आधारित सोलर स्ट्रीट लाइटों की स्थापना की प्रक्रिया शुरू हो गई है। यह धनराशि सोलर लाइटें लगाने और ग्रामीण रास्तों, सार्वजनिक स्थानों को रोशन करने के लिए आवंटित की गई है जिससे अँधेरे में आवाजाही आसान हो सके। इसके अतिरिक्त, अप्रैल 2025 में अल्मोड़ा जिले में लगभग 90 लाख की लागत से गाँवों में सोलर लाइट लगाई गई,



जो छह ब्लॉकों में 72 स्थानों तक रात की आवाजाही को आसान बनाने में मदद कर रही है। इस तरह की पहल से यह क्षेत्र न सिर्फ अँधेरे को कम करता है, बल्कि रात में स्कूलों, बाज़ारों और चिकित्सकीय सेवाओं तक पहुँच भी सुलभ बनाता है। पिछले कुछ महीनों में नैनीताल जिले के लिए निजी कंपनी के सीएसआर फंड और सांसद के सहयोग से लगभग 1400 सोलर स्ट्रीट लाइटों की व्यवस्था की गई, ताकि गाँवों की गलियों और सड़क किनारों को उजाला मिल सके। स्थानीय प्रशासकों ने कहा है कि पंचायत प्रतिनिधियों द्वारा योग्य स्थलों का चुनाव किया जाना चाहिए ताकि रोशनी का लाभ सभी तक समान रूप से पहुँचे। इन आँकड़ों और परियोजनाओं को देख कर यह समझ में आता है कि उत्तराखंड जैसे पहाड़ी राज्य में सोलर लाइट की आवश्यकता सिर्फ एक तकनीकी समाधान नहीं है, बल्कि जीवन की गुणवत्ता में वास्तविक बदलाव लाने वाली आवश्यकता भी है। जहां बिजली का ग्रिड की समुचित व्यवस्था नहीं पहुंच रही है, वहाँ सोलर स्ट्रीट लाइट गाँवों को रात में सुरक्षित महसूस कराने का एक सरल और टिकाऊ उपाय बन रही हैं, जो स्थानीय लोगों की आवाजाही, बच्चों की पढ़ाई, महिलाओं की स्वतंत्रता तथा बुजुर्गों की रात की सुरक्षा को बेहतर बनाती हैं।

जब हम जखेडा जैसा गाँव देखते हैं, जहाँ लोग रात में सड़क पर चलते समय डर महसूस करते हैं, उनकी ज़रूरत और अपेक्षा निर्विवाद रूप से स्पष्ट होती है। वे चाहते हैं कि हर रास्ता, हर घर मोड़ पर पर्याप्त रोशनी हो ताकि कोई भी रात के अँधेरे में अपने दैनिक कामों, घर-परिवार, और सामाजिक भागीदारी से वंचित न रहे। गांव वाले यह भी कहते हैं कि रोशनी बिना भेदभाव सब तक पहुँचनी चाहिए। किसी जाति, समूह या आर्थिक स्थिति के आधार पर भेदभाव न हो और यह कि सोलर लाइटें ऐसी हो कि उनकी बैटरियाँ सुरक्षित रहें, चोरी या क्षति से बची रहें और लंबे समय तक काम करें। सोलर स्ट्रीट लाइटें गाँवों में सिर्फ उजाला प्रदान नहीं करती हैं बल्कि वे लोगों के दिलों में खुशी, निडरता और संवाद की भावना जगाती हैं। अंधेरे की रातें हलकी-सी रोशनी में बदलने से लोग शाम के समय बाजारों, सामुदायिक सभाओं और सांस्कृतिक गतिविधियों में अधिक सक्रिय हो सकते हैं। किशोरियों को पढ़ाई करने और महिलाओं को घर के बाहर सुरक्षित महसूस कराता हैं जिससे वे सामाजिक जीवन में अधिक भाग ले पाती हैं।

इससे यह प्रश्न उठता है कि क्या सरकारी योजनाएं और स्थानीय प्रशासन की पहल जखेडा जैसे गांवों तक इतनी रोशनी पहुँचा पाएगी कि हर व्यक्ति विशेषकर महिलाएं और किशोरियां खुद को सुरक्षित महसूस कर पाएं? उत्तराखंड के उदाहरण से पता चलता है कि संसाधनों के सही उपयोग, स्थानीय लोगों की सहभागिता और योजनाओं की निरन्तर निगरानी से अंधेरे को रोशन किया जा सकता है। गाँव के लोग जब यह देखते हैं कि उनके रास्तों पर लाइटें लगी हैं, तो उनका आत्मविश्वास बढ़ता है और वे जरूरत के समय बेफिक्र होकर रात में बाहर निकल पाते हैं। सोलर लाइट सिर्फ बिजली का विकल्प ही नहीं हैं बल्कि वे जीवन की गुणवत्ता में बदलाव लाती हैं और गांवों को रात के समय भी जीवंत बनाती हैं। यही वह उम्मीद है जो जखेडा के लोग उजाला की किरणों में देखना चाहते हैं एक सुरक्षित, सक्षम और रौशन जीवन, जहाँ अंधेरे की रातें सिर्फ भूली-बिसरी बात बन जाएँ और हर मोड़ पर उजाला हर महिला और किशोरी का साथी बने।

# संदिग्ध मांस कटान से बवाल तीन कबाड़ गोदामों में आगजनी

अवधनामा संवाददाता



■ 45 किलो मांस बरामद, तीन हिरासत में, कई थानों की फोर्स तैनात

**मथुरा।** जनपद के हाईवे थाना क्षेत्र की अजय नगर कॉलोनी में संदिग्ध मांस कटान की सूचना मिलते ही इलाके में जबरदस्त हंगामा मच गया। सूचना फैलते ही बड़ी संख्या में लोग मौके पर जुट गए और हालात तनावपूर्ण हो गए। इसी दौरान कॉलोनी में स्थित तीन कबाड़ गोदामों में आग लग गई जिससे अफरा-तफरी मच गई। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए मौके से करीब 45 किलो संदिग्ध मांस बरामद कर उसे जांच के लिए वेटनरी कॉलेज भेज दिया। मामले में तीन लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। आग पर दमकल विभाग ने करीब दो घंटे की मशक्कत के बाद काबू पाया।

मामले को लेकर पुलिस अधीक्षक नगर ने बताया कि सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची और एहतियातन संदिग्ध मांस को जब्त कर लिया गया है। मांस के नमूने को लैब टेस्टिंग के लिए वेटेनरी कॉलेज भेजा गया है। रिपोर्ट आने के बाद आगे की विधिक कार्रवाई की जाएगी। फिलहाल स्थिति पूरी तरह नियंत्रण में है और कानून व्यवस्था सामान्य बनी हुई है। पुलिस अधिकारियों ने आमजन से अपील की है कि किसी भी प्रकार की अफवाहों पर ध्यान न दें और शांति बनाए रखें। जांच रिपोर्ट आने तक पुलिस द्वारा पूरे मामले की निगरानी की जा रही है। गोवर्धन रोड के अजय नगर कॉलौनी में आज सुबह गो मांस की सूचना पर हिंदू संगठनों ने हंगामा कर दिया। इस दौरान कबाड़ के तीन गोदाम में आग लगा दी गई। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने हालात पर बमुश्किल काबू पाया है। दमकलों की गाड़ियों से आग पर काबू पाया गया। बताया जाता है कि गोवर्धन रोड के अजय नगर एक इंटर कालेज के समीप गो मांस कटान की सूचना पर गौ रक्षक दल व हिंदू संगठनों ने हंगामा किया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने करीब 45 किलो मांस बरामद किया है।

# छात्र को जिंदा जलाने की कोशिश, दो आरोपी गिरफ्तार

अवधनामा संवाददाता

■ आारोपियों का अपराधिक रिकार्ड तलाश कर रही पुलिस

**मुरादाबाद।** हिंदू कालेज में छात्र पर पेट्रोल डालकर जिंदा जलाने की कोशिश करके सनसनी फैलाने वाले दो आरोपी छात्रों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस अब आारोपियों का अपराधिक रिकार्ड तलाश कर रही है।

याद रहे कि गुरुवार को हिंदू कालेज में बीकॉम की परीक्षा देकर निकले छात्र फरहाद अली पुत्र नवाब अली निवासी हरथला, मोहल्ला दर्जियान, थाना सिविल लाइंस पर दो छात्रों ने पीछे से पेट्रोल छिड़क कर आग लगा दी थी। पेंट में आग लगने से छात्र घबराकर गया और आग बुझाने की कोशिश के बीच कालेज परिसर में दौड़कर आाग बुझाने के लिए मदद मांग रहा था।

घटना से कालेज परिसर में सनसनी फैल गई और साथियों ने आग पर काबू पाया था। इस बीच फरहाद की जांघ और हाथ झुलस गए थे जिसका उपचार अस्पताल में कराया जा रहा है। इस बीच प्रभारी निरीक्षक कोतवाली राजेश कुमार के नेतृत्व में गठित पुलिस टीम द्वारा अथक प्रयास करते हुए आरूष उर्फ आयुष उर्फ अनुराग पुत्र श्री सुनील कुमार निवासी रेलवे कॉलोनी, चन्दन नगर, थाना सिविल लाइंस तथा दीपक पुत्र सुरजीत सिंह निवासी गोविन्द नगर, थाना कटघर को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने ज्वलनशील पदार्थ ले जाने में प्रयुक्त बोतल, लाईटर तथा मजरूब की जली हुई पेन्ट भी बरामद कर ली है। पुलिस के मुताबिक पूछताछ में अभियुक्तों ने बताया कि फरहाद अली हम लोगो से ज्यादा नम्बर लाता है इसी बात को लेकर हम दोनो उससे ईर्ष्या करते हैं।

इस समय इन्स्ट्राग्राम में एक ट्रेड काफी चल रहा है जिसमे तेल डालकर आग लगा देते है तथा आग नही लगती। हम लोगो ने सोचा कि ऐसी ही एक वीडियो बनाएगे तथा फरहाद अली के ऊपर पेट्रोल डालकर उसे जला देगे और फिर उसे बुझायेगे। इसका वीडियो बनायेगे और वायरल करेंगे।

# जी राम जी: मेहनतकश ग्रामीण समाज के लिए एक बड़ा परिवर्तन

अवधनामा संवाददाता



**देवरिया।** पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के क्रम में आज केन्द्रीय राज्य मंत्री, सांसद, लोकसभा क्षेत्र बांसगांव कमलेश पासवान द्वारा जनपद देवरिया के विकास भवन स्थित गांधी सभागार में प्रेस कॉन्फ्रेंस के माध्यम से पत्रकारों को संबोधित किया गया।

प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान जिला अध्यक्ष (भा.ज.पा.) भूपेन्द्र सिंह, जिला उपाध्यक्ष तथा वीबी-जी राम जी अभियान के जिला संयोजक राजेश कुमार मिश्र सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे। उक्त प्रेस कॉन्फ्रेंस में विकसित भारत गारंटी फॉर रोजगार एवं आजीविका मिशन (ग्रामीण) (वीबी-जी राम जी) के प्रावधानों के संबंध में विस्तृत जानकारी दी गई। मंत्री द्वारा मनरेगा से वीबी-जी राम जी में परिवर्तन के कारणों एवं इसके उद्देश्यों को विस्तारपूर्वक बताया गया। तत्पश्चात सांसद द्वारा पत्रकारों के प्रश्नों का उत्तर दिया गया। प्रेस वार्ता के मुख्य बिंदु इस प्रकार रहे– संसद द्वारा हाल ही में पारित किया गया विकसित भारत रोजगार और आजीविका के लिए गारंटी मिशन (ग्रामीण)वीबी-जी राम जी (विकसित भारत-जी राम जी) अधिनियम देश के ग्रामीण परिवारों के लिए एक ऐतिहासिक कदम है। इस नए अधिनियम में रोजगार की गारंटी को 100 दिनों से बढ़ाकर 125 दिन कर दिया गया है, जो कि मेहनतकश ग्रामीण समाज के लिए एक बड़ा परिवर्तन है।

पूर्ववर्ती अधिनियम, अर्थात् महात्मा गांधी नरेगा में बेरोजगारी भत्ता प्राप्त करना लगभग असंभव था, क्योंकि उसमें अनेक शर्तें थीं। किंतु विकसित भारत-जी राम जी अधिनियम में ये सभी प्रतिबंध समाप्त कर दिए गए हैं। अब यदि कार्य मांगने पर रोजगार उपलब्ध नहीं होता है, तो बेरोजगारी भत्ता स्वतः देय होगा। इससे रोजगार का अधिकार वास्तविक रूप से एक कानूनी अधिकार बन गया है। मजदूरी भुगतान में विलंब की शिकायतें पहले आती रहती थीं। अब यदि मजदूरी भुगतान में देरी होती है, तो प्रत्येक विलंबित दिवस का मुआवजा मजदूरी के साथ प्रदान किया जाएगा। इससे पारदर्शिता बढ़ेगी और श्रमिकों को उनका पूरा अधिकार प्राप्त होगा। अब कार्यों की योजना ग्राम सभा में ही तय की जाएगी। कोई भी कार्य ऊपर से नहीं थोपा जाएगा। ग्राम पंचायत द्वारा विकसित ग्राम पंचायत योजना तैयार की जाएगी, जिसके लिए ग्रामीणों की सहभागिता अनिवार्य होगी।

# आइजीआरएस : प्रदेश में 8वां स्थान, दो तहसील प्रथम स्थान

अवधनामा संवाददाता



**उरई (जालौन)।** उत्तर प्रदेश सरकार की प्राथमिकता वाली जन शिकायत निवारण प्रणाली पर शिकायतों के त्वरित, पारदर्शी एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण में जनपद ने प्रदेश स्तर पर 08वां स्थान प्राप्त कर एक उल्लेखनीय उपलब्धि अर्जित की है। विशेष रूप से गौरव की बात यह है कि तहसील जालौन एवं तहसील कालपी ने पूरे प्रदेश में प्रथम स्थान प्राप्त कर जनपद का नाम रोशन किया है। दिसंबर 2025 की मासिक रैंकिंग में जनपद जालौन ने शत-प्रतिशत प्रदर्शन करते हुए उत्कृष्ट प्रशासनिक दक्षता का परिचय दिया है।

जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय ने कहा कि यह उपलब्धि जनपद प्रशासन की सतत निगरानी, प्रभावी अनुश्रवण एवं टीम भावना का परिणाम है। उन्होंने कहा कि आइजीआरएस पोर्टल पर प्राप्त प्रत्येक शिकायत को गंभीरता से लेते हुए उसकी नियमित समीक्षा की गई तथा यह सुनिश्चित किया गया कि शिकायतों का निस्तारण केवल कागजी न होकर स्थायी और व्यवहारिक समाधान के साथ हो। जिलाधिकारी ने कहा कि नियमित मॉनिटरिंग, अधिकारियों के साथ निरंतर संवाद और फील्ड स्तर पर सत्यापन के कारण जनपद को यह सफलता मिली है। उन्होंने प्रथम स्थान प्राप्त करने वाली तहसीलों के अधिकारियों एवं कर्मचारियों की सराहना करते हुए कहा कि यह उपलब्धि उनकी कर्तव्यनिष्ठा, संवेदनशीलता और जनसेवा के प्रति समर्पण का प्रमाण है।

# सीएमओ ऑफिस बना वसूली का अड्डा

**मथुरा।** धर्मनगरी में स्वास्थ्य विभाग इन दिनों इलाज कम और 'उगाही' ज्यादा कर रहा है। मथुरा के मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय में भ्रष्टाचार की जड़ें इतनी गहरी हो गई हैं कि यहाँ बिना सुविधा शुल्क के सांस लेना भी दूभर है। आलम यह है कि अगर आप नियम कायदों के पक्के हैं तो आपका काम फाइलों के बोझ तले दबा रहेगा और अगर जेब ढीली कर दीए तो सिस्टम रॉकेट की रफ्तार से दौड़ेगा।

वर्तमान में जिले के निजी क्लिनिकों के नवीनीकरण का सीजन चल रहा है। सरकार ने व्यवस्था तो ऑनलाइन की थी ताकि पारदर्शिता रहेए लेकिन यहाँ के साहबों ने डिजिटल सिस्टम में भी भ्रष्टाचार का वायरस डाल दिया है। नियम पूरे होने के बाद भी चिकित्सकों के आवेदन पोर्टल पर हफ्तों तक पेंडिंग शो होते रहते हैं। चर्चा है कि विभाग में तैनात एक खास साहब की फाइलें तभी आगे बढ़ती हैं जब उन्हें मिठाई का डिब्बा (रिश्वत) भेंट कर दिया जाए। जिन डॉक्टरों ने साहब की पूजा ठीक से कर दी उनका नवीनीकरण रातों रात हो जाता है।

# जल्द ही मिलेगी चन्दौली को रोडवेज़ बस डिपो की सौगात

अवधनामा संवाददाता

■ 22 करोड़ की लागत से बनेगा बस डिपो, बिछियां में 4.5 एकड़ में फैला परिसर



**चंदौली।** जनपद के निवासियों के लिए परिवहन के क्षेत्र में एक ऐतिहासिक खुशखबरी सामने आई है। जिला मुख्यालय स्थित विकास भवन के समीप बिछियां में प्रस्तावित चंदौली रोडवेज बस डिपो के निर्माण की सभी बड़ी बाधाएं अब पूरी तरह दूर हो गई हैं। लंबे समय से प्रतीक्षित इस परियोजना को अब धरातल पर उतारने की तैयारी पूरी कर ली गई है। प्रशासनिक सूत्रों के अनुसार, करीब 22 करोड़ रुपये की भारी-भरकम लागत से बनने वाले इस आधुनिक बस डिपो का निर्माण कार्य इसी माह के अंत तक हर हाल में शुरू होने की प्रबल संभावना है।

परियोजना की वर्तमान स्थिति को लेकर विभाग पूरी तरह आश्वस्त है। डिपो निर्माण के लिए आवश्यक सर्वे का कार्य पहले ही संपन्न किया जा चुका है और विस्तृत परियोजना रिपोर्ट (डीपीआर) को शासन की हरी झंडी मिल चुकी है। वर्तमान में परिवहन विभाग को केवल बजट की पहली किस्त जारी होने की प्रतीक्षा है। बिछियां में बनने वाला यह नया बस डिपो लगभग 4.5 एकड़ की विस्तृत भूमि पर फैला होगा। इस डिपो को भविष्य की जरूरतों को ध्यान में रखते हुए इस तरह डिजाइन किया गया है कि यात्रियों को पेयजल, विश्राम गृह और सूचना केंद्र जैसी सभी आधुनिक सुविधाएं एक ही छत के नीचे उपलब्ध हो सकें।

वर्तमान में चंदौली जिले का अपना डिपो न होने के कारण यहां की लगभग 50 सरकारी बसें वाराणसी के कैंट बस डिपो से संचालित की जाती हैं। इन बसों के रखरखाव और ठहराव के लिए वाराणसी के गोलगड्डा स्थित काशी डिपो पर निर्भर रहना पड़ता है। इस व्यवस्था के कारण बसों के संचालन में न केवल अतिरिक्त समय खर्च होता है, बल्कि चंदौली को मिलने वाले राजस्व का लाभ भी अन्यत्र चला जाता है। चंदौली में स्वतंत्र डिपो का निर्माण होने से बसों का संचालन सुगम होगा और जिले के आर्थिक विकास को एक नई गति प्राप्त होगी।

# सांसद हेमा मालिनी ने बारात घर व ड्रीम स्टूडियो का किया उद्घाटन

अवधनामा संवाददाता

■ महिला समूह के उत्पाद का भी किया शुभारंभ



**गोवर्धन (मथुरा)।** मथुरा से भाजपा सांसद हेमा मालिनी ने शुक्रवार सुबह गोवर्धन तहसील के गांव अडीग ग्राम पंचायत पहुंचकर बारात घर एवं ड्रीम स्टूडियो का उद्घाटन एवं शिलान्यास किया। इस अवसर पर सांसद द्वारा महिला स्वयं सहायता समूह द्वारा तैयार किए गए मशरूम के अचार की भी विधिवत लॉन्चिंग की गई। ग्राम पंचायत अडीग पहुंचने पर ग्राम प्रधान स्नेहलता, डीपीआरओ धनंजय जायसवाल, ग्राम सचिव यतिन शर्मा, भाजपा कार्यकर्ताओं एवं अन्य गणमान्य लोगों ने सांसद हेमा मालिनी का स्वागत एवं सम्मान किया। सांसद ने ग्राम पंचायत कार्यालय परिसर में बनाए गए ड्रीम स्टूडियो का अवलोकन किया। यह ड्रीम स्टूडियो ग्राम पंचायत की स्वयं की आय से बनकर तैयार किया गया है। बताया गया कि यह उत्तर प्रदेश का पहला ऐसा ड्रीम स्टूडियो है, जो किसी ग्राम पंचायत स्तर पर स्थापित किया गया है, जिससे डिजिटल सेवाओं को बढ़ावा मिलेगा।

कार्यक्रम के दौरान सांसद हेमा मालिनी ने ग्राम पंचायत द्वारा किए जा रहे विकास कार्यों की सराहना करते हुए ग्रामीणों के उत्थान के लिए सरकार की योजनाओं का लाभ लेने की अपील की वही वहा लगे हुए साउंड से आवाज तेज आने पर सांसद हेमा ने अपने कानों को बंद किया और साउंड की आवाज को कम कराया।

# बैंकों की सुस्ती से जिले में सीएम युवा उद्यमी विकास अभियान पिछड़ा

अवधनामा संवाददाता

■ आवंटित लक्ष्यों का 80 प्रतिशत प्रत्येक दशा में प्राप्त कर लिया जाय : सीडीओ

**मुरादाबाद।** मुख्य विकास अधिकारी मृणाली अविनाश जोशी की अध्यक्षता में विकास भवन सभागार में उद्योग विभाग, आईटीआई, श्रम विभाग, कौशल विकास मिशन और सेवायोजन विभाग में संचालित योजनाओं की समीक्षा की गई। समीक्षा में स्पष्ट हुआ कि सीएम युवा उद्यमी विकास अभियान योजना में बैंकों की लापरवाही सामने आयी है। हालांकि, बैंक प्रतिनिधियों ने शीघ्र ही 80 फीसदी लक्ष्य हासिल करने का भरोसा जताया है?

बैठक में संयुक्त आयुक्त उद्योग ने बताया कि सीएम युवा उद्यमी विकास अभियान योजना के अन्तर्गत बैंकों को प्रेषित आवेदन पत्र 4675 के सापेक्ष बैंकों द्वारा वित्तीय वर्ष के नौ माह व्यतीत होने के उपरान्त भी मात्र 1663 स्वीकृति तथा 1549 आवेदन पत्रों पर ऋण वितरण किया गया है। इस तरह जनपद को आवंटित लक्ष्य 2900 के सापेक्ष 53 प्रतिशत ही प्रगति प्राप्त की गई है। उ.प्र. ग्रामीण बैंक द्वारा अब तक 53 प्रतिशत, यूको बैंक द्वारा 48 प्रतिशत, केनरा बैंक द्वारा 44 प्रतिशत, पंजाब नेशनल बैंक द्वारा 32 प्रतिशत, बैंक ऑफ बडौदा द्वारा 29 प्रतिशत, भारतीय स्टेट बैंक द्वारा 27 प्रतिशत स्वीकृति की प्रगति प्राप्त की गई है। बैठक में उपस्थित बैंक प्रतिनिधियों ने उ.प्र. ग्रामीण बैंक द्वारा 15 स्वीकृति एवं 6 वितरण, भारतीय स्टेट बैंक द्वारा 12 स्वीकृति तथा 6 वितरण, केनरा बैंक द्वारा 20 स्वीकृति तथा 7 वितरण, बैंक ऑफ बडौदा द्वारा 20 स्वीकृति तथा 5 वितरण, यूको बैंक द्वारा 11 स्वीकृति तथा 8 वितरण, इण्डियन बैंक द्वारा 3 स्वीकृति तथा 2 वितरण, आईसीआईसीआई बैंक द्वारा 1 वितरण, पंजाब एण्ड सिंध बैंक द्वारा 5 स्वीकृति कराने का आश्वासन दिया गया। बैंक ऑफ इण्डिया द्वारा दूरभाष पर 12 स्वीकृति तथा 3 वितरण कराने का आश्वासन दिया गया। शेडयूल्ड बैंकों द्वारा आश्वासन दिया गया कि 31 जनवरी तक उनके द्वारा लक्ष्य के सापेक्ष 80 प्रतिशत की पूर्ति सुनिश्चित कर ली जाएगी। मुख्य विकास अधिकारी ने कहा कि जनवरी में उद्योग विभाग द्वारा बैंकों को आवंटित लक्ष्यों का 80 प्रतिशत प्रत्येक दशा में प्राप्त कर लिया जाये, यदि बैंकों द्वारा लक्ष्य की पूर्ति सुनिश्चित नहीं की जाती है, तो उनके उच्चाधिकारियों को इस सम्बंध में अवगत करा दिया जायेगा। इसके अलावा उ.प्र. कौशल विकास मिशन के प्रतिनिधि द्वारा अवगत कराया गया कि उनको आवंटित लक्ष्यों की पूर्ति सुनिश्चित कर ली गई है।

# ट्रांसफार्मर खराब, एक पखवारे से अंधेरे में डूबा गांव

**उरई (जालौन)।** सुढार गांव में लगे चार विद्युत ट्रांसफार्मर बीते एक 15 दिनो से खराब पड़ा हुआ है, जिससे पूरे गांव में सन्नाटा पसरा हुआ है। बिजली आपूर्ति ठप होने के कारण ग्रामीणों का जनजीवन पूरी तरह अस्त-व्यस्त हो गया है। बिजली न होने से जहां एक ओर भीषण गर्मी में लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है, वहीं दूसरी ओर पेयजल संकट भी गहरा गया है। मोटर न चल पाने के कारण गांव में पानी की किल्लत हो गई है और महिलाएं व बुजुर्ग दूर-दराज से पानी लाने को मजबूर हैं। ग्रामीणों का कहना है कि रात के समय गांव पूरी तरह अंधेरे में डूब जाता है, जिससे चोरों और असामाजिक तत्वों का भय लगातार बना रहता है। बच्चों, महिलाओं और बुजुर्गों में असुरक्षा की भावना बढ़ गई है। ग्रामीण संजय, अवध, किशन, निखिल सहित अन्य लोगों ने बिजली विभाग पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि ट्रांसफार्मर खराब होने की शिकायत कई बार की जा चुकी है।

# जमीनी स्तर पर कांग्रेस को सशक्त करने समय: ऋषभ



अवधनामा संवाददाता

**देवरिया।** भारतीय राष्ट्रीय छात्र संगठन उत्तर प्रदेश पूर्वी जोन के प्रदेश अध्यक्ष ऋषभ पाण्डेय के देवरिया आगमन पर देवरिया जनपद के एनएसयूआई के छात्रों ने पार्टी कार्यालय टाउन हॉल परिसर में जोरदार स्वागत किया। प्रदेश अध्यक्ष ऋषभ पाण्डेय ने अभिवादन स्वीकार करते हुए छात्रों के प्रति आभार जताया। संगठन की वर्तमान स्थिति और भविष्य की रणनीति पर चर्चा करते हुए उन्होंने कहा कि कांग्रेस की भारतीय राष्ट्रीय छात्र संगठन छात्रों की संगठन है। इसको जमीनी स्तर पर सशक्त करना समय की मांग है। बैठक में आगामी संगठनात्मक योजनाओं पर विस्तार से चर्चा हुई। छात्र नेता प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि जिले के महाविद्यालयों में संगठन के पदाधिकारी छात्रों से सीधे जुड़ने के साथ संगठन के साथ समन्वय मजबूत करने का आह्वान किया। उन्होंने ने छात्रों के बीच पम्पलेट के माध्यम से अभियान के उद्देश्यों, कार्यशैली और लक्ष्य के बारे में दिशा-निर्देश दिए। साथ ही साथ राहुल गांधी के हाथों को मजबूत करने का संकल्प लिया। जिसमें मुख्य रूप से रवि, धन्नजय, संदीप, विख्यात भट्ट, दुर्गेश, अमित, रवि, राजकुमार, सुनील, अजीत, विनोद सहित सैकड़ों छात्र मौजूद थे।

## संक्षिप्त समाचार

### वरिष्ठ पत्रकार पिता का आकस्मिक निधन

**देवरिया (अवधनामा संवाददाता)।** एक समाचार पत्र के वरिष्ठ पत्रकार एवं ब्यूरो चीफ विशाल मिश्रा के पूज्य पिताजी का कुछ देर पूर्व आकस्मिक स्वर्गवास हो गया। इस दुःखद समाचार की जानकारी मिलते ही जिले के पत्रकारों एवं मीडिया जगत में शोक की लहर दौड़ गई। पत्रकार साथियों, सामाजिक संगठनों एवं शुभचिंतकों ने इस असहनीय दुःख की घड़ी में शोक संतप्त परिवार के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त करते हुए दिवंगत आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की। दिवंगत को विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित की गई।

### राया में डॉ. अंबेडकर की प्रतिमा क्षतिग्रस्त

**राया, मथुरा (अवधनामा संवाददाता)।** कस्बा राया के हाथरस रोड पर शुक्रवार तड़के असामाजिक तत्वों ने संविधान निर्माता डॉ. भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा को क्षतिग्रस्त कर दिया। घटना की जानकारी मिलते ही दलित समाज और स्थानीय लोगों में भारी आक्रोश फैल गया। मौके पर जुटी भीड़ ने दोषियों की गिरफ्तारी की मांग को लेकर हंगामा किया, जिससे स्थिति तनावपूर्ण हो गई। घटना की सूचना मिलते ही उप जिलाधिकारी क्षेत्राधिकार और भारी संख्या में पुलिस बल मौके पर पहुंच गया प्रशासन तत्काल नई मूर्ति लगाने की प्रक्रिया शुरू कर दी है।

### शिक्षकों को पात्रता परीक्षा से मुक्त किया जाए: महासंघ

**मथुरा (अवधनामा संवाददाता)।** शिक्षक पात्रता परीक्षा से संबंधित सर्वोच्च न्यायालय की निर्णय को लेकर अखिल भारतीय राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ का प्रतिनिधि मंडल ने दिल्ली में केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान से मिलकर कार्रवाई की मांग की। 1 सितंबर के न्यायालय के द्वारा दिए गए फैसले के संदर्भ में ज्ञापन सौंपते हुए शिक्षक पात्रता परीक्षा से छूट देने की मांग की। राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रोफेसर नारायण लाल गुप्ता ने कहा कि एनसीटीई की अधिसूचना में स्पष्ट है कि एक से आठवीं तक के शिक्षकों के लिए न्यूनतम योग्यता अधिसूचना की तिथि से प्रभावी होगी, इसमें पूर्व शिक्षकों की टेट से छूट रहेगी। शिक्षक नेता डॉ. कमल कौशिक ने कहा कि नियुक्त तिथि की परवाह किए बिना सभी सेवारत शिक्षकों पर टेट थोप दिया गया है।

# बकाया भुगतान को लेकर ब्लाक प्रमुख हुए सख्त



अवधनामा संवाददाता

■ प्रधान व बीडीसी की समीक्षा बैठक

**जालौन(उरई)।** विकासखंड जालौन के सभागार में ग्राम प्रधानों एवं क्षेत्र पंचायत सदस्यों (बीडीसी) की एक महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में बीते पाँच वर्षों के दौरान कराए गए विकास कार्यों की समीक्षा के साथ पंचायतों को आ रही गंभीर वित्तीय समस्याओं पर विस्तार से चर्चा की गई।

बैठक की अध्यक्षता कर रहे ब्लॉक प्रमुख रामराजा निरंजन ने स्पष्ट किया कि इस बैठक में ब्लॉक प्रमुख व ग्राम पंचायत की ओर से कोई भी नया प्रस्ताव नहीं डाला गया। उन्होंने दो टूक शब्दों में कहा कि जब तक पंचायतों का लंबित भुगतान जारी नहीं किया जाता, तब तक न तो कोई नया विकास कार्य कराया जाएगा और न ही विकासखंड स्तर से कोई प्रस्ताव भेजा जाएगा। ब्लॉक प्रमुख ने पंचायतों के साथ हो रहे कथित तानाशाही रवैये पर कड़ी नाराजगी जताते हुए कहा कि प्रधानों पर अनावश्यक दबाव बनाना अनुचित है। पंचायतों ने शासन की योजनाओं को जमीन पर उतारने का कार्य किया है, लेकिन भुगतान न मिलने से पंचायतों की आर्थिक स्थिति खराब हो चुकी है, जिससे विकास कार्य पूरी तरह प्रभावित हो रहे हैं। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि शीघ्र ही पंचायतों का बकाया भुगतान नहीं किया गया और लंबित मांगों का समाधान नहीं हुआ।

# टीटीजेड-नीरी की दोहरी पाबंदियों से कराह उठा मथुरा का व्यापार

**मथुरा।** ताज ट्रैपेज़ियम ज़ोन (टीटीजेड) की वर्षों पुरानी सख्त पाबंदियों से पहले ही जूझ रहा मथुरा का व्यापार अब नीरी (नेशनल एनवायरनमेंटल इंजीनियरिंग रिसर्च इंस्टीट्यूट) की नई आपत्तियों के चलते गंभीर संकट में फँस गया है। हालात ऐसे बन चुके हैं कि व्यापारी भय और अनिश्चितता के माहौल में कारोबार करने को मजबूर हैं। उत्तर प्रदेश युवा व्यापार मंडल ने चेतावनी दी है कि यदि समय रहते संतुलित और व्यावहारिक निर्णय नहीं लिए गए तो मथुरा का पारंपरिक उद्योग और व्यापार ढांचा बुरी तरह प्रभावित हो सकता है।

उत्तर प्रदेश युवा व्यापार मंडल के प्रदेश महामंत्री सचिन चतुर्वेदी ने कहा कि व्यापारी समाज ने हमेशा कानून और पर्यावरण संरक्षण का सम्मान किया है, लेकिन लगातार बढ़ती पाबंदियाँ अब व्यापार के अस्तित्व पर ही सवाल खड़े कर रही हैं।

# 'टेली लॉ का उद्देश्य गांव और दूरदराज के नागरिकों को न्याय व्यवस्था से जोड़ना है'

अवधनामा संवाददाता



■ देवरिया में टेली लॉ पर जागरूकता कार्यक्रम

**देवरिया।** आम नागरिकों को सुलभ, निःशुल्क और त्वरित कानूनी सहायता से जोड़ने के उद्देश्य से शुक्रवार को विकास भवन सभागार में टेली लॉ योजना पर व्यापक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में सैकड़ों वीएलई (विलेज लेवल एंटरप्रेन्योर) और आम नागरिकों की सहभागिता रही। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव अपर जिला जज के साथ कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ हुआ।

कार्यक्रम की शुरुआत कॉमन सर्विस सेंटर (सीएससी) के सीनियर मैनेजर योगेश मिश्रा द्वारा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव एवं अपर जिला जज देवरिया को पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत से हुई। इसके बाद टेली लॉ योजना की उपयोगिता, प्रक्रिया और जनहितकारी स्वरूप पर विस्तृत चर्चा की गई।

कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित टेली लॉ राज्य समन्वयक वागीश सिंह ने योजना की रूपरेखा समझाते हुए बताया कि टेली लॉ के माध्यम से नागरिक घरेलू हिंसा, पारिवारिक विवाद, भूमि-राजस्व संबंधी मामले, श्रम विवाद, पेंशन, भरण-पोषण, महिला एवं बाल अधिकार, अनुसूचित जाति-जनजाति से जुड़े अधिकार, साइबर अपराध, उपभोक्ता संरक्षण तथा सरकारी योजनाओं से संबंधित कानूनी परामर्श निशुल्क प्राप्त कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि टेली लॉ का उद्देश्य गांव और दूरदराज के नागरिकों को न्याय व्यवस्था से सीधे जोड़ना है, ताकि आर्थिक या भौगोलिक बाधा न्याय पाने में रुकावट न बने। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव एवं अपर जिला जज मनोज कुमार तिवारी जी ने अपने संबोधन में टेली लॉ योजना को भारतीय संविधान की मूल भावना से जोड़ते हुए कहा कि संविधान प्रत्येक नागरिक को समानता और न्याय का अधिकार देता है। टेली लॉ योजना उस संवैधानिक दायित्व को जमीन पर उतारने का प्रभावी माध्यम है, जिससे अंतिम व्यक्ति तक न्याय की पहुंच सुनिश्चित हो सके।

# विद्युत विभाग के भ्रष्टाचार में फंसी बुजुर्ग, दी आत्मदाह की चेतावनी

अवधनामा संवाददाता

■ मानसिक उत्पीड़न के लिए गलत बिल भेजने और सही कराने के लिए घूस मांगने के आरोप लगाए

**मुरादाबाद।** महानगर में बिजली विभाग की कार्यप्रणाली एक बार फिर सवालों के घेरे में है। विभागीय अधिकारियों पर अस्सी वर्षीय विधवा महिला से कथित रूप से मानसिक उत्पीड़न करने के लिए गलत बिल भेजने तथा अवैध वसूली के गंभीर आरोप लगाए हैं। पीड़िता ने मुख्यमंत्री कार्यालय को पत्र भेजकर समस्या का समाधान नहीं होने पर गणतंत्र दिवस पर आत्मदाह करने की चेतावनी दी है।

थाना मुगलपुरा क्षेत्र के जीलाल स्ट्रीट, मंडीचौक निवासी सरला देवी ने बताया कि उनके मकान का बिजली कनेक्शन वर्षों से तीन किलोवाट का था, जिसे बिना किसी नोटिस के बढ़ाकर पांच किलोवाट कर दिया गया। इसके बाद जबरन 7.5 किलोवाट का भार दशार्ते हुए भारी-भरकम और कथित रूप से गलत बिल दिया गया है। वह सौर ऊर्जा योजना के तहत अपने घर पर पांच केवी का सोलर पैनल भी लगवा चुकी हैं।

इसके बावजूद विभाग मनमाने ढंग से बिजली खपत और भार दिखाकर हजारों रुपये का बिल भेज रहा है। महिला का कहना है कि जहां उसका मासिक उपभोग मात्र 53 यूनिट है, वहीं 7.5 किलोवाट का भार दिखाकर करीब पांच हजार रुपये का बिल दे दिया और वसूली के लिए दबाव बनाया जा रहा है। उनका आरोप है कि विद्युत उपकेंद्र टाउनहाल से जुड़े कुछ कर्मचारी कथित रूप से बीस हजार रुपये की मांग कर रहे हैं और कह रहे हैं कि पैसे देने पर ही बिल ठीक किया जाएगा। बुजुर्ग महिला का कहना है कि बीमारी के बावजूद वह दफ्तर के चक्कर काट रही है और उसकी कोई सुनवाई नहीं की जा रही।

# मॉ गंगा सांस्कृतिक, आध्यात्मिक एवं सामाजिक चेतना की प्रतीक है

- प्रभारी मंत्री ने मॉ गंगा आरती में सहभागिता एवं पूजन कर सुख समृद्धि की कामना की

अवधनामा संवाददाता



**कन्नौज।** जनपद कन्नौज के ऐतिहासिक मेंहदीघाट पर श्रद्धा, आस्था एवं सामाजिक सरोकारों से ओत-प्रोत गंगा आरती कार्यक्रम का भव्य आयोजन गुरूवार की सायंकाल में किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में प्रभारी मंत्री कन्नौज/राज्य मंत्री, उच्च शिक्षा विभाग, उत्तर प्रदेश रजनी तिवारी ने विधिवत दीप प्रज्ज्वलन कर गंगा आरती में सहभागिता की तथा माँ गंगा की आराधना कर जनपद की सुख-समृद्धि एवं खुशहाली की कामना की।

इस अवसर पर मंत्री ने कहा कि गंगा केवल एक नदी नहीं, बल्कि भारत की सांस्कृतिक, आध्यात्मिक एवं सामाजिक चेतना की प्रतीक हैं। गंगा आरती जैसे आयोजनों से हमारी सांस्कृतिक विरासत सुदृढ़ होती है तथा समाज में सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है। उन्होंने आमजन से गंगा की स्वच्छता एवं संरक्षण के लिए सतत प्रयास करने का आह्वान किया। गंगा आरती कार्यक्रम के उपरांत मंत्री द्वारा ठंड के मौसम को दृष्टिगत रखते हुए जरूरतमंद एवं असहाय व्यक्तियों को कंबलों का वितरण किया गया। कंबल पाकर लाभार्थियों के चेहरे पर प्रसन्नता दिखाई दी। मंत्री ने कहा कि सरकार समाज के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति के कल्याण के लिए निरंतर कार्य कर रही है और ठंड से किसी भी गरीब को परेशान न होना पड़े, इसके लिए सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जा रही हैं। कार्यक्रम के दौरान जिलाधिकारी आशुतोष मोहन अग्निहोत्री ने जनपद में संचालित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी तथा प्रशासन द्वारा किए जा रहे सामाजिक एवं सांस्कृतिक प्रयासों पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार, पार्टी जिलाध्यक्ष वीर सिंह भदौरिया, प्रभागीय वनाधिकारी हेमंत सेठ सहित अन्य संबंधित अधिकारीगण, जनप्रतिनिधि, श्रद्धालु एवं स्थानीय नागरिक बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

# शांति बस्ती (महोली रोड) में वृहद बैठक संपन्न

अवधनामा संवाददाता

- 1 फरवरी को सम्मेलन, आयोजन समिति का गठन

**मथुरा।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष कार्यक्रमों की श्रृंखला के अंतर्गत आयोजित होने वाले हिंदू सम्मेलन के निमित्त शांति बस्ती (महोली रोड) में एक अति आवश्यक बैठक का आयोजन किया गया। यह बैठक एम0वी0डी0 पब्लिक स्कूल, ईस्ट प्रताप नगर, महोली रोड, मथुरा में संपन्न हुई।


बैठक में सर्वसम्मति से शिव शक्ति हिंदू सम्मेलन आयोजन समिति का गठन किया गया तथा यह निर्णय लिया गया कि हिंदू सम्मेलन का आयोजन दिनांक 1 फरवरी 2026, दिन रविवार, समय अपराह्न 1:00 बजे, स्थानङ्क बजरंग चौराहा, महोली रोड, मथुरा पर किया जाएगा।

बैठक में समिति के सदस्यों ने समाज में जन-जागरूकता लाकर हिंदू समाज को एकजुट करने एवं सम्मेलन को सफल बनाने का आह्वान किया। इस अवसर पर समिति अध्यक्ष श्री दिनेश शर्मा, उपाध्यक्ष श्री अनिल चौधरी, श्री अभय प्रताप, श्री राजन लोधी, श्री डॉ. अमित चौधरी, मीडिया प्रभारी बीएसए कॉलेज के प्रोफेसर डॉ. रवीश शर्मा, संरक्षक श्री कृष्णवीर जी, श्री जगदीश प्रसाद दरोगा जी तथा कोषाध्यक्ष श्री अजय पाठक जी प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।बैठक का संचालन रविंद्र चौधरी द्वारा किया गया। श्री हरीश शर्मा, बीएसए कॉलेज के प्राचार्य डॉ ललित मोहन शर्मा ,श्रीमती श्वेता शर्मा, श्री कृष्ण शर्मा, एवं श्रीमती दीपांजलि शर्मा ने भी अपने विचार रखते हुए क्षेत्रीय जनता से सम्मेलन को सफल बनाने के लिए अधिक से अधिक संख्या में सहभागिता करने की अपील की। अंत में समिति द्वारा महोली रोड क्षेत्र की समस्त जनता से कार्यक्रम को सफल बनाने हेतु सहयोग का आह्वान किया गया।

# भव्य नहजुल बलाग़ा कांफ्रेंस की तैयारियाँ पूर्ण : मौलाना सैयद हैदर अब्बास

- रविवार को इमामबाड़ा मीरानपुर, अकबरपुर में होगी कांफ्रेंस

अवधनामा संवाददाता




**अकबरपुर (अंबेडकर नगर)** वसी-ए-रसूल, अमीरुल मोमिनीन हज़रत अली अलैहिस्सलाम के उपदेशों और कथनों के महान संग्रह नहजुल बलाग़ा से लोगों को परिचित कराने तथा इसे घर-घर तक पहुँचाने के उद्देश्य से किताबख़ाना इल्म व दानिश, लखनऊ द्वारा , मोमिनीन ज़िला अंबेडकर नगर के सहयोग से नगर अकबरपुर के ऐतिहासिक इमामबाड़े में एक भव्य नहजुल बलाग़ा कॉन्फ़्रेंस का आयोजन किया गया है। इस संबंध में मौलाना सैयद हैदर अब्बास रज़वी ने अकबरपुर की जामा मस्जिद में जुमे की नमाज़ के बाद सम्मानित इमामे जुमा मौलाना अकबर मेहदी वाइज़ तथा मोमिनीन से मुलाक़ात की। अकबरपुर नगर एवं आसपास के इमामे जुमा व जमाअत, उलेमा-ए-किराम, तथा सभी बुद्धिजीवियों ने मोमिनीन और साहिबाने-दिल से इस सम्मेलन में बड़ी संख्या में भाग लेने की पुरज़ोर अपील की है। यह कांफ्रेंस रविवार को प्रातः 9 बजे प्रारंभ होगा और सायं 5 बजे तक चलेगा, जिसमें देश के प्रतिष्ठित उलेमा और बुद्धिजीवी अपने संबोधनों से श्रोताओं को लाभान्वित करेंगे। मौलाना सैयद हैदर अब्बास रज़वी ने बताया कि यह अत्यंत हर्ष की बात है कि इस सम्मेलन के लिए मरजा-ए-आला हज़रत आयतुल्लाहहिल उज़्मा जवादी आमुली ने अपना विशेष वीडियो संदेश भेजा है, जिसे सम्मेलन में प्रसारित किया जाएगा तथा उसका उर्दू अनुवाद भी उपस्थित लोगों के समक्ष प्रस्तुत किया जाएगा। इसके साथ ही कुछ महत्वपूर्ण पुस्तकों का विमोचन (रसमे-एजरा) भी किया जाएगा। आयोजकों को आशा है कि यह भव्य नहजुल बलाग़ा सम्मेलन देशभर में एक नई और उल्लेखनीय मिसाल क़ायम करेगा।

# सुरक्षा नियमों को सांप्रदायिक रंग देना गलत : एआइपीएमएम

अवधनामा संवाददाता

- अफवाहों से बचें, शांति बनाए रखें
- चेहरा ढककर प्रवेश रोकना सामान्य सुरक्षा उपाय : एआइपीएमएम
- सुरक्षा के साथ गरिमा जरूरी : ज्वेलरी दुकानों को पसमांदा महाज़ का सुझाव
- बुर्का-हिजाब से जोड़ना भ्रामक, मामला सुरक्षा का : एआइपीएमएम

**पटना।** बिहार प्रदेश में कुछ ज्वेलरी दुकानदारों एवं उनकी एसोसिएशनों द्वारा सुरक्षा कारणों से चेहरा ढके हुए व्यक्तियों–जैसे हेलमेट, मास्क, घूंघट, बुर्का आदि–को दुकान में प्रवेश या खरीदारी से रोकने से संबंधित सूचनाएं सामने आई हैं। ऑल इंडिया पसमांदा मुस्लिम महाज़ (एआइपीएमएम) ने इसे बढ़ती लूटपाट और चोरी की घटनाओं के मद्देनज़र एक सामान्य और व्यावहारिक सुरक्षा उपाय बताया है।

संगठन ने स्पष्ट किया कि यह व्यवस्था किसी विशेष समुदाय या धार्मिक पहचान के विरुद्ध नहीं है, बल्कि सभी चेहरा ढके हुए व्यक्तियों पर समान रूप से लागू की जा रही है। एआइपीएमएम ने खेद व्यक्त किया कि कुछ शरारती तत्व इस सामान्य सुरक्षा व्यवस्था को सांप्रदायिक रंग देने का प्रयास कर रहे हैं और इसे केवल बुर्का या हिजाब से जोड़कर भ्रामक अफवाहें फैला रहे हैं, जिससे सामाजिक सौहार्द को नुकसान पहुँच सकता है।

ऑल इंडिया पसमांदा मुस्लिम महाज़ (एआइपीएमएम) ने ऐसे अफवाह फैलाने वाले तत्वों की कड़ी निंदा करते हुए मुस्लिम समाज, विशेषकर पसमांदा मुस्लिम समाज से संयम बनाए रखने की अपील की है। संगठन ने कहा कि किसी भी प्रकार के बहकावे, झूठे प्रचार या उकसावे में न आएं और कानून-व्यवस्था तथा सामाजिक शांति को सर्वोच्च प्राथमिकता दें।

साथ ही, महाज़ ने ज्वेलरी दुकानों के मालिकों एवं संबंधित एसोसिएशनों से यह भी आग्रह किया कि वे सुरक्षा के साथ-साथ महिलाओं की गरिमा और सम्मान का पूरा ध्यान रखें। संगठन ने सुझाव दिया कि चेहरा ढके होने की स्थिति में महिलाओं के लिए अलग काउंटर की व्यवस्था की जाए, महिला स्टाफ द्वारा पहचान प्रक्रिया पूरी कराई जाए तथा आवश्यकता पड़ने पर सुरक्षित और सम्मानजनक तरीके से जांच की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए।

महाज़ का मानना है कि इस प्रकार के संतुलित और संवेदनशील कदमों से न केवल सुरक्षा सुनिश्चित की जा सकती है, बल्कि किसी भी वर्ग की भावनाओं को आहत किए बिना सामाजिक सौहार्द और आपसी विश्वास को भी बनाए रखा जा सकता है।

# बाल विवाह व भिक्षावृत्ति/बाल श्रम मुक्त भारत अभियान

अवधनामा संवाददाता




**संभल।** महिला एवं बाल विकास मंत्रालय, भारत सरकार, नई दिल्ली के डी.ओ. पत्र संख्या- डब्लू.डब्लू./138/2020- डब्लू.डब्लू. (6) दिनांक 20 नवम्बर 2025 के क्रम में जनपद स्तर पर चलाए जा रहे 100 दिवसीय बाल विवाह मुक्त भारत अभियान के तहत बाल विवाह की घटनाओं को रोकना, अखिल भारतीय बाल बचाव एवं पुनर्वास किशोर श्रम उन्मूलन रोकथाम व बाल भिक्षावृत्ति अभियान के अन्तर्गत श्रीमान पुलिस अधीक्षक महोदय श्री कृष्ण कुमार विश्नोई के आदेश के अनुक्रम एवं अपर पुलिस अधीक्षक दक्षिणी श्रीमती अनुकृति शर्मा व क्षेत्राधिकारी बहजोई डॉ0 प्रदीप कुमार जनपद संभल के निर्देश के क्रम में थाना एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग (।।झ) जनपद सम्भल तथा सी0डब्लू0सी0, जिला कार्यक्रम अधिकारी एंव स्वंय सेवी संस्था द्वारा जनपद सम्भल के पंवासा ब्लॉक में बाल विवाह रोकथाम, बालश्रम, बाल भिक्षावृत्ति उन्मूलन रोकथाम अभियान तथा मानव तस्करी रोकथाम के सबंध में जागरूकता कार्यक्रम चलाया गया । जिसमें आम जनमानस/ नियोजकों /प्रतिष्ठान स्वामी व आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं व आम-जनमानस को एकत्रित करके ए0एच0टी0 टीम के द्वारा बाल श्रम, बाल विवाह, बाल भिक्षावृत्ति व मानव तस्करी रोकथाम के बारें में जागरुक किया गया । अभियान के अंतर्गत आम नागरिकों को अवगत कराया गया कि किसी भी दशा में 18 वर्ष से कम उम्र के बालकों को काम पर न रखा जाए तथा विवाह हेतु बालक की उम्र 21 वर्ष तथा बालिका की उम्र 18 वर्ष होना कानूनी तौर पर आवश्यक है इसका उल्लंघन करना दंडनीय अपराध है । साथ ही लोगों से भी अपील की गई कि वे सड़क पर भिक्षा देने के बजाय ऐसे व्यक्तियों/बच्चों को पुनर्वास केंद्र तक पहुँचाने में मदद करें ताकि जनपद को बाल विवाह/ भिक्षा वृत्ति/बालश्रम मुक्त बनाया जा सके और जरूरतमंद व्यक्तियों को समाज की मुख्यधारा से जोड़ा जा सके एवं बताया गया कि किसी भी दशा में बाल भिक्षावृत्ति या बाल विवाह करना/कराना दंडनीय अपराध है । इसके अलावा इमरजेंसी सहायता हेतु शासन एवं प्रशासन द्वारा जारी टोल फ्री हेल्पलाइन नंबर 112/ 1076/ 181/1090/ 1098/ 108 आदि के संबंध में विस्तृत जानकारी दी गई व भिक्षावृत्ति/बाल विवाह को रोकने हेतु आम जनमानस को जागरुक किया गया।

## मोबाइल से सट्टा खिलाते युवक को रंगेहांथ पकडा

**गुरसहायगंज, कन्नौज (अवधनामा संवाददाता)** बीते दिन हमराह सिपाहियों के साथ गस्त के दौरान मझपुर्वा चौकी प्रभारी विनोद कश्यप ने मुखबिर की सूचना पर नगर के मोहल्ला आजाद नगर निवासी मोहम्मद अफ़्जल पुत्र स्वर्गीय इरशाद को हिरासत में ले लिया। पुलिस हिरासत में मोहम्मद अफ़्जल ने बताया कि उसने धोखे से रिजवान के आधार कार्ड द्वारा सिम दुकानदार की मदद से अवैध सिम प्राप्त कर ली और उससे सटटा खेलना शुरू कर दिया। कोतवाली पुलिस द्वारा घटना का मुकदमा दर्ज कर जॉच शुरू कर दी गई है।

## पुलिस ने कच्ची शराब बरामद कर महिला पर कार्रवाई की

**गुरसहायगंज, कन्नौज (अवधनामा संवाददाता)** उच्चाधिकारियों के निर्देशन में अपराध नियंत्रण हेतु हमराह सिपाहियों के साथ गस्त कर रहे नौरंगपुर चौकी प्रभारी राजेश कुमार रावत ने मुखबिर की सूचना पर बीते दिन क्षेत्र के ग्राम डिल्लियाभूड स्थित मकान के दरवाजे पर फुलबासा पत्नी स्वर्गीय रमाकांत के कब्जे से 15 लीटर कच्ची शराब बरामद करते हुए हिरासत में लेकर आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की गई है।

## युवक से रंजिशन मारपीट कर दी धमकी

**गुरसहायगंज, कन्नौज (अवधनामा संवाददाता)** क्षेत्र के ग्राम तेराजाकेट निवासी नितिन पुत्र अरविंद द्वारा कोतवाली में दर्ज कराए गए मुकदमे में कहा गया है कि गुरुवार को 04:30 बजे गांव के ही निकेश तिवारी पुत्र अरविंद उसके दरबाजे पर आए और रंजिश के चलते गाली गलौज करते हुए लात घूसों से मारपीट कर घायल कर दिया था जान से मारने की धमकी दी। घटना के संबंध में कोतवाली पुलिस द्वारा मुकदमा दर्ज कर जॉच शुरू कर दी गई है।

## गंगा डिग्री कॉलेज की जीत में हिमांशु और कृश चमके


कृश हिमांशु पटेल

**प्रयागराज (अवधनामा संवाददाता)** गंगा डिग्री कॉलेज ने हनुमानगंज एएस क्लब को 6 विकेट से हराकर रविकांत सी डिवीजन क्रिकेट लीग में पूरे अंक प्राप्त किए। इस जीत में कृश (3.1- 0-11-4) और हिमांशु पटेल (7-0-39-4) की गेंदबाजी की महत्वपूर्ण भूमिका रही। गंगा डिग्री कॉलेज सोरांव मैदान पर शुक्रवार को खेले गए मैच में हनुमानगंज एएस क्लब ने 19.1 ओवर में 128 रन (प्रशांत 24, जितेंद्र 20, कार्तिकेय राय 19, कृश 4/11, हिमांशु पटेल 4/39, आकाश कुमार 2/48) बनाए। जवाब में गंगा डिग्री कॉलेज ने 16.5 ओवर में चार विकेट पर 130 रन (हिमांशु 52, सुधांशु 20, जितेंद्र 2/28, शिवांश जायसवाल 1/22) बना लिए।

## दो डेट ऑफ बर्थ बताकर कर बनवाए दो पासपोर्ट

अवधनामा संवाददाता

**प्रयागराज।** करेली थाना क्षेत्र में दस्तावेजों में हेरफेर कर दो पासपोर्ट बनवाने का मामला सामने आया है। करेली में रहने वाले एक शख्स ने दो डेट ऑफ बर्थ बताकर यह फर्जीवाड़ा किया। लखनऊ में पासपोर्ट मुख्यालय से कराई गई जांच में यह खेल पकड़ में आया। करेली पुलिस ने आरोपी के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर ली है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार मो0 बेलाल सुल्तानपुर भावा करेली का रहने वाला है। करेली थाना के एसआई विजय प्रकाश की ओर से दर्ज कराई गई एफआईआर में बताया गया है कि बेलाल ने अपनी जन्मतिथि 01.12.2005 अंकित करते हुए एक पासपोर्ट 2019 में बनवाया। यह 14.11.2019 को जारी हुआ और 13.11.2023 तक वैलिड रहा। इसके बाद 2024 में एक और पासपोर्ट बनवाया। इसमें जन्मतिथि 01.12.2003 अंकित करते हुए पासपोर्ट 28.11.2024 को जारी किया गया। इसकी वैधता 27.11. 2034 है। आरोप है कि मो0 बेलाल ने अपनी जन्मतिथि व निवास स्थान में परिवर्तन करते हुए नियमविरुद्ध तरीके से दो पासपोर्ट बनवाए।

यह मामला तब खुला जब वरिष्ठ अधीक्षक (पॉलिसी) श्रेत्रीय पासपोर्ट कार्यालय लखनऊ की ओर से गोपनीय जांच कराई गई। इसकी रिपोर्ट पासपोर्ट सेल कमिश्नरेट प्रयागराज को भेजी गई और वरिष्ठ अफसरों के आदेश पर रिपोर्ट दर्ज कराई गई। करेली पुलिस की ओर मामले में जांच शुरू कर दी गई है।

प्रयागराज में दस्तावेजों में हेरफेर कर दो पासपोर्ट बनवाने का यह 15 दिन के भीतर दूसरा मामला है। इससे पहले मुट्ठीगंज के एक शख्स की ओर से दो पासपोर्ट बनवाने की बात सामने आई थी और इस मामले में एफआईआर भी दर्ज कराई गई थी।

# संभल में बाल विवाह मुक्त अभियान, आंगनबाड़ियों को दिया गया प्रशिक्षण

अवधनामा संवाददाता

**संभल।** जिलाधिकारी डॉ राजेंद्र पेंसिया एवं पुलिस अधीक्षक कृष्ण कुमार विश्नोई के निर्देशन में चलाए जा रहे बाल विवाह मुक्त अभियान के क्रम में जिला प्रोबेशन अधिकारी चंद्रभूषण के निर्देश पर '100 दिवसीय गहन जागरूकता अभियान' को सफल बनाने के लिए ब्लॉक सभागर पंवासा में जिला कार्यक्रम अधिकारी महेश कुमार की मौजूदगी में आंगनबाड़ियों को प्रशिक्षण दिया गया ताकि बाल विवाह मुक्त भारत के लक्ष्य को हासिल किया जा सके। बाल अपराधों पर कार्य करने बाली प्रयत्न संस्था के प्रभारी गौरीशंकर चौधरी ने बताया की जिले में बाल विवाह रोकने के लिए अब आंगनबाड़ी प्रमुख भूमिका निभाएंगी जिसके लिए उन्हें प्रशिक्षित किया जा रहा है क्योंकि आँगबाड़ियां अंतिम पायदान पर खड़ी हितधारक है जिनकी पहुंच हर घर तक होती है। और बाल विवाह को रोकने में ये सबसे महत्पूर्ण कड़ी साबित होंगी, बाल कल्याण समिति से गौरव शर्मा ने आँगनबाड़ियों को बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम 2006 के विषय में समझाया और कहा कि बाल विवाह के आयोजन में शामिल होने वाले सभी प्रतिभागी जिसमें शादी कराने वाले पंडित से लेकर नाई हलवाई टेंट वाला और सभी सेवा प्रदाताओं के साथ जो भी बाल विवाह के आयोजन में सम्मिलित होगा उसे दो साल की सजा या एक लाख रूपये का जुर्माना अथवा दोनों हो सकते है। थाना एएचटी से उपनिरीक्षक बाबू राम सैनी ने बताया की कम उम्र में शादी करने से बच्ची की विकास रुक जाता है अंत में जिला कार्यक्रम अधिकारी महेश कुमार ने कहा की बाल विवाह एक सामाजिक बुराई है जिसे हम सबको मिलकर खत्म करना होगा जिसके खिलाफ सभी को बाल विवाह न करने की शपथ दिलाई गई।

# रोटरी प्रयागराज प्लैटिनम ने किया जरूरतमंदों को कंबल वितरण

**प्रयागराज (अवधनामा संवाददाता)** प्रयागराज में तापमान गिरकर 6 डिग्री सेल्सियस तक पहुँचने और कड़ाके की ठंड के बीच रोटरी प्रयागराज प्लैटिनम द्वारा जरूरतमंदों के लिए कंबल वितरण अभियान आयोजित किया गया। क्लब अध्यक्ष डॉ. प्रतीक पाण्डेय के नेतृत्व में यह मानवीय सेवा कार्य उम्मीद का कंबल संदेश के साथ संपन्न हुआ, जिसका उद्देश्य ठंड से प्रभावित गरीब एवं असहाय लोगों को राहत प्रदान करना है। इस अवसर पर डॉ. प्रतीक पाण्डेय ने इस मानवीय कार्य में सहयोग देने वाले सभी दानदाताओं एवं सहयोगियों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि समाज की सामूहिक सहभागिता से ही सेवा के ऐसे कार्य सफल हो पाते हैं। अभियान के सफल एवं सुचारु संचालन में प्रोजेक्ट कोऑर्डिनेटर रोटेरियन गौरव वीरेंद्र अग्रवाल की विशेष भूमिका रही, जिनके प्रयासों से कंबलों की व्यवस्था एवं वितरण कार्य प्रभावी रूप से संपन्न हुआ। डॉ. पाण्डेय ने जानकारी दी कि यह कंबल वितरण अभियान आगामी दो दिनों तक जारी रहेगा तथा इच्छुक सदस्य इस सेवा कार्य में आगे आकर सहयोग कर सकते हैं। मीडिया प्रभारी मनीष गर्ग ने कहा कि रोटरी प्रयागराज प्लैटिनम इस भीषण सर्दी में जरूरतमंदों की सहायता के लिए निरंतर प्रतिबद्ध है।



## वाहे ने प्रयाग क्लब को दिलाई जीत



**प्रयागराज (अवधनामा संवाददाता)** वाहे मिश्र के अर्धशतक (75 रन नाबाद, 54 गेंद, 13 चौके) से प्रयाग क्लब ने किड्स प्रयागराज क्लब बी को छह विकेट से हराकर शशि द्विवेदी अंडर-14 बालिका एवं बालक क्रिकेट लीग में पूरे अंक प्राप्त किए। गवर्नमेंट प्रेस मैदान पर शुक्रवार को खेले गए मैच में किड्स प्रयागराज क्लब बी ने 36 ओवर में 137 रन (आलोक कुमार 43, कीर्तिमान पांडेय 25, राघव मिश्रा 24, अर्णव अग्रवाल 3/23, नरहरि दीक्षित, सक्षम जैन, मोहम्मद अली एक-एक विकेट) बनाए। जवाब में प्रयाग क्लब ने 18.3 ओवर में तीन विकेट पर 139 रन (वाहे मिश्र 75 नाबाद, मोहम्मद अली 28, विराट सिंह, कीर्तिमान पांडेय, विनीत कुमार सिंह एक-एक विकेट) बना लिए। मैच में हितेश श्रीवास्तव व विपिन यादव अंपायर एवं मोहम्मद सैफ स्कोरर रहे।

# साइबर ठगों ने चार लोगों से ठगे 80 लाख रुपए

अवधनामा संवाददाता

- नौसेना और बैंक कर्मी बने ठगी का शिकार

**प्रयागराज।** तेलियरगंज के नौसेना कर्मी समेत चार लोगों को साइबर ठगों ने 79.43 लाख रुपए का चूना लगाया। ठगों ने बैंक खाते में पैसे लौटाने और शेयर बाजार में निवेश का लालच देकर लोगों को झांसे में लिया। साइबर थाना और जॉर्जटाउन पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर ली है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार नौसेना जवान प्रवीन सिंह ने बताया कि फेसबुक के जरिए उनके मोबाइल पर %एसबीआई सिक्योरिटी% के नाम से मैसेज आया। लिंक क्लिक करने पर वे व्हॉट्सएप ग्रुप में जुड़ गए। वहां %सरोज गुप्ता% नाम की महिला ने एसबीआई में निवेश के कई प्लान बताए और मोटे मुनाफे का लालच देकर तीन किस्तों में 9.50 लाख रुपए ट्रांसफर करवा लिए। शक होने पर फोन किया तो नंबर बंद मिला।

सिविल लाइंस के कमला रोड निवासी संयोगिता एंड्रियास ने बताया कि व्हॉट्सएप पर अज्ञात नंबर से मैसेज आया। हेमांगी दाते और सुब्रत मुखर्जी ने सिक्योरिटीज ग्रुप का हवाला देकर शेयर बाजार में निवेश का लालच दिया। झांसे में आकर उन्होंने 50 लाख रुपए अलग-अलग खातों में भेज दिए। अभी भी ठग और पैसे मांग रहे हैं।

इसी प्रकार अयोध्या के पूराबाजार के मूल निवासी अभिषेक सिंह जॉर्जटाउन में रहते हैं। अभिषेक सिंह के साथ 2 जनवरी सुबह 4 बजे 25 हजार रुपए की ठगी हुई। पैसे कटने का कोई मैसेज नहीं आया। जॉर्जटाउन थाने ने एफआईआर दर्ज की। कैंट थाना क्षेत्र के बैंक कर्मी ने बताया कि 19 जून 2025 को अज्ञात नंबर से फोन आया। राजीव जैन ने खुद को दिल्ली के आरबीआई शिकायत अनुभाग का बताया और खाते से पैसे निकालने का झांसा देकर कई बार में 19.68 लाख रुपए ट्रांसफर करवा लिए।

# भाषा, शिक्षा और नेतृत्व जीवन निर्माण की त्रिवेणी हैं : प्रो. प्रभाशंकर शुक्ल

अवधनामा संवाददाता



**लखनऊ।** ख्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय, लखनऊ के हाइब्रिड हॉल में लर्न , लांच एंड लीड विषय पर एक विशिष्ट व्याख्यान का आयोजन किया गया। यह व्याख्यान नॉर्थ ईस्टर्न हिल यूनिवर्सिटी के कुलपति प्रो. प्रभाशंकर शुक्ल द्वारा प्रस्तुत किया गया, जिसमें उन्होंने शिक्षा, भाषा, सामाजिक व्यवहार, नेतृत्व और नवाचार के आपसी संबंधों पर विस्तार से प्रकाश डाला। अपने व्याख्यान में प्रो. शुक्ल ने कहा कि मनुष्य मूलतः सामाजिक प्राणी है और सीखना, आरंभ करना तथा नेतृत्व करना जीवन की निरंतर चलने वाली प्रक्रिया है। भारत की एकता में विविधता को रेखांकित करते हुए उन्होंने कहा कि हमारे खान पान, रहन सहन, व्यवहार, दृष्टिकोण और सीखने के तरीके भिन्न हो सकते हैं, किंतु यही विविधता हमें एक सूत्र में बाँधती है। उन्होंने कहा कि भाषा इस विविधता को जोड़ने का सबसे सशक्त माध्यम है, और इसी कारण भारत विश्व का सबसे समृद्ध सांस्कृतिक राष्ट्र है।प्रो. शुक्ल ने क्षेत्रीय भाषाओं के संवर्धन पर विशेष बल देते हुए कहा कि उनका संरक्षण और प्रचार-प्रसार हम सभी का दायित्व है। उन्होंने राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 का उल्लेख करते हुए कहा कि यह नीति कम से कम तीन भाषाओं के अध्ययन पर बल देती है, जिससे बहुभाषिकता और सांस्कृतिक समझ को बढ़ावा मिलता है। उन्होंने शिक्षकों और छात्रों से आत्ममंथन का आह्वान करते हुए प्रश्न उठाया कि हम देश को क्या योगदान दे रहे हैं और उसका प्रतिफल क्या है –इस पर गंभीरता से विचार करने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि माँ हमारी पहली गुरु होती है, इसके बाद प्राथमिक, माध्यमिक और उच्च शिक्षा का क्रम आता है। शिक्षा का उद्देश्य केवल डिग्री नहीं, बल्कि जीवन के उद्देश्य, लक्ष्य और मूल्यों को समझना होना चाहिए। प्रो. शुक्ल ने कहा कि लॉच शिक्षकों से जुड़ा है, किंतु लीड करना एक शिक्षाविद् के रूप में स्वयं को विकसित करने से संबंधित है। एक अच्छा शिक्षक वही है, जो विद्यार्थियों को केवल विषय नहीं, बल्कि जीवन के सही पाठ भी सिखाए। उन्होंने शिक्षा, स्टार्टअप और रोजगार के बीच संबंध को रेखांकित करते हुए कहा कि आज आवश्यकता है कि हम अपने ज्ञान को व्यावहारिक और व्यावसायिक रूप से उपयोग में लाने की दिशा में सोचें।

## किशोरी लाल को मिले पूर्ण अंक

**प्रयागराज (अवधनामा संवाददाता)** किशोरी लाल क्रिकेट क्लब ने दौलत हुसैन क्रिकेट क्लब के तत्वाधान में आयोजित गंगा जमुना तहजीब अंडर -12 क्रिकेट प्रतियोगिता के लीग मैच में मजीदिया इस्लामिया क्रिकेट क्लब बी को पांच विकेट से हराकर प्रतियोगिता में पूर्ण अंक हासिल किए हैं। शुक्रवार को दौलत हुसैन मैदान पर टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करते हुए मजीदिया इस्लामिया क्रिकेट क्लब बी की पूरी टीम 24.3 ओवर में 108 रन ( अब्दुल रेहमान 47 नाबाद, अब्दुर रेहमान 20 रन, युवराज सिंह 3/12, अंश यादव 2/18, शुभ केशरी 1/14 ) पर सिमट गई। जवाब में किशोरी लाल क्रिकेट क्लब की टीम ने 15.4 ओवर में पांच विकेट पर 109 रन ( सत्या 33, सर्वेश सोनकर 18 रन, हमजा अली 2/21, मो. आजम 2/22 ) पर बना लिए।

## अंजुमन मोइनुल मजालिस (रजि.) की सालाना मीटिंग संपन्न



**बाराबंकी (अवधनामा संवाददाता)** सैय्यदवाड़ा के आलमपुर में अंजुमन मोइनुल मजालिस (रजि.) सैय्यदवाड़ा, बाराबंकी की सालाना मीटिंग हुसैनिया अमानत अली आलमपुर में अंजुमन के सद्र सैय्यद अमानत अली ज़ैदी साहब और मुन्तज़िम आला सैय्यद शुजा अब्बास ज़ैदी साहब की जानिब से रखी गई, जिसमें 2026 में होने वाली जरगावां की सालाना मजालिस की तारीखों के सिलसिले से ओहदे दारान और मौज़ा सेक्रेटरी साहिबान की मौजूदगी में अहम गुफ्तगू हुई। मीटिंग में अंजुमन के सद्र और मुन्तज़िम आला,ओहदे दारान और मौज़ा सेक्रेटरी साहिबान की राय से जरगावां की सालाना मजालिस 22,23,24 मई 2026 मुकर्रर की गई।

# हल्दी में पीला और मेहंदी में हरा छोड़िए शादी की रस्मों में शामिल करें ये नए रंग



अगर समय बदल गया है। ऐसे में अगर आपकी शादी होने वाली है तो पारंपरिक रंगों को छोड़कर आप अपनी शादी की रस्मों में नए रंगों को शामिल करें। कुछ ही दिनों में शादी का सीजन शुरू होने वाला है। ऐसे में अगर आपके घर में भी अगर शादी है तो आपने भी इसकी तैयारी शुरू कर दी होगी। भारतीय शादी की हर रस्म में रंगों का खास महत्व होता है। पारंपरिक रूप से हल्दी में पीला, मेहंदी में हरा और शादी के समय लाल का बोलबाला रहता है। लेकिन अब फैशन और क्रिएटिविटी के चलते दुल्हन-दूल्हा और मेहमान नए रंग भी अपनाने लगे हैं। आज के समय में अब हल्दी, मेहंदी, संगीत और शादी जैसी रस्मों में सिर्फ पारंपरिक रंगों तक सीमित रहना जरूरी नहीं है। अलग-अलग रंगों का चयन कर आप हर रस्म को और खास बना सकते हैं। अगर आप पारंपरिक रंग से हटकर किसी अन्य रंग के कपड़ों का चयन करेंगे तो आपका लुक सबसे प्यारा और खूबसूरत दिखेगा। तो आइए आपको बताते हैं कि आप किस रस्म में किस रंग का आउटफिट कैरी कर सकती हैं। वैसे तो हमेशा से ही हल्दी की रस्म में पीले रंग के कपड़े ही पहने जाते हैं। पर, अगर आप चाहें तो पीले रंग से हटकर कुछ और भी पहन सकते हैं। इसके लिए गुलाबी या फिर लैवेंडर रंग काफी प्यारा रहेगा। आजकल तो बहुत सी लड़कियों ने अपनी हल्दी की रस्म में सफेद रंग का आउटफिट भी कैरी किया है, जिसपर गुलाबी रंग का काम था। अब समय गया जब दुल्हनें अपनी मेहंदी की रस्म में हरे रंग का आउटफिट पहनना पसंद करती थीं।

आज के समय में होने वाली दुल्हनें हरे रंग की जगह मिंट ग्रीन, पेस्टल ब्लू या फिर मैरून रंग का आउटफिट पहनना पसंद करती हैं। ऐसा इसलिए क्योंकि मेहंदी लगे हाथों के साथ इन रंगों के आउटफिट खूब जचते हैं। वैसे तो संगीत के मौसम में ज्यादातर लोग मैट रंगों को कैरी करना पसंद करते हैं। इन रंगों में ब्लैक, व्हाइट, गोल्डन और सिल्वर शामिल है। लेकिन आप चाहें तो अपने संगीत के लिए ब्राइट और मिक्स कलर आउटफिट्स जैसे मंगा, फ्यूशिया, क्रीम-पिंक शेड्स पहन सकती हैं।

# घुंघरू पायल का फिर छाया जादू

पैरों की खूबसूरती बढ़ाने के लिए घुंघरू पायल के लेटेस्ट डिजाइन आजकल काफी ट्रेंड में हैं, जिन्हें एथनिक आउटफिट के साथ स्टाइल किया जा सकता है। इस लेख में झालर, हैवी वर्क और जाली पैटर्न वाली पायल के खास डिजाइंस के बारे में जानें, जो आपके लुक को परफेक्ट बना सकते हैं।

इसमें कोई दोहराए नहीं है महिलाओं को ज्वेलरी स्टाइल करना सबसे ज्यादा पसंद होता है। महिलाएं अक्सर अलग-अलग डिजाइन वाली ज्वेलरी खरीदकर आउटफिट के साथ जरुर पहनती हैं। ऐसे ही आप अपने पैरों की खूबसूरती बढ़ाने के लिए के लिए पायल खरीद सकती हैं। घुंघरू डिजाइन वाली पायल आजकल काफी ट्रेंड में है, इसमें आपको अलग-अलग ऑप्शन में कई तरह के डिजाइन मिल सकते हैं। जिसे वियर करके आपके पैर खूबसूरत



नजर आएंगे। इसके साथ ही आप सबसे अलग और प्यारी लगेंगी। इस आर्टिकल में हम आपको बताएंगे घुंघरू पायल के अलग-अलग डिजाइन।

पैरों को खूबसूरत बनाने के लिए आप ट्रेंडी झालर डिजाइन वील घुंघरू पायल को वियर कर सकते हैं। इस तरह की पायल काफी सिंपल और लाइट वर्क डिजाइन की होती है। एक बार इस पायल को पहनने से आपके पैर भी काफी खूबसूरत दिखेंगे। इस तरह की सुंदर पायल आप वियर कर सकती हैं। आप चाहे तो ऑनलाइन या ऑफलाइन खरीद सकते हैं। आप पैरों की सुंदरता को बढ़ाने के लिए हैवी डिजाइन वाली घुंघरू पायल खरीदना चाहती हैं, तो इस डिजाइन वाली पायल जरुर खरीद सकते हैं। इसमें पैर भी बेहद खूबसूरत लगते हैं। आप इस तरह की पायल किसी को गिफ्ट कर सकती हैं। हैवी डिजाइन वाली घुंघरू पायल को आप मार्केट खरीद सकते हैं, चाहे फिर चांदी की पायल खरीद सकते हैं। यदि आपको ट्रेडिशनल लुक क्रिएट करना हैं, तो आप इस तरह की घुंघरू पायल को खरीद सकते हैं। यह पायल पैरों की सुंदरता बढ़ाएगी। मार्केट में आपको घुंघरू वाली पायल आसानी से मिल जाएगी या फिर आप ऑनलाइन भी खरीद सकती हैं। घुंघरू वाली पायल एथनिक आउटफिट के साथ वियर कर सकती हैं।

पैरों की खूबसूरती को निखारने के लिए जाली डिजाइन वाली घुंघरू पायल एक बेहतरीन विकल्प है। इसे पहनने से आपके पैर और भी आकर्षक दिखाई देंगे। ऐसी पायल अलग-अलग डिजाइन में उपलब्ध होती है, जिसमें सुंदर स्टोन वर्क भी देखने को मिलता है।

# नाइट क्रीम लगाने के बाद भी क्यों नहीं आता ग्लो?

अगर आप उन लोगों में से हैं, जो यह सोचते हैं कि ज्यादा क्रीम लगाने से जल्द और बेहतर रिजल्ट मिलेंगे, तो आप गलत है। असल में क्रीम को ज्यादा इस्तेमाल करने से पोर्स क्लॉग हो जाते हैं, जिसकी वजह से आपको ब्रेकआउट की समस्या का सामना करना पड़ सकता है। याद रखें कि मटर के आकार की मात्रा की क्रीम पूरे चेहरे के लिए काफी होती है। रात को सोने से पहले हम सभी अपनी स्किन की बेहतर केर करने के लिए नाइट क्रीम लगाते हैं। हम सभी को यही लगता है कि इससे सुबह हमारी स्किन फ्रेश, ग्लोइंग व रिपेयर दिखेगी। जबकि हर किसी के साथ ऐसा ही हो, यह जरूरी नहीं है। अधिकतर लोगों की यह शिकायत होती है कि वे नाइट क्रीम का इस्तेमाल तो कर रहे हैं, पर फिर भी उन्हें फायदा नहीं मिल रहा। भले ही आप कितनी भी महंगी नाइट क्रीम लगा लें, लेकिन कुछ ऐसी वजहें होती हैं, जिनकी वजह से उम्मीद के अनुसार रिजल्ट नहीं मिल

**ग्लोइंग**

> **रात को सोने से पहले हम सभी अपनी स्किन की बेहतर केर करने के लिए नाइट क्रीम लगाते हैं। हम सभी को यही लगता है कि इससे सुबह हमारी स्किन फ्रेश, ग्लोइंग व रिपेयर दिखेगी।**

पाता है। अगर आपके साथ भी ऐसा हो रहा है, तो आप अकेली नहीं हैं। हालांकि, ऐसे में आपको परेशान होने की बिल्कुल भी जरूरत नहीं है। अगर आप उन बातों को समझ लें, जिनकी वजह से आपकी नाइट क्रीम असर नहीं दिखा पा रही



है, तो फिर आप आसानी से अपनी समस्या को हल कर सकते हैं। तो चलिए आज इस लेख में हम आपको कुछ ऐसी ही वजहों के बारे में बता रहे हैं, जिनकी वजह से आपको नाइट क्रीम लगाने के बाद भी ग्लो नहीं मिलता है-

**गंदी स्किन पर ही अप्लाई करना**

अगर आप बहुत थकी हुई हैं और बस नाइट क्रीम लगाकर ही सो जाती हैं तो ऐसे में आपको रिजल्ट बिल्कुल भी नहीं मिलने वाला। हमेशा ध्यान रखें कि नाइट क्रीम साफ स्किन पर ही काम करती है। लेकिन अगर आपने मेकअप, सनस्क्रीन या स्किन की गंदगी को साफ नहीं किया है तो ऐसे में क्रीम त्वचा के अंदर जाने के बजाय सिर्फ ऊपर बैठ जाती है।

**बहुत अधिक प्रोडक्ट लगाना**

अगर आप उन लोगों में से हैं, जो यह सोचते हैं कि ज्यादा क्रीम लगाने से जल्द और बेहतर रिजल्ट मिलेंगे, तो आप गलत है। असल में क्रीम को ज्यादा इस्तेमाल करने से पोर्स क्लॉग हो जाते हैं, जिसकी वजह से आपको ब्रेकआउट की समस्या का सामना करना पड़ सकता है। याद रखें कि मटर के आकार की मात्रा की क्रीम पूरे चेहरे के लिए काफी होती है।

**अपनी स्किन टाइप को नजरअंदाज करना**

जिस तरह अन्य ब्यूटी या मेकअप प्रोडक्ट्स खरीदते समय आप अपनी स्किन टाइप का ख्याल रखती हैं, ठीक उसी तरह नाइट क्रीम का इस्तेमाल करते हुए भी रखना चाहिए। अगर आप सूखी स्किन पर जेल और ऑयली स्किन पर हैवी क्रीम लगाती हैं तो आपको नुकसान हो सकता है।

# सर्दियों में रूखी-बेजान त्वचा से परेशान?

सर्दियों में त्वचा के रूखेपन और दाग-धब्बों को दूर करने के लिए शहद, एलोवेरा और गुलाब जल से बना फेस मास्क एक प्रभावी घरेलू उपाय है। इस ओवरनाइट मास्क को रातभर चेहरे पर लगाकर सोने से त्वचा को गहराई से पोषण मिलता है और सुबह प्राकृतिक चमक नजर आती है।

हर कोई चाहता है कि उसकी त्वचा साफ, मुलायम और प्राकृतिक रूप से चमकदार दिखे। अगर आप केमिकल युक्त प्रोडक्ट्स से बचकर घरेलू उपाय अपनाना चाहती हैं, तो शहद से तैयार फेस मास्क एक बेहतरीन विकल्प हो सकता है। शहद में पाए जाने वाले एंटीबैक्टीरियल और हाइड्रेटिंग गुण त्वचा को गहराई से पोषण देते हैं और रूखेपन को दूर करते हैं। इसे रात में चेहरे पर लगाकर सोने से सुबह स्किन फ्रेश, सॉफ्ट और नेचुरल ग्लो के साथ नजर आती है। आइए जानते हैं इसे बनाने और इस्तेमाल करने का आसान तरीका। यदि आप त्वचा पर शहद लगाती हैं, तो इससे स्किन को नमी मिलती है। इसके साथ ही त्वचा भी हाइड्रेट होती है। नेचुरल ग्लो को बढ़ाने के लिए आप शहद का प्रयोग कर सकते हैं, जिससे स्किन पर किसी तरह के दाग-धब्बे नजर न आए।



# पतली आइब्रो को बनाएं घना



आइब्रो पेंसिल की जगह अब नेचुरल तेलों से घनी और काली आइब्रो पाना संभव है, जो आपके लुक को बदल सकते हैं। टी ट्री, नारियल, लैवेंडर और जैतून जैसे तेलों का नियमित इस्तेमाल आइब्रो की हेयर ग्रोथ को बढ़ावा देकर उन्हें प्राकृतिक रूप से खूबसूरत बनाता है। आजकल घनी और काली आइब्रो का ब्यूटी ट्रेंड काफी चल रहा है। ऐसे में हर किसी की चाहत होती है उसकी आइब्रो घनी और काली हो। यह न केवल खूबसूरती बढ़ाती है, बल्कि चेहरे को शार्प लुक भी देती है। हालांकि पतली और हल्की आइब्रो चेहरे की खूबसूरती को कम कर देती हैं। इसे भरा-भरा दिखाने के लिए लड़कियां खासतौर पर आइब्रो पेंसिल का यूज करती हैं। यदि आप बार-बार आइब्रो पेंसिल या महंगे ब्यूटी प्रोडक्ट्स का इस्तेमाल करके थक चुकी हैं और अब नेचुरल तरीकों से खूबसूरत आइब्रो पेंसिल या महंगे ब्यूटी प्रोडक्ट्स का इस्तेमाल करके थक चुकी हैं, तो आप नेचुरल तरीकों से खूबसूरत आइब्रो पाना चाहते हैं, तो इन 4 असरदार ऑयल को लगाकर इन्हें घना और काला बना सकती हैं। आइब्रो को नेचुरल तरीके से ग्रोथ बढ़ाने के लिए आप टी ट्री ऑयल काफी फायदेमंद होता है। इसके इस्तेमाल से आइब्रो के पोर्स खुल जाते हैं और हेयर ग्रोथ होता हैं। यदि आप घनी और काली आइब्रो की चाहत रखती हैं, तो रात के समय सोने से पहले टी ट्री ऑयल का जरुर इस्तेमाल कर सकते हैं।

नारियल तेल बालों और स्किन के लिए काफी फायदेमंद होता है। यह तेल बालों की जड़ों को गहराई से नमी प्रदान करता है, जिससे वे मजबूत होते हैं और घने होते हैं। रात को सोने से पहले नारियल तेल की कुछ बूंदें लेकर अपनी आइब्रो पर हल्के हाथों से मसाज करें। तेल को पूरी रात लगा रहने दें और सुबह हल्के गुनगुने पानी से साफ कर लें। नियमित रूप से ऐसा करने पर आइब्रो अधिक घनी, भरी और स्वस्थ दिखाई देने लगती हैं। यदि आप भी अपनी आइब्रो को घनी और मोटी बनाना चाहते हैं, तो आप लैवेंडर ऑयल एक बेहतरीन नुस्खा है। अगर आप रोजाना लैवेंडर ऑयल से आइब्रो के आसपास मसाज करें।

# इस लोहड़ी खुद को दें पटोला लुक, ऐसे डिजाइनर पटियाला सूट बढ़ाएंगे आपकी खूबसूरती

लोहड़ी 2026 पर पटोला जैसा आकर्षक लुक पाने के लिए डिजाइनर पटियाला सूट बेहतरीन विकल्प हैं। इस फेस्टिवल पर ट्रेंड में चल रहे लैवेंडर, ब्राउन एम्ब्रोइडरी और रेड पंजाबी सूट जैसे लेटेस्ट डिजाइंस को अपनाकर आप अपनी खूबसूरती को और निखार सकती हैं।

लोहड़ी के त्योहार बेहद नजदीक आ चुका हैं। ऐसे में महिलाएं काफी कन्फ्यूज इस बार लोहड़ी पर्व पर क्या पहनें। अगर आप इस पर्व की उत्साहपूर्वक से सेलिब्रेट करना चाहती हैं, तो आप लोहड़ी पर ट्रेडिशनल और एथनिक आउटफिट पहन सकते हैं ये डिजाइनर पटियाला सूट। आप भी इस साल लोहड़ी पर कुछ लेटेस्ट सूट डिजाइंस को ट्राई कर सकती हैं। आइए आपको इन सूट डिजाइंस के

**पर्व**

> **लोहड़ी के त्योहार बेहद नजदीक आ चुका हैं। ऐसे में महिलाएं काफी कन्फ्यूज इस बार लोहड़ी पर्व पर क्या पहनें।**

बारे में- अगर आप भी लोहड़ी के खास मौके पर सबसे अलग और आकर्षक दिखना चाहती हैं, तो अपने लिए परफेक्ट आउटफिट चुनना जरूरी है। इस अवसर के लिए लैवेंडर रंग का पटियाला सूट एक शानदार विकल्प साबित हो सकता है। आजकल ऐसे सूट



डिजाइन काफी ट्रेंड में हैं, जो न सिर्फ आपकी खूबसूरती को निखारते हैं बल्कि आपको एक एलिगेंट और रॉयल अंदाज़ भी देते हैं। यह लुक आपको भीड़ में सबसे खास बना देगा।

यदि आपको डिफरेंट लुक चाहिए और आप एलिगेंट टच चाहती हैं, तो आप इस साल लोहड़ी पर इस खूबसूरत ब्राउन कलर एम्ब्रोइडरी पटियाला सूट भी ट्राई कर सकती हैं। इस तरह के पटियाला सूट आपको ऑनलाइन या ऑफलाइन खरीद सकते हैं। इन दिनों ऐसे पटियाला सूट डिजाइंस काफी ट्रेंड में है, जो लोहड़ी के फंक्शन में बेस्ट ऑप्शन हैं। यदि आप लोहड़ी के फंक्शन में अपने लुक से सभी को खुश करना चाहती हैं और अपनी खूबसूरती में चार चांद लगाना चाहते हैं, तो इस तरह के खूबसूरत रेड पंजाबी पटियाला सलवार सूट भी एक बेस्ट ऑप्शन हो सकता हैं। ऐसे सूट डिजाइंस को आप मार्केट से कपड़ा लेकर भी सिलवा सकती हैं या फिर ऑनलाइन भी खरीद सकते हैं।

लोहड़ी के जश्न के लिए पिंक और येलो कलर का यह सुंदर पटियाला सूट भी एक बेहतरीन चुनाव हो सकता है। सही एक्सेसरीज़ और खूबसूरत हेयरस्टाइल के साथ आप अपने लुक को और भी निखार सकती हैं। इस तरह के ट्रेंडी पटियाला सूट आजकल आसानी से पास के मार्केट में उपलब्ध हैं, वहीं चाहें तो इन्हें ऑनलाइन शॉपिंग प्लेटफॉर्म से भी खरीदा जा सकता है।

# पार्टी से कुछ घंटे पहले चाहिए नेचुरल ग्लो, ये स्किन केयर टिप्स देंगे पार्लर जैसा निखार



अगर आप भी चाहती हैं कि पार्टी या फंक्शन में सभी की नजरें आप पर टिकी रहें, तो इसके लिए जरूरी है कि आप अपनी त्वचा को पहले से केयर दें। ऐसे में आज हम आपको कुछ आसान और असरदार नुस्खों के बारे में बताने जा रहे हैं, जिससे आप घर बैठे चेहरे पर नेचुरल ग्लो पा सकती हैं।

कोई फंक्शन हो या पार्टी, हर किसी के लिए बेहद खास होती है। हर लड़की चाहती है कि वह सबसे खूबसूरत और कॉन्फिडेंट दिखाई दे। परफेक्ट मेकअप, आउटफिट और स्टाइलिश लुक के साथ अगर आपके फेस पर नेचुरल ग्लो हो, तो खूबसूरती और भी निखर जाती है। लेकिन पार्लर ट्रीटमेंट और महंगे ब्यूटी प्रोडक्ट्स हर किसी के लिए संभव नहीं होते हैं। ऐसे में आप कुछ नुस्खे अपनाकर अपने चेहरे पर ग्लो ला सकती हैं। घरेलू नुस्खे, हेल्दी लाइफस्टाइल, स्किन केयर और बिना किसी साइड इफेक्ट के आपकी स्किन चमकदार बन सकती हैं। ऐसे में अगर आप भी चाहती हैं कि पार्टी या फंक्शन में सभी की नजरें आप पर टिकी रहें, तो इसके लिए जरूरी है कि आप अपनी त्वचा को पहले से केयर दें। ऐसे में आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको कुछ आसान और असरदार नुस्खों के बारे में बताने जा रहे हैं, जिससे आप घर बैठे चेहरे पर नेचुरल ग्लो पा सकती हैं। इंस्टेंट ग्लो पाने के लिए कच्चा दूध और गुलाब जल एक आसान और असरदार तरीका है। कच्चे दूध में मौजूद लैक्टिक एसिड स्किन की गहराई से सफाई करता है। जिससे डेड स्किन हटती है और फेस साफ दिखने लगता है। गुलाब जल स्किन को ठंडक देता है और उसे टोन करता है। इसके लिए एक चम्मच गुलाब जल में दो चम्मच कच्चा दूध मिलाकर कॉटन की सहायता से चेहरे और गर्दन पर अप्लाई करें। करीब 15-20 मिनट बाद से फेस को साफ पानी से धो लें। वहीं कुछ समय में ही आपकी स्किन चमकदार और मुलायम नजर आने लगेगी।

नींबू और शहद का मिश्रण थकी और डल स्किन के लिए फायदेमंद माना जाता है। शहद स्किन को नमी देती है। वहीं नींबू स्किन को प्राकृतिक रूप से ब्राइट बनाती है। एक चम्मच शहद में 3-4 बूंद नींबू का रस मिलाकर फेस पर पतली सी परत अप्लाई करें। करीब 10-12 मिनट बाद फेस को गुनगुने पानी से धो लें। इससे फेस की डार्कनेस कम होती है और फेस पर फौरन ग्लो आता है।

चेहरे को फौरन फ्रेश और ठंडक देने में खीरे का रस काफी फायदेमंद होता है। खीरे में मौजूद पानी और विटामिन्स स्किन की थकान को दूर करता है और सूजन को कम करता है। ताजे खीरे को कद्दूकस करके इसका रस निकाल लें। फिर कॉटन की मदद से इसको फेस पर 15 मिनट के लिए लगाकर छोड़ दें। यह नुस्खा उन लोगों के लिए काफी अच्छा है, जिनकी स्किन थकी और डल दिखती है।

प्राकृतिक रूप से एलोवेरा जेल प्राकृतिक रूप से स्किन का ग्लो बढ़ाने और स्किन को रिपेयर करने का काम करता है। शुद्ध एलोवेरा जेल से फेस पर हल्के हाथों से मसाज करें और करीब 20 मिनट तक फेस पर लगा रहने दें। आप चाहें तो इसको बिना धोए भी छोड़ सकते हैं। एलोवेरा स्किन को अंदर से पोषण देता है। जिससे चेहरा नेचुरली ग्लोइंग, स्मूद और सॉफ्ट नजर आती है।

इंस्टेंट ब्राइटनेस पाने के लिए बेसन और दही का फेस पैक काफी कारगर होता है। बेसन डेड स्किन को हटाने में मदद करता है और दही आपकी स्किन को पोषण देकर नमी बनाए रखता है। एक चम्मच बेसन और एक चम्मच ताजा दही मिलाकर फेस पर अप्लाई करें। सूखने पर हल्के हाथों से मसाज करते हुए इसको हटा दें। इन फेस पैक से टैनिंग कम होती है और कुछ ही घंटों में फेस पर निखार नजर आने लगता है।

बता दें कि बेहतर रिजल्ट पाने के लिए आपको इन नुस्खों को लगाने से पहले अच्छे से फेस वॉश करें। दिन भर पर्याप्त मात्रा में पानी पिएं और नुस्खा अपनाने के बाद हल्का मॉइस्चराइजर लगाएं। इससे स्किन का ग्लो बढ़ता है। वहीं किसी भी नुस्खे को आजमाने से पहले पैच टेस्ट कर लें।

# पोंगल के मौके पर पहन सकती हैं ऐसी साड़ियां, लेटेस्ट कलेक्शन पर डालें एक नजर



अगर आप पोंगल के त्योहार में अपना खूबसूरत लेकिन सादगी भरा अंदाज दिखाना चाहती हैं तो ये लेख आपके काम का है। हम आपको यहां बताएंगे कि पोंगल के त्योहार में कैसी साड़ी पहनी जा सकती है।

दक्षिण भारत में पोंगल त्योहार काफी धूम-धाम से मनाया जाता है। ये पर्व सूर्य के मकर राशि में प्रवेश का उत्सव है, जो कि आमतौर पर हर साल 14 जनवरी से 17 जनवरी तक मनाया जाता है। वैसे तो इस चार दिवसीय पर्व की पूरे धूम दक्षिण भारत में में देखने को मिलती है लेकिन इसका उत्साह सबसे अधिक तमिलनाडु में देखने को मिलता है।

पोंगल के मौके पर घरों मे तरह-तरह के पकवान बनाए जाते हैं और घरों को सजाया जाता है। घर सजाने के साथ लोग अपने लिए नए-नए कपड़े भी खरीदते हैं। अगर आप अपने लिए नयी साड़ी लेने का प्लान कर रही हैं तो यहां उसके कुछ विकल्प दिए जा रहे हैं क्योंकि महिलाएं इस त्योहार के लिए सबसे ज्यादा तैयार होती हैं। ऐसे में आप चाहें तो हमारे बताए विकल्पों को देखकर अपने लिए खरीदारी कर सकें। इससे आप पोंगल के त्योहार में सबसे प्यारी दिखेंगी।

अवधनामा



# आतिशी के इस्तीफे से कम कुछ भी मंजूर नहीं

**बयान**

**दिल्ली भाजपा महासचिव विष्णु मित्तल ने कहा कि आतिश मारलेना ने अब भी अपने बयान पर माफी नहीं मांगी है।**



**नई दिल्ली।** आम आदमी पार्टी की नेता और दिल्ली विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष आतिशी मार्लेना के द्वारा कथित तौर पर सिख गुरु तेग बहादुर का अपमान किए जाने पर भाजपा शुक्रवार को सड़कों पर उतरी। पार्टी का आरोप है कि आम आदमी पार्टी के नेता जानबूझकर भारतीय धर्म-संस्कृति का मजाक उड़ाते हैं। भाजपा के अनुसार , आम आदमी पार्टी नेता पहले भी ऐसा कर चुके हैं और पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान पर भी सिख समाज की भावनाओं को ठेस पहुंचाने का आरोप है। भाजपा ने आम आदमी पार्टी के कार्यालय के बाहर जमकर प्रदर्शन किया और आतिशी मार्लेना और भगवंत मान के इस्तीफे की मांग की। पार्टी इस मुद्दे को पंजाब में भी मजबूती से उठाने की योजना बना रही है। हालांकि, आम आदमी पार्टी ने आरोप लगाया है कि आतिशी मार्लेना के वीडियो से छेड़छाड़ की गई है। आम आदमी पार्टी ने वीडियो के फॉरेंसिक जांच की मांग की है।

भारतीय जनता पार्टी के महासचिव तरुण चुग ने अमर उजाला से कहा कि आम आदमी पार्टी के नेता जानबूझकर हिंदू और सिख गुरुओं के खिलाफ आपत्तिजनक बयानबाजी करते हैं। उन्होंने कहा कि आम आदमी पार्टी के नेताओं में भारतीय धर्म संस्कृति के खिलाफ थोड़ा सा भी सम्मान नहीं है, जिसके कारण वे बार-बार हिंदुओं और सिखों को अपमानित करने का काम करते हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि इसी तरह के एक मामले में पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान से भी सिख समुदाय सफाई मांग रहा है।

तरुण चुग ने कहा कि यह मामला केवल दिल्ली और पंजाब तक सीमित नहीं है। यह मामला हिंदू और सिख का भी नहीं है। उन्होंने कहा कि यह मामला पूरे हिंदुस्तान के स्वाभिमान और हमारी संस्कृति का मुद्दा है। उन्होंने कहा कि जिन धर्म गुरुओं ने देश के धर्म संस्कृति की रक्षा के लिए अपने प्राण त्याग दिए, उनके बारे में इस तरह की आपत्तिजनक बयानबाजी किसी भी कीमत पर स्वीकार नहीं की जा सकती। दिल्ली भाजपा महासचिव विष्णु मित्तल ने कहा कि आतिश मारलेना ने अब भी अपने बयान पर माफी नहीं मांगी है। उल्टे सुनने में आया है कि वे छुट्टियां मनाने गोवा पहुंच गई है। उन्होंने कहा कि जिस वीडियो को आम आदमी पार्टी फर्जी बता रही है, वह दिल्ली विधानसभा की कार्रवाई में मौजूद है। और उसकी फोरेंसिक जांच भी की जाएगी। विष्णु मित्तल ने कहा कि यह पूरे देश की धार्मिक भावनाओं के अपमान का मामला है। इस मामले में आतिश मारलेना को किसी भी कीमत पर माफी नहीं दी जा सकती। उन्होंने कहा कि दिल्ली विधानसभा के नियमों के अनुसार उन पर यथोचित कार्रवाई होगी और उनकी सदस्यता जाना निश्चित है। भाजपा नेता यासिर जिलानी ने कहा कि यदि आतिशी मारलेना ने गलती से यह बयान दिया होता तो वे माफी मांग लेती और इस मामले को खत्म करने की कोशिश करती। लेकिन आम आदमी पार्टी नेता ने माफी मांगने की बजाय वीडियो को ही नकली बता दिया। उन्होंने कहा कि यह अपमान स्वीकार नहीं है। अब आतिशी मार्लेना के इस्तीफे से कम कुछ भी स्वीकार नहीं किया जाएगा।

भाजपा के पूर्व महामंत्री राजेश भाटिया ने अमर उजाला से कहा कि अरविंद केजरीवाल ने अपनी राजनीति की शुरुआत से ही हमेशा विभाजनकारी राजनीति की। उन्होंने कहा कि जी दिल्ली की जनता ने आम आदमी पार्टी को प्रचंड बहुमत से जिताने का काम किया था। लेकिन एक हार के बाद आज आम आदमी पार्टी इस दिल्ली की जनता को अपमानित करने का काम कर रही है। उन्होंने कहा कि आम आदमी पार्टी के नेता अपनी हार की हताशा में जनता को ही अपशब्द कहने लगे हैं।

लक्ष्मीनगर से पूर्व विधायक नितिन त्यागी ने कहा कि वे आम आदमी पार्टी में रहे हैं। उन्होंने करीब से देखा है कि अरविंद केजरीवाल और पार्टी के अन्य नेता भारतीय धर्म संस्कृति, हिंदू और सिख समुदाय का कोई सम्मान नहीं करते हैं।

# राष्ट्रीय शोक दिवस पर दी गई बार में लगी आग में मारे गए लोगों को श्रद्धांजलि



**नई दिल्ली।** स्विट्जरलैंड में नए साल 2026 के जश्न के दौरान एक बार में लगी आग ने खुशी को भयावह त्रासदी में बदल दिया। देर रात हुए इस हादसे में 40 लोगों की मौत हो गई थी।

स्विट्जरलैंड में आज राष्ट्रीय शोक दिवस के मौके पर शोक सभा का आयोजन होगा। इसमें नए साल के जश्न के दौरान बार में लगी आग में मारे गए 40 लोगों को श्रद्धांजलि दी जाएगी। 1 जनवरी को आधी रात में बार में आग लगने से 116 अन्य लोग घायल हो गए, जिनमें से कई गंभीर रूप से घायल थे। जांचकर्ताओं ने कहा है कि क्रैंस-मोंटाना में शैंपेन की बोतलों के ऊपर रखी फुलझड़ियों से आग लगी थी।

राष्ट्रीय शोक दिवस के हिस्से के रूप में, स्विट्जरलैंड भर के चर्चों की घंटियां शुक्रवार को स्थानीय समय के अनुसार दोपहर 2 बजे से पांच मिनट तक बजेंगी, और एक मिनट का मौन रखा जाएगा। अधिकारी इस बात की जांच कर रहे हैं कि क्या छत पर लगा साउंडप्रूफिंग मटीरियल नियमों के अनुसार था और क्या बार में फुलझड़ियों का इस्तेमाल करने की अनुमति थी। 2019 के बाद से आग सुरक्षा निरीक्षण नहीं किए गए थे। कुछ मृतकों की जलने के कारण पहचान करना मुश्किल हो गया, जिसके लिए परिवारों को अधिकारियों को ड्ढह्र सैंपल देने पड़े। पुलिस ने कहा है कि कई पीड़ित किशोर या 20 साल के आसपास के थे।

स्विस अधिकारियों ने बार मैनेजरों के खिलाफ आपराधिक जांच शुरू की है। वैलिस क्षेत्र के मुख्य अभियोजक के अनुसार, दोनों पर अनजाने में हत्या, अनजाने में शारीरिक नुकसान और अनजाने में आग लगाने का संदेह है।

# असम में विपक्षी दल सत्ताधारी भाजपा के खिलाफ गोलबंद



**नई दिल्ली।** असम में विपक्षी दलों ने शुक्रवार को भाजपा पर विधानसभा चुनाव से पहले मतदाता सूची से नाम हटाने का आरोप में शिकायत दर्ज कराई। आरोप है कि राज्य भाजपा अध्यक्ष दिलीप सैकिया ने कैबिनेट मंत्री अशोक सिंघल को 60 विधानसभा क्षेत्रों में मतदाता नाम हटाने की जिम्मेदारी सौंपी।

असम में विपक्षी दलों ने शुक्रवार को भाजपा के खिलाफ पुलिस में शिकायत दर्ज कराई। इसमें आरोप लगाया गया कि वह विधानसभा चुनाव से पहले मतदाता सूची से नाम हटाने की साजिश रच रही है।कांग्रेस, सीपीआई (एम), रायजोर दल, असम जातीय परिषद और सीपीआई (एमएल) एल ने यहां दिसपुर पुलिस स्टेशन में दर्ज एक संयुक्त शिकायत दर्ज किया है। इसमें दावा किया है कि राज्य भाजपा अध्यक्ष दिलीप सैकिया ने कैबिनेट मंत्री अशोक सिंघल को 60 विधानसभा क्षेत्रों (एलएसी) में सीटों को हटाने की प्रक्रिया को अंजाम देने का विशेष जिम्मा सौंपा है।

असम में मतदाता सूचियों का विशेष संशोधन (एसआर) चल रहा है, जिसकी अंतिम मतदाता सूची 10 फरवरी को प्रकाशित की जाएगी। विधानसभा चुनाव मार्च-अप्रैल में होने की संभावना है। विपक्षी दलों ने शिकायत में कहा कि राज्य भाजपा अध्यक्ष ने भाजपा विधायकों को 60 लाख विधानसभा सूचियों से नाम हटाने के लिए आवश्यक कदम उठाने का निर्देश दिया। इसके साथ ही 4 जनवरी को आयोजित एक जूम बैठक में मंत्री अशोक सिंघल को भी यह जिम्मेदारी सौंपी।

इसमें कहा गया है, ÷यह विपक्षी दलों के समर्थकों के नाम मतदाता सूची से हटाने की एक नापाक साजिश है। पुलिस से साइकिया से जुड़े वीडियो कॉन्फ्रेंस के फुटेज को सुरक्षित करने का आग्रह किया गया है क्योंकि इसमें महत्वपूर्ण सबूत मौजूद हैं।

विपक्षी दलों ने दावा किया कि यह मतदान सूची से बड़ी संख्या में वास्तविक मतदाताओं के नाम हटाने की एक बड़ी साजिश थी। शिकायत में कहा गया है, ÷इसलिए, आपसे अनुरोध है कि दंड संहिता की उचित धाराओं के तहत मामला दर्ज करें। लोकतंत्र को बचाने के लिए साजिशकर्ताओं को पकड़ने के लिए आवश्यक कदम उठाएं। इसके साथ ही एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है।

# आवारा कुत्ते मामले में तीसरे दिन भी सुनवाई



**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट में आवारा कुत्ते मामले की तीसरे दिन भी सुनवाई हुई। एडवोकेट महालक्ष्मी पावनी ने अवैध प्रजनन और महिलाओं की सुरक्षा से जुड़े विवादित मुद्दे उठाए, जबकि वकील अभिषेक मनु सिंघवी ने अदालत से दखल न देने की अपील की। सुप्रीम कोर्ट ने आवारा कुत्तों के मामले में लगातार तीसरे दिन भी सुनवाई शुरू हुई। सुप्रीम कोर्ट ने शैक्षणिक संस्थानों और कार्यालय परिसरों में भटकते कुत्तों की समस्या पर ध्यान केंद्रित किया गया है। कोर्ट की तीन सदस्यीय पीठ, जिसमें न्यायमूर्ति विक्रम नाथ, न्यायमूर्ति संदीप मेहता और न्यायमूर्ति एन.वी. अंजारिया शामिल हैं, मामले की सुनवाई हुई और शुक्रवार को करीब 1.50 घंटे सुनवाई चली। अदालत ने सुनवाई की अगली तारीख 13 जनवरी रखी।

सुप्रीम कोर्ट में सीनियर एडवोकेट और एनीमल राइट्स एक्टिविस्ट महालक्ष्मी पावनी ने कहा कि कुछ लोग कुत्ते रखने वाली महिलाओं के बारे में अपमानजनक बातें करते हैं और उन्हें यह तक कहते हैं कि महिलाएं संतुष्टि के लिए कुत्तों के साथ सोती हैं।

इस दौरान याचिकाकर्ता की तरफ से पेश वकील अभिषेक मनु सिंघवी ने अदालत से इस मामले में दखल न देने की अपील की। उन्होंने कहा कि कानून और नियम पहले से मौजूद हैं, इसलिए अदालत को हस्तक्षेप करने की आवश्यकता नहीं है। सिंघवी ने यह भी कहा कि जब संसद जानबूझकर दखल नहीं देती, तो अदालत को भी इसमें नहीं जाना चाहिए। सिंघवी ने आगे बताया कि एमीकस क्यूरी (अदालत के सलाहकार) कानून के अच्छे जानकार होते हैं लेकिन किसी विशेष विषय के विशेषज्ञ नहीं। ऐसे मामलों में डोमेन एक्सपर्ट्स जैसे पशु, पर्यावरण या स्वास्थ्य विशेषज्ञों को भी शामिल किया जाना चाहिए।

अवारा कुत्तों के मामले की सुनवाई के दौरान, महालक्ष्मी पावनी ने बड़े पैमाने पर अवैध प्रजनन और विदेशी कुत्तों के अवैध आयात की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि पिट बुल और हस्की नस्ल के कुत्तों को सड़कों पर छोड़ा जा रहा है। हालांकि, न्यायालय ने कहा कि यह मामला स्ट्री डॉग्स (अवारा कुत्तों) के मुद्दे से संबंधित नहीं है। कृपया उन मुद्दों पर ध्यान दें जिनसे हम निपट रहे हैं। कोर्ट ने यह भी स्पष्ट किया कि कानून में उपलब्ध उपायों का पालन किया जाना चाहिए।

शीर्ष अदालत में गुरुवार को सुनवाई के दौरान वरिष्ठ वकील सीयू सिंह ने दलील देते हुए कहा, दिल्ली में चूहे और बंदरों का भी खतरा है। कुत्तों को अचानक हटाने से क्या होता है? चूहों की आबादी बढ़ जाती है। कुत्ते संतुलन बनाए रखते हैं। उनकी इस दलील पर न्यायमूर्ति संदीप मेहता ने टिप्पणी की, %क्या इसका आपस में कोई संबंध है? हमें बिल्लियों को बढ़ावा देना चाहिए, क्योंकि वे चूहों की दुश्मन हैं।% इसी के साथ सुप्रीम कोर्ट ने टिप्पणी करते हुए कहा कि हमने गली के हर कुत्ते को हटाने का निर्देश नहीं दिया है। उनके साथ नियमानुसार व्यवहार किया जाना चाहिए।

सुप्रीम कोर्ट में बुधवार को सुनवाई के दौरान वरिष्ठ वकील कपिल सिब्बल ने दलील देते हुए कहा था कि सभी कुत्तों को पकड़ना समाधान नहीं है। इस पर सुप्रीम कोर्ट ने टिप्पणी करते हुए कहा, %यही बात गेटेड कम्युनिटी पर भी लागू होती है। गेटेड कम्युनिटी में कुत्ते को घूमने देना चाहिए या नहीं, यह समुदाय को तय करना होगा।

## कोनसीमा में ओएनजीसी के गैस कुएं में लगी आग बुझाने की कोशिशें जारी

**नई दिल्ली।** आंध्र प्रदेश के कोनसीमा जिले में ओएनजीसी के गैस कुएं में लगी आग को काबू में करने के प्रयास जारी हैं। 5 जनवरी को गैस रिसाव के बाद भीषण आग भड़क उठी थी, हालांकि अब उसकी तीव्रता कम हो गई है। ओएनजीसी की टीमें फिलहाल मलबा हटाने में जुटी हैं। आंध्र प्रदेश के डॉ. बीआर अंबेडकर कोनसीमा जिला में स्थित ऑयल एंड नेचुरल गैस कॉरपोरेशन के एक गैस कुएं में लगी आग को बुझाने के प्रयास शुक्रवार को भी जारी रहे। ओएनजीसी की टीमें फिलहाल घटनास्थल से मलबा हटाने के काम पर ध्यान केंद्रित किए हुए हैं, ताकि इसके बाद कुएं के मुंह पर तकनीकी कार्रवाई की जा सके। 5 जनवरी को मोरी और इरसुमंदा गांवों के पास ओएनजीसी के कुएं मोरी-5 में गैस रिसाव के बाद भीषण आग भड़क उठी थी। आग की लपटें करीब 20 मीटर ऊंची और लगभग 25 मीटर चौड़ी बताई गईं।

# गाजा में इस्राइली हमलों में 13 की मौत



**डेर अल-बलाह।** गाजा में इजरायली हमलों में कम से कम 13 लोग मारे गए, जबकि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप से नाजुक संघर्ष विराम की देखरेख के लिए शांति बोर्ड की घोषणा करने की उम्मीद थी।

गाजा में हमास और इस्राइल के बीच पहले दौर के शांति समझौते के बाद भी हमले रूकने का नाम नहीं ले रहे हैं। गाजा में इस्राइली हमलों में कम से कम 13 लोग मारे गए। स्वास्थ्य अधिकारियों और परिवार के सदस्यों ने बताया कि उत्तरी गाजा में और साथ ही गाजा शहर के पूर्व में हुए कई हमलों के बाद मृतकों में कम से कम एक बच्चा शामिल था।

इस्राइली की सेना ने शुक्रवार को बताया कि उसने गाजा शहर क्षेत्र से लड़ाकों द्वारा दागे गए एक असफल हमले के जवाब में दक्षिणी और उत्तरी गाजा में हमास के बुनियादी ढांचे और लड़ाकों को निशाना बनाया। इन हमलों के बीच इस्राइल और हमास के बीच चरणबद्ध युद्धविराम अभी भी अपने प्रारंभिक चरण में है, क्योंकि गाजा में अंतिम बंधक के अवशेषों को बरामद करने के प्रयास जारी हैं।

वहीं अमेरिकी अधिकारी और एक अन्य अधिकारी ने औपचारिक घोषणा होने तक नाम न छापने की शर्त पर इस मुद्दे पर बात की। अधिकारियों ने बताया कि अगले सप्ताह ट्रंप की ओर से शांति बोर्ड की घोषणा किए जाने की संभावना है, जिसकी अध्यक्षता वे खुद करेंगे। उनके मुताबिक यह मध्य पूर्व शांति योजना की दिशा में उनका एक अहम कदम होगा। बता दें कि अक्तूबर में इस्राइल और हमास के बीच दो साल से ज्यादा समय से चल रहे संघर्ष के अंत में हुए युद्धविराम के बाद से यह प्रक्रिया धीमी गति से आगे बढ़ी है।

इससे पहले गुरुवार (09 जनवरी) को इस्राइली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने कहा था कि बल्गेरियाई राजनयिक निकोले म्लादेनोव को बोर्ड के लिए नामित महानिदेशक बनाया जाएगा। बता दें कि म्लादेनोव बुल्गारिया के पूर्व रक्षा और विदेश मंत्री हैं, जिन्होंने 2015-2020 तक संयुक्त राष्ट्र के मध्य पूर्व शांति दूत के रूप में नियुक्त होने से पहले इराक में संयुक्त राष्ट्र के दूत के रूप में कार्य किया था।

## फिलीपींस के सेबू सिटी में लैंडफिल हादसा

**मनीला।** फिलीपींस के सेबू सिटी में लैंडफिल धंसने से बड़ा हादसा हुआ। कचरे के ढेर में दबकर एक व्यक्ति की मौत हो गई, जबकि कम से कम 38 लोग अब भी लापता हैं। फिलीपींस के मध्य क्षेत्र में स्थित सेबू सिटी में एक भयावह हादसा सामने आया है, जहां एक लैंडफिल साइट पर कचरे और मलबे का विशाल ढेर अचानक ढह गया। इस दुर्घटना में एक व्यक्ति की मौत, सात लोग घायल, जबकि कम से कम 38 लोग लापता बताए जा रहे हैं, पुलिस ने शुक्रवार को जानकारी दी। यह हादसा बिनालिव गांव में स्थित एक वेस्ट सेग्रेगेशन फैसिलिटी में हुआ, जहां काम कर रहे मजदूर कचरे को अलग करने में जुटे थे। अचानक हुए इस कचरा धंसान ने वहां मौजूद कई लोगों को अपनी चपेट में ले लिया। पुलिस के अनुसार, राहत एवं बचाव दल ने अब तक आठ लोगों को जीवित बाहर निकाल लिया है।

# पोर्टलैंड में इमिग्रेशन एजेंटों ने कार सवार 2 लोगों पर गोली चलाई



**पोर्टलैंड।** अमेरिका के पोर्टलैंड शहर में फेडरल इमिग्रेशन अधिकारियों की फायरिंग में दो लोग घायल हो गए। यह घटना मिनियापोलिस के एक दिन बाद सामने आई, जहां आईसीई एजेंट ने एक महिला को गोली मारी थी, जिसके बाद विरोध प्रदर्शन जारी है।

अमेरिका के मिनियापोलिस शहर में बुधवार को इमिग्रेशन एंड कस्टम्स एनफोर्समेंट के एक एजेंट ने कार सवार महिला को गोली मारकर हत्या कर दी। इस घटना के बाद जमकर बवाल मचा और हजारों की संख्या में लोगों ने सड़कों पर उतर विरोध प्रदर्शन किया। वहीं अब पोर्टलैंड में फेडरल इमिग्रेशन अधिकारियों की गोलीबारी में दो लोगों के घायल होने की घटना सामने आई है।

ओरेगन राज्य के पोर्टलैंड शहर में फेडरल इमिग्रेशन अधिकारियों की गोलीबारी में दो लोग घायल हो गए। एफबीआई के पोर्टलैंड कार्यालय ने बताया कि गुरुवार दोपहर करीब 2–15 बजे एजेंट से जुड़ी गोलीबारी की घटना हुई, जिसमें कस्टम्स एंड बॉर्डर प्रोटेक्शन के एजेंट शामिल थे। इस फायरिंग में दो लोगों को गोली लगी है।फायरिंग की यह घटना अस्पताल के बाहर हुई। जहां एक गाड़ी में बैठे दो लोगों को फेडरल इमिग्रेशन अधिकारियों ने गोली मारकर घायल कर दिया। घटना की जानकारी देते हुए डिपार्टमेंट ऑफ होमलैंड सिक्योरिटी ने बताया कि कार सवार ट्रेन डी अरागुआ वेश्यावृत्ति गिरोह से जुड़ा एक वेनेजुएला का अवैध विदेशी था, जो पोर्टलैंड में हाल ही में हुई गोलीबारी में शामिल था।

डिपार्टमेंट ने एक लिखित बयान में कहा कि गुरुवार दोपहर जब एजेंटों ने गाड़ी में बैठे लोगों को अपनी पहचान बताई, तो ड्राइवर ने उन्हें कुचलने की कोशिश की। बयान में कहा गया है, ÷अपनी जान और सुरक्षा के डर से एक एजेंट ने बचाव में गोली चलाई। घटना के बाद ड्राइवर अन्य साथ को लेकर फरार हो गया। बता दें कि डिपार्टमेंट ऑफ होमलैंड सिक्योरिटी के अंतर्गत कस्टम्स एंड बॉर्डर प्रोटेक्शन और यूएस बॉर्डर पेट्रोल एजेंसियां आती हैं। इधर, पोर्टलैंड पुलिस ब्यूरो ने बताया कि अधिकारियों ने शुरू में दोपहर करीब 2.18 बजे एक अस्पताल के पास गोलीबारी की रिपोर्ट पर कार्रवाई की। कुछ मिनट बाद पुलिस को जानकारी मिली कि जिस व्यक्ति को गोली लगी थी, वह कुछ मील दूर एक रिहायशी इलाके में मदद मांग रहा था। इसके बाद अधिकारी वहां पहुंचे और दो लोगों को घायल अवस्था में पाया। पुलिस ने बताया यह वो थे, जो कि फेडरल एजेंटों के साथ हुई गोलीबारी में घायल हुए थे। पोर्टलैंड पुलिस ने जांच लंबित रहने तक गोलीबारी की जगह और उस इलाके दोनों को सुरक्षित कर लिया जहां घायल लोग मिले थे। वहीं काउंसिल प्रेसिडेंट एलाना पर्टल-गुइनी ने पोर्टलैंड सिटी काउंसिल की बैठक के दौरान कहा कि गुरुवार की गोलीबारी शहर के पूर्वी हिस्से में हुई और दो पोर्टलैंड निवासी घायल हुए। न्यूयॉर्क के ब्रुकलिन स्थित एक अस्पताल में तेज धार वाले हथियार से लैस एक व्यक्ति को पुलिस ने गोली मार दी। न्यूयॉर्क सिटी पुलिस के मुताबिक यह घटना गुरुवार शाम करीब 5:30 बजे न्यूयॉर्क-प्रेस्बिटेरियन ब्रुकलिन मेथोडिस्ट अस्पताल में हुई, जो पार्क स्लोप इलाके में स्थित है।

## अगले महीने भारत आएंगे फ्रांस के राष्ट्रपति मैक्रों

**पेरिस।** फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों अगले महीने भारत दौरे पर आएंगे। वे नई दिल्ली में आयोजित एआई-इम्पैक्ट शिखर सम्मेलन 2026 में हिस्सा लेंगे। फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों अगले महीने भारत की यात्रा पर आने वाले हैं। यह दौरा ऐसे समय हो रहा है जब भारत वैश्विक स्तर पर भारत एआई-इम्पैक्ट शिखर सम्मेलन 2026 की मेजबानी करने जा रहा है। इस बात की पुष्टि राष्ट्रपति मैक्रों ने गुरुवार को पेरिस में राजनयिक कोर को संबोधित करते हुए की। राष्ट्रपति मैक्रों ने कहा कि पिछले वर्ष फ्रांसीसी कूटनीति की सबसे बड़ी उपलब्धियों में से एक आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस पर वैश्विक सहयोग रहा। उन्होंने बताया कि पेरिस में आयोजित एआई समिट में दुनिया भर के देश शामिल हुए और इस पहल को भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ मिलकर आगे बढ़ाया गया।

# रूसी ड्रोन हमलों के बाद यूक्रेन के दो क्षेत्रों में छाया अंधेरा, करीब छह लाख घरों की बिजली गुल



**कीव।** रूसी ड्रोन हमलों के कारण यूक्रेन के जपोरिझिया और निप्रोपेत्रोव्स्क क्षेत्रों में बड़े पैमाने पर बिजली कटौती हुई, जिससे लाखों लोग सर्दियों में बिना बिजली और हीटिंग रह गए। यूक्रेनी राष्ट्रपति जेलेंस्की ने रूस की आलोचना की और दुनिया भर के देशों से रूस पर दबाव बनाने का आग्रह किया ताकि उसकी आक्रामकता रोकी जा सके। रूसी ड्रोन हमलों के कारण यूक्रेन के दक्षिणी जपोरिझिया क्षेत्र की बिजली अस्थायी रूप से बंद हो गई और मध्य निप्रोपेत्रोव्स्क क्षेत्र में छह लाख से अधिक घरों में बिजली नहीं थी। अधिकारियों ने गुरुवार को यह जानकारी दी।

यह हमला उस समय हुआ, जब अमेरिका के नेतृत्व में युद्ध को रोकने के लिए कूटनीतिक प्रयास जारी हैं और यह हमला रूस की ओर से अपने पड़ोसी पर आक्रमण करने के लगभग चार साल बाद हुआ है। यूक्रेन और उसके पश्चिमी सहयोगी शांति समझौते के ढांचा बनाना कोशिश कर रहे हैं, लेकिन मॉस्को ने सार्वजनिक रूप से कोई संकेत नहीं दिया है कि वह समझौते के लिए तैयार है।

यूक्रेनी राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की ने रूस की आलोचना की कि उसने रात के समय हमले में सार्वजनिक सेवाओं को निशाना बनाया। जेलेंस्की ने सोशल मीडिया पर कहा, ऊर्जा सुविधाओं और ढांचों पर ऐसे हमलों का कोई तर्क नहीं है, जिससे लोग सर्दियों में बिना बिजली और हीटिंग के रह जाते हैं।

रूस ने आक्रमण के बाद से लगातार यूक्रेन के बिजली ग्रिड को निशाना बनाया है, जिससे नागरिकों को गर्मी और पानी न मिल सके। यूक्रेनी अधिकारियों ने इसे %सर्दी के दिनों को हथियार बनाने की रणनीति कहा है। जपोरिझिया क्षेत्र की युद्ध से पहले आबादी करीब 15 लाख थी। आक्रमण के बाद पहली बार यह इलाका चार घंटे के लिए बिना बिजली रहा।

निजी ऊर्जा कंपनी डीटीईके ने बताया किआपातकालीन टीमों ने जपोरिझिया में ग्रिड की मरम्मत की, लेकिन निप्रोपेत्रोव्स्क में गुरुवार दोपहर तक हजारों लोगों के घर में बिजली नहीं थी। जेलेंस्की ने कहा, यह अहम है कि हमारे दुनिया भर के साथी रूस की ओर से लोगों के खिलाफ किए जा रहे अपराधों पर कार्रवाई करें। उन्होंने देशों से आग्रह किया कि रूस पर अधिक दबाव डालें ताकि उसकी आक्रामकता रोकी जा सके।

# ट्रंप ने मादुरो को माफ करने से किया इनकार



**वॉशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने वेनेजुएला में कार्रवाई का बचाव करते हुए मादुरो को माफी देने से इनकार कर दिया और कहा कि यह अमेरिका का लंबी अवधि का रणनीतिक लक्ष्य है।

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने वेनेजुएला के अपदस्थ राष्ट्रपति निकोलस मादुरो को माफी देने से साफ इनकार कर दिया है। ट्रंप ने वेनेजुएला पर अमेरिकी कार्रवाई का बचाव करते हुए कहा कि मादुरो ने ड्रग तस्करी गिरोह के लोगों को अमेरिका भेजा था, जिससे देश को गंभीर खतरा हुआ। ट्रंप ने एक इंटरव्यू में कहा मादुरो को माफ नहीं किया जाएगा। यह बहुत लंबे समय तक चलने वाला ऑपरेशन है और अमेरिका वेनेजुएला में लॉन्ग टर्म लक्ष्य लेकर आया है। उन्होंने यह भी कहा कि अमेरिका वेनेजुएला के तेल का इस्तेमाल कीमतें कम करने में करेगा और काराकास को वित्तीय सहायता भी देगा। अमेरिकी प्रशासन की ओर से देश की अंतरिम राष्ट्रपति डेल्सी रोड्रिग्ज के नेतृत्व वाली सरकार के साथ काम सुचारू रूप से चल रहा है। हालांकि, रोड्रिग्ज ने हाल ही में ट्रंप को 'लालची' तक कह दिया। वेनेजुएला पर अमेरिकी हमले की तुलना रूस के यूक्रेन हमले या चीन-ताइवान विवाद से करने पर ट्रंप ने इसे खारिज कर दिया। उनका कहना था कि मादुरो ने सीधे तौर पर अमेरिका के लिए खतरा पैदा किया और यह स्थिति चीन या रूस जैसी नहीं है।

3 जनवरी को अमेरिकी सेना ने वेनेजुएला में एक टारगेटेड ऑपरेशन किया। इसके बाद ट्रंप ने घोषणा की कि मादुरो और उनकी पत्नी को अमेरिका ले जाया गया है।

ट्रंप ने यह कार्रवाई अमेरिकी सुरक्षा के लिए जरूरी बताते हुए देश में तस्करी और अन्य खतरों का हवाला दिया। ट्रंप का रुख साफ है कि वे मादुरो को माफ नहीं करेंगे और अमेरिका का यह कदम देश की सुरक्षा और रणनीतिक हितों के लिए लंबी अवधि की योजना का हिस्सा है।

# जी राम जी अधिनियम से ग्रामीणों को 125 दिन की रोजगार गारंटी

अवधनामा संवाददाता

**मैनपुरी।** राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार पिछड़ा वर्ग कल्याण एवं दिव्यांगजन सशक्तीकरण, जनपद के प्रभारी मंत्री नरेन्द्र कश्यप ने शिव पैलेस में आयोजित किसान-मजदूर सम्मेलन में विभिन्न योजनाओं में लाभार्थियों को टूलकिट, श्रमकार्ड आदि वितरित करने के उपरांत उपस्थित श्रमिकों, कृषकों को संबोधित करते हुए कहा कि विकसित भारत-जी राम जी ग्रामीण रोज़गार नीति में एक महत्वपूर्ण बदलाव है, यह अधिनियम ग्रामीण परिवारों के लिए प्रत्येक वित्तीय वर्ष में मज़दूरी रोज़गार की वैधानिक गारंटी को 125 दिनों तक बढ़ाता है, इस योजना के लागू होने से समृद्ध, सक्षम और आत्मनिर्भर ग्रामीण भारत की नींव मजबूत होगी, विकसित भारत-रोज़गार और आजीविका के लिए गारंटी मिशन भारत के ग्रामीण रोज़गार और विकास ढांचे में एक निर्णायक सुधार का मार्ग प्रशस्त करेगा, यह अधिनियम महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोज़गार गारंटी अधिनियम-2005 महात्मा गांधी नरेगा को प्रतिस्थापित करते हुए आजीविका सुरक्षा को सुदृढ़ करने वाला एक आधुनिक वैधानिक ढांचा प्रदान करेगा जो विकसित भारत-2047 के राष्ट्रीय विज़न के अनुरूप है। उन्होंने कहा कि यह अधिनियम सशक्तिकरण, विकास, कन्वर्जेंस और परिपूर्णता के सिद्धांतों पर आधारित यह अधिनियम ग्रामीण रोज़गार को एक कल्याणकारी योजना से आगे बढ़ाकर विकास का एकीकृत माध्यम बनाता है, यह ग्रामीण परिवारों की आय, सुरक्षा को सुदृढ़ करेगा, कृषि और ग्रामीण श्रम के बीच संतुलित प्राविधान बुवाई और कटाई के चरम सीजन के दौरान कृषि से संबंधित गतिविधियों हेतु कृषि श्रम की उपलब्धता आसान करने के लिए, यह अधिनियम राज्यों को एक वित्तीय वर्ष में कुल 60 दिनों की समेकित विराम अवधि अधिसूचित करने का अधिकार प्रदान करेगा, जिससे कृषि उत्पादकता और श्रमिकों के हितों की सुरक्षा के मध्य संतुलित समायोजन सुनिश्चित होगा, साप्ताहिक आधार पर अथवा किसी भी स्थिति में कार्य की समाप्ति के पंद्रह दिनों के भीतर भुगतान किए जाने का प्राविधान किया गया है,



- ग्रामीण रोजगार को नई दिशा देगा जी राम जी अधिनियम
- मनरेगा की जगह जी राम जी, बढ़ी मजदूरी रोजगार गारंटी
- डीबीटी से सीधे खाते में मजदूरी, खत्म होगा बिचौलियापन
- ग्रामीण भारत को आत्मनिर्भर बनाएगा जी राम जी मिशन
- किसान-मजदूर सम्मेलन में रोजगार नीति की नई तस्वीर
- 125 दिन का काम, समय पर भुगतान—जी राम जी अधिनियम की सौगात : मंत्री नरेन्द्र कश्यप

मजदूरी और मानदेय का भुगतान एक सप्ताह के भीतर डीबीटी (डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर) के माध्यम से सीधे लाभार्थी के बैंक खाते में किया जाएगा, बिचौलियों, दलालों और भ्रष्ट तत्वों की भूमिका समाप्त होगी, जो व्यक्ति मेहनत करेगा, उसका पूरा पारिश्रमिक सीधे उसी के खाते में पहुँचेगा, पारदर्शिता को और मजबूत करने के लिए, बायोमेट्रिक अटेंडेंस की व्यवस्था की गई है। प्रभारी मंत्री ने कहा कि मनरेगा की मूल अवधारणा ग्रामीण क्षेत्रों में रहने वाले नव-युवकों, मजदूरों और बेरोजगारों को न्यूनतम रोजगार उपलब्ध कराकर उनकी आर्थिक स्थिति को मजबूत करने की थी किंतु दुर्भाग्यवश, पूर्ववर्ती सरकारों के कार्यकाल में यह योजना अपने उद्देश्यों को पूर्ण रूप से हासिल नहीं कर सकी, योजना का लाभ कुछ प्रभावशाली लोगों, दलालों या चुनिंदा व्यक्तियों तक सीमित रह गया, व्यापक स्तर पर धन का दुरुपयोग हुआ और वास्तविक जरूरतमंदों तक उसका पूरा लाभ नहीं पहुँच सका। उन्होंने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी ने संसद के पटल पर कहा था कि केंद्र से भेजे गए 100 रुपये में से केवल 15 रुपये ही लाभार्थी तक पहुँच पाते हैं और शेष राशि भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ जाती है, उनका यह वक्तव्य उस समय की प्रशासनिक व्यवस्था और योजनाओं में व्याप्त भ्रष्टाचार की गंभीरता को दर्शाता है, इसी प्रकार मनमोहन सिंह के दस वर्षों के कार्यकाल में मनरेगा पर लगभग 02 लाख करोड़ रुपये से अधिक की धनराशि खर्च की गई किंतु अपेक्षित परिणाम सामने नहीं आए, योजना चली धनराशि भी खर्च हुई, परंतु ग्रामीण जनता को उसका समुचित और स्थायी लाभ नहीं मिल सका, जब यह स्पष्ट हो गया कि ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार और आर्थिक सशक्तिकरण की मौजूदा व्यवस्था अपेक्षित परिणाम नहीं दे पा रही है, तब देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस व्यवस्था में मूल-भूत परिवर्तन का संकल्प लिया, उन्होंने दृढ़ निश्चय किया कि इस योजना को केवल नाम बदलने तक सीमित न रखकर, क्रियान्वयन, पारदर्शिता और प्रभाव को भी बदला जाए। उन्होंने कहा कि पहले इस योजना के अंतर्गत सीमित प्रकार के कार्य होते थे, वहीं अब इसका दायरा बढ़ाकर जल संरक्षण, जल सुरक्षा, पर्यावरण संरक्षण, सार्वजनिक परिसंपत्तियों का संरक्षण और जलवायु परिवर्तन से निपटने जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्रों को भी शामिल किया गया है, योजना को पीएम गति शक्ति सहित अन्य विकास योजनाओं से जोड़ा गया है ताकि इसके माध्यम से किए जाने वाले कार्य केवल अस्थायी न हों बल्कि दीर्घकालीन विकास में सहायक बनें।

# अधिशासी अधिकारी ने नगर पंचायत कजगावं का किया अतिरिक्त प्रभार ग्रहण



अवधनामा संवाददाता

**जौनपुर।** नगर पंचायत कजगांव में शुक्रवार को मड़ियाहूं के अधिशासी अधिकारी चंदन सिंह गौड़ ने नगर पंचायत का अतिरिक्त प्रभार ग्रहण कर लिया। गौरतलब है कि पूर्व अधिशासी अधिकारी आस्था पाठक का स्थानांतरण शासन द्वारा नगर पंचायत में कर दिया गया है। प्रभार ग्रहण समारोह के दौरान नगर पंचायत अध्यक्ष फिरोज खान ने अधिशासी अधिकारी चंदन सिंह गौड़ का बुके भेंट कर स्वागत किया। इस अवसर पर सभी सभासदों और नगर पंचायत के कर्मचारियों की उपस्थिति रही, जिन्होंने नए ईओ का गर्मजोशी से अभिनंदन किया। अधिशासी अधिकारी चंदन गौड़ ने पदभार संभालने के बाद कहा कि नगर पंचायत क्षेत्र में जो भी विकास कार्य लंबित हैं, उन्हें प्राथमिकता के आधार पर शीघ्र पूरा कराया जाएगा। साथ ही कस्बे में सफाई व्यवस्था को दुरुस्त करने, अलाव जलाने,नियमित छिड़काव कराने और नागरिक सुविधाओं को बेहतर बनाने की दिशा में ठोस कदम उठाए जाएंगे। उन्होंने यह भी आश्वासन दिया कि जनता की समस्याओं का त्वरित समाधान कराया जाएगा और नगर की समृद्धि व स्वच्छता के लिए हर संभव प्रयास किए जाएंगे। अधिशासी अधिकारी की इस घोषणा से कस्बे के लोगों में उम्मीद की किरण जगी है कि अब विकास कार्यों में गति आएगी और नगर की स्थिति में सुधार होगा।इस अवसर पर आसिफ़ खान, दिवाकर उपाध्याय,निलेश सिंह सहित अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे।

# भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ गई मनरेगा : स्वतंत्र देव सिंह

- प्रयागराज के प्रभारी मंत्री बोले- विपक्ष के पेट में जी राम जी योजना से दर्द



अवधनामा संवाददाता

**प्रयागराज।** प्रभारी मंत्री स्वतंत्र देव सिंह ने आज शुक्रवार को सर्किट हाउस में पत्रकारों से वार्ता की। यहां उन्होंने हाल में कैबिनेट में पास हुए विकसित भारत रोजगार और आजीविका के लिए गारंटी मिशन (जी राम जी) के बारे में जानकारी दी। इसके साथ ही उन्होंने कांग्रेस और विपक्ष पर भी जमकर निशाना साधा।

स्वतंत्र देव सिंह ने कहा कि कांग्रेस के समय में मनरेगा आया, लेकिन यह भ्रष्टाचार की भीड़ चढ़ गया। बड़े पैमाने पर गड़बड़ झाला किया गया। जांच में करोड़ों रुपए का खेल कर दिया गया। अब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने श्रमिकों के लिए बड़ा तोहफा दिया है। जी राम जी योजना से कांग्रेस के साथ साथ अन्य विपक्षियों के पेट में दर्द शुरू हो गया है। उन्होंने कहा कि जी राम जी योजना श्रमिकों को सुरक्षित करने के लिए लाया गया है। विकसित गांव से ही विकसित भारत का निर्माण होगा। इस योजना में श्रमिक को वर्ष में 125 दिन में काम मिलेगा जबकि पहले मनरेगा में 100 दिन काम मिलता था। इस योजना में मजदूर को साप्ताहिक रूप से सीधे उनके खाते में पारिश्रमिक पहुंचेगी। मंत्री स्वतंत्र देव सिंह ने कहा कि यह कानून सिर्फ कानून नहीं बल्कि भविष्य देता है। इस योजना की मॉनिटरिंग एआई तकनीक और पूरी तरह से मोबाइल से हो सकेगी। अब विपक्ष इसका दुष्प्रचार कर रही है लेकिन जनता सब जानती है। प्रेस वार्ता में सांसद फूलपुर प्रवीण पटेल, विधायक हर्षवर्धन वाजपेयी, दीपक पटेल, गुरुप्रसाद मौर्या, महानगर अध्यक्ष संजय गुप्ता आदि मौजूद रहे।

# हरि नारायण यज्ञ में 108 कन्याएं 16 जनवरी को कलश यात्रा में होंगी शामिल

अवधनामा संवाददाता

**आजमगढ़।** हरिनारायण यज्ञ लक्ष्मी नारायण यज्ञ है यह एक हिंदू धार्मिक अनुष्ठान है जिसका आयोजन सठियांव में शुरू होने जा रहा है यह आयोजन प्रभा मंडपम सठियांव चौक से स्टेशन रोड पर 100 मी दाहिने है इस आयोजन में लगभग 108 कन्याएं शामिल होंगी यह एक हिंदू धार्मिक अनुष्ठान है जिसमें भगवान विष्णु और देवी लक्ष्मी की संयुक्त रूप से पूजा की जाती है जिसका मुख्य उद्देश्य धन संपत्ति सुख समृद्ध स्वास्थ्य और आध्यात्मिक उन्नत प्राप्त करना है यह पारिवारिक प्रेम व वातावरण शुद्धिकरण में सहायक होता है इस यज्ञ से सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है सभी बधाएं दूर होती हैं यह पूरा यज्ञ लगभग 5 से 8 दिन या 9 दिन तक चलता है इस यज्ञ में कई विद्वान पंडित मंत्र उच्चारण करते हैं इसमें 1लाख 8000 या अधिक आहुतियां दी जाती हैं इस यज्ञ की शुरुआत 16 जनवरी को कलश यात्रा से शुरू किया जाएगा और 22 जनवरी तक कथा का आयोजन चलता रहेगा तथा इसका हवन एवं भंडारा2 3 जनवरी को किया जा रहा है।

# परीक्षा नकल-विहीन एवं सुव्यवस्थित ढंग से सम्पन्न कराया जाए : जिलाधिकारी

अवधनामा संवाददाता



**जौनपुर।** सहायक अध्यापक, प्रशिक्षित स्नातक श्रेणी (पुरुष/महिला शाखा) (प्रा0) परीक्षा-2025 के सफल आयोजन को लेकर जिलाधिकारी डॉ. दिनेश चंद्र की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक संपन्न हुई। बैठक में परीक्षा की तैयारियों की विस्तार से समीक्षा की गई तथा संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। बैठक में अवगत कराया गया कि परीक्षा का आयोजन 17 जनवरी 2026 (शनिवार) को दो पालियों में किया जाएगा। प्रथम पाली प्रातः 09:00 बजे से 11:00 बजे तक तथा द्वितीय पाली अपराह्न 03:00 बजे से 05:00 बजे तक निर्धारित है। जनपद में परीक्षा के लिए प्रथम पाली में 21 एवं द्वितीय पाली में 12 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। केंद्र व्यवस्थापकों, सह-केंद्र व्यवस्थापकों सहित आवश्यक प्रशासनिक अधिकारियों की तैनाती कर दी गई है। परीक्षा में प्रथम पाली में 9600 तथा द्वितीय पाली में 4992 परीक्षार्थी सम्मिलित होंगे। परीक्षा की निष्पक्षता एवं पारदर्शिता सुनिश्चित करने हेतु स्टेटिक मजिस्ट्रेट, सेक्टर मजिस्ट्रेट तथा कक्ष निरीक्षकों (आंतरिक एवं बाह्य) की पर्याप्त संख्या में तैनाती की गई है। लगभग 800 कक्ष निरीक्षकों की ड्यूटी लगाई गई है। बाह्य कक्ष निरीक्षकों की तैनाती एवं प्रशिक्षण जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, जौनपुर द्वारा किया जा रहा है। सभी कक्ष निरीक्षकों का जनपद स्तरीय प्रशिक्षण 13 जनवरी 2026 को मध्यान 12-00 बजे टीडी डिग्री तथा इंटर कॉलेज में संपन्न कराया जाएगा।

जिलाधिकारी ने स्पष्ट रूप से कहा कि जो भी नियम संगत तरीके से कार्य नहीं करेगा उसके विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जाएगी फिस्किंग की जो पद्धति है उसका पालन किया जाएगा, परीक्षा को शुचितापूर्ण तरीके से संपादित कराने के लिए सभी अपने-अपने दायित्वों का निर्वहन आयोग की गाइडलाइन के अनुसार करेंगे। जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि परीक्षा को शांतिपूर्ण, नकल-विहीन एवं सुव्यवस्थित ढंग से सम्पन्न कराया जाए तथा किसी भी स्तर पर लापरवाही न बरती जाए। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व परमानंद झा, अपर पुलिस अधीक्षक आयुष श्रीवास्तव, समन्वयी पर्यवेक्षक बीआर पटेल, बेसिक शिक्षा अधिकारी डॉ0 गोरखनाथ पटेल, सह जिला विद्यालय निरीक्षक राकेश कुमार, ट्रेज़री ऑफिसर उमाशंकर सहित आयोग के प्रतिनिधि सहित अन्य उपस्थित रहे।

## जिलाअधिकारी ने कलीचाबाद मार्ग पर नवनिर्मित पुल का किया अवलोकन



**जौनपुर (अवधनामा संवाददाता)** जिलाधिकारी डा0 दिनेश चन्द्र के द्वारा गोमती नदी पर प्यारेपुर से अलीगंज बाजार के निकट कलीचाबाद मार्ग पर नवनिर्मित पुल का अवलोकन किया गया। यह पुल 211.88 मी0 लंबे (पहुंच मार्ग तथा अतिरिक्त पहुंच मार्ग सहित) तथा 2993.31 लाख की लागत का है। इस दौरान जिलाधिकारी ने बताया कि इस पुल निर्माण का कार्य 2022 से कार्य प्रारम्भ था, मुख्यमंत्री के निर्देश के क्रम में निर्माण में आनी वाली कमियों को दूर कराते हुए विगत 01 साल में ही कार्य को पूर्ण कराया गया है जिसे गत दिसम्बर माह में लोगो के आवागमन के लिए खोल दिया गया है जिससे आम जनमानस को राहत मिल रही है। इस पुल के बन जाने से वीर बहादुर सिंह पूर्वान्चल यूनिवर्सिटी, मेडिकल कालेज, शहर में आने जाने वाले लोगो का राहत मिलेगी। इस दौरान जिलाधिकारी ने आमजनमानस से वार्ता की ग्रामीणों ने बताया कि इस पुल के बन जाने से यातायात सुगम हो गया है जिससे समय की बचत हो रही है, जाम की समस्या से भी राहत मिल रही है। पुल के निर्माण हो जाने से अर्न्तजनपदीय कनेक्टविटी पहले से बेहतर हो गयी है। आमजन ने मुख्यमंत्री जी और जिला प्रशासन को धन्यवाद ज्ञापित किया। इस दौरान जिलाधिकारी ने गरीब और असहायों को कंबल भी वितरित किया। इस अवसर पर डिप्टी प्रोजेक्ट मैनेजर जे पी गुप्ता सहित अन्य उपस्थित रहे।

## प्रधान ने कथित पत्रकार पर लगाया उत्पीड़न का आरोप

**जौनपुर (खुटहन) (अवधनामा संवाददाता)** लोनियापट्टी गांव के प्रधान ने थाने में तहरीर देकर आरोप लगाया है कि एक कथित इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के यूट्यूबर पत्रकार गांव के विकास कार्यों को लेकर गलत खबर प्रसारित कर विकास कार्यों को कराने में बांधा उत्पन्न कर रहे हैं। यह भी आरोप लगाया कि उन्हे धमकी देकर अवैध धन की उगाही की मांग कर रहा है। थानाध्यक्ष रामाश्रय राय ने बताया कि तहरीर मिली है, आरोप की जांच की रही है। ग्राम प्रधान जयसिंह चौहान का आरोप है कि वह गांव के विकास का कार्य पूरी पारदर्शिता के साथ करा रहा है। समय समय पर उच्चाधिकारियों के द्वारा काम का स्थलीय निरीक्षण भी किया जाता है। बावजूद इसके एक कथित पत्रकार के द्वारा उसे कामों की जांच कराने की धमकी देकर बीस हजार रुपए मांगे जा रहे हैं। यह भी आरोप है कि पैसा न देने पर फर्जी वीडियो बना कर प्रसारित कर रहा है।

## दीवानी बार एसोसिएशन के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को दिलाई गई शपथ

**आजमगढ़ (अवधनामा संवाददाता)** दीवानी बार एसोसिएशन के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को शुक्रवार को शपथ दिलाई गई। इस समारोह में मुख्य अतिथि के तौर पर उत्तर प्रदेश बार कौंसिल के पूर्व अध्यक्ष सदस्य अमरेन्द्र प्रताप सिंह, विशिष्ट अतिथि पूर्व सांसद डॉक्टर संतोष कुमार सिंह, प्रदेश के अपर महाधिवक्ता अनिल प्रताप सिंह उपस्थित रहे। इस दौरान बार एसोसिएशन के चुनाव अधिकारी बृजेश कुमार सिंह ने नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को प्रमाण पत्र वितरित किया। सबसे पहले एल्डर कमेटी के अध्यक्ष शिव गोविंद यादव ने अध्यक्ष प्रभाकर सिंह तथा मंत्री अनुराग कुमार दीक्षित को शपथ दिलाई। उसके बाद वरिष्ठ उपाध्यक्ष हरिकेश यादव, दो कनिष्ठ उपाध्यक्ष रवि प्रताप सिंह तथा हरि कुमार राम, तीन सहमंत्री मिथिलेश गुप्ता, बिपिन कुमार राय, देवदत्त कुमार गोंड और कोषाध्यक्ष गोविन्द चौहान, ऑडिटर राम मिलन चौहान, वरिष्ठ कार्यकारिणी के छह सदस्य भीष्म राय, अशोक कुमार वर्मा, बलवंत सिंह, राना गोपाल सिंह, सुरेंद्र कुमार तथा राजेश पांडेय और कनिष्ठ कार्यकारिणी के छह सदस्य अमरेन्द्र प्रताप सिंह, दीपक कुमार सिंह, प्रदीप मिश्रा, रवींद्र कुमार यादव, शोभनाथ यादव तथा सरफराज खान ने शपथ ली। इस अवसर पर सेंट्रल बार एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष शत्रुघ्न सिंह, आद्या प्रसाद सिंह, गौरव कश्यप, परवीन सिंह सहित बड़ी संख्या में अधिवक्ता उपस्थित रहे। समारोह की अध्यक्षता प्रभाकर सिंह तथा संचालन मंत्री अनुराग कुमार दीक्षित ने किया। दीवानी बार एसोसिएशन के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को दिलाई गई शपथ

## न्यायमूर्ति एमके गुप्ता बने उत्तराखंड हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश

**प्रयागराज (अवधनामा संवाददाता)** इलाहाबाद हाईकोर्ट के वरिष्ठ न्यायमूर्ति मनोज कुमार गुप्ता उत्तराखंड हाइकोर्ट नैनीताल के मुख्य न्यायाधीश नियुक्त किए गये है। ये वहां के मुख्य न्यायाधीश गुहानाथन नरेंदर के 9 जनवरी को सेवावकाश ग्रहण करने के बाद शपथ लेंगे। इस आशय की अधिसूचना संयुक्त सचिव भारत सरकार जगन्नाथ श्रीनिवासन ने जारी की है। मुख्य न्यायाधीश बने वरिष्ठ न्यायमूर्ति मनोज कुमार गुप्ता के लिए इलाहाबाद हाईकोर्ट में शुक्रवार को फुल कोर्ट फेयरवेल आयोजित किया गया। न्यायमूर्ति गुप्ता ने 1987 में लखनऊ विश्वविद्यालय से विधि स्नातक की डिग्री हासिल की और 6 दिसंबर 1987 को अधिवक्ता के रूप में पंजीकृत हुए। 12 अप्रैल 2013 को इनकी इलाहाबाद हाईकोर्ट के न्यायमूर्ति के रूप में नियुक्ति हुई और 8 अप्रैल 2015 को स्थाई न्यायमूर्ति की शपथ ली। इनका कार्यकाल 8 अक्टूबर 2026 तक है। न्यायमूर्ति गुप्ता रेंट कंट्रोल, संवैधानिक व सिविल मामलों के अच्छे अधिवक्ता थे। एक न्यायमूर्ति के रूप में इलाहाबाद हाईकोर्ट में कई महत्वपूर्ण फैसले दिए।



# सांस्कृतिक कार्यक्रम व कवि सम्मेलन मुशायरा का आयोजन 11 जनवरी को

अवधनामा संवाददाता



**आजमगढ़।** आजमगढ़ कलाकार संगठन एवं ब्लू नाइट म्यूजिकल ग्रुप के 30 वर्ष पूरे होने पर होटल गोल्डन फॉर्चून में ऐतिहासिक प्रेस वार्ता आयोजित की गई इस अवसर एसोसिएशन अध्यक्ष राजेश रंजन ने बताया कि आजमगढ़ कलाकार एसोसिएसन के स्थापना दिवस पर शानदार सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं कवि सम्मेलन व मुशायरा स्थान नेहरू हाल में 11 जनवरी को दिन में 3-00 बजे से आयोजित किया गया है जिसमें स्थानीय कलाकारों के उत्थान के लिए संगठन हमेशा सांस्कृतिक कार्यक्रम और कवि सम्मेलन का आयोजन करते रहते हैं कार्यक्रम में मुख्य आकर्षण हिमांशी बावरा मेरठ मुंबई से चलकर आ रहे अल्ताफ जया पूर्वांचल के सुप्रसिद्ध साहित्यकार संचालक संजय कुमार पांडे सरस के कुशल संचालन में कवि सम्मेलन व मुशायरा होगा जो अपने आप में ऐतिहासिक होगा इस कार्यक्रम में जनपद में कुछ वरिष्ठ कलाकार अपने संगीत गायन से अपना नाम पटल पर अंकित करते हैं स्थानीय कलाकारों के सम्मान में यह कार्यक्रम आयोजित किया गया है संगठन के अध्यक्ष एवं संचालक संजय कुमार पांडे सरस्वती कलाकार संगठन की स्थापना दिवस पर ऐतिहासिक सम्मेलन कवि सम्मेलन के मुख्य आकर्षण देश की मशहूर शायर हिमांशी बाबरा मेरठ एवं मशहूर शायर अल्ताफ जया जो विदेश में भी जिन्होंने विदेशों में हिंदी साहित्य पढ़कर जलवा बिखरते है वह मुंबई से आजमगढ़ में शिरकत करने आ रहे हैं गीत संगीत एवं समाज साहित्य से जुड़े सभी वरिष्ठ लोगों का सम्मान किया जायेगा। अपना कलाकार एसोसिएसन के मुख्य संरक्षक जाना बी तोहिद भाई तोहीद इंडेन गैस एजेंसी बनकट ने बताया कि आजमगढ़ में साहित्य सद्भाव को बढ़ाने के लिए जनपद में मशहूर शायर जनाब अल्ताफ जय मुंबई हिमांशी बरा मेरठ कार्यक्रम के मुख्य आकर्षण रहेंगे पूर्वांचल के मशहूर साहित्य संजय कुमार पांडे सरस के द्वारा मंच का संचालन होगा कार्यक्रम में स्थानीय कलाकारों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किया जाएगा साहित्य से जुड़े सभी वरिष्ठ साहित्यकार कलाकारों का सम्मान भी होगा आप सभी कार्यक्रम में आए कार्यक्रम का आनंद लें कार्यक्रम को सफल बनाये।

## बंगाल से आए कारीगरों ने तैयार किया पुरी शंकराचार्य का द्वार



**प्रयागराज।** शंकराचार्य गोवर्धन मठ पुरी ओड़ीसा स्वामी निश्चलानंद सरस्वती के माघ मेला क्षेत्र के त्रिवेणी मार्ग स्थित शिविर का मुख्य द्वार बंगाल से आए कारीगरों द्वारा तैयार किया गया है। 50 फिट ऊंचे भव्य द्वार के शिखर पर ध्वज पताका लहरा रही है। शिविर निर्माण कार्य देख रहे पुरी पीठ से आए राजेश चैतन्य ब्रह्मचारी ने बताया कि बंगाल से आए कारीगरों द्वारा पुरी शंकराचार्य स्वामी निश्चलानंद सरस्वती के शिविर का 50 फिट ऊंचा मुख्य द्वार तैयार किया गया है। शंकराचार्य का आगमन गंगासागर से मकर संक्रांति के बाद प्रयागराज माघ मेला क्षेत्र में होगा।

# मेला अध्यक्ष धनराज यादव एवं मेला मंत्री रामनिरंजन निर्वाचित

अवधनामा संवाददाता



**प्रयागराज।** पीडब्लूडी नियमित वर्कचार्ज कर्मचारी संघ प्रयागराज के मेला डिवीजन मे 18 सदस्यीय कार्यकारिणी का गठन आज कर्मचारियों की व्यापक उपस्थिति में सर्वसम्मति से किया गया। गठन प्रक्रिया में सर्वसम्मति से संरक्षक के रूप में लालजी भारतीय एवं आशीष कुमार, सलाहकार रामकुमार, मेला अध्यक्ष धनराज यादव, कार्यवाहक अध्यक्ष चन्द्र प्रकाश शुक्ला, मंत्री रामनिरंजन, कोषाध्यक्ष विनेश श्रीवास्तव, उपाध्यक्ष धर्मशंकर एवं रामकुमार, उपमंत्री मनराज, संयुक्त मंत्री राहुल भारतीय, सुरेश एवं छवि नाथ को निर्वाचित घोषित किया गया। नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को मंडल अध्यक्ष रविशंकर मिश्र ने पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि मेला क्षेत्रीय कार्यकारिणी के गठन से कुंभ मेला खंड में कार्यरत पीडब्लूडी कर्मचारियों की समस्याओं के त्वरित निस्तारण में सहूलियत होगी तथा कर्मचारियों की आवाज को मजबूती मिलेगी। कार्यक्रम में क्षेत्रीय मंत्री प्रयागराज धर्मराज यादव ने सभी निर्वाचित पदाधिकारियों को बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। वहीं जनपद अध्यक्ष फूलचंद यादव एवं जनपद मंत्री रामअचल पाल ने कहा कि विभाग में कुछ जेबी संगठन कर्मचारियों को भ्रमित कर अधिकारियों की चापलूसी में लगे रहते हैं, जबकि पीडब्लूडी नियमित वर्कचार्ज कर्मचारी संघ सदैव कर्मचारियों के हितों की रक्षा के लिए संघर्षरत है। कर्मचारियों की इस सभा में जनपद उपाध्यक्ष प्रेमशंकर पटेल, क्षेत्रीय संयुक्त मंत्री जयप्रकाश, विजय (संयुक्त मंत्री) सहित ध्रुव कुमार, रवि कुमार, अजय कुमार, हरीशचंद्र, राम सिंह, मनोज, सुरेश, रूद्र प्रताप, राज बहादुर, राम लखन, जीतलाल, श्यामलाल, राजेंद्र, रामचंद्र, भानु प्रताप सहित सैकड़ों कर्मचारी उपस्थित रहे।

# ट्राली बैग में शराब की तस्करी का चल रहा था गोरखधंधा

अवधनामा संवाददाता

**प्रयागराज।** प्रयागराज जंक्शन के प्लेटफार्म नंबर चार पर उस समय हड़कंप मच गया, जब जीआरपी ने फिल्मी अंदाज में घेराबंदी कर एक शातिर शराब तस्कर के मंसूबों पर पानी फेर दिया। आरोपित एक सामान्य यात्री की तरह आसमानी रंग का ट्राली बैग लेकर ट्रेन पकड़ने की फिराक में था, लेकिन उसकी घबराहट ने जीआरपी जवानों का ध्यान अपनी ओर खींच लिया और पकड़ा गया।

प्रभारी निरीक्षक अकलेश कुमार सिंह के नेतृत्व में जीआरपी की टीम हावड़ा एंड एफओबी (एफओबी) के पास रूटीन चेकिंग कर रही थी। तभी पुलिस की नजर एक युवक पर पड़ी जो पुलिस टीम को देखते ही अपना रास्ता बदलने लगा। संदेह होने पर टीम ने उसे घेराबंदी कर रोक लिया। जब युवक के पास मौजूद चमचमाते आसमानी ट्राली बैग की तलाशी ली गई, तो पुलिसकर्मी भी हैरान रह गए। बैग कपड़ों से नहीं, बल्कि भारी मात्रा में अवैध अंग्रेजी शराब की बोतलों से ठसाठस भरा हुआ था। जीआरपी पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है और अब यह पता लगाने की कोशिश कर रही है कि इस तस्करी के खेल में उसके साथ और कौन-कौन से चेहरे शामिल हैं। गिरफ्तार आरोपित की पहचान मध्य प्रदेश के रीवा जिले के निवासी विकास साकेत के रूप में हुई है। पूछताछ में विकास ने अपना जुर्म कबूल करते हुए तस्करी के पूरे नेटवर्क का खुलासा किया। उसने बताया कि वह यूपी से कम दामों पर ब्रांडेड अंग्रेजी शराब खरीदता था और फिर ट्राली बैग का इस्तेमाल कर उसे ट्रेनों के जरिए बिहार ले जाता था।

# फिटनेस हेतु गैर जनपद भेजे जाने पर सौंपा ज्ञापन

अवधनामा संवाददाता



- ई रिक्शा यूनियन एवं टैक्सी यूनियन यूनियन के पदाधिकारियों सहित वाहन स्वामियों में आक्रोश

**प्रयागराज।** आज सम्भागीय परिवहन अधिकारी को ई रिक्शा यूनियन एवं टैक्सी यूनियन यूनियन के पदाधिकारी ने एक ज्ञापन सौंपा। पदाधिकारियों ने ज्ञापन के माध्यम से परिवहन मंत्री उत्तर प्रदेश सरकार को अवगत कराया की पहली जनवरी 2026 से समस्त टैक्सी और यह ई रिक्शा तथा बड़े वाणिज्य वाहनों का फिटनेस प्रयागराज की जगह मिर्जापुर में कराए जाने पर विरोध किया है। यूनियन के उपाध्यक्ष रघुनाथ द्विवेदी ने बताया कि जहां हमारे टैक्सी और सीएनजी टेंपो का परमिट 16 किलोमीटर है, शहर से देहांत तक है। तो ऐसे वाहन अन्य जिले में कैसे जा सकते हैं। यदि फिटनेस खत्म हो गई है और रास्ते में कोई घटना घट जाती है तो उसके जिम्मेदारी संभागीय परिवहन अधिकारी लेंगे क्या। यूनियन के द्वारा यह मांग भी की गई है कि जहां प्रतिदिन कमाने वाले चालकों का परिवार का पालन पोषण हो रहा है ऐसे में यदि उनकी फिटनेस प्रयागराज की जगह मिर्जापुर से कराई जाएगी जो गलत है। इसका हम लोग विरोध करते हैं और यदि यह मांग 15 तारीख को हमारी मांग नहीं पूरी होती तो प्रयागराज में सभी वाणिज्यिक वाहन के मालिक एक बैठक करके हड़ताल की घोषणा करेंगे। जिसकी सारी जिम्मेदारी जिला प्रशासन की होगी। परिवहन विभाग के आरटीओ प्रशासनिक राजीव चतुर्वेदी को ज्ञापन दिया और उनसे मांग की गई कि इस और प्रदेश सरकार को अवगत कराकर जल्द से जल्द वाणिज्य वाहनों की फिटनेस प्रयागराज में शुरू कराई जाए।ज्ञापन देने वालों में सतीश जायसवाल, ननकऊ मिश्रा, आमिक खान, रिंकू राय, राजेश राय, संतोष यादव, निशांत रस्तोगी, भरत दादू, धर्मेन्द्र जायसवाल, राजेश राय, बिछी जायसवाल, धीरेन्द्र मिश्रा, गुलाब सिंह, बबलू जायसवाल, नईम खान, संदीप सिंह, रंजीत साहू, टोटी राजाराम मिश्र, मुन्ना सिंह यादव और अभिषेक केसरवानी आदि लोग भारी संख्या में चालक टैक्सी एवं ई रिक्शा चालक उपस्थित थे।

## सूचना

मैं फरीदुल हसन फरीदी पुत्र शमशुल हसन फरीदी, पता- प्लाट नं.-23 गुलाब नगर कालोनी, न्यू हैदरगंज, असियामऊ, लखनऊ का निवासी हूं। मैंने अपने पुत्र जियाद हसन फरीदी का नाम बदलकर अहमद हसन फरीदी रख दिया है। अब मेरे पुत्र को भविष्य में अहमद हसन फरीदी के नाम से लिखा, पढ़ा जाये।

## सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मुझे समरूल निशा और बिटाना इन दोनों नाम से जाना जाता था जिसे मैंने सही करवा लिया है। अतः अब मुझे बिटाना नहीं समरूल निशा नाम से जाना पहचाना जाय और बैंक सहित सभी अभिलेखों में भी इसी नाम को मान्यता दी जाय।

समरूल निशा पत्नी ज़ामिन अली
ग्रामसभा-कटिलिया भूपसिंह,
जिला, बहराइच

# अशोक लेलैंड ने लखनऊ में स्वच्छ गतिशीलता पर केंद्रित ग्रीनफील्ड फैक्ट्री का उद्घाटन किया

**लखनऊ।** हिंदुजा समूह की प्रमुख भारतीय कंपनी और देश की अग्रणी वाणिज्यिक वाहन निर्माता, अशोक लेलैंड ने आज उत्तर प्रदेश के लखनऊ में ग्रीन मोबिलिटी पर केंद्रित अपने नवीनतम एकीकृत वाणिज्यिक वाहन संयंत्र का उद्घाटन किया। इस संयंत्र का उद्घाटन उत्तर प्रदेश के योगी आदित्यनाथ, रक्षा मंत्री श्री राजनाथ सिंह और भारत सरकार के भारी उद्योग एवं सार्वजनिक उद्यम मंत्री श्री एच.डी. कुमारस्वामी द्वारा किया गया। उद्घाटन समारोह में उत्तर प्रदेश सरकार के उपमुख्यमंत्री और वरिष्ठ मंत्री, विभिन्न देशों के राजनयिक, भारत और विदेशों के प्रमुख उद्योगपति और व्यवसायी, अशोक लेलैंड के वैश्विक डीलर, आपूर्तिकर्ता और अन्य साझेदारों के साथ-साथ हिंदुजा समूह और अशोक लेलैंड का वरिष्ठ नेतृत्व भी उपस्थित रहा। लखनऊ हवाई अड्डे के पास सरोजिनी नगर औद्योगिक क्षेत्र में स्थित और 70 एकड़ से अधिक क्षेत्र में फैला यह नया संयंत्र वैश्विक स्तर पर अशोक लेलैंड का सबसे उन्नत और टिकाऊ संयंत्र है, जो विश्व स्तरीय गुणवत्ता और परिचालन उत्कृष्टता प्रदान करता है। इस संयंत्र का मुख्य ध्यान इलेक्ट्रिक वाहनों के उत्पादन पर होगा। संयंत्र को सालाना 5000 वाहनों तक उत्पादन करने के लिए डिज़ाइन किया गया है। यहाँ कार्यरत अधिकांश कर्मचारी उत्तर प्रदेश के मूल निवासी हैं, जिनमें महिला कार्यबल का प्रतिशत भी महत्वपूर्ण है। अशोक लेलैंड के चेयरमैन धीरज हिंदुजा ने कहा इस नए संयंत्र का उद्घाटन उत्तर प्रदेश के जीवंत राज्य में अशोक लेलैंड के लिए एक महत्वपूर्ण नए अध्याय की शुरुआत है। हमारा समूह आर्थिक विकास को गति देने, सार्थक रोजगार पैदा करने और क्षेत्र में दीर्घकालिक समृद्धि को बढ़ावा देने वाले अवसरों को अनलॉक करने के लिए गहराई से प्रतिबद्ध है। यह विनिर्माण संयंत्र भारत के वाणिज्यिक वाहन उद्योग के भविष्य को आकार देने के हमारे संकल्प की पुष्टि करता है। हमें विश्वास है कि यह स्थायी गतिशीलता को आगे बढ़ाते हुए रोजगार सृजन में कड़ा योगदान देगा। इस नए संयंत्र के साथ, हम खुद को भविष्य के लिए तैयार कर रहे हैं और अपने 'नेट जीरो' उत्सर्जन लक्ष्यों को प्राप्त करने की दिशा में एक कदम और आगे बढ़ रहे हैं।

**महत्वपूर्ण**

> **अशोक लेलैंड के चेयरमैन धीरज हिंदुजा ने कहा इस नए संयंत्र का उद्घाटन उत्तर प्रदेश के जीवंत राज्य में अशोक लेलैंड के लिए एक महत्वपूर्ण नए अध्याय की शुरुआत है।**



अशोक लेलैंड के एमडी और सीईओ शेनू अग्रवाल ने कहा भारत के सबसे बड़े और सबसे प्रगतिशील राज्यों में से एक के रूप में, उत्तर प्रदेश ने पर्यावरणीय जिम्मेदारी और सतत विकास के प्रति एक मजबूत और निरंतर प्रतिबद्धता प्रदर्शित की है, जो इसे हमारी हरित गतिशीलता यात्रा में एक स्वाभाविक भागीदार बनाता है।

इसके साथ ही 2048 तक 'नेट जीरो' हासिल करने की अशोक लेलैंड की महत्वाकांक्षा उत्तर प्रदेश में इस अत्याधुनिक सुविधा को स्थापित करने के लिए एक प्रमुख उत्प्रेरक रही है। आधुनिक तकनीक और उच्च स्तर के ऑटोमेशन से लैस यह संयंत्र विश्व स्तरीय गुणवत्ता और नवाचार पर हमारे ध्यान को दर्शाता है। इलेक्ट्रिक बसों पर विशेष जोर देने के साथ, यह सुविधा भारत के लिए एक स्वच्छ, भविष्य के लिए तैयार मोबिलिटी इकोसिस्टम बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

# हफ्ते के आखिरी दिन बाजार में गिरावट जारी

## सेंसेक्स 605 अंक टूटा, निफ्टी 25700 के नीचे

**मुंबई।** भारतीय शेयर बाजार लगातार चौथे सत्र में गिरावट के साथ बंद हुआ। इस क्षेत्र में, सार्वजनिक क्षेत्र के बैंक, तेल और गैस, आईटी, सार्वजनिक क्षेत्र के उद्यम और धातु क्षेत्र मजबूत बने रहे, जबकि रियल एस्टेट, निजी बैंक, वित्तीय सेवाएं, एफएमसीजी और उपभोक्ता टिकाऊ वस्तुओं में कमजोरी देखी गई।



बेंचमार्क सेंसेक्स और निफ्टी में करीब एक प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई। शुरुआती कारोबार में थोड़ी तेजी के बाद, 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 604.72 अंक या 0.72 प्रतिशत गिरकर 83,576.24 अंक पर बंद हुआ। दिन भर में इसमें 778.68 अंक या 0.92 प्रतिशत की गिरावट आई और यह 83,402.28 पर बंद हुआ। वहीं 50 शेयरों वाला एनएसई निफ्टी 193.55 अंक या 0.75 प्रतिशत गिरकर 25,683.30 पर बंद हुआ। अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपया 26 पैसे गिरकर 90.16 (अस्थायी) पर आ गया।

सेंसेक्स की 30 कंपनियों में से एनटीपीसी, आईसीआईसीआई बैंक, अदानी पोर्ट्स, भारती एयरटेल, सन फार्मा और बजाज फाइनेंस सबसे पिछड़ने वाली कंपनियों में शामिल थीं। वहीं, एशियन पेंट्स, एचसीएल टेक, भारत इलेक्ट्रॉनिक्स और रिलायंस इंडस्ट्रीज लाभ कमाने वाली कंपनियों में शामिल थीं।

जियोजित इन्वेस्टमेंट्स लिमिटेड के रिसर्च हेड विनोद नायर ने कहा कि अमेरिका-भारत टैरिफ वार्ता को लेकर अनिश्चितता और बढ़ते भू-राजनीतिक तनाव के बीच घरेलू बाजार में जोखिम से बचने की भावना तेज हो गई है।

ऑनलाइन ट्रेडिंग और वेल्थ टेक फर्म एनरिच मनी के सीईओ पोनमुडी आर ने कहा कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प द्वारा टैरिफ संबंधी नए बयानों के बाद वैश्विक व्यापार अनिश्चितता बढ़ने के कारण भारतीय शेयर बाजार पूरे सप्ताह लगातार दबाव में रहे।

एशियाई बाजारों में, दक्षिण कोरिया का कोस्पी सूचकांक, जापान का निक्केई 225 सूचकांक, शंघाई का एसएसई कंपोजिट सूचकांक और हांगकांग का हैंग सेंग सूचकांक उच्च स्तर पर बंद हुए। यूरोप के बाजारों में सकारात्मक रुझान देखने को मिला। गुरुवार को अमेरिकी बाजार मिले-जुले रुख के साथ बंद हुए।

# रियलमी 16 प्रो सीरीज़ का अनावरण, 200MP कैमरे के साथ दमदार एंट्री




**लखनऊ।** रियलमी ने भारतीय बाजार में अपनी नई रियलमी 16 प्रो सीरीज़ लॉन्च कर दी है। इस सीरीज़ में रियलमी 16 प्रो+ और रियलमी 16 प्रो शामिल हैं, जो प्रीमियम मिड-रेंज सेगमेंट में फ्लैगशिप फीचर्स पेश करते हैं। दोनों स्मार्टफोन्स में 200 मेगापिक्सल का ल्यूमाकलर पोर्ट्रेट कैमरा दिया गया है, जो एडवांस्ड एआई फीचर्स के साथ शानदार पोर्ट्रेट फोटोग्राफी का अनुभव देता है। रियलमी 16 प्रो+ में 3.5एक्स पेरिस्कोप टेलीफोटो लेंस, स्नैपड्रैगन 7 जेन 4 चिपसेट और 7000mAh की टाइटन बैटरी दी गई है। वहीं रियलमी 16 प्रो मीडियाटेक डायमेंसिटी 7300-मैक्स 5जी चिपसेट और इसी क्षमता की बैटरी के साथ आता है। दोनों फोन प्रीमियम अर्बन वाइल्ड डिज़ाइन में पेश किए गए हैं।

कंपनी के अनुसार, नई सीरीज़ को युवाओं की फोटोग्राफी और परफॉर्मेंस जरूरतों को ध्यान में रखकर डिजाइन किया गया है। रियलमी 16 प्रो+ की शुरुआती कीमत 35,999 रुपये और रियलमी 16 प्रो की शुरुआती कीमत 28,999 रुपये रखी गई है। इसके साथ ही रियलमी ने नए बड्स एयर 8 और रियलमी पैड 3 भी लॉन्च किए हैं।

# निप्पॉन पेंट इंडिया ने नए नेतृत्व के तहत रणनीतिक रूपरेखा पेश की

## इंडिया फर्स्ट दृष्टिकोण को दोहराया, पूरे भारत में बाजार विस्तार को मजबूती देगी

**चेन्नई।** जापान की निप्पॉन पेंट होल्डिंग्स की अनुषंगी निप्सी ग्रुप का हिस्सा और एशिया प्रशांत की नंबर 1 पेंट एवं कोटिंग विनिर्माता कंपनी निप्पॉन पेंट इंडिया ने अपने नए प्रबंध निदेशक शरद मल्होत्रा के नेतृत्व में भारत केंद्रित वृद्धि रणनीति की घोषणा की है। यह नेतृत्व परिवर्तन के बाद भारत को लेकर कंपनी की योजनाओं का पहला विस्तृत विवरण है। यह रणनीति भारत केंद्रित परिचालन मॉडल को मजबूती देने, एक एकीकृत दृष्टिकोण के जरिए पूरे भारत में बाजार विस्तार में तेजी लाने और निप्पॉन पेंट के भारत पोर्टफोलियो को मजबूत करने के लिए अधिग्रहण एवं विलय के अवसरों की तलाश करने पर आधारित है। देशभर में सात विनिर्माण संयंत्रों, जापान में विकसित गहरी तकनीकी विशेषज्ञता और एक मजबूत मेक इन इंडिया नीव के साथ निप्पॉन पेंट एक ऐसा मजबूत, आत्मनिर्भर भारतीय प्लेटफॉर्म तैयार करने की प्रतिबद्धता




के साथ काम कर रही है जो विनिर्माण उत्कृष्टता और गुणवत्ता पर आधारित हो एवं स्थानीय बाजार के लिए प्रासंगिक हो। यह कंपनी मुख्य क्षेत्रों में अपनी अग्रणी स्थिति मजबूत करते हुए और पूरे भारत में वितरण का दायरा बढ़ाते हुए अपने परंपरागत रूप से मजबूत दक्षिणी बाजारों से परे विस्तार में निवेश बढ़ाएगी, बाजार विभाजन में तेजी लाएगी और उच्च वृद्धि वाले शहरी एवं अर्ध-शहरी केंद्रों में पैठ बढ़ाएगी। इस दिशा में प्रकाश डालते हुए निप्पॉन पेंट इंडिया के प्रबंध निदेशक शरद मल्होत्रा ने कहा, भारत निप्पॉन पेंट के लिए एक प्राथमिकता वाला, दीर्घकालीन बाजार है और हमारा ध्यान एक अलग, इंडिया फर्स्ट की वृद्धि रणनीति के निर्माण पर है जो विनिर्माण की ताकत, अनुशासित क्रियान्वयन और गहरी स्थानीय प्रासंगिकता पर आधारित हो। भारत में काम कर रही एक एकीकृत वैश्विक पेंट एवं कोटिंग कंपनी के तौर हम जापानी टेक्नोलॉजी, कामकाज के मानकों और विनिर्माण अनुशासन तक सीधी पहुंच उपलब्ध कराते हैं। निप्पॉन पेंट इंडिया के प्रथम भारतीय प्रबंध निदेशक के तौर पर मुझे एक जबरदस्त, भारत केंद्रित वृद्धि वाला एक ऐसा मॉडल तैयार करने की जिम्मेदारी मिली है जो वैश्विक मानकों के अनुरूप होते हुए स्थानीय बाजार की जरूरतें पूरी करे। इस विजन को पूरा करते हुए निप्पॉन पेंटइंडिया के अध्यक्ष (डेकोरेटिव बिजनेस) मार्क टीटस ने कहा, भारत निप्पॉन पेंट के डेकोरेटिव बिजनेस के लिए एक महत्वपूर्ण दीर्घकालीन अवसर प्रस्तुत करता है।

# इंडियन बैंक तथा टीसीएल के बीच एमओयू का आदान-प्रदान




**लखनऊ।** इंडियन बैंक तथा टीसीएल के बीच टीसीएल कर्मचारियों के लिए विशेष वेतन खाते एवं समग्र बैंकिंग सुविधा उपलब्ध कराने हेतु एमओयू का आदान-प्रदान हुआ। जिसमें इंडियन बैंक लखनऊ के मुख्य महाप्रबंधक सुधीर कुमार गुप्ता उपस्थित रहे। इस कार्यक्रम में टीसीएल के निदेशक मानव संसाधन गोपाल कृष्ण , चीफ जनरल मैनेजर टीसीएल , आदि उपस्थित रहे। इस अवसर पर सुधीर कुमार गुप्ता मुख्य महाप्रबंधक, इंडियन बैंक ने उत्तर प्रदेश में बैंक द्वारा संचालित विभिन्न सरकारी योजनाओं जैसे सड़क विक्रेताओं हेतु पीएम स्वनिधि, दीनदयाल अंत्योदय योजना एनयुएलएम के तहत योजनाओं पर प्रकाश डाला।

# 15 जनवरी को खुला रहेगा शेयर बाजार

## महाराष्ट्र में छुट्टी के बावजूद जारी रहेगी ट्रेडिंग

**नई दिल्ली।** महाराष्ट्र में निकाय चुनावों के चलते 15 जनवरी को घोषित सार्वजनिक अवकाश के बावजूद शेयर बाजार में सामान्य कामकाज जारी रहेगा। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज ने यह जानकारी दी है। हालांकि, एक्सचेंज ने एक परिपत्र जारी कर बताया है कि यह दिन सेटलमेंट हॉलिडे रहेगा, जिसका सीधा असर सौदों के निपटान यानी सेटलमेंट प्रक्रिया पर पड़ेगा। एनएसई का यह स्पष्टीकरण निवेशकों और व्यापारियों के लिए महत्वपूर्ण है, क्योंकि आमतौर पर राज्यव्यापी छुट्टियों के दौरान बैंकिंग और क्लियरिंग परिचालन प्रभावित होते हैं। एनएसई की ओर से दी गई जानकारी के अनुसार, 15 जनवरी को बाजार में ट्रेडिंग गतिविधियां एक्सचेंज की समय सारिणी के अनुसार सामान्य रूप से जारी रहेंगी। लेकिन चूंकि महाराष्ट्र के कई बड़े शहरों में चुनाव के कारण बैंक बंद रहेंगे, इसलिए क्लियरिंग और सेटलमेंट की प्रक्रिया उस दिन नहीं हो सकेगी। परिपत्र में कहा गया है कि 15 जनवरी को टी+0 (T+0) सेटलमेंट चक्र के लिए कोई भी सेटलमेंट नहीं होगा। उस विशिष्ट चक्र के लिए क्लियरिंग और सेटलमेंट दायित्वों को उस दिन संसाधित नहीं किया जाएगा। सेटलमेंट हॉलिडे के कारण टी+1 (T+1) ट्रेडों के शेड्यूल को भी समायोजित किया गया है। निवेशकों को निम्नलिखित बदलावों को ध्यान में रखना होगा-

14 जनवरी के सौदेः जो ट्रेड 14 जनवरी को निष्पादित किए जाएंगे, उनका सेटलमेंट अब 15 जनवरी के बजाय 16 जनवरी को होगा।

15 जनवरी के सौदेः जो ट्रेड 15 जनवरी (छुट्टी वाले दिन) को किए जाएंगे, उनका सेटलमेंट भी 16 जनवरी को ही किया जाएगा।

खुदरा निवेशकों के लिए इसका मुख्य निष्कर्ष यह है कि वे बाजार में खरीद-फरोख्त कर सकते हैं, लेकिन सेटलमेंट हॉलिडे के कारण उनके खातों में शेयर या फंड का क्रेडिट एक दिन की देरी से हो सकता है।

इस बीच, भारतीय शेयर बाजारों के लिए वर्ष 2026 का हॉलिडे कैलेंडर भी सामने आ गया है। 2026 में शेयर बाजार कुल 15 दिन बंद रहेंगे। नए साल में छुट्टियों की शुरुआत 26 जनवरी को गणतंत्र दिवस के साथ होगी।

**2026 की पहली छमाही में शेयर बाजार की प्रमुख छुट्टियां-**

मार्चः 3 मार्च को होली, 26 मार्च को राम नवमी और 31 मार्च को महावीर जयंती के अवसर पर बाजार बंद रहेंगे।

अप्रैलः 3 अप्रैल को गुड फ्राइडे और 14 अप्रैल को अंबेडकर जयंती पर अवकाश रहेगा।

मईः 1 मई को महाराष्ट्र दिवस और 28 मई को बकरीद के मौके पर ट्रेडिंग नहीं होगी।

# कोटक अल्ट्स ने शुरू किया 'कैटलिस्ट अवॉर्ड्स'

**नोएडा।** कोटक अल्टरनेट एसेट मैनेजर्स लिमिटेड (कोटक अल्ट्स) ने आज कोटक अल्ट्स कैटलिस्ट अवॉर्ड्स की शुरुआत की घोषणा की। यह अपनी तरह का पहला प्लेटफॉर्म है, जिसका उद्देश्य भारत के सबसे बेहतरीन फाइनेंशियल वोडकास्ट को सम्मानित करना है। इस अवॉर्ड में विजेता को 25 लाख रुपये का इनाम मिलेगा। कोटक अल्ट्स के मैनेजिंग डायरेक्टर श्रीनि श्रीनिवासन ने कहा कि भारत इस समय फाइनेंशियल भागीदारी की सबसे बड़ी लहर देख रहा है। करोड़ों नए निवेशक इंटरनेट पर सही जानकारी ढूंढ रहे हैं लेकिन वहां बहुत सारी अधूरी और शॉर्टकट वाली सलाह मौजूद है। पॉडकास्ट और वोडकास्ट वित्तीय जानकारी के मजबूत माध्यम बनकर उभरे हैं, लेकिन उनकी क्वालिटी और उनके भरोसेमंद होने में काफी फर्क है। कैटलिस्ट इस कमी को पूरा करता है, ऐसे एक क्रिएटर को सामने लाकर जो मुश्किल बातों को आसान बनाता है, भरोसा देता है और वित्तीय शिक्षा को रोचक व उपयोगी बनाता है।

यह विनर-टेक्स-ऑल अवॉर्ड सही और भरोसेमंद फाइनेंशियल कंटेंट को बढ़ावा देने के लिए शुरू किया गया है। इसका मकसद उन कंटेंट क्रिएटर्स को सम्मान देना है जो युवाओं और पहली बार निवेश करने वालों को सही जानकारी देकर आत्मविश्वास बढ़ाते हैं और उन्हें सशक्त बनाते हैं।

जो लोग इसमें हिस्सा लेना चाहते हैं, वे अपना सबसे बेहतरीन एक वोडकास्ट (वीडियो पॉडकास्ट) जमा कर सकते हैं। यह वीडियो साल 2025 (1 जनवरी 2025 से 31 दिसंबर 2025 के बीच) में यूट्यूब पर पब्लिक होना चाहिए। आवेदन 31 जनवरी 2026 तक katalyst.kotakalternateasset.com पर जमा किए जा सकते हैं। इसके बाद, इंडस्ट्री के बड़े एक्सपर्ट्स की एक टीम इन वीडियो की जांच करेगी। वे देखेंगे कि वीडियो की जानकारी कितनी अच्छी है, वह कितना अनोखा है और लोगों को कितना पसंद आ रहा है।

**योग्यता और आवेदन के नियम**

आवेदक भारतीय नागरिक होना चाहिए और भारत में रहना चाहिए, साथ में मान्य पहचान पत्र होना जरूरी है।

31 दिसंबर 2025 तक आपके यूट्यूब चैनल पर कम से कम 50,000 सब्सक्राइबर होने चाहिए।

31 दिसंबर 2025 तक आपके पास फाइनेंस से जुड़े वीडियो बनाने का कम से कम 1 साल का अनुभव होना चाहिए और आपने कम से कम 3 सलाह देने वाले एपिसोड (एडवाइजरी एपिसोड) बनाए हों।

एक बेहतरीन वोडकास्ट (कम से कम 5 मिनट का, जो 1 जनवरी से 31 दिसंबर 2025 के बीच जारी हुआ हो) को 31 जनवरी 2026 तक katalyst.kotakalternateasset.com पर सबमिट करना होगा।

कंटेंट का उद्देश्य युवाओं और पहली बार निवेश करने वालों के लिए फाइनेंस को आसान बनाना होना चाहिए। यह कंटेंट अंग्रेजी या प्रमुख भारतीय भाषाओं में हो सकता है, लेकिन अंग्रेजी सबटाइटल्स जरूरी हैं।

ज़ सभी एंट्रीज का मूल्यांकन एक प्रतिष्ठित जूरी पैनल द्वारा कंटेंट की क्वालिटी, नयापन और दर्शकों की भागीदारी के आधार पर किया जाएगा। जूरी और मूल्यांकन प्रक्रिया की पूरी जानकारी जल्द साझा की जाएगी।

कैटलिस्ट अवॉर्ड उन कंटेंट क्रिएटर्स को सम्मान देने के लिए बनाया गया है, जो व्यावसायिक फायदे से पहले भारतीयों की फाइनेंशियल समझ को प्राथमिकता देते हैं। यह अवॉर्ड ऐसे क्रिएटर्स को सराहता है जो डिजिटल शोर और भ्रामक जानकारियों के बीच से सही, भरोसेमंद और प्रभावशाली निवेश शिक्षा लोगों तक पहुंचाते हैं। जो क्रिएटर्स मुनाफे से ज्यादा सही जानकारी को महत्व देते हैं, उन्हें पहचान देकर यह अवॉर्ड फाइनेंशियल कम्युनिकेशन में क्वालिटी का एक नया मानक तय करता है और पूरे भारत में समझदारी से निवेश करने की संस्कृति को बढ़ावा देता है। यह पहल खास तौर पर युवा और पहली बार निवेश करने वालों को आत्मविश्वास के साथ वित्तीय फैसले लेने के लिए प्रोत्साहित करती है, साथ ही कंटेंट क्रिएटर्स को नए और बेहतर तरीके अपनाने तथा ईमानदारी और शिक्षा की उच्च गुणवत्ता बनाए रखने के लिए प्रेरित करती है। इस तरह कैटलिस्ट भारत में वित्तीय साक्षरता को और अधिक आसान, रोचक और उपयोगी बनाने में मदद कर रहा है, जिससे लाखों लोगों को फायदा हो रहा है।

# चांदी की कीमतों में 5900 रुपये का उछाल, सोने में भी तेजी

**मुंबई।** एमसीएक्स पर चांदी की कीमतों में फिर से तेजी लौटी है। भाव 5,898 रुपये बढ़कर 2.49 लाख रुपये प्रति किलोग्राम पर पहुंच गई है। वैश्विक संकेतों और भू-राजनीतिक तनाव के बीच सोने में भी तेजी दर्ज की गई।

लगातार दो सत्रों में भारी मुनाफावसूली के बाद शुक्रवार को कमोडिटी बाजार में चांदी की कीमतों में फिर से जोरदार वापसी दिखी। वैल्यू बाइंग (निचले स्तर पर की गई खरीदारी) के कारण मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज (एमसीएक्स) पर चांदी की वायदा कीमतों में 2 प्रतिशत से अधिक का उछाल आया। वहीं, वैश्विक बाजारों से मिले मजबूत संकेतों के बीच सोने की कीमतों में भी तेजी दिखी।

शुक्रवार को एमसीएक्स पर मार्च डिलीवरी वाली चांदी का वायदा भाव 5,898 रुपये या 2.42 प्रतिशत की उछाल के साथ 2,49,222 रुपये प्रति किलोग्राम पर पहुंच गया।

# वेंगर, प्रतिष्ठित स्विस घड़ियों और ट्रैवल गियर ब्रांड ने भारत में अपनी पहली ई-कॉमर्स सक्षम ब्रांड वेबसाइट लॉन्च की

**मुंबई।** स्विस घड़ियों और ट्रैवल गियर के प्रतिष्ठित ब्रांड वेंगर ने भारत में अपनी पूरी तरह ई-कॉमर्स सक्षम ब्रांड वेबसाइट www.wenger.co.in के लॉन्च की घोषणा की है। इस लॉन्च के साथ, वेंगर भारत में समर्पित डायरेक्ट-टू-कंज़्यूमर डिजिटल प्लेटफॉर्म शुरू करने वाला पहला स्विस ब्रांड बन गया है, जो भारतीय उपभोक्ताओं के और करीब स्विस कारीगरी, सटीकता और उत्कृष्ट डिज़ाइन को लाने की उसकी प्रतिबद्धता को दर्शाता है।




विक्टोरिनॉक्स समूह से जुड़ा वेंगर, किफायती मूल्य पर स्विस नवाचार, विश्वसनीयता और प्रामाणिकता की विरासत को आगे बढ़ाता है। 2005 में विक्टोरिनॉक्स द्वारा अधिग्रहण के बाद भी ब्रांड ने अपनी विशिष्ट पहचान बनाए रखी। नई वेबसाइट उपभोक्ताओं को वेंगर के संपूर्ण पोर्टफोलियो तक सहज पहुंच प्रदान करती है, जिसमें इसकी प्रसिद्ध स्विस-निर्मित घड़ियाँ और रोज़मर्रा की यात्रा के लिए डिज़ाइन किया गया टिकाऊ व स्टाइलिश ट्रैवल गियर शामिल है। साफ-सुथरे और सहज इंटरफेस के साथ यह प्लेटफॉर्म सुरक्षित भुगतान विकल्पों, तेज़ डिलीवरी और भरोसेमंद आफ्टर-सेल्स सेवा द्वारा समर्थित एक स्मूद शॉपिंग अनुभव सुनिश्चित करता है।

**भारत में वेंगर की मौजूदगी को मज़बूती**

जैसे-जैसे भारत प्रीमियम लाइफस्टाइल और ट्रैवल एक्सेसरीज़ के लिए एक महत्वपूर्ण बाज़ार के रूप में उभर रहा है, वेंगर का यह ई-कॉमर्स लॉन्च ब्रांड की मौजूदगी को सशक्त करने की दिशा में एक रणनीतिक कदम है। यह प्लेटफॉर्म वेंगर को भारतीय उपभोक्ताओं से सीधे जुड़ने में सक्षम बनाता है, साथ ही स्विस ब्रांड्स से जुड़ी विश्वसनीयता, गुणवत्ता और प्रामाणिकता को बनाए रखता है।

लॉन्च पर टिप्पणी करते हुए, विक्टोरिनॉक्स इंडिया के मैनेजिंग डायरेक्टर सेल्स एंड मार्केटिंग, देबराज सेनगुप्ता ने कहा÷ ÷वेंगर को लंबे समय से दुनिया भर में अपनी स्विस कारीगरी, बेहतरीन क्वालिटी और फंक्शनल लेकिन स्टाइलिश डिज़ाइन के लिए जाना जाता है। भारत में अपना खुद का ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म लॉन्च करके, हम उपभोक्ताओं को सीधे ब्रांड से असली वेंगर प्रोडक्ट्स का अनुभव करने का मौका दे रहे हैं। यह एक ऐसे मार्केट में अपनी पकड़ मजबूत करने की दिशा में एक बड़ा कदम है, जो भरोसे, टिकाऊपन और किफायती कीमत पर प्रीमियम लाइफस्टाइल अनुभवों को महत्व देता है।

# टाटा मोटर्स पैसेंजर व्हीकल्स ने पेट्रोल इंजन के साथ लॉन्च की बहुप्रतीक्षित हैरियर और सफारी

**मुंबई।** भारत में एसयूवी बनाने वाली अग्रणी कंपनी, टाटा मोटर्स पैसेंजर व्हीकल्स लिमिटेड (टीएमपीवी), ने आज 1.5लीटर हायपरआयन टर्बो-जीडीआई पेट्रोल इंजन वाली बहुप्रतीक्षित हैरियर और सफारी की कीमतों की घोषणा की है। सेगमेंट में प्रतिस्पर्धी कीमतों पर हैरियर पेट्रोल की कीमत 12.89 लाख (एक्स-शोरूम, नई दिल्ली) से शुरू होती है, जबकि सफारी पेट्रोल 13.29 लाख (एक्स-शोरूम, नई दिल्ली) से उपलब्ध है।टॉप सेगमेंट के लग्जरी फीचर्स से लैस, ये दोनों एसयूवी सैमसंग नियोक्यूएलईडी से संचालित 36.9 सेमी सिनेमैटिक इंफोटेनमेंट डिस्प्ले, इमर्सिव डॉल्बी एटमॉस ऑडियो, बिल्ट-इन डुअल डैश कैम और डीवीआर के साथ विजन-एक्स ई-आईआरवीएम, ऑटो रिवर्स डिप के साथ विजनसिंक मेमोरी ओआरवीएम और क्लियरव्यू डुअल कैमरा वॉशर




जैसे इनोवेशन के साथ प्रीमियम एसयूवी स्पेस को फिर से परिभाषित करती हैं।सेगमेंट में सबसे अच्छी फ्यूल एफिशिएंसी देने के साथ, बिल्कुल नया 1.5लीटर हायपरआयन टर्बो-जीडीआई इंजन इंटेलिजेंट टेक्नोलॉजी से लैस है जो हैरियर और सफारी को प्रीमियम एसयूवी सेगमेंट को फिर से परिभाषित करने में सक्षम बनाता है।हैरियर और सफारी टीएमपीवी की सुरक्षा विरासत को बनाए हैं, अब हायपरआयन पेट्रोल इंजन द्वारा संचालित सभी वेरिएंट के लिए एकदम परफेक्ट 5-स्टार भारत एनसीएपी रेटिंग हासिल की है, जिससे पूरा हैरियर और सफारी पोर्टफोलियो 5-स्टार सर्टिफाइड हो गया है।हैरियर और सफारी के पोर्टफोलियो में बिल्कुल नए पॉवरट्रेन को शामिल करने पर टाटा पैसेंजर इलेक्ट्रिक मोबिलिटी लिमिटेड के चीफ कमर्शियल ऑफिसर श्री विवेक श्रीवास्तव ने कहा, बाजार में 2.5 लाख से ज्यादा हैरियर और सफारी चल रही हैं और ये दोनों एसयूवी लंबे समय से टाटा मोटर्स पैसेंजर व्हीकल्स के डिज़ाइन, परफॉर्मेंस और सेफ्टी की विरासत को दिखाती रही हैं। बिल्कुल नया 1.5लीटर हायपरआयन टर्बो-जीडीआई पेट्रोल इंजन इन मार्केट-लीडिंग खूबियों को और आगे बढ़ाता है। हैरियर हमेशा से एक आइकॉनिक एसयूवी रही है जो अपने डायनामिक लुक और बोल्ड अंदाज़ के लिए जानी जाती है, जिसे अब हायपरआयन की बेजोड़ पावर और अपमार्केट ड्राइविंग अनुभव से और बेहतर बनाया गया है। दूसरी ओर, सफारी ने एक मजबूत विरासत के साथ एक पसंदीदा और प्रतिष्ठित हाई एसयूवी के रूप में इंडस्ट्री में अपनी जगह बनाई है, जिसे अब हायपरआयन की शांत, साइलेंट और टेक-रिच परफॉर्मेंस से और मजबूत किया गया है।

# पवन सिंह और निरहुआ ने 'द ग्रेट इंडियन कपिल शो' में किया मजेदार खुलासा



**मुंबई।** स्टेज पर गाना भी होगा, तालियां भी बजेंगी और हंसी तो रुकने वाली नहीं है। इस हफ्ते नेटफ्लिक्स के द ग्रेट इंडियन कपिल शो सीजन 4 पूरी तरह भोजपुरी रंग में रंगा नज़र आएगा, जब पवन सिंह, मनोज तिवारी और दिनेश 'निरहुआ' लाल यादव शो में एंट्री लेते हैं, तो माहौल जोश और मस्ती से भर जाता है। कपिल शर्मा भी उसी जोश में अपने 'नेताजी' अवतार में आ जाते हैं और मंच को एक छोटे से चुनावी मंच में बदल देते हैं। वह मनोज तिवारी की टांग खींचते हुए कहते हैं कि जहां गाना होता है और जहां जनता होती है, वहां मनोज तिवारी जरूर पहुंच जाते हैं। सिंगर हों, एक्टर हों या पॉलिटिशियन, मनोज तिवारी हर भूमिका को बड़ी सहजता से निभाते नजर आते हैं। कुछ ही मिनटों में हंसी की गूंज बढ़ जाती है और पूरा माहौल जोश और मस्ती से भर जाता है।

निरहुआ जब मनोज तिवारी के ड्राइवरों को लेकर एक मज़ेदार बात बताते हैं, तो मस्ती और भी ज़्यादा बढ़ जाती है। पहले रवि, फिर पवन और अब दिनेश। कपिल शर्मा तुरंत बात पकड़ लेते हैं, स्टेज पर ही सब कनेक्शन जोड़ देते हैं, दर्शक हंस-हंसकर लोटपोट हो जाते हैं और मनोज तिवारी इसे सिर्फ एक संयोग बताकर टालने की कोशिश करते हैं, जिससे बात और भी मज़ेदार हो जाता है।

# पर्यटन स्थलों के विकास में किसी भी स्तर से लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी : डीएम

**डीएम की अध्यक्षता में बांसी व हिरण्यवती नदी तथा पर्यटन विकास कार्यों की हुई समीक्षा**



**अवधनामा ब्यूरो**

**कुशीनगर।** जिलाधिकारी महेंद्र सिंह तंवर की अध्यक्षता में बांसी नदी, हिरण्यवती नदी एवं जनपद में संचालित पर्यटन विकास कार्यों से संबंधित एक महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में सम्पन्न हुई। बैठक में नदी सफाई, सौंदर्यीकरण, वृक्षारोपण तथा पर्यटन स्थलों के विकास कार्यों की प्रगति पर विस्तार से चर्चा की गई।

बैठक के दौरान सर्वप्रथम बांसी नदी की सफाई एवं विकास कार्यों की समीक्षा करते हुए मुख्य विकास अधिकारी से जानकारी प्राप्त की गई। जिलाधिकारी ने बताया कि शासन स्तर से बांसी नदी के सफाई, सौंदर्यीकरण एवं आवश्यक संसाधनों हेतु एक करोड़ रुपये की धनराशि स्वीकृत की गई है, जिससे समस्त कार्य पूर्ण किए जाएंगे। जलकुंभी की समस्या पर विशेष ध्यान देते हुए उन्होंने मुख्य विकास अधिकारी को निर्देशित किया कि इसके स्थायी समाधान हेतु साउथ की कंपनी अल्फा मर्ज से समन्वय स्थापित किया जाए। इसके अतिरिक्त जिलाधिकारी ने बांसी नदी के आसपास स्थित सरकारी भूमि पर खेल का मैदान, कॉम्प्लेक्स, पार्क विकसित करने तथा मियावाकी पद्धति से व्यापक वृक्षारोपण कराए जाने के निर्देश दिए, जिससे क्षेत्र का पर्यावरणीय संतुलन और सौंदर्य बढ़ाया जा सके। हिरण्यवती नदी के कार्यों की अद्यतन स्थिति की जानकारी अपर जिलाधिकारी से लेते हुए जिलाधिकारी ने कार्यों में तेजी लाने के निर्देश दिए। वर्तमान में संचालित कार्यों के संबंध में अधिशासी अधिकारी कुशीनगर द्वारा विस्तृत प्रस्तुतीकरण दिया गया।

जिलाधिकारी ने हिरण्यवती नदी एवं कृषि विश्वविद्यालय से लगने वाले सीमा क्षेत्रों में मियावाकी पद्धति से वृक्षारोपण एवं सौंदर्यीकरण कार्यों हेतु फरवरी माह तक समुचित प्लानिंग पूर्ण करने के निर्देश दिए। पर्यटन विकास कार्यों की समीक्षा के दौरान पर्यटन अधिकारी द्वारा जानकारी दी गई कि ग्राम सभा सपही खुर्द (उजरारनाथ) स्थित शंकर जी मंदिर, सिकटिया स्थित प्राचीन श्री राम-जानकी मंदिर, विकास खंड नेबुआ नौरंगिया के ग्राम सभा मडार बिंदवालिया में कोट माता भुनेश्वरी मंदिर तथा ग्राम पंचायत गम्भीरपुर स्थित गुरु गोरक्षपीठ के राम-जानकी मंदिर के विकास कार्यों हेतु शासन स्तर से प्रत्येक परियोजना के लिए एक-एक करोड़ रुपये की धनराशि स्वीकृत की गई है।

जिलाधिकारी ने इन सभी कार्यों की कार्यदायी संस्था सीएनडीएस को निर्देशित किया कि टेंडर प्रक्रिया को शीघ्र पूर्ण कराते हुए विकास कार्यों में तेजी लाई जाए, ताकि निर्धारित समय सीमा के भीतर योजनाओं को धरातल पर मूर्त रूप दिया जा सके।

## सार्वजनिक वितरण प्रणाली में पारदर्शिता सुनिश्चित करने का डीएम ने दिया निर्देश

**कुशीनगर।** जिलाधिकारी महेंद्र सिंह तंवर द्वारा सार्वजनिक वितरण प्रणाली (पीडीएस) के अंतर्गत खाद्यान्न वितरण को पूर्णतः पारदर्शी, समयबद्ध एवं नियमानुसार सुनिश्चित करने हेतु विस्तृत निर्देश जारी किए गए हैं। आदेश के तहत उचित दर दुकानों पर खाद्यान्न के भौतिक सत्यापन, वितरण की निगरानी तथा अनियमितताओं पर सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए गए हैं।

निर्देशानुसार भारतीय खाद्य निगम से प्राप्त खाद्यान्न की सूचना रियल टाइम में संबंधित अधिकारियों व जनप्रतिनिधियों को दी जाएगी तथा नोडल व पर्यवेक्षणीय अधिकारियों की उपस्थिति में ही वितरण सुनिश्चित किया जाएगा। फसल अवशेष की तरह ई-पॉस मशीन से शत-प्रतिशत वितरण, स्टॉक का भौतिक सत्यापन, मूल्य शून्य प्रदर्शित करना तथा गुणवत्ता की जांच अनिवार्य होगी। जिलाधिकारी ने स्पष्ट किया है कि किसी भी स्तर पर लापरवाही, अनियमितता या कालाबाजारी पाए जाने पर संबंधित अधिकारी/कर्मचारी एवं विक्रेता के विरुद्ध कड़ी विभागीय व दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी।

# शिक्षित व्यक्ति हर क्षेत्र में ऊंचाइयां छू सकता : डॉ असीम

**एसआरडी पब्लिक स्कूल का वार्षिकोत्सव समारोह सम्पन्न**

**अवधनामा संवाददाता**




**तमकुहीराज, कुशीनगर।** सलेमगढ़ बाजार में स्थिति एसआरडी पब्लिक स्कूल के प्रांगण में वार्षिकोत्सव समारोह कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें विद्यालय के छात्र, छात्राओं ने लोक गीत, राष्ट्रीय गीत, भजन और एकांकी आदि सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया।

उक्त बातें शुक्रवार को कार्यक्रम के मुख्य अतिथि तमकुही राज के लोकप्रिय विधायक डॉ असीम कुमार राय ने अपने संबोधन में कहा कि शिक्षित व्यक्ति जीवन के हर क्षेत्र में ऊंचाइयां प्राप्त कर सकता है। इसलिए जीवन में सर्वांगीण विकास के लिए प्रत्येक व्यक्ति को शिक्षित होना जरूरी है। विशिष्ट अतिथि पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष प्रेम चंद मिश्रा ने कहा कि शिक्षा के बिना मनुष्य का जीवन अधूरा है आज के दिन हम सभी को संकल्प लेना चाहिए कि कोई भी बच्चा शिक्षा से वंचित न रह जाय इसके लिए हम सभी अभिभावकों को आगे आना पड़ेगा तभी शिक्षा का विकास होगा। कार्यक्रम की अध्यक्षता एसएमडी कालेज के प्रधानाचार्य व सचिव श्रीमती नीभा तिवारी ने कहा बच्चे देश के भविष्य है इन्हें उत्साहीत करने जरुरत है तभी शिक्षा आगे की तरफ बढ़ेगा। समारोह को संबोधित करते हुए प्रधानाचार्य उमाशंकर यादव ने कहा कि ईमानदारी और सच्ची लगन के साथ किया गया प्रयास कभी असफल नहीं होता है। कार्यक्रम का संचालन सच्चिदानन्द यादव द्वारा किया गया। वहीं कार्यक्रम के सर्वप्रथम मुख्य अतिथि व विद्यालय के प्रबंधक द्वारा मां सरस्वती की चित्र पर पुष्प अर्पित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। वहीं विधालय के निदेशक और कार्यक्रम के आयोजक डॉ राजीव कुमार मिश्रा द्वारा उपस्थित सभी आगंतुकों के प्रति आभार प्रकट करते हुए कहा कि यह शिक्षा संस्थान द्वारा इस क्षेत्र में एक अलग अंदाज में शिक्षा का जोत जलाया जा रहा है, जो लगातार इस क्षेत्र में शिक्षा के लिए जागरूक किया जाएगा। इस दौरान धर्मेंद्र पाण्डेय, विजय बहादुर सिंह, सुभाष प्रसाद, उमाशंकर यादव, नारायण अजय सिंह, कृष्णा पाण्डेय, रमाकान्त यादव, अशोक श्रीवास्तव, विवेक कुशवाहा, रंजेश यादव, धनेश यादव, डॉ एल?बी यादव, विवेक सिंह, सचिन, रानी कुमारी, नीलम जायसवाल, निधि पटेल, अजय सिंह, मुकेश खरवार, रितिक कुमार, विकास चौहान आदि लोग उपस्थित रहे।

# मिशन शक्ति टीम द्वारा महिलाओं और बालिकाओं को किया गया जागरूक

**अवधनामा संवाददाता**

**बस्ती।** पुलिस अधीक्षक अभिनंदन के निर्देशन में जनपद बस्ती के विभिन्न थानों द्वारा मिशन शक्ति फेज 5.0 के तहत महिलाओं/बालिकाओं को साइबर अपराध, महिला सशक्तिकरण, नारी सुरक्षा, स्वावलंबन व अधिकारों के सम्बन्ध में जागरूक किया गया । मिशन शक्ति टीम थाना मुण्डेरवा द्वारा मिशन शक्ति फेज 5 के अंतर्गत कस्बा मुंडेरवा, जगदीशपुर में चौपाल लगाकर महिलाओं को साइबर अपराध, महिला अपराध एंव विभिन्न हेल्प0नं0 आदि से जागरुक किया गया तथा अपराध के प्रति बिना डरे आवाज उठाने की अपील की गयी।मिशन शक्ति टीम थाना गौर द्वारा मिशन शक्ति फेज 5 के अंतर्गत परासडीह में चौपाल लगाकर महिलाओं/बालिकाओं को साइबर अपराध,महिला अपराध एंव विभिन्न हेल्प0नं0 आदि से जागरुक किया गया तथा अपराध के प्रति बिना डरे आवाज उठाने की अपील की गयी। मिशन शक्ति टीम महिला थाना द्वारा मिशन शक्ति फेज 5 के अंतर्गत जिला अस्पताल,कटेश्वर पार्क एवं अन्य स्थानों पर चौपाल लगाकर बालिकाओं को साइबर अपराध,महिला अपराध एंव विभिन्न हेल्प0नं0 आदि से जागरुक किया गया तथा अपराध के प्रति बिना डरे आवाज उठाने की अपील की गयी। मिशन शक्ति टीम थाना लालगंज द्वारा मिशन शक्ति फेज 5 के अंतर्गत क्षेत्रान्तर्गत में चौपाल लगाकर महिलाओं/बालिकाओं को साइबर अपराध,महिला अपराध एंव विभिन्न हेल्प0नं0 आदि से जागरुक किया गया तथा अपराध के प्रति बिना डरे आवाज उठाने की अपील की गयी। इसी क्रम में मिशन शक्ति टीम थाना कलवारी द्वारा मिशन शक्ति फेज 5 के अंतर्गत ग्राम चरकैला में चौपाल लगाकर महिलाओं/बालिकाओं को साइबर अपराध,महिला अपराध एंव विभिन्न हेल्प0नं0 आदि से जागरुक किया गया।

# ट्रेन से कटकर अज्ञात युवक की मौत



**अवधनामा संवाददाता**

**खड्डा, कुशीनगर।** हनुमानगंज थाना क्षेत्र के ग्राम बोधिछापर गांव के समाने शुक्रवार को ट्रेन से कटकर अज्ञात युवक की दर्दनाक मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम में भेज आवश्यक कार्रवाई में जुट गई।

बता दें कि बोधिछापर गांव के सामने से जा रही ट्रेन की पटरी पर यानी रेलवे पोल संख्या 311/5 के सामने एक अज्ञात युवक के लाश को देखकर क्षेत्र में सनसनी फैल गई। स्थानीय लोगों के मुताबिक घटना से पहले और बाद में कई ट्रेनें इस ट्रैक से गुजर चुकी थीं। मालूम नहीं था कि वह किस ट्रेन के चपेट में अपना जान गवा चुका था। युवक का शव रेलवे ट्रैक पर क्षत-विक्षत अवस्था में पड़ा मिला था। घटनास्थल के हालात देखकर ऐसा प्रतीत होता था कि युवक ट्रेन से टकराने के बाद कई मीटर तक घसीटता चला गया था। युवक ने काले रंग की जींस और काले रंग का जैकेट पहन रखा था, जबकि नीचे हल्के हरे रंग का अंडरगारमेंट लोगो ने देखा। शव की हालत काफी खराब होने के कारण पहचान में वह नहीं आ रहा था। स्थानीय पुलिस द्वारा जब मृतक की जेब की तलाशी ली, तो उसके पास से पनियहवा से बगहा का रेलवे टिकट बरामद मिला।

# एनएसयूआई का छात्रावास आंदोलन : बदहाली पर भड़का संघ, सड़क से सचिवालय तक संघर्ष का ऐलान

**छात्रावास हमारा अधिकार है, इसे चालू करो, यही हमारी हुंकार**

**अवधनामा संवाददाता**



**कसया, कुशीनगर।** कसया स्थित बुद्ध महाविद्यालय के छात्रावास की बदहाल स्थिति को लेकर एनएसयूआई ने मोर्चा खोल दिया है। इसी क्रम में एनएसयूआई के प्रदेश अध्यक्ष श्री ऋषभ पाण्डेय ने छात्रावास परिसर का स्थलीय निरीक्षण कर जमीनी हालात का जायजा लिया।

निरीक्षण के दौरान छात्रावास की जर्जर इमारत, टूटे दरवाजे, क्षतिग्रस्त छतें, झाड़-झंखाड़ से घिरे कमरे और बुनियादी सुविधाओं के अभाव को देखकर उन्होंने गहरी नाराजगी जताई। प्रदेश अध्यक्ष ऋषभ पाण्डेय ने कहा कि यह छात्रावास कांग्रेस की यूपीए सरकार के कार्यकाल में विशेष रूप से उन छात्रों के लिए बनवाया गया था, जो दूर-दराज के ग्रामीण और पिछड़े इलाकों से पढ़ाई करने आते हैं। इसका उद्देश्य था कि आर्थिक रूप से कमजोर और मध्यमवर्गीय परिवारों के छात्रों को सुरक्षित और सस्ती आवासीय सुविधा मिल सके, ताकि वे शिक्षा से वंचित न रहें। लेकिन आज यह ऐतिहासिक छात्रावास प्रशासनिक उपेक्षा और लापरवाही के कारण खंडहर में तब्दील हो चुका है। उन्होंने कहा, ÷यह केवल ईंट और सीमेंट की इमारत नहीं है, बल्कि हजारों गरीब छात्रों के सपनों और भविष्य से जुड़ा हुआ मुद्दा है। यदि जल्द से जल्द छात्रावास को पुनः चालू नहीं किया गया तो एनएसयूआई कसया से लेकर गोरखपुर तक एक बड़ा जनांदोलन छेड़ेगी। यह लड़ाई सड़क से लेकर शासन और सचिवालय तक जाएगी।÷ इस मौके पर एनएसयूआई के प्रदेश महासचिव आदित्य शुक्ला ने भी महाविद्यालय प्रशासन पर तीखा हमला बोला। उन्होंने कहा कि वर्षों से छात्र इस छात्रावास की सुविधा से वंचित हैं, जिससे दूर-दराज से आने वाले विद्यार्थियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

इस निरीक्षण कार्यक्रम में एनएसयूआई के जिला अध्यक्ष अनुज कुमार मिश्रा, जिला कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष अरुण कुमार चौबे, कसया ब्लॉक अध्यक्ष भानु प्रताप सिंह, एनएसयूआई नेता रेहान अहमद, सैफ पठान सहित बड़ी संख्या में छात्र नेता और कार्यकर्ता मौजूद रहे। सभी ने एक स्वर में छात्रावास को तत्काल चालू करने की मांग करते हुए आंदोलन को और तेज करने का संकल्प लिया।

# खाद की तस्करी करने वाले दुकानदार की लाइसेंस निलम्बित

**3 जनवरी को बिहार भेजी जा रही खाद की खेप हुई थी बरामद**

**अवधनामा संवाददाता**




**तमकुहीराज, कुशीनगर।** तहसील क्षेत्र में किसानों के हक पर डाका डालने का एक बड़ा मामला सामने आया है। जिसमें परसौनी बाजार में स्थित कुशवाहा खाद भंडार द्वारा किसानों के लिए निर्धारित रासायनिक खाद की अवैध तस्करी कर उसे बिहार भेजा जा रहा था। मामले के उजागर होने के बाद जिला कृषि अधिकारी ने सख्त कार्रवाई करते हुए संबंधित खाद विक्रेता का लाइसेंस निलम्बित कर दिया है। इस कार्रवाई के बाद विक्रेताओं में हड़कंप मचा हुआ है।

उल्लेखनीय है कि बीते 3 जनवरी को तमकुहीराज थाना क्षेत्र की डीबनी बंजारवा पुलिस चौकी के प्रभारी निरीक्षक अवनीश कुमार सिंह ने गश्त के दौरान दो वाहनों को रोका। वाहनों पर बड़ी मात्रा में यूरिया व अन्य रासायनिक खाद लदी हुई थी, जिसे चालक बिहार ले जा रहे थे। पूछताछ में खाद से जुड़े कोई वैध दस्तावेज प्रस्तुत नहीं किए जा सके। जांच में सामने आया कि उक्त खाद परसौनी बाजार स्थित कुशवाहा खाद भंडार से लोड की गई थी। उसे बिहार भेजा जा रहा था। पुलिस ने तत्काल दोनों वाहनों और खाद को कब्जे में लेकर थाने लाया और पूरे मामले की रिपोर्ट कुशीनगर कृषि विभाग को भेजी गई। रिपोर्ट मिलते ही कृषि विभाग ने जांच शुरू की। जांच के दौरान खाद वितरण पंजिका और पीओएस मशीन (थम मशीन) के आंकड़ों में भारी गड़बड़ी पाई गई। वितरण और स्टॉक का कोई समुचित मिलान नहीं हो सका। इधर इस मामले को गंभीर अनियमितताओं को देखते हुए विभाग ने कुशवाहा खाद भंडार का रसायनिक खाद विक्रेता लाइसेंस निलम्बित कर दिया। साथ ही दुकानदार को निर्देशित किया गया है कि वह एक अप्रैल से अब तक की संपूर्ण वितरण पंजिका एक सप्ताह के भीतर जिला कृषि कार्यालय में प्रस्तुत करे। डीबनी बंजरवा चौकी प्रभारी अवनीश कुमार सिंह ने बताया कि खाद सहित दोनों वाहन फिलहाल पुलिस अभिरक्षा में हैं।

**प्रशासन सख्त**

तमकुहीराज थानाध्यक्ष सुनील कुमार वर्मा ने बताया कि जिला कृषि अधिकारी मेनका सिंह द्वारा पूरे मामले की जांच किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि किसानों की शिकायत के आधार पर यह कार्रवाई की गई है, ताकि खाद की कालाबाजारी और अंतरराज्यीय तस्करी पर सख्ती से रोक लगाई जा सके। अब कार्रवाई के बाद किसानों को राहत मिलने की उम्मीद जताई जा रही है।वहीं प्रशासन की नजर इस प्रकरण में आगे की कार्रवाई पर टिकी हुई है।

## राज्य स्तरीय वॉलीबॉल प्रतियोगिता का उद्घाटन आज

**बस्ती।** जिला वॉलीबॉल संघ बस्ती एवं बजरंग बली सरस्वती व्यामशाला बस्ती के संयुक्त तत्वधान में 19वीं स्व0जगदंबिका देवी एवं स्व0 हनुमंत प्रसाद मिश्र मेमोरियल राज्य स्तरीय वॉलीबॉल प्रतियोगिता का उद्घाटन कल दिनांक 10 जनवरी 2026 को सुबह 11 बजे परमेश्वर पार्क मंगल बाजार पुरानी बस्ती के मैदान में होगा।

आयोजन समिति के अध्यक्ष वंशगोपाल मिश्रा ने जानकारी देते हुए बताया कि प्रतियोगिता के उद्घाटन के मुख्य अतिथि मनोज गुप्ता एवं नीरज गुप्ता जी होंगे ।आयोजन समिति के संयोजक राघवेन्द्र प्रसाद मिश्र (पट्टू भैया) ने जानकारी देते हुए बताया कि प्रतियोगिता में कल से रायबरेली, वाराणसी,गोरखपुर हॉस्टल, अयोध्या हॉस्टल, आजमगढ़,लखनऊ स्टेडियम, देवरिया हॉस्टल,सिवान,ज्ञ.ष्ठ. कॉलेज जौनपुर सहित राज्य की कुल 18 टीम प्रतिभाग करेगी । प्रतियोगिता आयोजन समिति की बैठक में मनोज सोनी ,राजेश्वर वर्मा ,डॉ. अरशद,जमील अहमद ,मनोहर लाल ,कम्मू भाई ,राजेश सोनी,प्रिंस ,आशीष,परवेज,आदि लोग मौजूद रहे।

# मंडलायुक्त करेंगे तीनों जनपदों के एस आई आर के कार्यों का निरीक्षण, कार्यक्रम घोषित

**अवधनामा संवाददाता**

**बस्ती ।** निर्वाचक नामावलियों के विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण के कार्यो का निरीक्षण मण्डलायुक्त अखिलेश सिंह द्वारा जनपद सिद्धार्थनगर, संतकबीर नगर व बस्ती, का किया जायेगा। आगामी 13 जनवरी मंगलवार को सिद्धार्थनगर में प्रातः 10.30 बजे से सायं 04.00 बजे तक प्रत्येक विधानसभा में तीन पोलिंग केन्द्रों का निरीक्षण तथा सायं 4.00 से 4.30 बजे तक कलेक्टेऊट सभागार में जिला निर्वाचन अधिकारी, अपर जिला निर्वाचन अधिकारी, संबंधित निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी/सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी के साथ बैठक करेंगे। इसके पश्चात 4.30 से 05.00 बजे तक जनपद के मा. सासद/मा. विधायक एवं राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक करेंगे।

20 जनवरी 2026 मंगलवार को संतकबीर नगर में प्रातः 10.30 बजे से सायं 04.00 बजे तक प्रत्येक विधानसभा में तीन पोलिंग केन्द्रों का निरीक्षण तथा सायं 4.00 से 4.30 बजे तक कलेक्टेऊट सभागार में जिला निर्वाचन अधिकारी, अपर जिला निर्वाचन अधिकारी, संबंधित निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी/सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी के साथ बैठक करेंगे।


इसके पश्चात सायं 4.30 से 05.00 बजे तक जनपद के मा. सासद/मा. विधायक एवं राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक करेंगे। 22 जनवरी 2026 गुरूवार को जनपद बस्ती में प्रातः 10.30 बजे से सायं 04.00 बजे तक प्रत्येक विधानसभा में तीन पोलिंग केन्द्रों का निरीक्षण तथा सायं 4.00 से 4.30 बजे तक कलेक्टेऊट सभागार में जिला निर्वाचन अधिकारी, अपर जिला निर्वाचन अधिकारी, संबंधित निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी/सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी के साथ बैठक करेंगे। इसके पश्चात सायं 4.30 से 05.00 बजे तक जनपद के मा. सासद/मा. विधायक एवं राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक करेंगे।

## अलीगंज की टीम ने जीती स्वामी परमहंस वालीवाल प्रतियोगिता, शाम्भवी सिंह ने बांटे पुरस्कार



**अवधनामा संवाददाता, अमेठी।** श्री अलोपी बाबा जूनियर हाईस्कूल के मैदान में आयोजित श्री स्वामी परमहंस बालीवाल प्रतियोगिता का फाइनल मैच अलीगंज की टीम ने कालिकन की टीम को हराकर जीता है। प्रतियोगिता का उद्घाटन युवराज अनंत विक्रम सिंह ने किया। समापन और पुरस्कार वितरण अमेठी राजपरिवार की बहू शाम्भवी सिंह ने किया। प्रतियोगिता में कुल 22टीमें शामिल हुई। शाम्भवी सिंह ने कहा कि व्यक्तिव के सर्वांगीण विकास में खेल-कूद प्रतियोगिताएं महत्वपूर्ण भूमिका अदा करती है।वे खेल, शिक्षा और सामाजिक सरोकारों से जुड़े हर सकारात्मक प्रयास में हमेशा पूरे मनोयोग से सहयोग करती रहेंगी। प्रतियोगिता के आयोजन में शीतला प्रसाद सोनी और दिलीप कनौजिया ने प्रमुख भूमिका निभाई। विजेता टीम को 3000रु और उपविजेता टीम को 1500रू के नकद पुरस्कार भी प्रदान किये गये। पूर्व प्रधान प्रतिनिधि रवीन्द्र सिंह, शंकर सोनी, सर्वजीत कश्यप, शिवपूजन सिंह, गौरव सिंह, अखिलेश शुक्ल आदि ने खेल मैदान में खिलाड़ियों का उत्साह बढ़ाया।

## सांसद किशोरी लाल शर्मा का चार दिवसीय दौरा शुरू



**अमेठी।** नये साल में सांसद किशोरी लाल शर्मा का चार दिवसीय दौरा शुक्रवार को शुरू हुआ। सांसद ने पहला दिन सलोन विधानसभा को दिया। सांसद किशोरी लाल शर्मा ने ग्रामीण अंचल में विद्युत व्यवस्था में सुधार को सांसद निधि से ट्रांसफार्मर दिए हैं। चार दिवसीय दौरे में सांसद केन्द्रीय कांग्रेस कार्यालय पर जनसुनवाई करेंगे। सांसद निधि के कार्यो की समीक्षा के साथ अमेठी, गौरीगंज और जगदीशपुर में पार्टी नेताओं की ओर से आयोजित कार्यक्रमों में शामिल होंगे। नये साल में सांसद किशोरी लाल शर्मा का चार दिवसीय दौरा शुक्रवार को शुरू हुआ। सांसद ने पहला दिन सलोन विधानसभा को दिया। सांसद किशोरी लाल शर्मा ने ग्रामीण अंचल में विद्युत व्यवस्था में सुधार को सांसद निधि से ट्रांसफार्मर दिए हैं।

## जनपद के विभिन्न थानों में 33 वारंटी गिरफ्तार



**अवधनामा संवाददाता, बस्ती।** पुलिस अधीक्षक अभिनन्दन के निर्देशन में अपराध एवं अपराधियों पर अंकुश लगाये जाने हेतु चलाये गये अभियान के तहत जनपद बस्ती के समस्त थानो द्वारा वांछित/वारंटी की गिरफ्तारी सुनिश्चित की गई । पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार थाना हरैया द्वारा 02 वारंटी, थाना मुण्डेरवा द्वारा 03 वारंटी. थाना पुरानी बस्ती द्वारा 03 वारंटी, थाना रुधौली द्वारा 03 वारंटी, थाना सोनहा द्वारा 05 वारंटी, थाना वाल्टरगंज द्वारा 01, थाना दुबौलिया द्वारा 03, थाना लालगंज द्वारा 03, थाना कप्तानगंज द्वारा 03, थाना परसरामपुर द्वारा 01, थाना कोतवाली द्वारा 04, थाना नगर द्वारा 02 को गिरफ्तार कर आवश्यक कार्यवाही करते हुए न्यायालय रवाना किया गया।

## पुरानी बस्ती साइबर टीम ने वापस कराये गये 9,500 रूपया

**बस्ती।** पुलिस अधीक्षक अभिनंदन के निर्देशन में चलाये जा रहे अभियान के तहत प्रभारी निरीक्षक जयदीप दूबे थाना पुरानी बस्ती के नेतृत्व में आज थाना पुरानी बस्ती साइबर टीम द्वारा शिकायत कर्ता के खाते से 20 दिसंबर 2025 को धोखाधड़ी से निकाले गए कुल 9,500 रुपया को पुनः शिकायतकर्ता के खाते में वापस कराया गया। रुपए वापस दिलाने वाली टीम में प्रभारी निरीक्षक जयदीप दूबे के साथ उ0नि0 शैलेन्द्र शुक्ल, महिला आरक्षी सोनी जायसवाल और का0 गजेन्द्र सिंह शामिल रहे।

## नाबालिक बालिका को बहला-फुसला कर भगाने का वांछित आरोपी गिरफ्तार

**बस्ती।** प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार के नेतृत्व मे उ0नि0 अनस अख्तर मय पुलिस बल द्वाराथाना लालगंज ने मु0अ0सं0 005/2026 धारा137(2),87 थाना लालगंज जनपद बस्ती से संबंधित वांछित आरोपी जियाउद्दीन उर्फ सलमान पुत्र जग्गा सा0 केटवाना पो0 सोनवा थाना साकारन जिला सीतापुर को गिरफ्तार कर अन्य आवश्यक अग्रिम विधिक कार्यवाही के उपरांत न्यायालय रवाना किया ।गिरफ्तार करने वाली टीम में हे0का0 मिथिलेश मिश्र और का0 सतीश कुशवाहा भी शामिल रहे।

## पॉक्सो एक्ट के आरोपी को 6 वर्ष की सज़ा

**हजपुरा,अम्बेडकरनगर।** प्रदेश के पुलिस महानिदेशक द्वारा चलाए जा रहे ऑपरेशन कन्विक्शन अभियान के तहत जनपद की पुलिस को एक और महत्वपूर्ण सफलता मिली है। मॉनिटरिंग सेल एवं अभियोजन की लगातार और प्रभावी पैरवी के परिणामस्वरूप थाना मालीपुर क्षेत्र के एक पॉक्सो मामले में अभियुक्त को दोषी करार देते हुए न्यायालय ने कठोर सजा सुनाई है। थाना मालीपुर में पंजीकृत मु0अ0सं0 143/2018, धारा 376, 511 भा0द0वि0 एवं 7/8 पॉक्सो एक्ट से संबंधित प्रकरण में आरोपी गोविन्द वर्मा पुत्र गिरजाशंकर वर्मा, निवासी अल्लीपुर कोड़रा, थाना मालीपुर, जनपद अम्बेडकरनगर को माननीय न्यायालय विशेष पॉक्सो एक्ट द्वारा दोषी ठहराया गया। न्यायालय ने अभियुक्त को उपरोक्त धाराओं में 06 वर्ष का कठोर कारावास एवं 12,000 रुपये अर्थदंड की सजा सुनाई है। पुलिस विभाग ने इसे ऑपरेशन कन्विक्शन के तहत की जा रही सख्त और प्रभावी कार्रवाई का परिणाम बताया है, जिससे अपराधियों में भय और आमजन में कानून के प्रति विश्वास मजबूत हो रहा है।

# उत्तर प्रदेश में कानून के राज को बहन मायावती के शासन की याद कर रही जनता : अखिलेश अम्बेडकर

**पीढ़ी में हुई बसपा की बैठक, 15 जनवरी को जनकल्याणकारी दिवस पर भीड़ जुटाने की तैयारी**

**अवधनामा संवाददाता**



**तिलोई/अमेठी।** बहुजन समाज पार्टी की तिलोई विधानसभा की बैठक पीढ़ी में हुई। बैठक में 15जनवरी को बसपा की राष्ट्रीय अध्यक्ष बहन मायावती जी का जन्म दिन जनकल्याणकारी दिवस के रूप में मनाने के लिए अयोध्या में समर्थकों की भीड़ जुटाने की कार्ययोजना तैयार की गई। बैठक को मुख्य मंडल प्रभारी अखिलेश अम्बेडकर ने बतौर मुख्य अतिथि सम्बोधित किया। उन्होंने कहा कि बहुजन समाज पार्टी देश की एक मात्र राष्ट्रीय पार्टी जो भारतीय संविधान की व्यवस्थाओं के अनुरूप शासन व्यवस्था की स्थापना करके सर्वसमाज के हितों को सुरक्षित रखना चाहती है।बहन मायावती से बड़ा मास लीडर देश में कोई नहीं है। 9अक्टूबर की लखनऊ रैली में यह साबित हो चुका है। बहन मायावती जी ने अपने मुख्यमंत्रित्व काल में सर्वसमाज के हित में 26योजनाएं चलाई थीं। सपा और भाजपा ने सभी योजनाओं को बंद कर दिया। भाजपा सरकार का बेटी पढ़ाओ बेटी बचाओ का नारा झूठ है। मेरठ में एक महिला की हत्या और उसकी बेटी के अपहरण की घटना का उल्लेख करते हुए कहा कि योगी राज में महिलाएं बिल्कुल सुरक्षित नहीं है। दलितों,पिछड़ों और मुस्लिम समाज पर अन्याय अत्याचार की घटनाएं रोज हो रही हैं। उत्तर प्रदेश में कानून के राज के लिए जनता बहन मायावती के शासन की याद कर रही है

जिला अध्यक्ष सुरेश कमल ने कहा कि बहुजन समाज पार्टी एक राजनीतिक दल से अधिक एक विचारधारा है जो देश में व्यवस्था परिवर्तन, समता मूलक समाज और कानून के राज की स्थापना के लिए संघर्षरत है। सपा और भाजपा का शासन उत्तर प्रदेश की जनता देख चुकी है।ग़रीबी, बेरोज़गारी, अपराध और भ्रष्टाचार की समस्या बढ़ी है। लोगों की निगाहें बहन मायावती की तरफ टिकी हुई है।

बैठक का संचालन विधानसभा अध्यक्ष विजय कुमार गौतम ने किया। विधान सभा प्रभारी के के आर्य,राम सजीवन कोरी, वरिष्ठ नेता रामानंद मौर्य आदि ने मुख्य अतिथि का स्वागत किया। बैठक को जिला प्रभारी दिनेश गौतम, भाईचारा कमेटी के जिला संयोजक रमेश मौर्य , पूर्व विधानसभा अध्यक्ष मोहन लाल गौतम आदि ने संबोधित किया।राम किशुन, बाबू लाल मौर्य, सतगुरु मौर्य,राम प्यारे,ओम प्रकाश, रामनाथ, रोशन लाल, शिवबहादुर भारती, हीरालाल, सदाशिव पाल, दिनेश विक्रम, डॉ रामलाल आदि मौजूद रहे।

## यूपी दिवस-2026 को भव्य बनाने की तैयारियों का मंत्री ने किया निरीक्षण

# यूपी दिवस-2026 को वैश्विक पहचान देने की तैयारी तेज

अवधनामा ब्यूरो

■ यूपी की सांस्कृतिक विरासत को विश्व मंच पर लाएगा यूपी दिवस-2026

■ अमित शाह होंगे यूपी दिवस-2026 के मुख्य अतिथि



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने उ0प्र0 की स्थापना दिवस की स्मृति में आयोजित होने वाले उ0प्र0 दिवस-2026 को दिव्य एवं भव्य बनाकर वैश्विक पहचान देने के लिए प्रेरणा स्थल में की जा रही तैयारियों का स्थलीय निरीक्षण किया। उन्होंने कहा कि 24 से 26 जनवरी, 2026 तक आयोजित होने वाले इस तीन दिवसीय समारोह राजधानी में बड़े पैमाने पर मनाया जायेगा। मुख्यमंत्री की अपेक्षा है कि दुनिया के अनेक हिस्सों में रहने वाले प्रदेशवासियों को इस अवसर पर अपनी सांस्कृतिक जड़ों से जोड़ने का सुनहरा अवसर प्रदान किया जायेगा, इसके साथ प्रदेशवासियों को नये उ0प्र0 का दर्शन कराया जाए। इसलिए यूपी दिवस-2026 को शानदार एवं भव्य ढंग से आयोजित किया जायेगा। उन्होंने कहा कि यूपी दिवस प्रदेश के 75 जनपदों के जिला मुख्यालयों पर भी आयोजित किया जायेगा, जिसमें जनपद वासियों को जिले की स्थापना एवं उसकी विकास यात्रा से जुड़ने का अवसर प्राप्त हो सके। पर्यटन मंत्री ने कहा कि उ0प्र0 की सांस्कृतिक विरासत, गौरवशाली अतीत तथा आर्थिक शक्ति एवं विकास यात्रा को वैश्विक मंच पर प्रभावी ढंग से प्रस्तुत करने के लिए विदेशो में स्थित भारतीय दूतावासों में यूपी दिवस का कार्यक्रम आयोजित किया जायेगा। इसके अलावा देश के सभी राजभवनों को भी इस आयोजन से जोड़ा गया है। उन्होंने कहा कि जनपद, मण्डल और राज्य स्तर पर गायन, नृत्य, वादन एवं नाटक प्रतियोगिताएं भी आयोजित की जायेगी। जिले स्तर पर आयोजित किये जाने वाले समारोहों में जिले की विकास यात्रा पर केन्द्रित विशेष फिल्म भी प्रदर्शित की जायेगी। इसके अलावा उ0प्र0 गौरव सम्मान, विश्वकर्मा श्रम सम्मान और माटीकला बोर्ड सम्मान प्रदान किये जायेगे। जयवीर सिंह ने कहा कि राज्य के उद्यमियों, खिलाड़ियों, महिलाओं, चिकित्सकों, वैज्ञानिकों और प्रगतिशील किसानों को सम्मानित कर प्रदेश की प्रतिभा और परिश्रम को सम्मान दिया जायेगा। जयवीर सिंह ने कहा कि इस प्रतिष्ठित आयोजन में देश के गृह मंत्री अमित शाह जी को मुख्य अतिथि के रूप में आमंत्रित किया गया है। उन्होंने आयोजन की गरिमा और जन सुविधाओं को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए स्पष्ट निर्देश दिए कि सुरक्षा, पार्किंग, यातायात, साफ-सफाई, पेयजल, शौचालय और मेडिकल सुविधाओं में किसी भी स्तर पर कोई कमी बर्दाश्त नहीं जायेगी। मंत्री ने कहा कि यूपी दिवस के सफल आयोजन के लिए लखनऊ विकास प्राधिकरण (एलडीए) और उत्तर प्रदेश संस्कृति विभाग आपस में समन्वय स्थापित कर तैयारियों को अंतिम रूप देने में लगे हुए है। राष्ट्र प्रेरणा स्थल पर वन डिस्ट्रिक्ट वन प्रोडक्ट (ओडीओपी) सहित 100 से अधिक स्टॉल लगने हैं। एमएसएमई सहित अन्य विभागों के सहयोग और समन्वय स्थापित किया जा रहा है। संस्कृति मंत्री ने अधिकारियों से स्पष्ट तौर पर कहा कि स्टॉल, दुकानों और प्रदर्शनियों के लिए पर्याप्त जगह की व्यवस्था की जाए। साथ ही, आगंतुकों की सुविधा का खास ख्याल रखा जाए। आयोजन स्थल पर लोगों के प्रवेश और निकास का विशेष ध्यान रखा जाए। पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह के राष्ट्र प्रेरणा स्थल के निरीक्षण के दौरान अपर निदेशक (संस्कृति विभाग) डा0 सृष्टि धवन, सहायक निदेशक (संस्कृति विभाग) तुहिन द्विवेदी एवं सहायक निदेशक (राज्य संग्रहालय) डॉ. विनय कुमार सिंह, डा0 वीरेन्द्र कुमार आदि उपस्थित रहे।



**लखनऊ (अवधनामा ब्यूरो)** शोएब सिददीकी एडवोकेट संस्थापक मोहम्मद फ़ातिमा लीगल एसोसिएट्स, प्रवक्ता-सोशल मिडिया /मुस्लिम स्कॉलर के वकालत में 25 साल मुकम्मल होने पर आलमेदीन मोहतरम हज़रत मौलाना खालिद रशीद फरंगी महली साहब ने दिल की गहराईयों से मुबारकबाद पेश की। अख़बार के माध्यम सें इस अवसर पर सुप्रीम कोर्ट के प्रसिद्ध एडवोकेट वजाहत अंसारी जो यूनियन ऑफ इंडिया में पैनल एडवोकेट रहें हैं, और वर्तमान में सुप्रीम कोर्ट लीगल सर्विस कमेटी के पैनल एडवोकेट है उन्होंने भी एडवोकेट शोएब को उनकी कामयाबी के 25 वर्ष होने पर मुबारकबाद पेश की है। साथ ही सलाउद्दीन शीबू एडवोकेट ने एडवोकेट शोएब के 25 वर्ष सफलतापूर्वक होने पर उन्हे शुभकामनाएं दी है।

## रामभद्राचार्य धार्मिक लिबास छोड़ राजनैतिक पहनें : मौलाना सैफ अब्बास

अवधनामा ब्यूरो



**लखनऊ।** रामभद्राचार्य द्वारा राहुल गाँधी पर दिए गए विवादित बयान पर मौलाना सैफ अब्बास ने सख्त टिप्पणी कि है उन्होने कहा कि रामभद्राचार्य को चाहिए वह धार्मिक व्यक्तित्व को त्याग कर राजनैतिक लिबास धारण कर लें। रामभद्राचार्य ने कांग्रेस सांसद राहुल गांधी को नेता प्रतिपक्ष के पद से हटाए जाने की मांग की थी।मौलाना सैफ अब्बास ने कहा कि रामभद्राचार्य के बयान समाज को बांटने वाले होते हैं, जबकि एक धार्मिक संत का दायित्व समाज को जोड़ने का होना चाहिए। मौलाना ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि यदि किसी धार्मिक नेता को राजनीति करनी है, तो उसे धार्मिक लिबास उतारकर खादी कुर्ता-पायजामा पहन लेना चाहिए। धर्म की आड़ में राजनीति करना ठीक नहीं है। मौलाना सैफ अब्बास ने कहा कि जगतगुरु रामभद्राचार्य साधु-संत हैं, लेकिन उनके बयान अक्सर विवादों को जन्म देते हैं। उन्होंने कहा कि उनके बयान जोड़ने वाले नहीं, बल्कि तोड़ने वाले होते हैं। उन्हें धर्म की शिक्षा फैलानी चाहिए, न कि राजनीतिक एजेंडा चलाना चाहिए।ह पहला मौका नहीं है जब जगतगुरु रामभद्राचार्य अपने बयानों को लेकर चर्चा में आए हों। इससे पहले भी वे कई विवादित बयान दे चुके हैं। हाल ही में उन्होंने हिंदुओं को तीन से चार बच्चे पैदा करने की नसीहत दी थी। वहीं मेरठ में एक कार्यक्रम के दौरान उन्होंने कहा था कि पश्चिमी उत्तर प्रदेश मिनी पाकिस्तान जैसा लगता है, जिस पर जमकर विरोध हुआ था। इसके अलावा उन्होंने लोकप्रिय संत प्रेमानंद महाराज पर टिप्पणी करते हुए कहा था कि वे न तो विद्वान हैं और न ही चमत्कारी। उन्होंने चुनौती देते हुए कहा था कि यदि उनमें शक्ति है तो संस्कृत का एक श्लोक समझाकर दिखाएं।

## कुत्ते पर फायरिंग, खेल रहे बच्चे बाल-बाल बचे

**लखनऊ।** राजधानी के पारा थाना क्षेत्र में उस समय हड़कंप मच गया जब एक युवक ने घर के बाहर खेल रहे कुत्ते पर सरेआम फायरिंग कर दी। इस घटना में कुत्ता गंभीर रूप से घायल हो गया, जिसे तत्काल पशु अस्पताल में भर्ती कराया गया है। फायरिंग के समय घटनास्थल के आसपास कई बच्चे खेल रहे थे, जिससे एक बड़ा हादसा होते-होते टल गया। इस घटना के बाद इलाके में दहशत और चिंता का माहौल बना हुआ है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, पारा थाना क्षेत्र के एक मोहल्ले में एक युवक ने अचानक कुत्ते को निशाना बनाकर गोली चला दी। गोली लगने से कुत्ता मौके पर ही गिर पड़ा और बुरी तरह घायल हो गया। घटना के वक्त पास ही कई बच्चे खेल रहे थे। शिकायतकर्ता के अनुसार, यदि गोली का रुख थोड़ा भी बदल जाता तो किसी मासूम बच्चे की जान जा सकती थी, लेकिन सौभाग्य से कोई जनहानि नहीं हुई। गोली चलने की तेज आवाज सुनकर आसपास के लोग अपने-अपने घरों से बाहर निकल आए। घायल कुत्ते को तड़पता देख स्थानीय लोगों में आक्रोश फैल गया।

## बजाज ब्रोकिंग ने एनएसडीएल के साथ की साझेदारी

■ निवेशकों को जागरूक बनाना और उनकी सुरक्षा सुनिश्चित करना भी समान रूप से ज़रूरी

अवधनामा ब्यूरो



**लखनऊ।** भारत के तेज़ी से विकसित होते इन्वेस्टमेंट प्लेटफॉर्म में से एक, बजाज ब्रोकिंग ने निवेश के क्षेत्र को और अधिक सुलभ, सुरक्षित और जागरूक बनाने के लिए नेशनल सिक्योरिटीज डिपॉजिटरी लिमिटेड के साथ बेहद महत्वपूर्ण साझेदारी की है। दोनों संगठनों के बीच बेहतर तालमेल बनाने के उद्देश्य से यह साझेदारी की गई है, ताकि निवेशकों की पहुंच बढ़े, वित्तीय जागरूकता में सुधार हो, प्रोडक्ट इनोवेशन को बढ़ावा मिले तथा निवेशकों की शिक्षा और सुरक्षा को मजबूती मिल सके। इस साझेदारी में निवेश की सुविधाओं को हर किसी के लिए और अधिक सुलभ बनाने पर विशेष ध्यान दिया गया है। निवेश शुरू करने की आसान प्रक्रियाओं से लेकर खाता जल्दी खुलने और इंटीग्रेटेड सिस्टम तक, एनएसडीएल और बजाज ब्रोकिंग साथ मिलकर निवेशकों के लिए कहीं भी और कभी भी निवेश की शुरुआत करना बेहद आसान बना देंगे। निवेशकों को जागरूक बनाना और उनकी सुरक्षा सुनिश्चित करना भी समान रूप से ज़रूरी है। इस साझेदारी के तहत व्यवस्थित वित्तीय साक्षरता कार्यक्रमों, डिजिटल माध्यमों से पहुंच और कैंपस में शुरू की गई पहलों के जरिए निवेशकों को बाज़ार की बारीकियों को समझकर जिम्मेदारी से आगे बढ़ने के लिए ज़रूरी जानकारी उपलब्ध कराने का लक्ष्य रखा गया है। बजाज ब्रोकिंग के सऑड है तो फ्रॉड है जैसे कैंपेन को एनएसडीएल के सहयोग से बड़े पैमाने पर चलाया जाएगा, ताकि धोखाधड़ी से बचाव, संदिग्ध संकेतों की पहचान तथा डिजिटल निवेश में सुरक्षा के सबसे बेहतर तरीकों के बारे में जागरूकता बढ़ाई जा सके। इस साझेदारी से तकनीकी इनोवेशन को भी बढ़ावा मिलेगा, जिसमें दोनों टीमें निवेशकों की जरूरतों के हिसाब से नए फीचर्स और बेहतरीन अनुभव प्रदान करने वाले प्रोडक्ट बनाने के लिए मिलकर काम करेंगी। बजाज ब्रोकिंग और एनएसडीएल साथ मिलकर प्रोडक्ट के नए-नए फीचर्स विकसित करेंगे, इन्वेस्टर इंटरफेस को बेहतर बनाएंगे और भारतीय निवेशकों की बदलती जरूरतों को पूरा करने के लिए आधुनिक डिजिटल समाधान पेश करेंगे।

## अपर्णा यादव के आरोपों पर केजीएमयू का जवाब, कम समय में कार्रवाई की

अवधनामा ब्यूरो



**लखनऊ।** केजीएमयू में यौन शोषण और धर्मान्तरण मामले में महिला आयोग की उपाध्यक्ष अपर्णा यादव के आरोप के बाद अब केजीएमयू प्रशासन ने सामने आकर साफ़ तौर से कहा कि सबसे काम समय में कार्रवाई कि गयी है। अपर्णा यादव शुक्रवार को केजीएमयू में मीडिया को संबोधित कर रही थीं। कुलपति सोनिया नित्यानंद को लेकर भी नाराजगी जताई। अपर्णा यादव ने कहा कि जब पीड़िता ने महिला आयोग जाने की बात कही तो उसे मना कर दिया गया जो कि गलत है। उन्होंने कहा कि क्या राज्य महिला आयोग एक संवैधानिक संस्था नहीं है। आज भी कुलपति ने मुझसे मुलाकात करने से इन्कार कर दिया। अपर्णा यादव के आरोपों पर केजीएमयू प्रशासन की ओर से वीसी प्रो. सोनिया नित्यानंद ने भी प्रेसवार्ता की और आरोपों का जवाब देते हुए कहा कि महिला आयोग की उपाध्यक्ष के सभी आरोप निराधार हैं। हमने सबसे कम समय में मामले में कार्रवाई की और विशाखा समिति की रिपोर्ट आने पर डॉ. रमीज मलिक को बर्खास्त करने की सिफारिश भी की है। अपर्णा यादव ने बिना अनुमति लिए केजीएमयू में प्रेस कांफ्रेंस की। उनके साथ लोग आए और हंगामा किया। हमने महिला आयोग की अध्यक्ष से पूछा तो अध्यक्ष ने कहा कि आयोग का काम धरना-प्रदर्शन करना नहीं है।अपर्णा यादव ने इस बात पर भी नाराजगी जताई कि केजीएमयू के परिसर में प्रवेश करने से उन्हें रोका गया और करीब 10 मिनट तक बाहर खड़ा रखा गया।

## भारत की पहली मुस्लिम शिक्षिका फातिमा शेख को किया गया नमन




अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** भारत की पहली मुस्लिम शिक्षिका, अग्रणी शिक्षाविद् व समाज सुधारक फ़ातिमा शेख की 194वीं जयंती पर 21 विक्रमादित्य मार्ग स्थित सभागार में डॉ. ए.पी.जे. अब्दुल कलाम ट्रस्ट के चेयरमैन अब्दुल नसीर नासिर की अध्यक्षता में फ़ातिमा शेख की 194वीं जयंती मनाई गई। कार्यक्रम का उद्घाटनकर्ता व मुख्य वक्ता समाजवादी अम्बेडकर वाहिनी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मिठाई लाल भारती थे। मिठाई लाल भारती ने बताया कि फ़ातिमा शेख ने ज्योतिराव व सावित्रीबाई फुले के साथ मिलकर महिलाओं व हाशिए पर पड़े समुदायों की शिक्षा को बढ़ावा दिया। फुले दंपति को समाज से बहिष्कृत होने पर फ़ातिमा व उनके भाई उस्मान शेख ने पुणे में अपने घर में शरण दी। शेख़ फ़ातिमा जी का इतना बड़ा एहसान बहुजन समाज कभी नहीं भूलेगा। समापन में राज बहादुर सिंह ने कहा कि फ़ातिमा ने शुरुआती स्कूल में पढ़ाया, घर-घर जाकर वंचित परिवारों को बेटियों की शिक्षा के लिए प्रेरित किया तथा सामाजिक सुधारों का जमकर समर्थन किया। कल्पना बौद्ध ने उनके व सावित्रीबाई द्वारा सहन किए विरोध का जिक्र किया, जबकि शौलजा गोतम बीडीसी ने बताया कि 2014 में महाराष्ट्र की उर्दू पाठ्यपुस्तकों में उनका परिचय शामिल हुआ। फ़ातिमा शेख के कार्यों ने महिलाओं की शिक्षा व सामाजिक समानता की मजबूत नींव रखी–यह साहस व समर्पण का प्रतीक है। आभार प्रदर्शन मोहम्मद हसीब ने किया। यह जानकारी सपा बाबा साहेब आंबेडकर वाहिनी के राष्ट्रीय महासचिव राम बाबू सुदर्शन ने दी। इस अवसर पर अम्बेडकर वाहिनी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मिठाई लाल भारती एवं महासचिव सत्येन्द्र कुमार पानू (हरदोई) राम बहादुर सिंह (लखनऊ) समाज सेविका कल्पना बौद्ध ( औरैया) सिया राम जैसल (मिर्जापुर) बिहारी लाल यादव (हरदोई) इंजीनियर राम अवतार (कानपुर देहात) राजेन्द्र प्रसाद कोरी (कानपुर नगर) शैलजा कुमारी (कानपुर देहात) रवि खटीक (शामली) आफताब आलम , महावीर पाल, खुर्शीद अहमद (मिर्जापुर) आदि थे।

## असिफी मस्जिद में मौलाना कल्बे जवाद का स्वागत



अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** मजलिस उलमा-ए-हिन्द के महासचिव इमामे जुमा मौलाना कल्बे जव्वाद नकवी को ईरान में पहला इमाम खुमैनी अंतर्राष्ट्रीय एवार्ड मिलने पर जुमे की नमाज के बाद आसिफी मस्जिद में नमाजियों ने मौलाना कल्बे जव्वाद नकवी का स्वागत किया। ईरान में पुरस्कार मिलने के बाद हिन्दुस्तान लौटने के बाद मौलाना पहली बार जुमे की नमाज में शामिल होने आसिफी मस्जिद पहुंचे जहां नमाजियों ने मौलाना का गर्मजोशी से स्वागत किया और फूलों का गुलदस्ता देकर मुबारकबाद दी। आसिफी मस्जिद के सेहन में आयोजित स्वागत समारोह में बड़ी संख्या में उलमा, खुतबा और मदरसों के छात्रों के साथ ही नमाजी भी शामिल थे। स्वागत समारोह में नायब इमामे जुमा मौलाना रजा हैदर जैदी, मौलाना सरताज हैदर जैदी, मौलाना शबाहत हुसैन, मौलाना नजर अब्बास, मौलाना गुलफाम आबिद रिजवी, मौलाना शाहिद हुसैनी, मौलाना रिजवान हुसैन, मौलाना फिरोज हुसैन, इमामे जमाना ट्रस्ट के सदस्य सारिम मेहदी सहित अन्य लोग मौजूद थे। इस मौके पर मौलाना कल्बे जव्वाद ने सभी नमाजियों का धन्यवाद देते हुए कहा कि यह पुरस्कार भारत विशेष रूप से लखनऊ के लोगों के नाम समर्पित है।

## 2027 की तैयारियों को लेकर कांग्रेस में मंथन

अवधनामा ब्यूरो



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश 2027 विधानसभा चुनाव में भले ही अभी लम्बा समय बाकी है लेकिन राजनीतिक दल अपनी तैयारियों में जुट गए है। कांग्रेस पार्टी ने भी अपनी तैयारियां शुरू कर दी है। इसी क्रम में लखनऊ के प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय पर पॉलिटिकल अफेयर्स कमेटी की बैठक की गई है। इस बैठक में चुनावी रणनीति पर चर्चा हुई है। एसआईआर, मनरेगा समेत तमाम मुद्दों पर विस्तृत चर्चा हुई है। इस संबंध में यूपी कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय ने कहा कि हमारे प्रभारी, सभी वरिष्ठ नेता, सांसद विधायक आए हैं। आगे की तैयारी में हमारा एक एक कार्यकर्ता जुटेगा। कांग्रेस मुख्यालय में शुक्रवार को पॉलिटिकल अफेयर्स कमेटी और मनरेगा कोआर्डिनेटर/एसआईआर कोआर्डिनेशन कमेटी के सदस्यों, जिला-शहर अध्यक्षों, फ्रण्टल, विभाग और प्रकोष्ठों के चेयरमैनों की बैठक हुई। प्रदेश अध्यक्ष अजय राय की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में कांग्रेस महासचिव व प्रदेश प्रभारी अविनाश पाण्डेय कांग्रेस सचिव व सहप्रभारी सहित अन्य पदाधिकारियों की मौजूदगी में हुई बैठक का आरम्भ राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के चित्र पर माल्यार्पण से हुआ। बैठक को सम्बोधित करते हुए कांग्रेस महासचिव व प्रदेश प्रभारी अविनाश पाण्डेय ने कहा कि यह चुनावी वर्ष है और हमारे सामने पंचायत चुनाव, एमएलसी चुनाव और विधानसभा चुनाव होने हैं। श्री पाण्डेय ने कहा कि हमें पार्टी के सामने चुनौतियों को लेकर एक विस्तृत रोडमैप तैयार करना है और प्रदेश की सभी 403 विधानसभाओं में मजबूत संगठन बनाना है। प्रदेश अध्यक्ष अजय राय ने कहा कि आने वाले 100 दिनों में हम प्रदेश में 30 से अधिक संविधान संवाद रैली आयोजित करेंगे। इन रैलियों के जरिए जनता की समस्याओं को मजबूती से उठाएंगे। संगठन सृजन पर बोलते हुए कांग्रेस सचिव राजेश तिवारी ने कहा कि पिछले 8 महीनों की मेहनत से हमने बूथ स्तर तक सशक्त संगठन का गठन किया है। इसी संगठन के बल पर 2027 के रण में उतरेंगे। नेता विधानमंडल दल आराधना मिश्रा मोना ने कहा कि प्रियंका गांधी के जन्मदिन 12 जनवरी पर प्रदेश के सभी मण्डलों में प्रेसवार्ता कर 100 दिनों की कार्ययोजना घोषित की जाएगी। पहले प्रेवार्ता होगी, उसके बाद कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी का जन्मदिन कार्यक्रम आयोजित होगा। राष्ट्रीय सचिव धीरज गुर्जर ने कहा कि पंचायत चुनाव जमीनी चुनाव है जो आने वाले विधानसभा चुनाव की पटकथा लिखेगा। राष्ट्रीय सचिव तौकीर आलम ने एसआईआर पर बोलते हुए कहा कि जिन मतदाताओं के नाम कटे हैं उन्हें लेकर एसआईआर कोआर्डिनेशन कमेटी बनाई है।

## केजीएमयू वीसी कार्यालय में वीएचपी, बजरंग दल का उपद्रव

**लखनऊ।** विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल से जुड़े लोगों ने केजीएमयू कुलपति कार्यालय में उपद्रव किया और फर्नीचर को तोड़ दिय। यह देख कुलपति कार्यालय छोड़ कर चली गयी। किंग जार्ज मेडिकल यूनिवर्सिटी (केजीएमयू) का वीसी कार्यालय शुक्रवार को अराजकता का गवाह बन गया। विश्व के नामचीन चिकित्सा शिक्षण संस्थान में वीसी के कार्यालय पर हिंदू संगठन ने कब्जा कर लिया। इसके कारण वीसी प्रो. सोनिया नित्यानंद कमरे से बाहर आ गईं। केजीएमयू की कुलपति के कार्यालय पर शुक्रवार को हिंदू संगठन से जुड़े लोग घुस गए। अराजकता देख कुलपति कार्यालय छोड़कर चली गईं। इसके बाद विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल से जुड़े लोगों ने कुलपति कार्यालय में उपद्रव किया और फर्नीचर को तोड़ दिया। इसके पहले हिंदू संगठनों के लोगों ने केजीएमयू के कुलपति के कार्यालय के बाहर जमकर हंगामा किया और कार्यालय को बाहर से बंद कर दिया। उन्होंने केजीएमयू प्रशासन मुर्दाबाद के नारे लगाए।

## नेपाल बॉर्डर से डॉ. रमीज़ गिरफ्तार

■ आरोपी का बलरामपुर अस्पताल में कराया गया मेडिकल परीक्षण

■ पुलिस लंबे अरसे से कर रही थी तलाश

अवधनामा ब्यूरो



**लखनऊ।** केजीएमयू में यौन शोषण और धर्मांतरण का आरोपी डॉ रमीज़ को पुलिस ने डॉ रमीज़ को गिरफ्तार कर लिया है। रमीज़ को विशाखा कमेटी की जांच में भी दोषी पाया गया है। पुलिस लंबे अरसे से इसकी तलाश कर रही थी। गिरफ्तारी से बचने के लिए वह नेपाल में छिपकर रह रहा था। पुलिस ने आरोपी को हुसैनाबाद स्थित एक फ्लैट से दबोच लिया है। आरोपी का बलरामपुर अस्पताल में मेडिकल परीक्षण कराया गया। इसके बाद कोर्ट में पेश किया गया। जहां से उसे जेल भेज दिया गया। पूछताछ में आरोपी ने बताया कि वह एफआईआर दर्ज होने के बाद नेपाल भाग गया था। कुछ लोगों से मदद भी ली थी। पुलिस का कहना है कि शुक्रवार को आरोपी ठिकाना बदलने की फिराक में था। इंटेलिजेंस की सूचना पर पुलिस की एक टीम नेपाल बॉर्डर पर सक्रिय थी। उसने जैसे ही बॉर्डर पार किया, उसे गिरफ्तार कर लिया गया। छानबीन में पुलिस को आरोपी के पास से उसका मोबाइल फोन मिला है। उसके फोन में कई अहम साक्ष्य मिले हैं। पुलिस ने आरोपी से कई बिंदुओं पर पूछताछ की, लेकिन अधिकांश सवालों पर वह चुप्पी साध गया। रमीज़ के माता पिता को फहले ही गिरफ्तार किया जा चूका है। डीसीपी पश्चिम विश्वजीत श्रीवास्तव का कहना है कि आरोपी को सिटी स्टेशन के पास से गिरफ्तार किया गया। वह अपने किराए के कमरे से कुछ सामान निकालने आया था। इसके बाद वह कोर्ट में सरेंडर करने वाला था। इसकी सूचना पर आरोपी को पकड़ने के लिए टीम गठित की गई। सर्विलांस की मदद से पुलिस ने आरोपी को दबोचने में सफलता हासिल की। पूछताछ में आरोपी ने पुलिस से कहा कि वह बेगुनाह है। आरोपी ने प्रेम प्रसंग की बात कबूल की। रमीज का कहना था कि उसे न्याय पालिका पर पूरा भरोसा है। उसने माता-पिता की गिरफ्तारी को भी गलत बताया। कहा कि इस पूरे मामले में उसके माता-पिता की कोई गलती नहीं है। विवेचना में सारे तथ्य सामने आ जाएंगे। रमीज के खिलाफ 50 हजार रुपये का इनाम घोषित था। आरोपी के उत्तराखंड के उधम नगर, खटिमा स्थित आवास पर कुर्की के आदेश की नोटिस भी चस्पा की गई थी। इसके अलावा पीलीभीत के न्येरिया इलाके में स्थित मकान पर भी नोटिस चस्पा हुई थी।

## 3 शाबान को लंगर और 14 फरवरी को जश्न-ए-जैनब का होगा आयोजन

**लखनऊ।** 3 शाबान को आम लंगर और 14 फरवरी को जश्न-ए-जैनब आयोजन का निर्णय ऑल इंडिया शिया हुसैनी फंड की वार्षिक बैठक मौलाना सक़लैन आब्दी की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में संस्था से जुड़े महत्वपूर्ण मुद्दों पर विचार-विमर्श किया गया। सभा में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि इमाम हुसैन के जन्म दिवस 3 शाबान के अवसर पर आम लंगर (दस्तरखूवान) का आयोजन किया जाएगा। इसके साथ ही 14 फरवरी को भव्य रूप से जश्न-ए-जैनब कार्यक्रम आयोजित करने का भी प्रस्ताव पारित किया गया। बैठक में संस्था के 51 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर उसकी सामाजिक, धार्मिक एवं शैक्षणिक सेवाओं पर आधारित एक विस्तृत रिपोर्ट प्रकाशित करने का भी निर्णय लिया गया, जिससे संस्था के योगदान को आमजन तक पहुँचाया जा सके। इस अवसर पर बाकर रज़ा, इसारुल हसन, साबिर अब्बास एडवोकेट, हुसैन ज़ामिन, राजा, अलीम हुसैन, ज़ुल्फ़िकार हुसैन और फहीम काज़मी सहित कई गणमान्य सदस्य उपस्थित रहे।

## ‘नो हेलमेट-नो फ्यूल’ अभियान 102 गाड़ियों का चालान



अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** सड़क सुरक्षा को लेकर परिवहन विभाग द्वारा चलाए जा रहे नो हेलमेट नो फ्यूल अभियान के तहत शुक्रवार को शहर के प्रमुख पेट्रोल पंपों पर सघन कार्रवाई की गई। यह अभियान हिंदुस्तान एजेंसी पेट्रोल पंप (जिलाधिकारी आवास के निकट), अवध ऑटोमोबाइल्स (हनुमान सेतु के पास) और रंजन सर्विस स्टेशन (हजरतगंज चौराहा) पर चलाया गया। अभियान के दौरान बिना हेलमेट पहने पेट्रोल पंप पर पहुंचे दोपहिया वाहन चालकों को रोककर उनके चालान किए गए और उन्हें पेट्रोल देने से भी रोका गया। साथ ही वाहन चालकों को भविष्य में अपनी सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए हेलमेट पहनकर ही दोपहिया वाहन चलाने के लिए जागरूक और प्रेरित किया गया। इस दौरान कुल 102 दोपहिया वाहनों के चालान किए गए। इस अभियान में परिवहन विभाग की ओर से उप परिवहन आयुक्त लखनऊ परिक्षेत्र राधेश्याम, संभागीय परिवहन अधिकारी (प्रशासन) संजय कुमार तिवारी, संभागीय परिवहन अधिकारी (प्रवर्तन) प्रभात पांडे तथा सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी मौजूद रहे। वहीं लखनऊ पेट्रोलियम डीलर्स एसोसिएशन की ओर से अध्यक्ष वीरेंद्र प्रताप सिंह और महासचिव आलोक त्रिवेदी ने भी अभियान में सहयोग किया।

## राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 देश के विकास की अग्रदूत बनेगी : प्रो. इश्तियाक

**लखनऊ।** राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 देश के विकास की अग्रदूत बनेगी। शिक्षा के साथ कौशल विकास का कार्यक्रम अत्यंत महत्वपूर्ण है। यह बात मौलाना आजाद राष्ट्रीय उर्दू विश्वविद्यालय के रजिस्ट्रार प्रो. एस.के. इश्तियाक अहमद ने विवि के स्थापना दिवस पर लखनऊ परिसर में आयोजित संगोष्ठी को सम्बोधित करते हुए कही। शुक्रवार को विवि के स्थापना दिवस पर विवि के टैगोर मार्ग स्थित परिसर में शिक्षा की नई अवधारणा, पारम्परिक मूल्यों, भाषायी विविधता और आधुनिक प्रवृत्तियों का समन्वय विषयक गोष्ठी आयोजित की गयी थी। इससे पहले गोष्ठी का आगाज तिलावते कलामे पाक से परिसर के छात्र तारिक आलम ने किया। इस मौके पर गोष्ठी के वक्ताओं का स्वागत करते हुए उन्हें स्मृति चिन्ह भेंट किये गये। गोष्ठी के प्रथम सत्र के समन्वयक डॉ. शाह मोहम्मद फाएज ने विषय का परिचय देते हुए संचालन किया, जबकि दूसरे सत्र का संचालन डॉ. उमैर मंजर ने किया। गोष्ठी को सम्बोधित करते हुए प्रो. एस.के. इश्तियाक अहमद ने कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति में मातृभाषा पर विशेष बल दिया गया है।